ॐ

(आनन्दवनग्रन्थमालाया एकत्रिंशं कुसुमम्)

गायत्री महामन्त्रः

शांकरभाष्येण

जयमङ्गलीय विवरणवार्तिकाभ्यां च सहितः

गायत्री पुरश्चरणपद्धतिश्च



द्वादशदर्शनाचार्य स्वामी काशिकानन्दगिरिः

VHP 2-5

ॐ

(आनन्दवनग्रन्थमालाया एकत्रिंश कुसुमम्)

गायत्री महामन्त्रः
शांकरभाष्येण

जयमङ्गलीयविवरणवार्तिकाभ्यां
च सहितः
गायत्रीपुरश्चरणपध्दतिश्च

द्वादशदर्शनाचार्य स्वामी काशिकानन्दगिरिः

प्रकाशकः
श्री स्वामी कार्ष्णिकानन्दजी ट्रस्ट
आनन्दवन आश्रम, स्वामी विवेकानन्द रोड;
कांदीवली (पश्चिम) मुंबई -४०००६७

मुल्य- रू. ५०.००

प्रथमावृत्तिः
मई, १९९२

प्राप्ति स्थान
आनन्दवन आश्रम, स्वामी विवेकानन्द रोड;
कांदीवली (पश्चिम) मुंबई-४०००६७
फोन नं. ६०५२८५९

अनुक्रमणिका

विषय	पृष्ठक्रमांक
भूमिका	१
गायत्रीमन्त्रशांकरभाष्य	५२
जयमङ्गलीय भाष्य विवरणम्	५७
सानुवाद भाष्य वार्तिकम्	७९
गायत्रीपुरश्चरणपद्धति	२१०

धन्यवाद

वैदिकमतावलंदियोंके लिए गायत्रीमन्त्र का महत्त्व सर्वविदित है । गायत्रीकी उपासना समस्त भारत वर्षमें प्रचलित है । वेदमाता होनेके कारण उसकी गहनता बहुत अधिक है । इस मन्त्रकी व्याख्या बडे बडे ऋषियोंने, बडे बडे आचार्योंने एवं मनिषियोंने अपने अपने अनुभवके अनुसार प्रस्तुत की है । भगवान शंकराचार्यका भाष्य इसपर सर्वातिशायी है उसे सर्वलोकसाधारण बनानेके लिये हमारा एक साधारण प्रयास विवरण एवं वार्तिक है साथ ही उपासनार्थ गायत्री पुरश्चरणपध्दतिको भी संशोधनके साथ यहां पर संमिलित किया है।

इसके मुद्रणके लिए काफी कठिनाई उपस्थित हुई संगणक पर संगणित करनेके लिए ब्रह्मचारी तुरीयानन्दजी ने दिनरात प्रयत्न किया और संवत २०४८ वैशाख पंचमी तक तैयार करनेका अथक प्रयास किया तदर्थ वे धन्यवादार्ह है हम उनको भूरि भूरि धन्यवाद देते हैं । संगणक को दिलाने एवं समझानेके लिये डॉ. सदानन्दन (भारती संस्कृत विद्यानिकेतनके उपाध्यक्ष) का बडा ही सहयोग रहा उनको भी अनेकानेक धन्यवाद हम देते हैं । बीचमें सुश्री निरंजना देसाईने भी अच्छा सहयोग दिया तदर्थ उनको भी हम धन्यवाद प्रदान करते हैं । विशेषरूपसे उल्लेखनीय नाम डॉ. मुदुर तथा श्रीमान के. सुरेश (एन. सी. एस. टी.) का है जिन्होंने लेझरप्रिन्ट करके देनेका महान सहयोग हमें दिया तदर्थ हम उन दोनोंको विशेषरूपसे धन्यवाद प्रदान करते हैं ।

द्वादशदर्शनाचार्य स्वामी काशिकानन्दगिरिजी महाराज

ॐ श्री गणेशाय नमः ।

ॐ भूर्भुवः स्वः तत्सवितुर्वरेण्यं भर्गो देवस्य धीमहि धियो यो नः प्रचोदयात् ।

गायत्री मन्त्रः

शाङ्करभाष्येण

तदीय विवरण वार्तिकाभ्यां

तदनुवादेन च सहितः

भूमिका

विश्वामित्रर्षिणा दृष्टां विश्वमित्रस्वरूपिणीम् ।

प्रणौमि व्याहरन् देवीं गायत्रीं शिरसा सदा ।।

मैं आजसे आपको गायत्रीके विषयमें कुछ विशिष्ट बातें बताने जा रहा हूं । गायत्रीकी कुछ विशेष व्याख्या आपके संमुख प्रस्तुत करूंगा । सार्वजनिक सभाओंमें गायत्रीपर प्रवचन करनेके लिये सामान्यतया पण्डित लोग हिचकिचाते हैं, यहां तक कि रुद्रीपाठके समय गायत्री मन्त्रके आनेपर मन मनमें पढते हैं, अन्य मन्त्रोंके समान प्रकट उच्चारण नहीं करते । अधिकार की बात सामने आती है । किन्तु इतनी बात तो निश्चित है कि गायत्री विश्वहितकारिणी है । इसके द्रष्टा विश्वामित्र ऋषि थे । विश्वामित्र यह नाम इसी गायत्री मन्त्रके कारण सार्थक हुआ । विश्वका जो मित्र है वही विश्वामित्र है । " मित्रे चर्षौ " इस पाणिनीय सूत्रसे विश्व शब्दके अकारको दीर्घ होनेसे विश्वमित्रकी जगह विश्वामित्र हो जाता है । विश्वका मित्र ही विश्वामित्र है । जो विश्वसे स्नेह रखता हो, जो विश्वका उपकार करता हो वही विश्वामित्र है । विश्वामित्रने विश्वका उपकार कैसे किया ? किसके द्वारा किया ? इसमें कोई अन्य सुदृढ प्रमाण नहीं । यही एक प्रमाण है कि उन्होंने गायत्री मन्त्रका दर्शन किया और संसारको बताया । अतः विश्वहितकारिणी होनेसे सर्वसाधारणतक गायत्रीका सन्देश पहुंचाना उचित ही होगा ।

ऋषिका अर्थ है मन्त्रद्रष्टा । " ऋषयो मन्त्रद्रष्टारः " ऐसा वचन आता है । तपश्चर्या करते- करते जब हृदय अत्यन्त पवित्र होता है तब हृदयमें प्रातिभ ज्ञान उत्पन्न होता है । उस प्रातिभज्ञानमें यथार्थ तत्व प्रतिभासित होता है । ऐसे प्रातिभज्ञानमें वेदमन्त्रोंका भी प्रतिभान होता है । यह प्रातिभज्ञान प्रायः ऋषियोंको ही होता है जिनका हृदय तप करते-करते पवित्र हो गया है । कई बार साधारण व्यक्तियोंको भी प्रातिभज्ञान होता है । प्रातिभ

या आर्ष नामक इस ज्ञानके बारेमें वैशेषिक दर्शनके भाष्यकार महर्षि प्रशस्तपाददेवाचार्य कहते हैं -

" तत्तु प्रस्तरेण देवर्षीणां, कदाचिदेव लौकिकानाम् ।

यथा कन्यका ब्रवीति श्वो मे भ्राता ऽऽगन्तेति हृदयं मे कथयतीति ।। "

अर्थात् यह प्रातिभज्ञान अधिकतर देव और ऋषियोंको ही होता है । लौकिक जनोंको कभी कभी होता है । जैसे एक छोटी कन्या कहने लगी मेरा भाई विदेशसे कल आयेगा । किसने कहा तेरेको ? मेरा हृदय कहता है । सचमुचमें उसका भाई दूसरे दिन आ गया । वह ज्ञान कौनसा था ? वही प्रातिभज्ञान है ।

एक बार की बात है - एक लडका सुरतसे दिल्ली जानेवाला था । टिकट आ चुका था । उसके दो मित्र भी दिल्ली जा रहे थे । उनके भी टिकट आये हुये थे । अचानक उसकी मां ने कहा बेटा आज मत जा । उसने कहा कि टिकट आ गया है, सब तैयारी हो गयी है , अब क्या बोल रही है, मत जा । तेरी आदत ही ऐसी है कि ऐन मोकेपर गरबड करती है । साथियोंके भी टिकट आ चुके हैं, मुझे तो जाना ही पडेगा । माँ ने कहा जो भी हो लेकिन आज मत जा । आगे तेरी मर्जी है । आज मेरी बात मान ले । मां रोने लगी । लडका बहुत नाराज हो गया, किन्तु माँ ने जाने नहीं दिया । उसके दोनों मित्र गये । यह माँको कोसता रह गया । परंतु दूसरे दिन अखबारमें खबर आयी कि फ्रंटियर मेल का एक्सिडेंट हो गया । उन दो अभागोंका भी उसमें पता नहीं रहा । आगे जो भी हुआ हो किन्तु उस माँ के मनमें यह ज्ञान कैसे हुआ कि कोई भारी अनिष्ट होने जा रहा है ? केवल उस माँ की ही बात नहीं । बहुतसे लोगोंके जीवनमें ऐसी छोटी मोटी घटनायें होती रहती हैं । अचानक कोई स्फुरणा होती है - ऐसा नहीं, ऐसा होना चाहिये । और उसमें चामत्कारिक परिणाम भी सामने आता है । इसीको प्रातिभज्ञान कहते हैं । यह पुण्यविशेषका ही परिणाम है ।

तपश्चर्यासे ऋषियोंको प्रातिभज्ञान होता था । उसमें जो अक्षर, पद, वाक्यादि स्फुरित होते थे वे ही मन्त्र हैं । उस माँ ने अपने ज्ञानसे रेल दुर्घटना को उत्पन्न नहीं किया था, किन्तु भावी दुर्घटनाको आभासरूपसे केवल देखा । उसी प्रकार इन मन्त्रोंको ऋषियोंने उत्पन्न नहीं किया , बनाया नहीं, किन्तु प्रातिभज्ञानसे केवल देखा । मन्त्र अनादिकाल सिध्द हैं । बनाये गये नहीं । ऋषि मन्त्रके रचयिता नहीं, मन्त्रके द्रष्टा हैं । लोग समझते हैं कि ऋषि विरचित होने से मन्त्रोंका महत्व है । जैसे व्यासविरचित होनेसे महाभारतादिका महत्व है । यहां विपरीत है । मन्त्रद्रष्टा होनेसे ऋषियोंका महत्व है । मन्त्रद्रष्टा होनेसे ऋषि ऋषि

कहलाये । यही लौकिक और वैदिक ग्रन्थोंमें फरक है । लौकिक ग्रन्थोंका महत्व रचयितापर आधारित है परंतु वैदिक ग्रन्थोंमें मन्त्रोंसे द्रष्टाका महत्व होता है । इसी प्रकार सभी वेद मन्त्र अनादि सिध्द हैं । अपौरुषेय हैं, महान हैं । सर्वाधिक महान मन्त्र गायत्री मन्त्र है । उस गायत्री मन्त्रके द्रष्टा होनेसे विश्वामित्रका वास्तविक विश्वामित्र नाम हुआ । गायत्री मन्त्र विश्वकल्याणकारी है । अतएव उसके द्रष्टा, आविष्कर्ता विश्वके मित्र हुये ।

मित्रका एक अर्थ सखा होता है । सखाका मतलब है - विना स्वार्थ, अहैतुक स्नेह रखनेवाला तथा उपकार करनेवाला । पति, पुत्र, माता, पिता आदि सभी स्नेह करते हैं किन्तु कहीं स्वार्थसे और कहीं सम्बन्धसे स्नेह करते हैं । और उपकार करते हैं । किन्तु मित्रका मित्रके साथ स्नेह ऐसा नहीं । सच्ची मित्रता अहैतुक होती है । वहां परस्पर रक्त सम्बन्ध नियत नहीं है । प्रत्युपकार निश्चित नहीं है । अकारण ही मित्रता शुरू हो जाती है । कभी-कभी सकारण भी होती है । परंतु सकारण ही हो ऐसा कोई नियम नहीं है । सयाने होनेके बाद अधिकतर सकारण ही मित्रता होती है । किन्तु दो बच्चोंकी स्कूलमें मित्रता होती है तो किसी कारणसे नहीं, स्वाभाविक ही होती है । सकारण मित्रता भी सच्ची होनेपर बादमें अकारणके समान ही हो जाती है । वही स्थायी और यथार्थ होती है । संतोने मित्रका लक्षण इस प्रकार किया है कि -

पापान्निवारयति योजयते हिताय
गुह्यं निगूहति गुणान् प्रकटीकरोति ।
आपद्गतं च न जहाति ददाति काले
सन्मित्रलक्षणमिदं प्रवदन्ति सन्तः ।।

यद्यपि डाकुओंमें भी मित्रता होती है । और गाढ मित्रता, यहां तक कि अपना सिर देकर भी मित्रकी रक्षा कर डालते हैं, फंसने नहीं देते । किन्तु वह सन्मित्र नहीं है । वह असत् मित्र है । सतमित्र तो अपने मित्रको पाप करनेसे रोकता है । और हितकार्यमें जोडता है । अर्थात् मित्रके भविष्यको वह सुधारता है । वर्तमानमें उसकी गोपनीय बातोंको गुप्त रखता है और मित्रके गुणोंकी बखान करता है । ऐसा नहीं कि मुखपर प्रशंसा की और पीठपीछे निंदा की । मित्रकी असली परीक्षा आपत्तिमें होती है । हम अपनी एक घटनाकी बात बता सकते हैं । हमें मलेरिया बुखार एक दिन छोडकर तीसरे दिन आता था । बहुत दिनोंतक चला । सह्याद्रिके तलहटीकी बात है । एक मित्र मिल गया था । पैदल यात्रा करते थे । तीन घंटेका बुखार आता था । बुखार आनेसे पहले ही चावलसे कांजी बनाकर हमने रखा

। इतनेमें बुखार आ गया । कांपने लगा । लेट गया । हमारे मित्रने सोचा इसके साथमें रहना आफत है । कांजी पीकर चलता बना । तीन घंटे के बाद बुखार उतरा, आंख खोलकर देखा तो मित्र नहीं था । मैंने सोचा नहाने गया होगा, आनेपर दोनों कांजी पियेंगे । बडी भूख प्यास लगी थी । प्रतीक्षा करते-करते क़ाफी समय बीत गया । फिर सोचा मित्रके लिये कांजी रख देंगे, अपना तो थोडी पी ही लेते हैं । हंडा खोलकर देखा तो खाली था । मैं छटपटाता रह गया । ऐसे मित्रोंकी बात भर्तृहरिजी नहीं कर रहे । वे कहते है -आपद्गतं च न जहाति । आपत्तिमें मित्रको नहीं छोडते । और सबसे बडी बात है - ददाति काले । 'गृह्णाति काले' नहीं कहा । लेना लाचारीमें है । लेते भी हैं किन्तु मनमें देनेकी भावना रहती है । विश्वामित्रजीने गायत्रीका आविष्कार कर इन सब गुणोंको अपनेमें उतारा ।गायत्रीसे पापोंकी निवृत्ति और परम हितकी प्राप्ति होती है । अवगुण नष्ट होकर छिप जाते हैं और सद्गुण गायत्रीसे प्रगट होते हैं । सबसे बडी आपदा मृत्यु है । उस समयमें गायत्री ही परम सहाय है । जीवनमें भी आपदाओंसे यह मुक्त करती है । विद्यादानसे बढकर क्या दान हो सकता है ? गायत्री तो ब्रह्मविद्याप्रदान करनेवाली है । इसे पूरे विश्वको देकर विश्वामित्र विश्वके मित्र हो गये ।

मित्र शब्दका दूसरा अर्थ सूर्य है । सूर्यके विषयमें आगे मन्त्रके व्याख्यानके अवसरमें बहुत कुछ बताया जायेगा । यहां तो संक्षेपतः यही कहना है कि सूर्य प्रकाश करनेवाला है । अंधकारको दूर हटानेवाला है । आकाशस्थ सूर्य पूरे विश्वको प्रकाश देता है । " कर्मसाक्षी जगच्चक्षुः " इस प्रकार सूर्यके लिये बताया है । वह जगतका चक्षु है । दिखानेवाला है । अंधकारको पूरी तरहसे सूर्य ही हटाता है । दीपकादि तो थोडा बहुत अन्धकार दूर करते हैं । किन्तु पूरी तरहसे नहीं । महर्षि विश्वामित्रने भी जगत् को प्रकाश दिया, और अंधकार मिटाया । कौनसा प्रकाश ? कौनसा अन्धकार ? विश्वामित्रने ज्ञानप्रकाश दिया अज्ञानान्धकार मिटाया । किससे ? इसी गायत्री मन्त्रसे । गायत्री मन्त्र कर्म तथा ब्रह्म दोनोंका प्रकाशक है । कर्मका प्रकाशन करते हुये कर्मजन्य समस्त विश्वका प्रकाशन किया । ब्रह्मका प्रकाशन कर परमार्थतत्वका प्रकाशन किया । उसके द्वारा अज्ञानान्धकारको गायत्री मन्त्रने मिटाया । इस मन्त्रको प्रदान कर विश्वामित्रने ज्ञानसूर्यका उदय कराया । हृदयमें प्रकाशको प्रसारित किंया । अज्ञानको मिटाया । इसलिये विश्वामित्र विश्वके लिये सूर्यरूप हो गये ।

पूर्वोक्त पध्दतिसे गायत्री मन्त्र स्वयं भी विश्वका मित्र है । गायत्री मन्त्रके द्वारा ही विश्वामित्र ऋषि यथार्थतः विश्वामित्र हुये । गायत्री मन्त्र पापनिवारण करता है और परमहित

करता है । जो इसका जप, ध्यान,अर्थानुसंधानादि करता है उसे महापुण्य देता है । पापरूपी गुह्यको छुपा देता है । नाश तो वस्तुतः छुपना ही है । "णश अदर्शने " अदर्शन ही तो नाश है, वही छिपना भी है । गायत्री समस्त सद्गुणोंको उद्‌भूत करती है । सांख्य मतानुसार अभिभूत होकर सबमें सद्गुण भी पडे हुये हैं । उनका उद्‌भव गायत्री जपसे होता है । यह संसाररूपी जन्म मरण आपदासे उपर उठाती है । और परिपक्व होनेपर कालमें मोक्ष प्रदान करती है । इस प्रकार गायत्री मन्त्र विश्वका सन्मित्र हुआ ।

विश्वका यह महामन्त्र मित्र - सूर्य है । इस मन्त्रका देवता सूर्य है । " मन्त्रात्मानो देवताः " इस मीमांसा सिध्दान्तानुसार सूर्यात्मिक मन्त्र है । मन्त्रात्मक सूर्य है । इस प्रकार गायत्रीमें मुख्यार्थ सूर्यरूपता संगत है । और आध्यात्मिक दृष्टिसे ज्ञानप्रकाश देकर और अज्ञानान्धकार मिटाकर भी यह सूर्यरूप है । संपूर्ण वेदार्थ गायत्रीमें निहित है । गायत्री वेदमाता है ।

" स्तुता मया वरदा वेदमाता "

इत्यादि वचनोंमें स्पष्टतया गायत्रीको वेदमाता बताया है । वेदमाता इसलिये कि वेदोंके संपूर्ण अर्थ गायत्रीमें निहित हैं । इसलिये मन्त्र भी विश्वामित्र है । प्रश्न होगा कि मन्त्रको विश्वामित्र कैसे कहेंगे ? व्याकरण सूत्रकार " मित्रे चर्षौ " इस सूत्रमें ऋषि अर्थमें विश्व शब्दको दीर्घ अन्तादेश कहते हैं । ठीक है । मन्त्रको भी ऋषि कहते हैं । " तदुक्तमृषिणा " इस प्रयोगमें ऋषिका मन्त्र अर्थ है । इस बातका समर्थन व्याकरणादिके ग्रन्थोंमें सुप्रसिध्द है ।

सुर्यदेवता भी विश्वका मित्र है । पूषा नाम जगतका पोषणकारी होनेसे पडा । प्रचोदन सत्कर्मादि प्रेरण सूर्य करता है । वह प्रकाश प्रदान करता है और अन्धकारको दूर करता है । मन्त्रात्मानो देवताः इस मीमांसा सिध्दान्तमें देवता मन्त्रस्वरूप हैं । मन्त्रको ऋषि कह सकते हैं तो तदात्मक सूर्य भी ऋषि ही है । इस प्रकार मन्त्रद्रष्टा, मन्त्र एवं देवता तीनों ही विश्वामित्र ही हैं । मुख्य इनमें मन्त्र ही है । वह अनादि अनन्त अपौरुषेय है । उसी के कारण देवता मन्त्रात्मा हो गया । उसीके कारण मन्त्रद्रष्टाकी महिमा हुई । सर्वथा यह तो निश्चित है कि गायत्री विश्वहितकारिणी है । सर्वोपकारिणी है ।

जो लोग अधिकारकी बात करते हैं वे भी ज्ञानका निषेध तो नहीं ही कर सकते । अपशूद्राधिकरणमें भगवान आदि शंकराचार्य स्वयं कहते हैं कि ज्ञान वस्तुतन्त्र होनेके कारण किसीके लिये भी उसका निषेध नहीं किया जा सकता । अनादि कालसे सभी असंख्य जन्म ले चुके हैं । उनमें कभी भी कोई द्विज नहीं ही हुआ ऐसा कहना असंभव है । गायत्र्यादि

श्रवण भी उस समय किया ही होगा । वर्तमानमें गायत्रीके अध्ययनसे ज्ञानको प्राप्त द्विज उस ज्ञानका उपदेश करेगा तो पूर्वाधीत संस्कारोद्बोधसे शूद्रादि सबको ज्ञान हो सकता है । अतः गायत्री विश्वोपकारिणी है इस बातका निराकरण कट्टर अधिकारवादी भी नहीं कर सकते । मतान्तरमें तो कोई प्रश्न ही नहीं ऊठता ।

(२)

" धियं प्रचोदयन्ती या सत्कर्मोपास्तिवित्तिषु ।
प्रवर्तयति लोकान् सा गायत्री मे परा गतिः ।। "

गायत्रीके बारेमें हमने यहांतक देखा कि वह विश्वहितकारिणी है जिसके कारण ही विश्वामित्र सार्थक मित्र बने । परंतु वह विश्वहितकारिणी किस प्रकार है ? वह पापसे मनुष्यको विमुख करती है, हितमें जोडती है इत्यादि हेतु भी दिखाया । परंतु यह सब सिध्दवत् निर्देश मात्र है । प्रात्यक्षिक अनुभव नहीं है । जैसे पाप करनेके लिये जाते हुये मित्रको मित्रने हाथ पकडकर कहा -मित्र ! ऐसा मत करो । इस प्रकार गायत्री हाथ पकडकर किसीको पापसे रोकती नहीं, पुण्य कराती नहीं, तब किस प्रकार मित्रका काम यह पूरा करती है ? कौनसा विशिष्ट कार्य यह संपन्न करती है ? इसका उत्तर पानेके लिये हम श्रीमद्भागवतके ग्यारहवें स्कन्धके एक श्लोकपर प्रथम थोडा विचार करेंगे । श्लोक है :-

सृष्ट्वा पुराणि विविधान्यजयात्मशक्त्या
वृक्षान् सरीसृपपशून् खगदंशमत्स्यान् ।
तैस्तैरतुष्टहृदयः पुरुषं विधाय
ब्रह्मावलोकधिषणं मुदमाप देवः ।.

इसका भावार्थ यह है कि परमेश्वरने प्रथम अनेकविध शरीरोंको बनाया । पहले अचर वृक्षादि योनिको जन्म दिया । फिर चर कीडे , सांप आदि और व्याघ्र सूकरादि पशुओंको जन्म दिया । थलचरके बाद नभचर पक्षी, पतंग, काक, कोकिलादि को जन्म दिया । जलचर मछली आदिको जन्म दिया । परंतु इन सबसे परमात्माको संतोष नहीं हुआ । अन्तमें परमेश्वरने मनुष्योंको जन्म दिया । तब उनको बडी प्रसन्नता हुई । आनन्द हुआ । आधुनिक विकासवादी भी ऐसा ही कहते हैं । पहले मछलीका जन्म हुआ जो केवल जलमें रहती है । फिर कछुएका जन्म हुआ जो जलथल दोनोंमें रहते हैं । फिर सूकर सिंहादि वन्य प्राणियोंका जन्म हुआ । विकासका अन्तिम परिणाम मानव जाति है । जैसा भी मानो लेकिन मनुष्यसे बढकर प्रशस्ततर कोई दूसरी सृष्टि अबतक नहीं हुई है ।

प्रश्न यह उठा कि मनुष्यसृष्टिसे परमेश्वरको प्रसन्नता तथा आनन्द क्यों हुआ ? और उतनेमें संतोष क्यों कर लिया ? इसका उत्तर है - " धिषणा " मनुष्यमें विशेष है । " धिषणा वाग् धिषेर्दधात्यर्थे धीसादिनीति वा धीसानिनीति वा " ऐसी यास्क निरुक्ति है । मनुष्यमें वाणी विशेष है । मनुष्यमें धारणा विशेष है । मनुष्यमें धी बुध्दिके लिये स्थान है । मनुष्य बुध्दिका सनन संभजन अवलम्बन करता है । " बुध्दिर्मनीषा धिषणा धीः प्रज्ञा " इस कोशके अनुसार सीधा अर्थ धी- प्रज्ञा भी है । मनुष्यकी विशेषता आकार प्रकारसे नहीं, रुपसौंदर्यसे नहीं, किन्तु और किसीसे है । शायद लोग समझते हैं कि काले बाल और गोरे चेहरेसे मनुष्य सुन्दर होता है, श्रेष्ठ होता है । सौंदर्य एक कल्पित तत्व है । पशुओंको स्वसजातीय पशुमें सौन्दर्य दीखेगा । पक्षियोंको पक्षियोंमें । आफ्रिकन कहते हैं जितना अधिक काला हो उतना अधिक सुन्दर होता है । सफेद शरीर तो बिमारी है । सफेद गायकी अपेक्षा कपिला कितनी अच्छी होती है । मनुष्यकी विशेषता केवल शारीरिक संरचनासे नहीं । और इन्द्रियोंकी विशेषतासे भी नहीं है । गिध्दकी आंखोंकी शक्ति इतनी अधिक है कि वह कोसों दूरकी चीजोंको देख लेता है । चीटियोंकी और श्वानोंकी घ्राणशक्ति मनुष्यों की अपेक्षा दस गुना ज्यादा है । शक्कर कहीं भी रखो चीटियां पहुंच जायेंगी । श्वान सूंघ सूंघ कर चोर आदिका पता लगाता है । चातक जहरको देखकर पहचान लेता है । पहलेके समयमें राजा लोग चातकोंको पालते थे । भोजनमें जहर मिलाकर कोई मार न दे इस भयसे । जहर देखते ही चातककी आंखोंसे पानी गिरता है । मनुष्यकी महत्ता इन्द्रियोंको लेकर भी नहीं है । मनुष्यकी महत्ता है बुध्दिको लेकर । मनुष्यकी महत्ता वाणीको लेकर है । उसीको यहांपर धिषणा शब्दसे बताया है ।

धिषणा बोलना पर्याप्त नहीं है । कौनसी धिषणा ? कैसी धिषणा ? यह प्रश्न फिर उठता है । उपनिषदोंमें मानव योनिको रमणीय योनि तथा कूकर सूकर आदिको कपूय योनि बताया है । वाक्य इस प्रकार है -

" अथ ह रमणीयचरणा अभ्याशो ह यत्ते रमणीयां योनिमापद्येरन्
ब्राह्मणयोनिं वा क्षत्रिययोनिं वा वैश्ययोनिं वा
अथ ये कपूयचरणा अभ्याशो ह यत्ते कपूयां योनिमापद्येरन्
श्वयोनिं वा सूकरयोनिं वा चाण्डालयोनिं वा

मन्त्रका पूर्वोक्त ही अर्थ है । पुण्यकर्मवाले ब्राह्मणादि पुण्ययोनिको प्राप्त होते हैं , बुरे कर्मवाले पापयोनि कूकर सूकरयोनिको प्राप्त होते हैं । इस मन्त्रवाक्यमें रहस्यपूर्ण रीतिसे

एक शब्द आया है । वह है कपूय योनिके रूपमें चाण्डालयोनिका कहना । चाण्डाल तो मनुष्य ही होता है । कूकर सूकरके साथ इसका परिगणन क्यों किया ? कूकरादिमें विशेष बुध्दि नहीं है । चाण्डाल भले नीच जातिका हो, पर है तो मनुष्य । विशेष बुध्दि उसमें भी है । इसका रहस्य यह है कि विशेष बुध्दिमात्रसे भी रमणीय योनि नहीं होती । चाण्डाल नीच बुध्दिका होता है । नीच बुध्दि, नीच कार्यकर्ता चाण्डाल कहलाता है ।

" काकः पक्षिषु चाण्डालः पशूनां चैव कुक्कुरः ।
पापो मुनीनां चाण्डालः सर्वेषां चैव निन्दकः ॥ "

ऐसा भी वचन आता है । काक और कुक्कुर मलभक्षी हैं अतएव मलिनमति हैं । पापी मुनि और निन्दक दुसरोंकी बुराईरूपी मलका भक्षण करते हैं । चाण्डाल एक जाति भी है । उक्त उपनिषद मन्त्रमें एक और बात ध्यान देने योग्य है । वह है - रमणीय योनिकी परिगणनामें ब्राह्मण, क्षत्रिय और वैश्य इन तीनको लिया । शूद्रको छोडा । इससे लगता है कि शूद्रयोनि भी कपूय भले न हो रमणीय तो नहीं ही । सो क्यों ? इसलिये कि शूद्रकी भी मति कुछ मलिन होती है । उपनिषदमें जानश्रुतिकी कथा आती है । जानश्रुति जन्मतः क्षत्रिय था वह छकडेके नीचे बैठे रैक्वके पास गया । हंस परस्पर जानश्रुतिकी प्रशंसा कर रहे थे तो एक हंसने कहा था कि अरे तुम लोग जानश्रुतिकी क्या प्रशंसा करते हो ? छकडेके नीचे बैठे रैक्वके सामने ये कुछ भी नहीं है । यह सुनकर राजा जानश्रुति रैक्वके पास गया था । रैक्वने राजाको कहा -"अहहारे त्वा शूद्र गोभिः सह तवैवास्तु" हारयुक्त गाडी और गायोंको भेंट देने तुम जो आये हो और विद्या ग्रहण करना चाहते हो इसे तुम अपने पास ही रखो तुम शूद्र हो तुम्हें विद्या नहीं देता हूं । यहां प्रश्न हुआ कि जानश्रुति क्षत्रिय था । उसे शूद्र कैसे कहा । इसपर व्यासजी का कहना है -

" शुगस्य तदनादरश्रवणात्तदाद्रवणात् सूच्यते हि "

जानश्रुतिने हंसोंसे अपना अनादर सुना तो उसको बडा शोक हुआ । उस शोकसे जानश्रुति आद्रुत हो गया, व्याप्त हो गया या अभिभूत हो गया ।इसलिये " शुगाद्रवणाच्छूद्रः " इस व्युत्पत्तिसे वह शूद्र कहलाया । शूद्र सम्बोधन का मतलब यही कि तुम वेद विद्याके अनधिकारी हो । अतएव विद्या नहीं दी तो राजाने अधिक धनदारादि लाकर प्रदान किया । प्रथम राजाने सोचा था कि रैक्वके पास एक अतिरिक्त विद्या छोटीसी होगी, जिसके लिये मैं छोटा हो गया । इससे शोक हुआ । अपनी समझके अनुसार उस छोटी विद्याको पानेके लिये कुछ गायें और सुवर्णादि दिया तो रैक्वने उसे ठुकराया । तब राजाको समझमें आया कि यह

छोटी विद्या नहीं । बडी विद्या है । उसके लिये अधिक धनादि देना होगा । पहलेवाला शोक तो नहीं रहा कि एक छोटीसी बातको लेकर मैं छोटा हो गया । फिर भी थोडा शोक रह गया जिसको लेकर दुबारा रैक्वने 'शूद्र' करके सम्बोधन किया । किन्तु इतने दानसे राजा पवित्र हो गया था ।

" ब्रह्मचारी धनदायी मेधावी श्रोत्रियः प्रियः ।
विद्यया वैति विद्यां यस्तानि तीर्थानि षण्मम ।। "

ब्रह्मचारी संवर्गविद्यायोग्य होता है । पुष्कल धन देनेवाला भी अधिकारी होता है, अत्यन्त मेधावी हो वह भी विद्याधिकारी है । जो वेदाध्ययन कर चुका हो वह भी अधिकारी है । अपना अत्यन्त प्रिय हो तो भी चलेगा । अपने पास जो अपूर्व विद्या है उसे देकर जो विद्या लेना चाहता है वह भी अधिकारी है । इन छहोंको तीर्थ बताया है । भाष्यकारने यहां एक और रहस्य दिखाया है । प्रथम वार रैक्व पूछते हैं - क्या इतने ही धनसे तुम अमूल्य विद्या पाना चाहते हो ? विद्या तो शुश्रूषा आदिसे प्राप्य है । इसलिये वापिस किया । परंतु दूसरी वार भी तो शुश्रूषा आदि नहीं कि । तब विद्या कैसे दी ? " तस्या ह मुखमुपोद्गृह्णन् " की व्याख्या करते हुये कहा - " तस्या दुहितुर्ह मुखं " राजाने अपनी पुत्री को समर्पित किया था । " आत्मा वै पुत्रनामासि " के अनुसार पुत्र या पुत्री अपना ही स्वरूप है । वह सेवा करती रहेगी तो स्वयंकृत शुश्रूषाके बराबर ही वह होगी । अस्तु । तीर्थ होनेसे अधिकारी बन गया । फलतः राजा अब कपूय नहीं रहा ।

यहां तक बतायी हुई कथाका सारार्थ यह है कि धिषणा मात्रसे सृष्टिकर्ता परमात्माकी प्रसन्नता नहीं । क्योंकि धिषणा भी दो प्रकारकी होती है । एक शूद्रादि धिषणा है । दूसरी इससे अन्य सत् धिषणा है । उसका नाम यहां दिया - " ब्रह्मावलोकधिषणं " ब्रह्मदर्शन करनेमें समर्थ धिषणा उत्तम मनुष्योंमें ही है । ब्रह्म शब्दके दो अर्थ हैं । एक परब्रह्म अर्थ है दूसरा शब्द ब्रह्म अर्थात वेद अर्थ है । धिषणासे दोनों अर्थ प्राप्त होते हैं । धिष धातुका वाणी अर्थ महर्षि यास्कने बताया । वेदोच्चारणयोग्य वाणी जिसमें है वह ब्रह्मावलोकधिषण है । शूद्रमें दोनों नहीं हैं । जो शोकमोहाविष्ट होगा वह न वेदवाणीको ग्रहण कर सकता है और न ब्रह्मदर्शन ही कर सकता है ।

इसपर एक प्रश्न होता है कि अर्जुन शोकमोहाविष्ट था तब वह भी शूद्र जैसा हो गया तो भगवानने उपदेश कैसे किया ? बल्कि शोकमोह को हटाने ही के लिये उपदेश होता है । उत्तर यह है कि किसीके ह्रदयमें शोकमोह पेस गया है , आविष्ट हो गया है वही शूद्र

है । जीवनभर वह रोता ही रहेगा । सत्पुरुषोमें शोक मोह आगन्तुक होता है । खुशी स्थायी होती है । पामरोंमें खुशी आगन्तुक होती है । शोकमोह स्थायी होता है । इसलिये शूद्रकी व्याख्यामें " शुगस्य तदाद्रवणात् " बताया । आद्रवणका अर्थ है चारों ओरसे द्रवीभूत करना । जैसे धातु पिघलता है तो चारों ओरसे पूरी तरह अन्दर अग्नि प्रविष्ट होती है । वैसे शोकाद्रवणका अर्थ है कि बुध्दिमें कोने कोनेमें प्रविष्ट होकर शोकने बुध्दिको पिघलाया । फिर बुध्दि कदाचित कठिन भी हो जाये फिर भी द्रुत (पिघली हुई) लाक्षामें प्रविष्ट रंगके समान वहां सूक्ष्मरूपसे शोकादि रहते ही हैं ।

मुदमाप देवः बताया । न कि हृदि संतुतोष । हर्षित हो गया, प्रसन्न हो गया, संतुष्ट हो गया ऐसा नहीं । मोदमें और संतोषमें फरक है । प्रशस्ततावुध्दिसे जो आनन्द होता है वह मोद है । अलंबुध्दिसे जो आनन्द होता है वह संतोष है । उत्तम कार्यसे मोद होता है । कृतकृत्यतासे संतोष होता है । एक आदमीको एक लाख रुपये मिल गये तो खुशी हो सकती है । संतोष नहीं होता । ब्रह्माजीने या परमात्मा ने धिषणा को बनाया तो उनको प्रसन्नता हुई । किन्तु संतोष हुआ कि नहीं यह नहीं बताया । मनुष्यकी बुध्दि ब्रह्मावलोकनके लिये योग्य तो है । किन्तु फलोपधायक होना जरूरी नहीं है । एक चिनगारी पूरे जंगलको जलानेमें योग्य तो है किन्तु जलानेसे पहले खतम भी हो सकती है । मनुष्यको बनाकर ब्रह्माजी को प्रसन्नता अवश्य हुई । किन्तु वह प्रसन्नता कायमी हुई की नहीं यह संदेह है । पूरी प्रसन्नता तभी हो सकती है जब वह फलोपधायी हो । परमात्मा पूर्ण प्रसन्न तभी हो सकता है यदि धिषणाका फल ब्रह्मावलोकन हो । धिषणा इस प्रकार फलोपधायिनी हो । बगीचेमें आमका पेड लगाया । लगाने के बाद जड जम गयी । नये पत्ते आने लगे तो लगानेवालेके मनमें प्रसन्नता अवश्य होती है । किन्तु पूरी प्रसन्नता नहीं मानी जा सकती । आमका फल पैदा करनेमें वह योग्य है । किन्तु कहीं कीडा लग गया, फल ही नहीं आया तो ? वह लगानेवाला निराश हो जाता है । ब्रह्मावलोकन योग्य बुध्दि परमात्माने बनायी । किन्तु उसमें कीडे लग गये । कामक्रोधादि कीडे ही तो हैं । तब परमात्मा भी संभवतः निराश हो जाता होगा । अतः परमात्माकी पूर्ण प्रसन्नता ब्रह्मावलोकनरुपी फलकी उपधायिका बुध्दि हो तभी संभव है । परंतु इतना काम परमात्माका नहीं है । फलोपधायक बनानेका काम हमारा है । मनुष्यका है । परमात्माने आँख दी । उससे परदोष देखना या भगवत्प्रतिमादि देखना हमारे अधीन है । तदर्थ आंखको स्वच्छ निरोग रखना भी हमारा काम है । सुबह उठकर मुहं धोनेका काम हमारा है, परमात्माका नहीं । श्रोत्रसे परनिन्दा सुनो या

वेदशास्त्रीवाणी सुनो यह हमारे अधीन है । हमारा काम है । त्वगिन्द्रिय पाणीन्द्रियादिसे गुरुचरणस्पर्शादि करना या परदारस्पर्शादि करना हमारे अधीन है ।इसी प्रकार बुध्दिको स्वच्छ, तन्दुरुस्त रखना हमारा काम है । और उससे विषय चिन्तन करना या परमात्मचिन्तन करना हमारे अधीन है । अर्थात " मुदमाप देवः " ब्रह्मावलोकधिषण मनुष्यको बनाकर परमात्मा प्रसन्न तो हुआ । अब उसे फलोपधायक बनानेका काम हमारा है । बुध्दिको फलोपधायक हमें ही बनाना होगा ।

ब्रह्मावलोकनरूपी फलसे युक्त बनानेके लिये महान पुरुषार्थ करना होगा । उसके लिये आधिभौतिक उपायोंके साथ आध्यात्मिक तथा आधिदैविक उपायोंको भी करना होगा । आधिभौतिक उपाय तो सात्विक आहारादि है । जैसा अन्न वैसा मन यह प्रसिध्द है सद्वार्ता श्रवण करो । सत्संग करो । सद्विचार रखो ये सब आधिभौतिक उपाय हैं । परंतु इतना ही पर्याप्त नहीं है । इसके लिये आधिदैविक शक्ति एवं आध्यात्मिक शक्ति संपादन करनी पडेगी । और वही मुख्य है । अन्नादि तो प्रायः प्रारब्धाधीन हैं । किन्तु आध्यात्मिक तथा आधिदैविक शक्ति संपादन करना प्रारब्धाधीन नहीं है ।पुरुषार्थाधीन है । कौनसा तदर्थ पुरुषार्थ करना ? इस प्रश्नका ही उत्तर गायत्री मन्त्र है ।

गायत्री मन्त्र उस बुध्दिको ही प्रेरित करनेका उपाय है जिसे ब्रह्मावलोकंधिषण बताया । मन्त्रका जाप, देवता ध्यान, अर्थानुसन्धान आदि सभी आध्यात्मिक और आधिभौतिक उपाय हैं । " धियो यो नः प्रचोदयात् " का अर्थ है जो हमारी बुध्दिको प्रेरणा दे । यह कथन वस्तुतत्वनिरूपण मात्र है या प्रार्थनारूप है ? केवल वह बुध्दिको प्रेरित करता है इस प्रकार वस्तुतत्वका निरूपण मात्र हो तो उसका कोई खास प्रयोजन नहीं है । वह हमारी बुध्दिको प्रेरणा दे ऐसी प्रार्थना हो तो वाक्यकी सार्थकता है । किन्तु उस पक्षमें भी परमात्मा समस्त बुध्दिको प्रेरणा देता ही है इसलिये प्रार्थना व्यर्थ ही होगी । बादल पानी बरसा रहा है तब प्रार्थना करें कि हे बादल तू पानी बरसा दे तो यह प्रार्थना निरर्थक होगी ।अतः केवल प्रेरणा मात्र अर्थ नहीं हो सकता । किन्तु विशिष्ट प्रेरणा अर्थ होगा । वस्तुतः प्रथम पक्षमें भी- अर्थात वस्तुतत्व कथनमात्र है इस पक्षमें भी ' प्रेरयेत् ' इतना न कहकर "प्रचोदयात् " कहनेका कुछ मतलब और ही निकलता है । प्रचोदनका अर्थ है उत्कृष्ट प्रेरणा । एक चोर अपने साथीको चोरी करनेके लिये प्रेरित करता है उसके उपाय चिन्तनके लिये प्रेरित करता है । उसके तौर तरीकोंको अच्छी तरह समझनेके लिये प्रेरित करता है । वह प्रेरणा जरूर है, किन्तु प्रचोदना नहीं है । असत् अर्थमें प्रचोदयतिका प्रयोग नहीं होता । जैसे भारी

चोरके लिये प्रख्यात चोर नहीं कहा जाता । कुख्यात चोर कहते हैं । वैसे उसकी प्रेरणाके लिये भी प्रचोदयति प्रयोग नहीं होता ।प्रयोजयति, प्रेरयति आदि प्रयोग ही होता है । तब यह प्रश्न उठेगा कि गायत्रीमें प्रचोदयात् क्यों कहा ? " स एव साधु कर्म कारयति, स एवासाधु कर्म कारयति " इत्यादि श्रुतिके अनुसार सत् असत् आदि समस्त कर्म ज्ञानमें परमात्मा ही कारक प्रेरक है । तब केवल सत्कर्म प्रेरकके रूपमें प्रचोदयात् शब्दसे उपस्थित करनेका अर्थ है कि यहां सत्कर्मप्रेरणार्थ प्रार्थना है ; इसको अर्थापत्तिगम्य अर्थ कहते हैं । तात्पर्य यह है कि चाहे यह वस्तुकथन हो चाहे प्रेरणार्थक, दोनों पक्षोंमें यहां प्रार्थना गम्यमान है । इसका विस्तार तो मन्त्र व्याख्यानावसरमें हम करेंगे । प्रकृतमें हमें इतना ही कहना है कि यह गायत्री मन्त्र सदर्थमें प्रेरणा करनेके लिये प्रार्थनारूप होनेसे यह विश्वहितकारी है । गायत्री मन्त्रके द्वारा परमात्मासे जब हम प्रार्थना करते हैं कि हे परमात्मा । तुम हमारी बुध्दिको प्रेरित करो, प्रचोदित करो तो परमात्मा ऐसी प्रेरणा करता है जिससे उस प्रार्थनाकारी की बुध्दि सत्कर्म करनेमें सदुपासना करनेमें एवं सद्ज्ञान संपादनमें प्रेरित हो जाती है ।

(३)

देहरोगहरं सूर्यं भवरोगहरं हरम् ।
गायन्ती पातु गायत्री ताभ्यां प्रज्ञां प्रतन्वती ।।१।।

मानव शरीर बनाकर परमात्मा प्रसन्न हुआ । क्यों ? इसमें बुध्दिकी विशेषता है । ब्रह्मावलोकन योग्य बुध्दि इस समय मानव शरीरमें ही है । दूसरे शब्दमें - मनुष्यमें मनुष्यत्व विशिष्ट बुध्दि ही है । उस मनुष्यत्वका उद्भावक गायत्री मन्त्र है । वह बुध्दिको प्रेरणा दिलाकर विशिष्ट बुध्दि उत्पन्न करती है । अतएव विश्वहितकारी है । बालकको मानव बनानेके लिये ही सर्वप्रथम उपनयन संस्कार कर गायत्री मन्त्रका उपदेश देते हैं । उसके जपसे, उसके अर्थचिन्तनसे प्रेरणा मिल जाती है । जिससे क्रमसे वह ब्रह्मावलोकनपर्यन्त फल पाता है, जो जीवनका चरम लक्ष्य है । उसीकी प्रार्थना " धियो यो नः प्रचोदयात् " से गायत्रीमें की गयी है । शास्त्रकार कहते हैं :-

धियां प्रणोदिनीं देवीं गायत्रीं शिरसा सह ।
धारयान्नात्मविज्ञानं लभते नात्र संशयः ।।

बुध्दिके लिये प्रेरणादायिनी गायत्री को शिरके साथ धारण करनेवाला आत्मसाक्षात्कार पाता है । शिरकी व्याख्या आगे मिलेगी । " शिरसा सह " यह उपलक्षण है । प्रणव तथा व्याहृतीयोंके साथ गायत्रीका धारण होता है । अतएव उपक्रममें द्व्यर्थक वाक्य हमने पढा

था - प्रणौमि व्याहरन् देवीं गायत्रीं शिरसा सदा " इसका सीधा अर्थ है -गायत्री देवीको व्याहरन् -बोलता हुआ, जप करता हुआ, उसीको मस्तक झुकाकर प्रणाम करता हूं । दूसरा अर्थ है -प्रणौमि = प्रणवका उच्चारण करता हूं । व्याहरन् = व्याहृतिको बोलता हूं । शिरसा = गायत्री शिरोमन्त्रके साथ गायत्रीको बोलता हूं ।

गायत्री विश्वहितकारिणी किस प्रकार ? इस प्रश्न का उत्तर मिला बुध्दिप्रणोदना द्वारा बुध्दिको प्रेरित कर । बुध्दिको प्रेरित करने पर किस प्रकार मनुष्यका हित सम्पन्न होता है ? यह प्रश्न पुनः उठता है । यद्यपि सत्कर्म, सदुपासना आदिमें वह प्रवृत्त होता है, जिसकी बुध्दि सत्प्रेरित हुई है यह बात सामान्यरूपसे पूर्वमें बतायी किन्तु विशेषरूपसे कहना अवशिष्ट है । गायत्री मन्त्र तो बहुतसे लोग जपते हैं । किन्तु अन्य मनुष्योंकी अपेक्षा गायत्री जपकारियोंमें खास कोई विशेषता देखनेमें नहीं आती । अतः सामान्यरूपसे कहने मात्रसे स्पष्टीकरण नहीं होता । और गायत्री जप करनेवालोंमें विशेषता क्यों नहीं दिखायी पडती यह भी जानना जरूरी है । जिस प्रतिबन्धसे वह स्थिति बन गयी उसे हटाना भी तो आवश्यक है । अतः उस पर विचार अब करेंगे ।

एक बार की बात है । महर्षि पुनर्वसु (चरक ऋषि) बैठे हुये थे । ध्यानमग्न थे । शिष्य अग्निवेश पासमें बैठे हुये थे । महर्षिने सहसा आंख खोली । उपर दृष्टीपात किया और कहने लगे अहा । महान विनाश होनेवाला है।

अग्निवेश :- कैसे ?

पुनर्वसु :-हजारों लाखों ये रोग मर्त्यलोककी ओर बढ रहे हैं । मानव इन रोगोंसे पीडित होकर उभयतो भ्रष्ट होंगे । इह लोकसे भी और परलोकसे भी ।

आधिव्याधिशतग्रस्ता निरस्तज्ञानचक्षुषः ।
पशुतुल्याश्चरन्त्येते देहमात्रैकदृष्टयः ॥

मानसिक रोग आधि और शारीरिक रोग व्याधिसे जो एक दो नहीं सैकडों हैं लोग ग्रस्त हो रहे हैं । और होंगे । परिणामतः ज्ञानचक्षु इनकी लुप्त हो जायेगी । और पशुतुल्य होकर विचरण करेंगे । भक्ष्याभक्ष्य स्पृश्यास्पृश्य विचारसे रहित होंगे । इनकी दृष्टि देहमात्रपर टिकेगी । आत्म दृष्टि नहीं रहेगी ।

समस्त धर्म -कर्म- ज्ञानादिके लिये प्रथम स्वस्थ शरीर चाहिये ।

" शरीरमाद्यं खलु धर्मसाधनम् "

ऐसा अनुभवियोंका भी कहना है । शरीर अस्वस्थ होनेपर प्रायः मन भी अस्वस्थ हो जाता है । तब परमार्थ . न्तन नहीं हो पाता । सिरदर्द जोरदार हो रहा हो उस समय यह रोगादि मिथ्या है इत्यादि उपदेश क्या काम कर सकेगा ? कोई महापुरुष ही ऐसा होगा जो हमेशा निर्विकार रह सकता हो । किन्तु ऐसा पुरुष कृतकृत्य हो चुका होता है । उसको साधनकी अब अपेक्षा नहीं रहती है । साधनकी अपेक्षा जिसको हो उसको तो शरीरकी अस्वस्थता साधनामें बाधक होती है ।

अग्निवेश :- ये रोग क्यों आने लगे ? रोगोत्पत्तिमें क्या मूल है ?

पुनर्वसु :- पांचों भूत प्रकुपित हो रहे हैं । स्वस्थका अर्थ है स्व में स्थिति । स्वरूपमें स्थिति । विषमताका अभाव । वात - पित्त - कफ सम होते हैं तो शरीर स्वस्थ होता है , विषम हो जाते हैं तो अस्वस्थ हो जाता है । पञ्चभूततत्व स्वरूपमें नहीं रहते । एक दूसरेपर आरूढ होकर उसे अभिभूत करते हैं तो विषमता आ जाती है । सामान्य विषमता तो होती है और आवश्यक भी है । अतएव सृष्टि चलती है । गुणसाम्यसे प्रकृति और गुणवैषम्यसे विकृति और सृष्टि होती है । किन्तु विषमता बढ जाती है तब अतिवृष्टि, अनावृष्टि, अतिशीत -अशीत, अतिवात -अवातादि होते हैं । पृथिवी पर उसीके कारण विषलतायें पैदा हो जाती हैं । विष जन्तु पैदा हो जाते हैं । अन्नमें वृष्टिमें, हवामें, वृक्ष लता घास आदिमें विषाणुओंका प्रवेश हो जाता है । जल विषैला होने लगता है । वापी-कूपादि जलमें रंग बदलने लगता है । वृष्टि जलमें यह परिवर्तन आने लगता है ।

पुनर्वसुके इस दर्शनमें हम अपना अनुभव भी मिला सकते हैं । काश्मीरमें हम खीरभवानीमें दर्शनार्थ गये । वहां देखा कि दिनमें कई बार पानीका रंग बदलता है । लोग उसे सिध्दि मानते हैं । चमत्कार मानते हैं । लेकिन आनन्दवन आश्रमके कुंए के जलमें भी ऐसा परिवर्तन देखा तो मैंने सोचा यह परीक्षाका मौका मिला । या तो यह भी सिध्दि चमत्कार होगा, या जलमें कुछ गडबडी । कुंवा खाली करवाया तो नीचे काफी कचडा निकला । किन्तु उसके बाद रंग परिवर्तनका सिलसिला समाप्त हो गया । हो सकता है खीरभवानीमें कोई चमत्कार ही हो ।

पुनर्वसु आगे कहने लगे कि इस विषमताके कारण वायुमें प्राणशक्तिकी न्यूनता हो रही है । आध्यात्मिक प्राणशक्तिका वर्धन उसीसे होता है । दीर्घ जीवन के लिये प्राणशक्तिकी नितान्त आवश्यकता है । इसको भी हम अपने अनुभवसे जोड सकते हैं । हम कैलासमें

पहुंचे तो सत्रह अठारह हजार फूट ऊंचाईपर भारी थकावट अनुभव होने लगी । मैंने देखा कि केवल मैं ही नहीं थक रहा हूं । ये साथवाले भी थक रहे हैं, मजदूर भी थक रहे हैं, जिनपर सामान लादे थे वे घोडे आदि भी हांफ रहे हैं । क्या कारण था ? वहां वायुमें आक्सिजन कम था । आक्सिजन ही तो प्राणशक्ति है । इसप्रकार अन्य भूतोंमें भी है।

वेदोंमें इस भूत प्रकोपको रुद्रप्रकोप बताया है । अष्टमूर्ति शंकरके आठ शरीरोंमें पांच तो पञ्चभूत ही हैं । अतः भूतप्रकोप रुद्रप्रकोप ही है । इनमें भी तीन मुख्य बताये हैं । प्रकोपको वेदोंमें इषु शब्दसे इंगित किया है । इषु माने वाण । रुद्राध्यायमें तीन मन्त्र आये हैं -

" नमोऽस्तु रुद्रेभ्यो ये दिवि येषां वर्षमिषवः
ये ऽन्तरिक्षे येषां वात इषवः
ये पृथिव्यां येषामन्नमिषवः "

आकाशमें वृष्टि रुद्रोंके इषु हैं । अन्तरिक्षमें वायु रुद्रोंके इषु है । पृथिवीमें अन्न रुद्रोंके इषु हैं । जलमें, वायुमें और अन्नमें दोष आता है । तो वह नाशका कारण होता है इसलिये इनको इषु बताया ।

इसप्रकारके भूतवैषम्यसे शरीरमें भी विषमता आ जाती है । यहां भी पञ्चभूतोंमें वैषम्य आने लगता है । और विशेषतया तीनमें । तीन अर्थात् वे ही वात, पित्त और कफ ।

भूतेषु कुपितेष्वेषु स्वस्वकार्याक्षमत्वतः ।
कायोऽयं शीर्यते ऽस्निग्धमृज्जन्यघटवद् द्रुतम् ।

ये पञ्चभूत कुपित होते हैं तो अपना अपना कार्य करनेमें अक्षम होते हैं । पृथिवी की धारण शक्ति है, जलकी जीवनशक्ति है , तेजकी स्फूर्तिशक्ति है, वायुकी प्राणनशक्ति है, आकाशमें श्रवण शक्ति है । ये सभी शक्तियां कमजोर पड जाती हैं तो शरीर शीघ्र ही जीर्ण हो जाता है । सूखने लगता है, स्फूर्ति नहीं रहती, श्वासकासादिसे प्राणशक्ति खतम होती है, बहरापन आने लगता है, अन्धापन आ जाता है । सत्यादि युगमें लोग दीर्घायु होते थे । रामजीकी बारह हजार वर्ष आयु की या दशरथ जीकी साठ हजार वर्ष आयुकी बात छोड दीजिये तो भी भीष्मपितामह, द्रोणाचार्यादि दो सौ डेढसौ वर्ष उमरमें जवानोंके साथ अपराजित युध्द करते थे ।

अग्निवेश :- क्यों पञ्चभूतोंमें प्रकोप होने लगा है ?क्यों विषमता होने लगी है ?

पुनर्वसु :- इसलिये कि धर्मविप्लव होने लगा है । वर्णाश्रमियोंका धर्म नष्ट हो रहा है । यज्ञयागादि लुप्त होते जा रहे हैं । यज्ञादि कर्म परम श्रेयस्कर हैं।

" अग्नौ प्रास्ताहुतिः सम्यगादित्यमुपतिष्ठते ।
आदित्याज्जायते वृष्टिस्ततो ह्यन्नं ततः प्रजाः ।। "

अग्निमें डाली गयी आहुति सूक्ष्मरूपसे आदित्य किरणोंमें मिल जाती है । आदित्यकिरणोंसे ही पर्जन्य मेघ होता है । उससे वृष्टि होती है और प्रजोत्पत्ति होती है । यज्ञसे जो मेघ होता है, वृष्टि होती है, उससे उत्पन्न अन्नमें जीवनशक्ति विशेषरूपसे होती है । कृत्रिम खादसे अन्न भले अधिक हो, पर जीवनशक्ति कम रहती है । पहलेके समयमें सर्वत्र नियमित वेदघोष होता था जो आकाश शक्तिको बढाता था । होमादिसे अग्निशक्तिकी वृध्दि होती थी । साथ ही जल शक्तिकी भी । रुद्राभिषेकादि भी जलशक्तिवर्धक हैं । इसलिये यह वचन प्रसिध्द है-

" न तीर्थपादोदककर्दमानि न वेदशास्त्रध्वनिगर्जितानि ।
स्वाहास्वधाकारविवर्जितानि श्मशानतुल्यानि गृहाणि तानि ।। "

गुरु ब्राह्मणादि तीर्थरूप हैं । उनके चरणोदकसे गृह पवित्र होता है । वेदशास्त्रध्वनिसे अन्तरिक्ष पवित्र होता है । स्वाहा स्वधाकार रूपी होमादिसे अग्निकी पवित्रता और उसीके धूमसे वायुकी, वातावरणकी पवित्रता होती है । इनके अभावमें तो श्मशानतुल्य ही घर समझो । लोग ब्रह्मचारी बनकर ब्रह्मचर्यपालनके साथ वेदाध्ययनादि सम्यक् नहीं करते । गृहस्थ सत्य अहिंसादि के साथ पञ्चयज्ञादि सम्पादन नहीं करते । वानप्रस्थ होकर तपस्या नहीं करते । सन्यासी होकर संगपरित्यागके साथ ब्रह्मचिन्तनमें संलग्न नहीं रहते । इस प्रकार वर्णाश्रमधर्मविप्लव होनेसे भूतप्रकोप होता है ।

अग्निवेश :- यह धर्मविप्लव क्यों होने लगा ? लोग क्यों धर्मच्युत होते हैं ?

पुनर्वसु :- लोगोंमें भोगासक्ति बढ गयी । उनका हृदय रागद्वेषकलुषित होने लगा । स्वर्ग- नरक -इह-परलोक-ईश्वर - गुरु आदिमें उनका विश्वास नहीं रहा । भोगासक्तिके ही कारण इन्द्रियसंयमका अभाव होने लगा । सन्ध्या अग्निहोत्रादि कर्मसे लोग विमुख होने लगे ।

" अनेकचित्तविभ्रान्ता मोहजालसमावृताः ।
प्रसक्ताः कामभोगेषु पतन्ति नरकेऽशुचौ ।। "

अनेक प्रकारके चित्तभ्रम होने लगे । लोग मोहजालमें फंसने लगे । ऐसे लोग कामभोगमें

आसक्त एव प्रसक्त होकर अशुचि नरकमें पड़ते हैं । मरणोत्तर जो नरक है सो है ही, इहलोक में भी नरक दर्शन होने लगता है । जवानीमें प्रवेश होनेसे पूर्वही बुढापा आ गया । जमाना था, जब ऋषि लिखते थे-

"अष्टाचत्वारिंशद्वर्षाणि सर्ववेदब्रह्मचर्यम् "

अडतालीस वर्षतक चारों वेदोंके अध्ययनके लिये ब्रह्मचर्यपालन करते थे । अब तो बारह पन्द्रह वर्षमें ही बालक कामभोगासक्त होने लगते हैं । अडतालीसतक तो बुढे ही हो जाते हैं ।

अग्निवेश :- भोगासक्ति बढनेमें क्या कारण है ?

पुनर्वसु :- विचारहीनतासे होनेवाला चित्तका चाञ्चल्य। इन्द्रियां वैसे ही स्वयं चञ्चल हैं । " पराञ्चि खानि व्यतृणत् स्वयंभूः " इस प्रकार उपनि[illegible] [illegible] ही कहता है। विचारशक्ति ही उन्हें संयममें ला सकती है । एक सामान्यज्ञान हो[illegible] । दूसरा वैचारिक ज्ञान होता है । प्रत्यक्षादिसे सामान्यज्ञान होता है । विचारसे कालान्तरीय परिणामज्ञान होता है । एक युवा पुरुषने एक युवती को देखा । उसके मनमें काम[illegible] उदय हुआ । वह देखने लगा कि कामोपभागसे मुझे सुख मिलेगा- यह सामान्यज्ञान हुआ । एक मनुष्यने दूसरे के जेब में धन देखा । उसके मनमें लोभका उदय हुआ । वह देखने लगा कि इसे चुपकेसे लें तो मेरा बहुत काम बन जायेगा । यह सामान्य ज्ञान हुआ । एक आदमीने अपने विरोधीको देखा । उसे क्रोधोदय हो गया । उसने देखा इसे मार डालो तो कांटा निकल जायेगा । यह सामान्य ज्ञान है । केवल देखनेसे जो ज्ञान होता है, वह सामान्य ज्ञानसे आगे नहीं बढता । प्रथम देखनेपर जो ज्ञान होता है वही पशुमें रहता है । ' पश्यति केवलमिति पशुः ' पशु कामभोगमें तुरत प्रवृत्त होगा । क्रोधमें दूसरे पशुको तुरत सींग मारेगा । लोभमें दूसरेसे छीनकर खायेगा ।विशेष ज्ञान मनुष्यमें होता है । यह विचारसे होता है । मनुष्य भी कामी, लोभी, क्रोधी है । परन्तु विचारसे वह निवृत्त होगा । परदारगमनसे पराघात हो सकता है । स्वशक्तिनाश हो सकता है ।स्वधर्म एवं नीतिका नाश होता है । परधनके छीननेसे मार पड सकती है, जेल हो सकता है । अन्ततः ईश्वरीय सजासे कोई छूट नहीं सकता । क्रोधसे परघात करता है उसकी भी भविष्यमें वैसी ही गती होगी जो कामी और क्रोधीकी होती है । अतः ऐसा कार्य न करना चाहिये यह विचारजन्य विशेष ज्ञान है । इस विचारके अभावसे भोगासक्ति आदि होती है । मनुष्य पशुतुल्य होता है ।

" अल्पस्य हेतोर्बहु हातुमिच्छन्
विचारमूढः प्रतिभासि मे त्वम् "

ऐसी उक्ति प्रसिध्द है । वर्तमान अल्पसुख है । परिणाममें बहुत कुछ खोना पड जायेगा । उस अल्पसुखके लिये भारी नुकसान करनेवाला ही विचारमूढ है ।

अग्निवेश :- क्या कारण है कि लोग विचारहीन होते हैं ?

पुनर्वसु :- विवेकशून्यता ही विचारहीन होनेमें हेतु हैं । अच्छा क्या - बुरा क्या ? स्थायी क्या - क्षणिक क्या ? सगुण क्या - सदोष क्या ? यह विवेक हो तब आगे विचार चल सकता है । वेदशास्त्राध्ययनके विना, सत्संगके विना विवेक नहीं हो सकता।

" सत्सङ्गेन विना नैव विवेको जायते नृणाम् "
(विनु सत्सङ्ग विवेक न होई)

विना सतसंग, विना शास्त्राध्ययन विवेक नहीं हो सकता ।

अग्निवेश :- अविवेकसे लेकर विनाशपर्यन्त जो अनर्थ परंपरा है सबका मूल निदान क्या है यह मैं जानना चाहूंगा (क्योंकि यह कारणपरम्परा और लम्बी हो सकती है ।)

पुनर्वसु :- प्रज्ञापराध ही मूल है ।

यहींसे पुनर्वसु अपना सूत्र प्रारंभ करते हैं।

" प्रज्ञापराधो मूलं सर्वरोगाणाम् "

प्रज्ञाका अपराध ही समस्त रोगोंका मूल है । चाहे वह बाह्य रोग हो चाहे आन्तरिक रोग हो । चाहे वह शरीर रोग हो, चाहे भवरोग हो । प्रज्ञाके अपराधसे शास्त्र एवं संत पुरुषोंकी अवहेलना होती है । फलतः वहअविवेकी पशुतुल्य रहता है । प्रत्यक्षमात्र प्रमाणपर रहता है । उसमें गुणदोष विचार नहीं होगा । और उससे अविश्वास एवं भोगादि आसक्ति होगी । उससे पुण्यपापका अनुसंधानाभाव होगा । उससे धर्मत्याग और भूतप्रकोप होगा । परिणामतः शारीररोग और भवरोग स्थायी होकर " पतन्ति नरकेऽशुचौ " वर्तमानमें और मरणोत्तर भी नरकपात होगा।

" छिन्ने मूले नैव शाखा न पत्रम् "

विवेक ही न रहा तो आगे विचारादि क्यों हो ? उसमें रोगाणुका प्रवेश होना है । आत्मनिष्ठाका अभाव होता है । प्रज्ञा ही धी है । बुध्दि है । प्रज्ञापराधको दूर करनेके लिये ही गायत्री मन्त्र है । " धियो यो नः प्रचोदयात् " गायत्री मन्त्रसे प्रज्ञापराध दूर होगा ।

यह आधिभौतिक तरीकेसे विचार हुआ । अब आधिदैविक तरीकेसे भी विचार किया जाये । बुध्दिको प्रेरित करके गायत्री विश्वहित सम्पन्न कैसे करती है ? गायत्री जपसे बुध्दिको प्रेरणा मिलती है, और इसीके अर्थचिन्तनसे विवेक होने लगता है । फिर विचारादि क्रमसे वह विश्वहितकारिणी होती है । साधारणतया लोग जप करते हैं किन्तु अर्थानुसन्धान नहीं करते। और नियम विधियोंका पालन नहीं करते । इसलिये जप करते हुए भी सफल नहीं हो पाते । अतः आधिदैविक चिन्तन साथमें होना चाहिये ।

गायत्री मन्त्रका अधिष्ठाता देवता सूर्य है । सूर्यके लिये यह प्रसिध्द है कि-

" आरोग्यं भास्करादिच्छेत् "

आदित्यकी उपासनासे आरोग्यकी प्राप्ति होती है । तेजोमय सूर्यका चिन्तन करते हूए गायत्री मन्त्रकी जपात्मक उपासना करनेसे सर्वरोगनिवृत्ति होती है । गायत्री जप करनेवालोंमें क्या, जप करनेवाले जितने भी है , सबमें एक दोष आ जाता है । और वह यह है कि प्रथम कुछ दिन ध्यानपूर्वक भले कर लें किन्तु बादमें जप केवल यान्त्रिक हो जाता है । मुखसे मन्त्रावृत्ति होती रहती है , हाथसे यन्त्रवत् माला फिरती जाती है , मन अपना अलग काम करता रहता है । ऐसा जप यद्यपि सर्वथा निष्फल नहीं है, शब्द अपना काम अवश्य करेगा किन्तु जो वास्तविक फल होना चाहिये वह नहीं होता । विधिपूर्वक अनुष्ठान हो तभी वह पूर्ण सफल होता है । गायत्रीका जप करते हूये सूर्यका ध्यान करें तो वह सूर्य भी बुध्दिको प्रेरणा करेगा । सूर्य शब्दका अर्थ बृहदारण्यक उपनिषदमें भाष्यकारने किया है-

" सुष्ठु ईरणाद् रसान् रश्मीन् प्राणान् धियो वा-----"

रसोंको, रश्मियोंको , प्राणोंको और बुध्दिको सम्यक् ईरण प्रेरण करता है अतः सूर्य नाम हुआ । सूर्यतापिनीमें भी

" प्रज्ञाकामः भास्करं भगवन्तमुपासीत "

बताया है । अतः सूर्योपासनासे प्रज्ञाप्राप्ति भी होती है । उससे भवरोगनिवृत्ति भी संभावित है । सविता का अर्थ भर्ग के साथ एकीभूत होकर हर भी होता है अर्थात् परब्रह्म परमात्मा भी अर्थ है । उस परमात्मा का ध्यान करते हुये गायत्रीका जप किया जाये तो सर्वसंसारहरण समस्तानर्थ निवृत्ति भी होगी । इस प्रकार गायत्री सर्वथा विश्वोपकरिणी है । सामान्यजनको प्रज्ञापराधनिवृत्तिके द्वारा सकलरोगनिवृत्ति होनेसे स्वस्थ जीवन प्राप्त होगा । उपासकोंके लिये सूर्य भगवानकी प्रसन्नताके द्वारा सर्वरोगनिवृत्ति तथा प्रज्ञाप्राप्ति दोनों ही होंगी । और ज्ञानियोंको अज्ञानहरणके द्वारा सर्वानर्थनिवृत्तिरूप मोक्षका लाभ होगा । प्रथम प्रज्ञापराधनिवृत्तिके द्वारा

होगा द्वितीय सूर्यदेवताप्रसादके द्वारा और तृतीय तत्वबोधकी प्राप्तिके द्वारा ।

(४)

" प्रज्ञापराधहरणीं चित्तनैर्मल्यकारिणीम् ।
धर्मार्थकामफलदां गायत्रीं मोक्षदां भजे ॥
प्रचोद्य सारथिं बुध्दिं या संसारान्निवर्तयेत् ।
नयेच्च नॄः पदं विष्णोर्गायत्रीं तामुपास्महे ॥ "

यहां तक हमने यह देखा कि " प्रज्ञापराधो हि मूलं सर्वरोगाणाम् । " चाहे देह रोग हो, चाहे भवरोग । सबका मूल प्रज्ञापराध है । उस अपराधसे छुटकारा पानेके लिये और मोक्षादि प्राप्त करनेके लिये गायत्री मन्त्र उपाय है । गायत्रीमन्त्र प्रज्ञापराधहरणपूर्वक परम गति प्रदान कैसे करता है ? उसके लिये अन्य किस साधन की सहकारिता आवश्यक है ? इत्यादि प्रश्न पुनः अवशिष्ट हैं । प्रज्ञापराधका हरण एक तो स्वयं शक्तियुक्त पवित्र होनेसे होता है।

" गायत्री वेदजननी गायत्री पापनाशिनी
गायत्र्यास्तु परं नास्ति दिवि चेह च पावनम् ॥ "

इत्यादिरीति योगी याज्ञवल्क्यने तथा कूर्मपुराणादिमें बताया है । पापनाशादिसे चित्त निर्मल होता है , ज्ञानोदय होता है ।

कठोपनिषदमें इस मानव शरीरका रथरूपकसे वर्णन कर बुध्दिको सारथिके रूपमें बताया है

" आत्मानं रथिनं विध्दि शरीरं रथमेव तु ।
बुध्दिं तु सारथिं विध्दि मनः प्रग्रहमेव च ॥ " इत्यादि ।

यह आत्मा रथी है, शरीर रथ है, बुध्दि सारथि है , मन लगाम है, इन्द्रियां घोडे हैं इत्यादि । इस रथसे गन्तव्य स्थान कौनसा है इसका भी निरूपण किया ।

" विज्ञानसारथिर्यस्तु मनःप्रग्रहवान्नरः।
सोऽध्वनः पारमाप्नोति तद्विष्णोः परमं पदम् ॥ "

विज्ञान अर्थात् सद् बुध्दिको सारथि एवं संयत मनको लगाम बनाकर जो इस शरीररथसे आगे बढता है वह मार्गको पूरा कर गन्तव्य स्थान परमात्मपदको प्राप्त होता है ।
यह मानव शरीर केवल एक यान नहीं है । यह रथ है । रम धातुसे क्थन् प्रत्यय जोडकर रथ शब्द बनता है ।रम्यते ऽत्र, अनेन इत्यादि विग्रह है । यान बोलते तो जाना ही जाना

पुनर्वसु :- इसलिये कि धर्मविप्लव होने लगा है । वर्णाश्रमियोंका धर्म नष्ट हो रहा है । यज्ञयागादि लुप्त होते जा रहे हैं । यज्ञादि कर्म परम श्रेयस्कर हैं।

" अग्नौ प्रास्ताहुतिः सम्यगादित्यमुपतिष्ठते ।
आदित्याज्जायते वृष्टिस्ततो ह्यन्नं ततः प्रजाः ।। "

अग्निमें डाली गयी आहुति सूक्ष्मरूपसे आदित्य किरणोंमें मिल जाती है । आदित्यकिरणोंसे ही पर्जन्य मेघ होता है । उससे वृष्टि होती है और प्रजोत्पत्ति होती है । यज्ञसे जो मेघ होता है, वृष्टि होती है, उससे उत्पन्न अन्नमें जीवनशक्ति विशेषरूपसे होती है । कृत्रिम खादसे अन्न भले अधिक हो, पर जीवनशक्ति कम रहती है । पहलेके समयमें सर्वत्र नियमित वेदघोष होता था जो आकाश शक्तिको बढाता था । होमादिसे अग्निशक्तिकी वृध्दि होती थी । साथ ही जल शक्तिकी भी । रुद्राभिषेकादि भी जलशक्तिवर्धक हैं । इसलिये यह वचन प्रसिध्द है-

" न तीर्थपादोदककर्दमानि न वेदशास्त्रध्वनिगर्जितानि ।
स्वाहास्वधाकारविवर्जितानि श्मशानतुल्यानि गृहाणि तानि ।। "

गुरु ब्राह्मणादि तीर्थरूप हैं । उनके चरणोदकसे गृह पवित्र होता है । वेदशास्त्रध्वनिसे अन्तरिक्ष पवित्र होता है । स्वाहा स्वधाकार रूपी होमादिसे अग्निकी पवित्रता और उसीके धूमसे वायुकी, वातावरणकी पवित्रता होती है । इनके अभावमें तो श्मशानतुल्य ही घर समझो । लोग ब्रह्मचारी बनकर ब्रह्मचर्यपालनके साथ वेदाध्ययनादि सम्यक् नहीं करते । गृहस्थ सत्य अहिंसादि के साथ पञ्चयज्ञादि सम्पादन नहीं करते । वानप्रस्थ होकर तपस्या नहीं करते । सन्यासी होकर संगपरित्यागके साथ ब्रह्मचिन्तनमें संलग्न नहीं रहते । इस प्रकार वर्णाश्रमधर्मविप्लव होनेसे भूतप्रकोप होता है ।

अग्निवेश :- यह धर्मविप्लव क्यों होने लगा ? लोग क्यों धर्मच्युत होते हैं ?

पुनर्वसु :- लोगोंमें भोगासक्ति बढ गयी । उनका हृदय रागद्वेषकलुषित होने लगा । स्वर्ग- नरक -इह-परलोक-ईश्वर - गुरु आदिमें उनका विश्वास नहीं रहा । भोगासक्तिके ही कारण इन्द्रियसंयमका अभाव होने लगा । सन्ध्या अग्निहोत्रादि कर्मसे लोग विमुख होने लगे ।

" अनेकचित्तविभ्रान्ता मोहजालसमावृताः ।
प्रसक्ताः कामभोगेषु पतन्ति नरकेऽशुचौ ।। "

अनेक प्रकारके चित्तभ्रम होने लगे । लोग मोहजालमें फंसने लगे । ऐसे लोग कामभोगमें

आसक्त एवं प्रसक्त होंकर अशुचि नरकमें पडते है । मरणोत्तर जो नरक है सो है ही, इहलोक में भी नरक दर्शन होने लगता है । जवानीमें प्रवेश होनेसे पूर्वही बुढापा आ गया । जमाना था, जब ऋषि लिखते थे-

"अष्टाचत्वारिंशद्वर्षाणि सर्ववेदब्रह्मचर्यम् "

अडतालीस वर्षतक चारों वेदोंके अध्ययनके लिये ब्रह्मचर्यपालन करते थे । अब तो बारह पन्द्रह वर्षमें ही बालक कामभोगासक्त होने लगते हैं । अडतालीसतक तो बुढे ही हो जाते हैं ।

अग्निवेश :- भोगासक्ति बढनेमें क्या कारण है ?

पुनर्वसु :- विचारहीनतासे होनेवाला चित्तका चाञ्चल्य। इन्द्रियां वैसे ही स्वयं चञ्चल हैं । " पराञ्चि खानि व्यतृणत् स्वयंभूः " इस प्रकार उपनिषत् मन्त्र ही कहता है। विचारशक्ति ही उन्हें संयममें ला सकती है । एक सामान्यज्ञान होता है । दूसरा वैचारिक ज्ञान होता है । प्रत्यक्षादिसे सामान्यज्ञान होता है । विचारसे कालान्तरीय परिणामज्ञान होता है । एक युवा पुरुषने एक युवती को देखा । उसके मनमें कामका उदय हुआ । वह देखने लगा कि कामोपभागसे मुझे सुख मिलेगा- यह सामान्यज्ञान हुआ । एक मनुष्यने दूसरे के जेब में धन देखा । उसके मनमें लोभका उदय हुआ । वह देखने लगा कि इसे चुपकेसे लें तो मेरा बहुत काम बन जायेगा । यह सामान्य ज्ञान हुआ । एक आदमीने अपने विरोधीको देखा । उसे क्रोधोदय हो गया । उसने देखा इसे मार डालो तो कांटा निकल जायेगा । यह सामान्य ज्ञान है । केवल देखनेसे जो ज्ञान होता है, वह सामान्य ज्ञानसे आगे नहीं बढता । प्रथम देखनेपर जो ज्ञान होता है वही पशुमें रहता है । ' पश्यति केवलमिति पशुः ' पशु कामभोगमें तुरत प्रवृत्त होगा । क्रोधमें दूसरे पशुको तुरत सींग मारेगा । लोभमें दूसरेसे छीनकर खायेगा ।विशेष ज्ञान मनुष्यमें होता है । यह विचारसे होता है । मनुष्य भी कामी, लोभी, क्रोधी है । परन्तु विचारसे वह निवृत्त होगा । परदारगमनसे पराघात हो सकता है । स्वशक्तिनाश हो सकता है ।स्वधर्म एवं नीतिका नाश होता है । परधनके छीननेसे मार पड सकती है, जेल हो सकता है । अन्ततः ईश्वरीय सजासे कोई छूट नहीं सकता । क्रोधसे परघात करता है उसकी भी भविष्यमें वैसी ही गती होगी जो कामी और क्रोधीकी होती है । अतः ऐसा कार्य न करना चाहिये यह विचारजन्य विशेष ज्ञान है । इस विचारके अभावसे भोगासक्ति आदि होती है । मनुष्य पशुतुल्य होता है ।

" अल्पस्य हेतोर्वहु हातुमिच्छन्
विचारमूढः प्रतिभासि मे त्वम् "

ऐसी उक्ति प्रसिध्द है । वर्तमान अल्पसुख है । परिणाममें बहुत कुछ खोना पड जायेगा । उस अल्पसुखके लिये भारी नुकसान करनेवाला ही विचारमूढ है ।

अग्निवेश :- क्या कारण है कि लोग विचारहीन होते हैं ?

पुनर्वसु :- विवेकशून्यता ही विचारहीन होनेमें हेतु है । अच्छा क्या - बुरा क्या ? स्थायी क्या - क्षणिक क्या ? सगुण क्या - सदोष क्या ? यह विवेक हो तव आगे विचार चल सकता है । वेदशास्त्राध्ययनके विना, सत्संगके विना विवेक नहीं हो सकता।

" सत्सङ्गेन विना नैव विवेको जायते नृणाम् "
(विनु सत्सङ्ग विवेक न होई)

विना सतसंग, विना शास्त्राध्ययन विवेक नहीं हो सकता ।

अग्निवेश :- अविवेकसे लेकर विनाशपर्यन्त जो अनर्थ परंपरा है सबका मूल निदान क्या है यह मैं जानना चाहूंगा (क्योंकि यह कारणपरम्परा और लम्बी हो सकती है ।)

पुनर्वसु :- प्रज्ञापराध ही मूल है ।

यहींसे पुनर्वसु अपना सूत्र प्रारंभ करते हैं।

" प्रज्ञापराधो मूलं सर्वरोगाणाम् "

प्रज्ञाका अपराध ही समस्त रोगोंका मूल है । चाहे वह बाह्य रोग हो चाहे आन्तरिक रोग हो । चाहे वह शरीर रोग हो, चाहे भवरोग हो । प्रज्ञाके अपराधसे शास्त्र एवं संत पुरुषोंकी अवहेलना होती है । फलतः वहअविवेकी पशुतुल्य रहता है । प्रत्यक्षमात्र प्रमाणपर रहता है । उसमें गुणदोष विचार नहीं होगा । और उससे अविश्वास एवं भोगादि आसक्ति होगी । उससे पुण्यपापका अनुसंधानाभाव होगा । उससे धर्मत्याग और भूतप्रकोप होगा । परिणामतः शारीररोग और भवरोग स्थायी होकर " पतन्ति नरकेऽशुचौ " वर्तमानमें और मरणोत्तर भी नरकपात होगा।

" छिन्ने मूले नैव शाखा न पत्रम् "

विवेक ही न रहा तो आगे विचारादि क्यों हो ? उसमें रोगाणुका प्रवेश होता है । आत्मनिष्ठाका अभाव होता है । प्रज्ञा ही धी है । बुध्दि है । प्रज्ञापराधको दूर करनेके लिये ही गायत्री मन्त्र है । " धियो यो नः प्रचोदयात् " गायत्री मन्त्रसे प्रज्ञापराध दूर होगा ।

यह आधिभौतिक तरीकेसे विचार हुआ । अब आधिदैविक तरीकेसे भी विचार किया जाये । बुध्दिको प्रेरित करके गायत्री विश्वहित सम्पन्न कैसे करती है ? गायत्री जपसे बुध्दिको प्रेरणा मिलती है, और इसीके अर्थचिन्तनसे विवेक होने लगता है । फिर विचारादि क्रमसे वह विश्वहितकारिणी होती है । साधारणतया लोग जप करते हैं किन्तु अर्थानुसन्धान नहीं करते। और नियम विधियोंका पालन नहीं करते । इसलिये जप करते हुए भी सफल नहीं हो पाते । अतः आधिदैविक चिन्तन साथमें होना चाहिये ।

गायत्री मन्त्रका अधिष्ठाता देवता सूर्य है । सूर्यके लिये यह प्रसिध्द है कि-

" आरोग्यं भास्करादिच्छेत् "

आदित्यकी उपासनासे आरोग्यकी प्राप्ति होती है । तेजोमय सूर्यका चिन्तन करते हूए गायत्री मन्त्रकी जपात्मक उपासना करनेसे सर्वरोगनिवृत्ति होती है । गायत्री जप करनेवालोंमें क्या, जप करनेवाले जितने भी है , सबमें एक दोष आ जाता है । और वह यह है कि प्रथम कुछ दिन ध्यानपूर्वक भले कर लें किन्तु बादमें जप केवल यान्त्रिक हो जाता है । मुखसे मन्त्रावृत्ति होती रहती है , हाथसे यन्त्रवत् माला फिरती जाती है , मन अपना अलग काम करता रहता है । ऐसा जप यद्यपि सर्वथा निष्फल नहीं है, शब्द अपना काम अवश्य करेगा किन्तु जो वास्तविक फल होना चाहिये वह नहीं होता । विधिपूर्वक अनुष्ठान हो तभी वह पूर्ण सफल होता है । गायत्रीका जप करते हूये सूर्यका ध्यान करें तो वह सूर्य भी बुध्दिको प्रेरणा करेगा । सूर्य शब्दका अर्थ बृहदारण्यक उपनिषदमें भाष्यकारने किया है-

" सुष्ठु ईरणाद् रसान् रश्मीन् प्राणान् धियो वा-----"

रसोंको, रश्मियोंको , प्राणोंको और बुध्दिको सम्यक् ईरण प्रेरण करता है अतः सूर्य नाम हुआ । सूर्यतापिनीमें भी

" प्रज्ञाकामः भास्करं भगवन्तमुपासीत "

बताया है । अतः सूर्योपासनासे प्रज्ञाप्राप्ति भी होती है । उससे भवरोगनिवृत्ति भी संभावित है । सविता का अर्थ भर्ग के साथ एकीभूत होकर हर भी होता है अर्थात् परब्रह्म परमात्मा भी अर्थ है । उस परमात्मा का ध्यान करते हुये गायत्रीका जप किया जाये तो सर्वसंसारहरण समस्तानर्थ निवृत्ति भी होगी । इस प्रकार गायत्री सर्वथा विश्वोपकरिणी है । सामान्यजनको प्रज्ञापराधनिवृत्तिके द्वारा सकलरोगनिवृत्ति होनेसे स्वस्थ जीवन प्राप्त होगा । उपासकोंके लिये सूर्य भगवानकी प्रसन्नताके द्वारा सर्वरोगनिवृत्ति तथा प्रज्ञाप्राप्ति दोनों ही होंगी । और ज्ञानियोंको अज्ञानहरणके द्वारा सर्वानर्थनिवृत्तिरूप मोक्षका लाभ होगा । प्रथम प्रज्ञापराधनिवृत्तिके द्वारा

होगा द्वितीय सूर्यदेवताप्रसादके द्वारा और तृतीय तत्वबोधकी प्राप्तिके द्वारा ।

(४)

" प्रज्ञापराधहरणीं चित्तनैर्मल्यकारिणीम् ।
धर्मार्थकामफलदां गायत्रीं मोक्षदां भजे ।।
प्रचोद्य सारथिं बुध्दिं या संसारान्निवर्तयेत् ।
नयेच्च नॄः पदं विष्णोर्गायत्रीं तामुपास्महे ।। "

यहां तक हमने यह देखा कि " प्रज्ञापराधो हि मूलं सर्वरोगाणाम् । " चाहे देह रोग हो, चाहे भवरोग । सबका मूल प्रज्ञापराध है । उस अपराधसे छुटकारा पानेके लिये और मोक्षादि प्राप्त करनेके लिये गायत्री मन्त्र उपाय है । गायत्रीमन्त्र प्रज्ञापराधहरणपूर्वक परम गति प्रदान कैसे करता है ? उसके लिये अन्य किस साधन की सहकारिता आवश्यक है ? इत्यादि प्रश्न पुनः अवशिष्ट हैं । प्रज्ञापराधका हरण एक तो स्वयं शक्तियुक्त पवित्र होनेसे होता है।

" गायत्री वेदजननी गायत्री पापनाशिनी
गायत्र्यास्तु परं नास्ति दिवि चेह च पावनम् ।। "

इत्यादिरीति योगी याज्ञवल्क्यने तथा कूर्मपुराणादिमें बताया है । पापनाशादिसे चित्त निर्मल होता है , ज्ञानोदय होता है ।

कठोपनिषदमें इस मानव शरीरका रथरूपकसे वर्णन कर बुध्दिको सारथिके रूपमें बताया है -

" आत्मानं रथिनं विध्दि शरीरं रथमेव तु ।
बुध्दिं तु सारथिं विध्दि मनः प्रग्रहमेव च ।। " इत्यादि ।

यह आत्मा रथी है, शरीर रथ है, बुध्दि सारथि है , मन लगाम है, इन्द्रियां घोडे हैं इत्यादि । इस रथसे गन्तव्य स्थान कौनसा है इसका भी निरूपण किया ।

" विज्ञानसारथिर्यस्तु मनःप्रग्रहवान्नरः।
सोऽध्वनः पारमाप्नोति तद्विष्णोः परमं पदम् ।। "

विज्ञान अर्थात् सद् बुध्दिको सारथि एवं संयत मनको लगाम बनाकर जो इस शरीररथसे आगे बढता है वह मार्गको पूरा कर गन्तव्य स्थान परमात्मपदको प्राप्त होता है ।
यह मानव शरीर केवल एक यान नहीं है । यह रथ है । रम धातुसे क्थन् प्रत्यय जोडकर रथ शब्द बनता है ।रम्यते ऽत्र, अनेन इत्यादि विग्रह है । यान बोलते तो जाना ही जाना

अर्थ निकलता । भाषामें 'या' को 'जा' कर दिया । संसरण मात्र अर्थ आता । संसरण ही संसार है। चलना ही चलना वहां रहता है । रथ कहनेसे गन्तव्य स्थान पहुंचानेवाला ऐसा सामान्य अर्थ है ही, रमण साधन यह भी अर्थ निकलता है । रम धातुसे ही राम शब्द भी होता है । 'रमन्ते योगिनोऽस्मिन्निति रामः ।' योगी जिसमें रमण करते हैं वह राम है। अभेदरूपसे रहकर योगी आनन्दित होते हैं । उसी आनन्दका साधन रथ है । वह आनन्द मोक्षरूपी आनन्द है । स्वरूपानन्द है ।उसका साधन यह मानवशरीररूप रथ है । यह आत्मा रथी है,रथस्वामी है । यह इस रथके द्वारा गन्तव्यस्थान पहुंचकर आनन्द पा सकता है । गन्तव्य स्थान रसरूप है । " रसँ-ह्येवायं लब्ध्वाऽऽनन्दीभवति " रस पाकर ही यह आनन्दित होता है। गन्तव्य स्थान पहुंचनेके लिये घोडेके रूपमें इन्द्रियां हैं।

"इन्द्रियाणि हयानाहुः "

इन्द्रियोंको घोडा बताया है । क्या इन्द्रियोंसे अतीन्द्रिय रसतक पहुंचना संभव है ? नहीं । तो फिर ? रथ भी तो गन्तव्य स्थान तक नहीं पहुंचता । प्रासादमें विश्राम कक्षातक पहुंचना है । क्या वहां रथ जाता है? रथसे उतरकर ही प्रासादमें प्रविष्ट होते हैं । शयनकक्षमें पहुंचते हैं । वैसे इस शरीरको भी त्यागनेपर ही विदेहकैवल्य प्राप्त होता है। हां, महलतक पहुंच सकते हैं । वहांके दिव्यसुगन्ध, दिव्यरूपादिका रथमें बैठे बैठे भी अनुभव कर सकते हैं । जीवन्मुक्तिसुख तो इस शरीरमें रहते रहते भी मिल सकता है । वहांतक इन्द्रियां भी पहुंच सकती हैं ।

"कश्चिध्दीरः प्रत्यगात्मानमैक्षदावृत्तचक्षुः "

ऐसा बताया है । धीर पुरुष इन्द्रियोंको विषयोंसे परावृत कर आत्माकी ओर लगाते हैं । अतः घोडोंकी कोई समस्या नहीं है । समस्या है सारथिकी । सारथिको प्रशिक्षित होना आवश्यक है । सारथिको प्रेरित करना भी आवश्यक है ।

सारथिको सबसे पहले यह जानना आवश्यक है कि जिसका वह सारथि है वह रथ है, घर नहीं, रथी भी नहीं । कोई ड्रायवर यह समझे कि यह गाडी घर है, रहनेका स्थान है तो गलत होगा । कोई टेक्सीमैन अपनी प्राईवेट टेक्सीको घर समझकर उसीमें खाना पीना सोना शुरू नहीं करता । उसीमें रसोई बनाना शुरू नहीं करता । वह गमनार्थ खरीदा है । कोई-कोई टेक्सीवाले बम्बई जैसे शहरोंमें टेक्सीमें ही सोते और विश्राम करते भी हैं । किन्तु उनको भी यह मालूम है कि यह घर नहीं है । यातायातका साधन है।सेठ तो उसे साधनमात्र समझता है । परंतु शरीररूपी रथमें कुछ और ही बात होने लगी । इसको

तो सारथि और रथीने अपना ही घर समझ लिया । गन्तव्य स्थान तक या घरतक पहुंचनेके बाद इसे छोडना है । घर दूसरा ही है । वहां इससे उतरकर जाना है इस बातको भूल गये । शरीररूपी रथमें कुछ विशेषता है । टैक्सी चालू करो और चलाओ तो ही चलती है । इस शरीररथको चालू करनेकी जरूरत नहीं है । इसके इंजनके स्थानमें इन्द्रियरूपी घोडे हैं । वे स्वयं चेतनसे होनेसे चलते रहते हैं । इन्द्रियां अचेतन होनेपर भी चेतन जैसी हो गयी हैं । " अचेतनं चेतनावदिव लिङ्गम् । " यह स्वयं चलती हैं । "विषयांस्तेषु गोचरान् । " ये विषयोंकी ओर चलती रहती हैं । सारथि यदि सो गया तो ये घोडे रथको खड्डेमें अवश्य ले जाकर गिरायेंगे । इस सारथिको तो सदा सचेत रहना होगा । साथ साथ प्रशिक्षित भी । उसे रथको कैसे ले जाना, कहां ले जाना इन दोनोंका ज्ञान होना चाहिये । घोडोंको कैसे आगे बढाना है ? कहां मोडना है ? कहां रोकना और कैसे रोकना है इसका भी ज्ञान होना चाहिये । और वह सब करनेका अभ्यास भी होना चाहिये । यद्यपि घोडोंको भी प्रशिक्षित करना आवश्यक है । किन्तु यह काम स्वयं बुध्दिरूपी सारथि कर लेगा । और प्रेरणा भी बुध्दि कर सकती है ।

" यस्त्वविज्ञानवान् भवत्यमनस्कः सदाऽशुचिः ।
न स तत्पदमाप्नोति संसारं चाधिगच्छति ।। "

जो रथी सारथिरहित होगा, या जो सारथि विशिष्टज्ञानरहित होगा, प्रशिक्षित नहीं होगा प्रेरित नहीं होगा वह अमनस्क ही होगा । हाथमें लगाम रखेगा नहीं । लगाम छोडकर बैठा रहेगा । और वह हमेशा अशुचि होगा । क्योंकि इन्द्रियां भटकनेवाली होंगी । वे ही तो विषयाहरणसे अशुचि होती हैं । वह उस परमपदको तो क्या प्राप्त होगा ? असत् की ओर उसकी गती होगी । वह संसारकान्तारमें जा फंसेगा ।

" यस्तु विज्ञानवान् भवति समनस्कः सदा शुचिः ।
सोऽध्वनः पारमाप्नोति यस्माद् भूयो न जायते ।। "

इसके विपरीत जो रथी सारथि सहित होगा या जो सारथि विशिष्टज्ञानवाला प्रशिक्षित होगा, प्रेरित होगा उसके हाथमें लगाम रहेगा । उसकी इन्द्रियां परमार्थकी ओर प्रत्यावर्तित होनेसे शुचि होंगी । वह गन्तव्य अध्वाका पार पायेगा जहां अपना घर है, जहांसे फिर भटकना नहीं होगा ।

इन सब विवरणोंका सारांश है बुध्दि सारथिको बराबर बनाये रखो । उसके लिये अत्यधिक सावधान रहना चाहिये । एक कारका ड्राईवर मुझे बोलने लगा कि गाडीमें बैठकर

सेठ लोग क्या बोलते हैं यह हमें प्रायः पता नहीं रहता । क्योंकि हमारी सभी इन्द्रियां काम करती रहती है । आंखोंसे आमने-सामने, अगल बगल सर्वत्र निगाह रखनी पडती है । नहीं तो एक्सिडण्ट होनेमें देर नहीं लगती । कानसे दूसरी मोटरोंके हार्न आदिपर ध्यान रखना पडता है । कोई दरवाजा बराबर बंद न हो तो आवाजसे हम जान लेते हैं । गाडी गरम हो रही है, इंजन कैसा है यह त्वगिन्दियसे पता करना पडता है । कुछ अंदर जलने लगा तो सूंघकर मालूम कर लेते हैं । हाथसे हैंडल सम्हालो । पांवसे ब्रेक आदि सम्हालो । दूसरोंको संबोधित करनेके लिये वाणीका भी उपयोग करना पडता है । प्रायः समस्त इन्द्रियोंको ठीक तरहसे उपयोग करना पडंता है । अत्यंत सावधानी रखनी पडती है । बुध्दिसारथिकी भी ऐसी ही बात है । प्रत्येक इन्द्रियोंकी गतिका उसे पता होना चाहिये । उनसे भी काम लेना है ।

इस बुध्दि सारथिको प्रशिक्षण तथा प्रेरणा कहांसे, कैसे प्राप्त हो यह विचारविषय है । क्योंकि उसके बिना मूल्यवान मानव जीवन व्यर्थ होगा । पशुतुल्य होगा । इसके उत्तरमें कहा जा रहा है कि इसको प्रेरणा देनेवाली गायत्री है । इसको प्रेरणा स्वयं रथी नहीं दे सकता । वह तो बैठा है । जहां ले जाओ वहां जाता है । और अन्यत्र जाना चाहेगा तो भी उसके हाथमें कोई सत्ता नहीं है । राष्ट्रपतिके कार्यक्रम तो सचिवोंके हाथमें होते हैं । उसके अनुसार ही राष्ट्रपति चलेगा । यद्यपि प्रशिक्षण सत्संगसे, शास्त्राध्ययन आदिसे हो सकता है । परंतु वह प्रायः शिक्षणमात्र होता है , प्रशिक्षण नहीं । नलपाक पुस्तकका अध्ययन या अनुभवियोंकी पाक वार्ताका सम्यक् श्रवण शिक्षण हो सकता है । प्रशिक्षण नहीं । प्रशिक्षण वह है जो कार्यान्वयनमें समर्थ हो । नलपाक पढकर् कोई रसोई नहीं बना सकता । इसी प्रकार सत्संगादिसे शिक्षण मिलेगा । किन्तु कार्यान्वयन सामर्थ्य तो आन्तरिक शक्तिके उद्भवसे ही संभव है । आन्तरिक शक्तिके उद्भवका साधन गायत्री है । शक्ति यद्यपि हमारे अंदर ही है , और उद्भावयिता परमेश्वर है किन्तु उसका उद्भव अर्थात प्राकट्य गायत्रीसे होता है । इस बातको योगि याज्ञवल्क्यने सदृष्टान्त बताया है ।

" गवां सर्पिः शरीरस्थं न करोत्यङ्गपोषणम् ।
निःसृतं कर्मसंयुक्तं पुनस्तासां तदौषधम् ।।
एवं स हि शरीरस्थः सर्पिर्वत्परमेश्वरः ।
विना चोपासनादेव न करोति हितं नृषु ।। "

एक किसानके पास बडी दुधारु गाय थी । बीस किलो दूध देती थी । वह बिमार हो गयी

। अंग सूखने लगे तो किसान वैद्यके पास गया । वैद्यने कहा- घीमें गुडूची (गिलोय) मिलाकर गायको दो । किसान घरमें गया और उसे गुरुचके पत्ते, लता आदि खूब खिलाया । लेकिन गाय ठीक नहीं हुई । वह वैद्यके पास शिकायत लेकर आया । बोला कि आपकी दवाके बावजूद भी गाय मरने जा रही है। वैद्यने कहा क्या दवा तुमने खिलायी ? बोला घी और गुडूची । वैद्यने पूछा दोनोंको किस प्रकार किस मात्रामें मिलाया ? किसानने कहा मिलानेकी क्या जरूरत थी ? गौ के अंदर दूध और उसमें घी है ही । अपने आप दोनों मिल जायेंगी । मात्राका हिसाब हो ही नहीं सकता । क्योंकि उसके पेटमें जितना घी है सब मिलनेवाला ही है । वैद्यने कहा तब गुडूचीका तत्व भी गायके शरीरमें मिलेगा । अरे भोंदू, दवा ऐसी नहीं होती । इसी प्रकार परमेश्वर हृदयमें है । वही बुध्दिका प्रचोदयिता है । 'धियो यो ' यहां यो का अर्थ परमेश्वर ही है । किन्तु गायत्रीसे प्रसन्न हुए विना प्रगट हुए विना वह बुध्दिकी शक्तिको प्रादुर्भूत नहीं करता । गायत्रीसे प्रसादित परमेश्वर ही प्रचोदयिता है , शक्तिदाता है ।

दूसरा प्रश्न यह था कि गायत्रीकी उपासना करनेवालोंमें भी वह चमत्कारिक शक्ति दिखायी नहीं पडती । उसका कारण क्या है । क्या उसके लिये अन्य सहकारीकी आवश्यकता है ? इसका उत्तर सकारात्मक है । मन्त्रजपमात्र शक्तिकारक होनेपर भी सहकारीके होनेपर ही वह पूर्णरूपसे विकसित होता है । एक गायत्रीकी उपासना है । दूसरा अर्थज्ञान है । गायत्रीसे सूर्यकी उपासना, अन्य देवोंकी उपासना एवं परमात्माकी उपासना होती है। इसका निरूपण आगे होगा ही । किन्तु स्वयं गायत्रीकी भी उपासना होती है । उसको समझनेपर गायत्रीका महत्वज्ञान होनेसे उसका प्रभाव बढ जाता है । मनु महाराज कहते हैं -

" त्रिभ्य एव तु वेदेभ्यः पादं पादमदूदुहत् ।
तदित्यृचोऽस्याः सावित्र्याः परमेष्ठी प्रजापतिः ।। "

ऋग्वेद, यजुर्वेद एवं सामवेदसे गायत्रीके तीन पादोंका दोहन परमेष्ठी प्रजापतिने किया । जैसे गायसे दूध दुहा जाता है, वही गायका सार है वैसे श्रुतिरूपी गायोंसे गायत्रीक्षीरका दोहन किया । (तदित्यृचः =तत्सवितुर्वरेण्यं इत्यादि ऋचाका) मतलब यह वेदोंका सार है । अतएव पुनः कहा -

" एतदक्षरमेतां च जपन् व्याहृतिपूर्विकाम् ।
सन्ध्ययोर्वेदविद्विप्रो वेदपुण्येन युज्यते ।। "

इस ॐ कार अक्षरको और व्याहृतिसहित गायत्रीको प्रातःकाल और सायंकाल सन्ध्या समयमें

जप करने मात्रसे तीन वेदोंके अध्ययनका पुण्य प्राप्त होता है । इस प्रकार समझकर उत्कर्षदृष्टि प्रथम गायत्री वर्णोंमें करनी चाहिये । और पूर्वोक्तरीत्या गायत्रीके स्वरूप की महिमाका चिन्तन करना चाहिये । कूर्मपुराणमें एवं काशीखण्डादिमें बताया है ।

" गायत्री वेदजननी गायत्री लोकपावनी ।
न गायत्र्याः परं जप्यमेतद्विज्ञानमुच्यते ।। "

गायत्री वेदोंकी जननी है । गायत्री समस्त लोकको पावन करती है । गायत्रीसे बढकर अन्य कोई जपयोग्य मन्त्र नहीं है । यह ब्रह्मसाक्षात्कारका साधन है । इसी प्रकार योगि याज्ञवल्क्यादिका भी वचन पहले दिखाया जा चुका है ।

एक कथा इस प्रकार प्रसिध्द है कि एक ब्राह्मण गङ्गाकिनारे बैठकर दीर्घ समयसे गायत्री जप कर रहा था । दूसरा एक श्माशानिक भी वहां कुछ दिनसे बैठने लगा । एक दिन जपके समय ब्राह्मणके कंधेपर रखा गमछा नीचे गिरा । ब्राह्मण बुर्जपर था । नीचे उतरनेपर ही कपडा ले सकता था । द्वितीय उत्तरीयके विना कर्म नहीं करना चाहिये । तब उसे उठाने वह आसनसे उठने लगा । श्माशानिकने कहा कि आपकी गायत्रीमें इतनी भी शक्ति नहीं है कि आप उसे उपर मन्त्र- शक्तिसे उठालें ? ब्राह्मणने कहा - मेरे पास वैसी शक्ति नहीं है । शूद्रने कहा -तब मेरा भूतमन्त्र गायत्रीसे श्रेष्ठ है । देखो मैं मन्त्रशक्तिसे उसे ऊपर उठाता हूं । उसने भूतावाहन किया । उसने गमछेको तुरत ऊपर उठाकर रख दिया । ब्राह्मणको इतना आश्चर्य हुआ कि सारी जिंदगी गायत्री जपकर बितायी , मुझे कुछ नहीं मिला । इस शूद्रका भूतमन्त्र ही इससे अच्छा है । ब्राह्मणने शूद्रसे भूतमन्त्र मांगा । शूद्रने भूतमन्त्र दिया और कहा - अडतालीस दिन श्मशानमें बैठकर इसका जप करो । तुम्हें भूतदर्शन देगा और वह वशमें आयेगा । ब्राह्मण रातको बारह बजे श्मशानमें जाकर जप करने लगा । अडतालीसवें दिन आवाज आयी - हे विप्र ! बताओ तुम्हें क्या चाहिये ? तुम कौन हो ? ब्राह्मणने पूछा । मैं तुम्हारा उपास्य भूत हूं, भूतने कहा ।ब्राह्मण -मेरे सामने तो आओ, दर्शन कर लूं । भूत-मैं तुम्हारे सामने नहीं आ सकता हूं । क्यों ? तुम्हारे गायत्री मन्त्रका इतना उग्र तेज है कि मैं सामने आते ही भस्म हो जाऊंगा । ब्राह्मणने कहा - तब तुम जाओ मेरी गायत्री ही ठीक है । ब्राह्मणने आकर गंगास्नान कर प्रायश्चित किया और पुनः गायत्री जपने लग गया । तात्पर्यार्थ यही है कि गायत्रीकी महिमा अपार है । उसे समझो तो गायत्रीपर अटल श्रध्दा होगी और वह फलदायिनी होगी ।

गायत्रीके प्रत्येक अक्षरकी महिमा है और वह भी अपार है । प्रत्येक अक्षरके देवता

हैं, देवियां हैं । अर्थ भी है । ऋषि हैं और छन्द आदि भी हैं । यद्यपि सम्प्रदाय भेदसे अनेक प्रकारसे ऋषि छन्द आदि हैं । तथापि उपनिषत् के अनुसार यहां दिग्दर्शन मात्र कराते हैं । एक एक अक्षरके ऋष्यादि देखें :-

" वसिष्ठश्च भरद्वाजो गार्ग्यश्चाप्युपमन्युवत् ।
भृगुः-शाण्डिल्य-लुहित-विष्णु-शातातपा अपि ॥
सनत्कुमारो व्यासश्च शुकः किं च पराशरः ।
पुण्डूक-क्रतु-दक्षाश्च कश्यपोऽत्रिरगस्त्यवत् ॥
उद्दालकोऽङ्गिरा नाभिकेतुर्मुद्गल एव च ।
ऋषयोऽङ्गिरसश्चैव विश्वामित्रस्तथैवच ॥ "

तत् का वसिष्ट ऋषि । स का भरद्वाज । वि का गार्ग्य या गर्ग इत्यादि दृष्टव्य है ।

" त्रिरावृत्या हि गायत्री त्रिष्टुप् च जगती तथा ।
छन्दांस्यनुष्टुप् पङ्क्तिश्च बृहत्युष्णिक् तथाऽदितिः ॥

तत् का गायत्री छन्द, स का त्रिष्टुप छन्द, वि का जगती , तुर् का अनुष्टुप, व का पङ्क्ति, रे का बृहती, णि का उष्णिक्, यं का अदिति । फिर उन्हींकी द्वितीय तृतीय आवृत्ति ।

इसी प्रकार चौबीस अक्षरोंके चौबीस देवताः-

" अग्निः प्रजापतिः सोम ईशानोऽर्को गृहेश्वरः ।
मित्रो भगोऽर्यमा चैव सविता त्वष्ट्ट पूषणौ ॥
इन्द्राग्निर्वायुरेवापि वामदेवस्तथैव च ।
मित्रावरुण भ्रातृव्य विष्णवो वामनस्तथा ॥
विश्वदेवश्च रुद्रश्च कुबेरश्चाश्विनावपि ।
ब्रह्मा चेत्यक्षराणां स्युश्चतुर्विं शति देवताः ॥

पूर्ववत तत् का अग्निदेवता, स का प्रजापति देवता इत्यादि । चौबीस अक्षरोंकी चौबीस देवियां भी हैं । वे हैं - प्रह्लादिनि, प्रज्ञा, विश्वभद्रा इत्यादि :-

प्रह्लादिनी तथा प्रज्ञा विश्वभद्रा विलासिनी ।
प्रभा शान्ता च मा कान्तिः स्पर्शा दुर्गा सरस्वती ॥
विरूपा च विशालाक्षी शालिनी व्यापिनी तथा ।
विमला च तमोहारी स्यात् सूक्ष्मावयवापि च ॥
पद्मालया च विरजा विश्वरूपा तथैव च ।

भद्रा शिवा चतुर्विंशा देवी स्यात् सर्वतोमुखी ।।

उपनिषदोंमें पुष्पसादृश्यादि भी बताया है । अधिकस्याधिकं फलं इस न्यायसें जितना हो सके उतना अधिकाधिक सम्पादन करनेका प्रयास करना चाहिये ।
गायत्रीके अर्थके बारेमें आगे बताया ही जायेगा । परंतु आगे विवरण प्रसिध्द पदार्थों को लेकर होगा । गायत्रीके प्रत्येक अक्षरोंका भी अर्थ विष्णुधर्मोत्तरादि पुराणोंमें बताया है । चौबीस अक्षरोंके चौबीस तत्व ही अर्थ वहां कहा गया है ।

" कर्मेन्द्रियाणि पञ्चैव पञ्च बुध्दीन्द्रियाणि च ।
पञ्च बुध्दीन्द्रियार्थश्चभूतानां चैव पञ्चकम् ।।
मनो बुध्दिस्तथैवात्मा अव्यक्तं च यदुत्तमम् ।
चतुर्विं शतिरेतानि गायत्र्या अक्षराणि च ।। "

पांच कर्मेन्द्रिय, पांच ज्ञानेन्द्रिय, पांच विषय शब्दस्पर्शादि, पांच भूत पृथिवीजलादि और चार हैं मन, बुध्दि, महत्तत्व और अव्यक्त । किन्तु पचीसवां मुख्यतत्व आत्मा परमात्मा कैसे छूट गया ? छूटा नहीं । पूरी गायत्रीका परब्रह्म अर्थ है । व्यासवचन है -

" न भिन्नां प्रतिपद्येत गायत्रीं ब्रह्मणा सह ।
सोऽहमस्मीत्युपासीत विधिना येन केनचित् ।। "

गायत्रीको ब्रह्मसे भिन्न मत समझो । वही मैं हूं ऐसी उपासना करो । क्यों गायत्री और ब्रह्ममें भेद नहीं ? गायत्री वाचक है, सविता वाच्य है । सविता ब्रह्म है ।

" वाच्यवाचकसम्बन्धो गायत्र्याः सवितुर्द्वयोः ।
वाच्योऽसौ सविता साक्षाद् गायत्री वाचिका परा ।। "

ऐसा काशीखण्ड एवं विष्णुधर्मोत्तरमें बताया है । और वाच्यवाचककी एकता याज्ञवल्क्यने बताची । तथा ब्रह्म, विष्णु, महेश्वरादि भी संगृहीत हैं ।

" गायत्र्येव परो विष्णुर्गायत्र्येव परः शिवः ।
गायत्र्येव परो ब्रह्मा गायत्र्येव त्रयी यतः ।। "

ऐसा काशीखण्डमें बताया है । इसीलिये छान्दोग्यमें बताया -

" गायत्री वा इदं सर्वं भूतं यदिदं किं च । "

बृहदारण्यकमें प्रकारान्तरसे कुछ बातें बतायी हैं । गायत्रीका प्रथम पाद अष्टाक्षर भूमि अन्तरिक्ष और द्यौ (स्वर्ग) है । ऋक्, यजु, साम ये द्वितीय पाद है । प्राण, अपान, व्यान

ये तृतीय पाद हैं । इत्यादि । इन सबका तात्पर्य है कि गायत्रीकी, गायत्रीके प्रत्येक पादकी और गायत्रीके प्रत्येक अक्षरकी अलग -अलग महिमा होनेसे बडे ध्यानसे अक्षर, मात्रा , स्वर आदिका उच्चारण करते हुये जप करना चाहिये । और अक्षर पदादिकी उपासना भी करनी चाहिये, जिससे गायत्रीजप शक्तिशाली हो । जप उपासना आदिके लिये मन्त्रोंके ऋषि, छन्द और देवता का जानना परम आवश्यक है । इसलिये प्रत्येक अक्षरके ऋषि आदि हमने संक्षेपमें बताया । पूरी गायत्रीका हम पहले ही बता चुके हैं - विश्वामित्र ऋषि हैं, गायत्री छन्द है और सविता देवता है ।

(५)

" बुध्दिं मेधां मतिं प्रज्ञां संप्रज्ञां प्रतिभामपि ।
प्रचोदयन्ती गायत्री पातु नो वृजिनार्णवात् ।। "

परमात्माने मानवको विशेष उपहारके रूपमें बुध्दि दी । साथ ही इसके विकासका अवसर भी दिया । विकासके लिये जो अवसर दिया यही महत्वपूर्ण है । जन्मकालमें और उसके बाद भी काफी दिनोंतक मनुष्यबालकमें और अन्य प्राणियोंमें भी कोई खास अन्तर दिखायी नहीं पडता । अविवेक सबमें समान ही रहता है । किन्तु बादमें मनुष्यबालक प्रगति करता है । अन्य नहीं । हजारों वर्ष पहले गाय, घोडे, कुत्ते, गधे आदि जैसे थे वैसे ही आज भी हैं । न उन्होंने कपडा पहनना सीखा और न घर बनाना ही । चिडियां यदि घोंसला बनाती है हजार लाख बरस पहले जिस प्रकार बनाती रही वैसे ही आज भी रिवाज है । किन्तु मनुष्य इस विषयमें बहुत आगे बढे । वैज्ञानिक उन्नति बहुत कर गये और कर ही रहे हैं । अतएव यही कहा जाता है कि पशुओंमें बुध्दि नहीं होती । वैसे तो पशुओमें भी अन्तःकरण होता है । वे भी मालिकको पहचानते हैं । शत्रुमित्रको पहचानते हैं । देखते हैं, सुनते हैं ।किन्तु सामान्य बुध्दि ही उनमें होती है । विशेष बुध्दि नहीं । मनुष्यमें विशेष बुध्दि होती है , जिसे गायत्री विकसित करती है ।

बुध्दिके अनेक विभाग हैं । एक प्रगतिशील समझदारी है । इसीको बुध्दि कहते हैं । दूसरी मेधा है । ग्रहणपटुता जिसको कहते हैं। मेधावी छात्र है ऐसा कहते हैं । तीसरी मति है । मनन- शीलता जिसको कहते हैं । विशेष ज्ञान प्रज्ञा है । जिसके होनेपर विद्वान कहलाता है । यहांतक तो लौकिक है । संप्रज्ञा और पराप्रज्ञा अलौकिक है । संप्रज्ञा संप्रज्ञान समाधिमें उत्पन्न ऋतंभरा प्रज्ञाको कहते हैं । वह श्रुतानुमानान्यविषय है । " श्रुतानुमानाभ्यामन्यविषया विशेषार्थत्वात् " ऐसा पातञ्जल सूत्र है । अन्तिम पराप्रज्ञा है ।

जो अखण्डाकारवृत्तिरूप है । इन सबकी व्याख्या मन्त्र व्याख्यानके अवसरमें विशेषरूपसे की जायेगी । कुछ अन्य भेद भी आगे बतायेंगे । इन सबको लेकर धियः यह बहुवचन है । हमारी बुध्दियोंको प्रेरित करें ऐसा सुननेपर कितनी बुध्दियां मनुष्य की होती हैं यह प्रश्न उठता है । इन बुध्दियोंको प्रचोदित करनेकी यह प्रार्थना है । उसीसे मनुष्य आत्मरक्षा कर सकता है । इसके अभावमें मनुष्य आत्मघाती होता है । आचार्य शंकर आत्मघाती का स्वरूप कहते हैं -

" लब्ध्वा कथंचिन्नरजन्म दुर्लभं
तत्रापि पुंस्त्वं श्रुतिपारदर्शनम् ।
यः स्वात्ममुक्त्यै न यतेत विद्वान्
स ह्यात्महा स्वं विनिहन्त्यसद्ग्रहात् ।। "

यह नरजन्म बडी कठिनाईसे प्राप्त होता है । पुण्यसंचयपरिपाकसे ही मानव जन्म मिलता है । उसमें पुरुष जन्म और अधिक दुर्लभ है । यह सुनकर कुछ आधुनिक स्त्रियां कहती हैं कि आचार्य भी पक्षपाती थे क्या ? पक्षपातकी बात नहीं । मण्डनपत्नीका आचार्यने महान सन्मान किया था । किन्तु श्रुतिपारदर्शन स्त्रियोंके लिये दुष्कर है । पुरुष कभी भी विरक्त होकर जंगलमें जाकर तपस्या कर सकता है । स्त्रियोंके लिये प्राचीन कालमें भी यह संभव नहीं था । आज तो सुतरां नहीं है । प्राचीन कालमें ब्रह्मचारियोंके मध्यमें कण्वाश्रममें शकुन्तला और उसकी सहेलियां निर्भय रहती थीं । शकुन्तला कोई छोटी बच्ची ही नहीं थी । परंतु कण्वाश्रमके ब्रह्मचारी कितने संयमी एवं सभ्य थे । क्या आजकी परिस्थिती ऐसी है ? अस्तु । तपके विना और वैराग्यके विना श्रुतिपार ब्रह्म दर्शन नहीं हो सकता ।

" सत्येन लभ्यस्तपसा ह्येष आत्मा ।
सम्यग्ज्ञानेन ब्रह्मचर्येण नित्यम् ।। "

ऐसा उपनिषदका मन्त्र भी है । सत्यके व्रतसे, घोर तपसे, सम्यग् ज्ञानसे और ब्रह्मचर्यसे ही यह आत्मा प्राप्य है । अस्तु । ऐसा पुरुषमानवशरीर प्राप्त होनेके बावजूद जो मनुष्य आत्माके मोक्षके लिये प्रयत्न नहीं करता-ज्ञानसम्पादन नहीं करता वह असद्ग्रहसे-असत् शरीरादिको ही आत्माके रूपमें ग्रहण करनेके कारण आत्मघाती होता है । शरीरादि सत् नहीं है । " कालत्रयेऽपि तिष्ठतीति सत् " तीनों कालोंमें जो एक रूपसे रहे वही सत् है । आत्मा एकरस है । अविकारी है । उसे शरीरादि रूपसे ग्रहण करना असद्ग्रह है । श्रीमद्भागवतमें इसी प्रकार आत्महननका लक्षण बताया है ।-

" नृदेहमाद्यं सुलभं सुदुर्लभं
प्लवं सुकल्पं गुरुकर्णधारम् ।
मयानुकूलेन नभस्वतेरितं
पुमान् भवाब्धिं न तरेत् स आत्महा ।। "

यह मनुष्य शरीर अति दुर्लभ हे । चौरासी लाख योनियोंमें भटकते-भटकते बडी कठिनाईसे ईश्वरकृपासे कोई पुण्य जागृत होता है तभी मिलता है । पशुपक्षियोंमें तो मरणकालमें पशुपक्षी संस्कार ही दृढ रहता हैं । वे फिर पशुपक्षी बनते रहते हैं । मनुष्य संस्कारके जगनेका अवसर तो अतिन्यून है । हाँ परमात्मा स्वयं समस्त प्राणियोंके ऊपर अमुक समयके बीतनेपर एक एक बार कृपा करता है । वह मानव संस्कार जागृत करता है और पुण्यको भी जगाता है तब प्राणीको यह मानव जन्म मिलता है । अतएव यह मानव शरीर अतिदुर्लभ है । परंतु हम सब मानवशरीरमें आये हुए हैं, हमारे लिये तो सुदुर्लभ कहां ? हमें तो सुलभ हो चुका है । किन्तु ध्यान रखो । भवसागर पार करनेका एकमात्र प्लव- नाव यही मानव शरीर हैं । अतएव यह मानव शरीर भोगार्थ नहीं, मोक्षार्थ है। सुकल्प है-सुसमर्थ है । हां, नावको आगे बढानेके लिये कर्णधारको आगे करो । नाविकको आगे करो । वह है गुरु । गुरु शरणमें जाओ । गुरु ज्ञान देगा । गुरुका काम ज्ञान देना ही है । " गुरु विनु ज्ञान न होई " यह प्रसिध्द है । गायत्री आदिका उपदेश गुरुसे लेना चाहिये । उसका अर्थ गुरुसे सुनना चाहिये । " तद्विज्ञानार्थं स गुरुमेवाभिगच्छेत् " परमार्थज्ञान प्राप्त करनेके लिये गुरुके पास जाना ही चाहिये । गुरुके पास ही जाओ ।गुरुकृपा होनेपर शास्त्रकृपा होगी । गुरूपदेश से शास्त्र मिलेगा और उसीसे शास्त्र अनुकुल होगा । प्रश्न है ईश्वरकृपा भी तो चाहिये ? अवश्य । किन्तु चिन्ता न करो । ईश्वर हमेशा कृपाकी वर्षा करता ही रहता है । पात्रको सीधा रखो, घडा भर जायेगा । औंधा न रखो । एकने घडा उलटा रखा, दिनभर रातभर वर्षा होती रही ।किन्तु घडा खाली का खाली रह गया । उसको सीधा रखो । उसका मुंह उपरकी ओर रखो । ऊपरसे बारिश होती है । ईश्वराभिमुख चित्त रखो । गायत्रीमन्त्रादिजप करना ही ईश्वराभिमुख होना है । इन सबके होनेपर भी प्रमादके कारण जो भवसागर पार नहीं करता वह आत्मघाती है ।

आत्मरक्षणके लिये गायत्री मन्त्र है । गायत्री मन्त्रके जपसे बुध्दि प्राप्त होगी, वह प्रचोदित होगी । गायत्रीके अर्थचिन्तनसे ज्ञानविज्ञान प्राप्त होगा । मानव जन्मकी सफलता के लिये, आत्मघातसे बचनेके लिये और परमार्थतत्वकी प्राप्तिके लिये गायत्रीका जप,

अर्थज्ञानादि प्राप्त करना चाहिये ।

" गायन्तं त्रायत इति गायत्री "

यह इसकी व्युत्पत्ति है । गायनका अर्थ प्रसिध्द है षडजादि स्वरोंके आरोह अवरोह के साथ उच्चारण करना । गायकोंके मण्डलमें सात स्वर प्रसिध्द है । षडज (सा) ऋषभ (रे) गान्धार (गा) मध्यम (मा) पञ्चम (पा) धैवत (धा) निषाद (नी) ये सात स्वर हैं । गायत्री मन्त्र ऋग्वेद, यजुर्वेद तथा सामवेद तीनोंमें आता है ।सामवेदमें गीतिके साथ गाया जाता है । वहां सात स्वर होते हैं । ऋग्वेद तथा यजुर्वेदमें उदात्त, अनुदात्त और स्वरित ये तीन स्वर हैं । इन तीन स्वरोंसे गायत्री गायी जाती है । पाणिनीय शिक्षामें बताया है-

मन्त्रो हीनः स्वरतो वर्णतो वा
मिथ्याप्रयुक्तो न तमर्थमाह ।
स वाग्वज्रो यजमानं हिनस्ति
यथेन्द्रशत्रुः स्वरतोऽपराधात् ।।

स्वरहीन और वर्णहीन मन्त्र मत जपो । कोई वर्ण बीचमें छूटना नहीं चाहिये । स्वर बराबर होना चाहिये । झूठा प्रयोग नहीं होना चाहिये । जैसे श को ष, ष को श आदि बोलना । उससे जप करनेवालोंको हानि होती है ।

एक भक्तने मुझे बताया कि महाराज । मैं रोज गायत्रीकी पचीस माला जप करता हूं । इतना बहुत हो गया ना महाराज । मैं प्रभावित हुआ । मैंने सोचा कि इसकी मेहनत प्रशंसनीय है । मैं ने पूछा-कितना समय लगता है ? उसने कहा- पंद्रह मिनिट । मैं ने पूछा - क्या एक माला का पंद्रह मिनिट समय ? उसने कहा - नहीं महाराज। पूरी पचीस माला का । मैं ने कहा - तब तो तुमने अपना उध्दार कर लिया । अरे । मुझे दस माला करनेमें एक घंटा लगता है । वह भक्त बोला- आप लोग पंडित हैं इसलिये आपको ज्यादा समय लगता है । मैं ने कहा-जो पण्डित नहीं उसको तो इससे ज्यादा समय लगना चाहिये । मैं ने अंदाजा लगाया कि वह मालाके मनकोंको सिर्फ सरकाता जाता होगा । वास्तविकता यह है कि तुम भले एक ही माला करो, किन्तु सावधानीसे करो । एक विद्यार्थी है । गणितकी परीक्षा दे रहा है । पन्द्रह प्रश्नोंमेंसे दसको हल करना है । दस-दस मार्क एक प्रश्न के हैं । पूरे पन्द्रह प्रश्नोंको उसने हल किया । उत्तर गलत, रास्ता गलत । एक दूसरा विद्यार्थी है । उसने चारही प्रश्न हल किये । किन्तु सही । अब बोलो कौन पास होगा , कौन फेल होगा ? हमने देखा एक मकान बारिशमें चूता था । हर साल एक बोरा सिमेंट और दस

बोरा रेत मिलाकर डालता था । सब बह जाता था । एक साल आधी बोरी सिमेंट और दो बोरी रेत डाली । तो हमेशा की शिकायत समाप्त हो गयी । थोडा करो, किन्तु ठीक ढंगसे । केवल संख्या पूर्तिसे परमेश्वर प्रसन्न नहीं होता।

बृहदारण्यकमें दूसरी व्युत्पत्ति बतायी है । " एषा गायत्र्यध्यात्मं प्रतिष्ठिता ।

सा ह्येषा गयांस्तत्रे प्राणा वै गयास्तत्प्राणांस्तत्रे

तद्यद् गयांस्तत्रे तस्माद् गायत्री नाम ।

स यस्मा अन्वाह तस्य प्राणांस्त्रायते ।।

गय शब्दका अर्थ है प्राण । प्राणोंकी रक्षा करनेसे इसका नाम गायत्री पडा । गयांस्त्रायत इति गयत्रः । गयत्र एव गायत्रः । (स्वार्थमें अण्) गौरादि होनेसे ङीष् प्रत्यय । प्राणोंकी रक्षा एवं इन्द्रियोंकी रक्षा गायत्री जपसे होती है ।गायत्री जपसे दीर्घायुष्यादि प्राप्त होता है । पुराणोंमें कहा है-

" द्वे सन्ध्ये ह्युपतिष्ठेत गायत्रीं प्रयतः शुचिः ।

यस्तस्य दुष्कृतं नास्ति पूर्वतः परतोऽपि वा ।। "

सुबह और शाम संध्या समयमें गायत्री जप करनेवालोंके पूर्वपाप और परपाप नष्ट होते हैं।

" दशकृत्वः प्रजप्ता सा रात्र्यहोर्यत्कृतं लघु ।

तत्पापं प्रणुदत्याशु नात्र कार्या विचारणा ।। "

दस बार गायत्री जपो तो रात-दिन किये छोटे पाप नष्ट होते हैं ।

" शतं जप्ता तु सा देवी पापौघशमनी स्मृता ।

जप्ता सहस्रं सा देवी महापातकनाशिनी ।। "

सौ जपो तो ढेर पाप नष्ट हो जायेंगे । हजार जपो तो महापातक भी नष्ट होंगे ।

" अन्तर्जले त्रिरावर्त्य गायत्रीं प्रयतस्तथा ।

मुच्यते पातकैः सर्वैर्यदि न ब्रह्महा भवेत् ।। "

जलमें डुबकी लगाकर तीन बार गायत्री बोलें तो सर्वपापमुक्ति होगी यदि वह ब्रह्महत्याकारी नहीं हो तो । इत्यादि रीति गायत्रीकल्पमें बहुत कुछ बताया है ।

गायत्री, सावित्री और सरस्वती ऐसे तीन नाम प्रसिध्द हैं । कहीं कहीं इनको भिन्न रूपसे बताया है । परंतु कालभेदसे एक ही के ये नाम अन्य महर्षियोंने बताया है -

" गायत्री नाम पूर्वाह्णे सावित्री मध्यमे दिने ।

सरस्वती च सायाह्ने सैव सन्ध्या त्रिषु स्मृता ।। "

प्रातः कालमें उसका नाम गायत्री है । मध्याह्नमें सावित्री है । और सायंकालमें सरस्वती नाम है। वही तीन सन्ध्या है ।व्युत्पत्ति भेदसे भी एकेक नाम बताये हैं ।

" गायत्री प्रोच्यते तस्माद्गायन्तं त्रायते सदा ।
सवितृद्योतनात् सैव सावित्री परिकीर्तिता ।।
जगत्प्रसवितृत्वाच्च वाग्रूपत्वात्सरस्वती ।

जपकारीकी रक्षा करती है अतः गायत्री, सविताकी द्योतिका और जगज्जननी होनेसे सावित्री और वाणीरूप होनेसे सरस्वती नाम पड गये ।

" गायत्री वा इदँ सर्वं भूतं यदिदं किंच ।
वाग्वै गायत्री वाग्वा इदं सर्वं भूतं गायति च त्रायते च ।। "

इत्यादि वचन छान्दोग्यमें हैं । यह सब गायत्री है । क्योंकि वाक् ही गायत्री है । यह सारा जगत् वाक् है । " वाचारम्भणं विकारः " वाणीसे उत्पन्न हुआ । वाणी ही सबकी रक्षा करती है । बृहदारण्यकमें भाष्यकारने गायत्र्यवच्छिन्न ब्रह्मकी उपासना सर्वोत्तम उपासना बतायी है । उससे ब्रह्मज्ञानकी प्राप्ति बतायी । तदर्थ ही गायत्रीका वर्णन बृहदारण्यकमें आया।

गायत्रीमन्त्रजपके साथ प्राणायाम करनेका भी विधान आया है ।

सव्याहृतिं सप्रणवां गायत्रीं शिरसा सह ।
त्रिः पठेदायतप्राणः प्राणायामः स उच्यते ।।
अहोरात्रकृतात्पापान्मुच्यते नात्र संशयः ।

प्रणव और व्याहृतियोंके साथ और अन्तमें शिरके साथ तीन बार कुम्भकमें गायत्री जपना चाहिये । वही प्राणायाम है । इतनेसे अहोरात्रकृत पाप नष्ट होते हैं ।

यहांतकका सारांश यही है कि शास्त्रानुसार बाल्य अवस्थामें ही गायत्री मन्त्रका जप करना चाहिये । केवल जप करना भी सार्थक है । उससे भी शक्ति प्राप्त होती है। दिव्यता आ जाती है । उसके बाद इसी मन्त्रके द्वारा सूर्योपासना करें एवं शिव-विष्णु आदि देवोंकी भी उपासना करें । यथाशक्ति गायत्री पुरश्चरणादि भी करें । फिर गायत्रीका महावाक्यार्थ ज्ञान गुरुमुखसे प्राप्त करें । उसमें सफलता पानेके लिये गायत्र्यवच्छिन्न ब्रह्मकी भी उपासना करें । आदिसे अन्तपर्यन्त गायत्रीसहित प्राणायाम भी करते रहना चाहिये । इस विषयमें मनु महाराजका कहना है-

" अह्ना रात्र्या च याञ्जन्तून् हिनस्त्यज्ञानतो यतिः ।
तेषां स्नात्वा विशुद्ध्यर्थं प्राणायामान् षडाचरेत् ।। "

दिन रातमें अज्ञानसे किये पापोंकी निवृत्तिके लिये स्नानोत्तर यति छः प्राणायाम करें । वह यदि गायत्रीसहीत हो तो फिर क्या कहना है? यह पहले कह चुके ।

" प्राणायामा ब्राह्मणस्य त्रयोऽपि विधिवत् कृताः ।
व्याहृतिप्रणवैर्युक्ता विज्ञेयं परमं तपः ।। "

संन्यासीके लिये उपर बताया । अन्य भी ब्राह्मणादि यदि विधिवत् प्रणवादिसहित प्राणायाम तीन तक भी करें तो भी उसे परम तप समझो । इस प्रकार जीवनको गायत्रीमय बनाना चाहिये । अन्तिम लक्ष्य तो पदार्थशोधनपूर्वक वाक्यार्थ ज्ञान जो अखण्डाकारवृत्तिरूप है उसे संपादित करना ही है । जिससे मानवजीवनंका परमलक्ष्य परमपुरुषार्थ मोक्षकी प्राप्ति होती है । अतः हम इस महामन्त्रकी व्याख्या करेंगे । " योऽर्थज्ञ इत् सकलं भद्रमश्नुते " ऐसा वेदवचन है ।

(१) गायत्री प्रवचनोंका उपक्रम समास

[१] पांच महीनेतक गायत्री मन्त्रपर दिये गये डेढ सौ प्रवचनोंके उपक्रमात्मक पांच प्रवचनोंका यह संक्षिप्त संग्रह है ।

गायत्री मन्त्रकी व्याख्या भाष्य, भाष्यविवरण तथा भाष्यवार्तिकमें विस्तारसे होगी ही तथापि वह मुख्य रुपसे शांकरभाष्यानुगमनमात्र होनेसे अन्य व्याख्याओंके साथ तुलनात्मक अध्ययन करनेके लिये उपयोगी तदनुरूप कुछ शब्दार्थ यहां प्रस्तुत करना असंगत नहीं होगा । सामान्यरूपसे गायत्रीका अर्थ यही समझा जाता है कि तत् = उस सवितुः देवस्य= सूर्यदेवके या परमात्माके वरेण्यं = वरणीय, भर्गः = तेजका, धीमहि = हम ध्यान करें यो = जो नः =हमारी धियः = बुध्दिको प्रचोदयात् = प्रेरणा दें ।

[१] तत् पदकाअन्वय सविताके साथ भी किया गया है और पक्षान्तरमें भर्गःके साथ भी किया गया है । सविताके साथ अन्वय पक्षमें लुप्त षष्टी मानकर उस सूर्यदेवका भर्ग ऐसा अन्वय माना है । किन्तु धियो यः पुल्लिङ्ग प्रयोग वैदिक लिङ्गव्यत्ययसे मानना पडता है । " धियो यो " यहांके यत्पदार्थका परामर्शक तत्पद है ।

[२] तत् का दूसरा अर्थ तनोतीति तत् अर्थात् " व्यापकं " किया गया है । व्यापक तेज या व्यापक सविता ऐसा अन्वय है । ,

[३] तत् का "ॐ तत्सदिति निर्देशो ब्रह्मणस्त्रिविधः " ----इस गीता वचनके अनुसार ब्रह्म अर्थ भी किया गया है । ब्रह्मरूपी सविता या ब्रह्मरूपी भर्ग तेज ऐसा अन्वय होगा।

[४] तत् का चौथा अर्थ 'प्रसिध्द' है । शास्त्रोंमें प्रसिध्द ब्रह्म और ब्रह्मतेज है ।

प्रत्यक्षप्रसिध्द सूर्य और सौरतेज है । ये सभी अर्थ शांकरभाष्यमें भी है ।

[५] वल्लभीय भाष्यमें प्रसिध्द अर्थ लेते हुये भी " सत्यं परं धीमहि " का परम सत्य अर्थ लिया । " जन्माद्यस्य यतो " इस यत् पदार्थका परामर्शक तत्पद अन्तर्निहित होनेसे उसका प्रकट " सत्यं परं " स्वरूप ही प्रसिध्द तत्पदार्थ है । वह सर्वलोकप्रसिध्द तथा सर्ववेदप्रसिध्द है । कालत्रयाबाधित है यही पुरुषोत्तम है ।

सवितुः

[१] सविताका सामान्य अर्थ सूर्यदेवता है । इस मन्त्रसे सूर्यकी उपासना मुख्यतया की जाती है ।सूर्यका ध्यान किया जाता है । सूर्य प्रत्यक्ष देवता माना गया है । " यदादित्यगतं तेजः " इस प्रकार गीतामें सूर्यतेजको भगवत्तेजरूप बताया है ।

[२] सूर्यमण्डलस्थित हिरण्यगर्भ ही सविता है ऐसा दूसरा अर्थ है । हिरण्यगर्भ सुवर्णवर्ण तेजस्वी देव है । " हिरणगर्भः समवर्तताग्रे " इस श्रुतिके अनुसार वही प्रथमज है। सुक्ष्मजगत- समष्टि उपाधिवालेको वेदान्तमें हिरण्यगर्भ बताया है । वह भी हो सकता है । किन्तु " आप्रणखात् सुवर्णः " नाखूनसे लेकर मस्तकपर्यन्त सुवर्णवर्ण है । इस श्रुतिके अनुसार उपास्य तो मुख्यतया साकार है ।

[३] षूङ् प्राणिप्रसवे इस धातुपाठके अनुसार समस्तजगतप्रसवकारीसविता है । ईश्वर जगतका स्रष्टा है । वेदान्तमें मायोपाधिक चैतन्य ईश्वर है, वही जगत् की सृष्टि करता है । " मयाध्यक्षेण प्रकृतिः सूयते सचराचरम् " इस प्रकार गीतामें कहा है । अध्यक्षविशिष्ट प्रकृति या प्रकृतिविशिष्ट अध्यक्ष चराचर जगत् का जनक है । प्रकृति जड, चेतन निष्क्रिय है । सांख्यवाले कहते हैं- पङ्गवन्धवदुभयोरपि संयोगस्तत्कृतः सर्गः । पंगु अंधे के कन्धेपर चढा तो विकल मिलकर एक सकल बना ।

[४]षू प्रेरणे धातुसे भी सविता शब्द होता है । उसका अर्थ है प्रेरयिता - प्रेरणा करनेवाला । वह परब्रह्म परमात्मा या अन्तर्यामी है । यह अर्थ अधिक संगत इसलिये है कि अन्तिम पादमें यही अर्थ स्पष्ट किया है । अन्तिम पादमें जीवसाक्षी बताया है । यहां ईश्वरसाक्षी बताया यही फरक है । यहां चैतन्य मायाविशिष्ट न होनेपर भी मायोपहित या मायोपलक्षित है । सूतसंहितामें- "स्वमायाशक्तिसंभिन्नशिवरुद्रादिसंज्ञितम् । आदित्यदेवतायास्तु प्रेरकं परमेश्वरं " बताया है। संभिन्नं का विशिष्टं अर्थ हो तो ईश्वर है । उपहितं अर्थ हो तो साक्षी है । महर्षि याज्ञवल्क्यने दोनोंको मिलाकर विष्णु अर्थ बताया है ।

" हिरण्यवर्णं पुरुषं ध्यायेम विष्णुसंज्ञकम् । विशनात्सर्वभूतानां विष्णुरित्यभिधीयते ।

" हिरण्यगर्भ ब्रह्माका नाम है । अतः ब्रह्मा अर्थ करना भी यहां संभव है । उब्वट तथा महीधरमें " प्रसवदातुः-आदित्यान्तरपुरुषस्य हिरण्यगर्भोपाध्यवच्छिन्नस्य वा विज्ञानानन्दस्वभावस्य वा ब्रह्मणः " ऐसी व्याख्या की है । योगार्थ और रूढि अर्थको लेते हुये प्रसवदातुः = आदित्यान्तरपुरुषस्य बताया । वह कौन ? उत्तर दो विकल्पोमें दिया- हिरण्यगर्भोपाध्यवच्छिन्नस्य ब्रह्मणः , विज्ञानानन्दस्वभावस्य वा ब्रह्मणः । शांकरभाष्यमें पूर्वोक्त सभी अर्थ प्रायः आ जाते हैं ।

[५] सवितुः का प्रसविता अर्थ है । वह स्वयं गायत्री ही है । गायत्री वेदमाता है । वेदत्रयके अर्थकी प्रतिपत्ति-जननी है । उपासकोंमें निर्विघ्न वाक्प्रसव गायत्री करती है । एवं चतुर्विध पुरुषार्थजननी गायत्री है । वही श्रीस्वामिनी है । राधिका है । तब सवितुः यह पुल्लिङ्ग प्रयोग किस प्रकार ? सावित्री शब्द होना चाहिये । नहीं ।कृष्णभावमें आकर पुल्लिंग प्रयोग हो गया । स्त्रीभाव गूढ हो गया । उस स्वामिनी का वरेण्य जो देवका भर्ग है उसका ध्यान करें ऐसा अन्वय है । ऐसी कृष्णभक्तोंकी व्याख्या है । इस मतमें सवितृ पदसे सृष्टिमात्र बताया । स्थिति और लय वरेण्यं भर्गः इन दो पदोंसे सूचित है ।

वरेण्यं

वरेण्य शब्द वृ धातुसे औणादिक एण्य प्रत्यय करनेसे बना है । " मुख्यवर्यवरेण्याश्च " इस कोशके अनुसार श्रेष्ठ, मुख्य आदि इसका अर्थ है । परंतु प्रायः सभी आचार्योंने कृत्य प्रत्ययार्थमें एण्यको माना है । "वरणीयं " ऐसा अर्थ सबने किया है । " उणादयो बहुलं " यहां बहुल निर्देशसे वह अर्थ भी लिया जा सकता है । अतः " सर्वैरुपास्यतया ज्ञेयतया च संभजनीयं " इस प्रकार व्याख्यामें कर्तृवाचक पदमें तृतीयाकी भी उपपत्ति है ।

[१] वरणीयं संसारभयभीरुभिः । ऐसी एक व्याख्या है । जो संसारभयसे छुटकारा पाना चाहते हैं । उनके लिये सविताका तेज वरणीय है । इस मतमें गायत्री मन्त्र मुख्यरूपसे वैराग्यवान के लिये जप्य है ।

[२] वरणीयं प्रार्थनीयं नियमादिभिरपगतकल्मषैः सततं ध्येयम् ऐसी दूसरी व्याख्या है । प्रार्थनीयं ध्येयं दोनों लिखनेसे ऐसा लगता है कि गायत्री मन्त्रोच्चारणपूर्वक ध्यान विवक्षित है । निष्पाप भावसे सभी वरण इस मतमें कर सकते हैं।

[३] वरेण्यं सर्वजन्तुभिः ऐसा सूतसंहितामें कहा है । इसका मतलब हुआ शक्ति सहकारी होनेसे उच्चारण वरण आदिमें समर्थ मनुष्य- तो क्या और भी कोई जन्तु हो वह भी वरण कर सकता है । शांकरभाष्यादिमें भी सर्वैः जोडा है । इसलिये वही अर्थ है ।

[४] उपास्यरुपसे भजनीय है और ज्ञेय रुपसे भी भजनीय है । इनमें आश्रयणीय अर्थ अभिव्यक्त होता है । अतः उपासनाविषयीकर्तव्यः और ज्ञानविषयीकर्तव्यः ऐसी दो अभिव्यक्तियां होती हैं ।

[५] " यमेवैष वृणुते तेन लभ्यः " ऐसी श्रुति है । जिस परमात्माको ही यह साधक वरण करता है या जिस साधक को ही यह परमात्मा वरण करता है वही साधक परमात्माको पाता है ऐसा उभय वरण वहां विवक्षित है । वरण शब्दसे ध्वनि निकलती है कि कन्या अपने इष्टको ही पतिरूपमें वरण करती है और पति भी अपनी इष्ट कन्या को ही । उस कन्याका अन्यत्र पुनः विनियोग नहीं होता । वैसे ही भक्त एक वार समर्पणके बाद पुनः अन्यत्र अपने मनको नहीं लगाता। वह अनन्यशरण होता है ।अनन्यदासभावसे भक्त भजन करें तो आत्मीयरूपसे भगवान उसे स्वीकार करता है । ऐसा भक्तिपक्षीय एक अर्थ है ।

[६] सवितुर्वरेण्यं एक साथ होनेसे गायत्रीभावापन्न होकर या राधाभावापन्न होकर श्रीकृष्ण वरणीय है । ऐसा माधुर्यभावपक्षीय अर्थ है ।

भर्गः

[१] भ्रस्ज पाके धातुसे " अञ्च्यञ्जियुजिभृजिभ्यः कुश्च " इस सुत्रसे असुन् प्रत्यय और कवर्ग अन्तादेश करनेपर " भर्गस् " शब्द सकारान्त होता है । भर्जन का अर्थ होता है भूंजना । दोषोंको और पापोंको भून डालता है । नष्ट करता है। इसलिये भर्ग कहलाया । भर्ग उस वीर्यको कहते हैं जो पापोंको भून डाले । "-वरुणाध्द वा अभिषेचनाद् भर्गोऽपचक्राम, वीर्यं वै भर्गः " ऐसी श्रुति है । वीर्य अर्थात वीरता, सामर्थ्य शक्ति । फलपाकहेतु होनेसे भी भर्ग कहलाया ।

[२]" भ्रस्ज पाके"से ही वना भर्गस् शब्द बाध अर्थमें भी है । वह भर्ग जो अविद्या एवं उसके कार्योंका बाध कर डाले । साक्षात्कारात्मक ज्ञानका विषय होनेपर ब्रह्मचैतन्य अविद्यादि को बाधित करता है । स्वरूपस्फुरण होनेपर सर्व संसार बाध होता है।

[३] भ्राज दीप्तौ धातुका भी भर्गस् शब्द माना है । इस पक्षमें भर्गस् का दीप्ति ज्योति अर्थ है । योगी याज्ञवल्क्यने बताया है -" आदित्यान्तर्गतं वर्चो भर्गाख्यं तन्मुमुक्षुभिः । जन्ममृत्युविनाशाय दुःखस्य त्रितयस्य च । ध्यानेन पुरुषैर्यश्च द्रष्टव्यं सूर्यमण्डले । " आदित्यस्थ ज्योति का नाम भर्ग है ।

[४] पूर्वोक्त याज्ञवल्क्यवचनानुसार ही आदित्यान्तर्गतआदित्यावच्छिन्न चैतन्य ज्योति अर्थ भी भर्ग का हो सकता है । अज्ञाननाशक वह ज्योति है । उध्वटाचार्यने मण्डल पुरुष

एवं रश्मि तीनोंको भर्ग बताया है ।

[५]भञ्जो आमर्दने, भञ्जनाद् भर्गः ऐसी भी व्याख्या कि गयी है । प्रकाश जो तमोभञ्जन करता है ।

[६] भृञ् भरणे, भरणाद् वृष्टिप्रदानादिना भूतानां भरणहेतुत्वाद् भर्गः । जगतका भरणपोषण करनेवाला भर्ग है । आदित्यपक्षमें वृष्टि आदिके द्वारा भरणपोषण करता है । परमात्मा पक्षमें सर्वभरण परमात्मा करता ही है ।

[७] शैव सिध्दान्तमें भर्गस् शब्दका अर्थ शिव या शैव ज्योति है । क्योंकि शिवके नामोंमें भर्ग शब्द आता है । शिवमें वह रुढ है । यद्यपि शिववाचक भर्ग शब्द अकारान्त है तथापि वेदोंमें कहीं अकारान्त पद सकारान्त हो जाता है । और सकारान्त पद अकारान्त भी होता है । जैसे रजस् और रज समानार्थक हैं । महस् और मह समानार्थक हैं । अन्य अर्थमें लोकमें भर्ग शब्दका प्रयोग नहीं होता । अष्टमूर्तिमें सूर्य भी आता है । अतः सविता सूर्यरूपी मूर्तिमें चैतन्य ज्योतिके रूपमें विराजमान शंकर अर्थ करनेमें कोई बाधा नहीं है । सविताका स्रष्टा अर्थ माननेपर भी स्रष्टा शैव मतमें शिव है । " यदयमनुत्तरमूर्तिर्निजेच्छयाखिलमिदं स्रष्टुम् । पस्पन्दे स स्पन्दः प्रथमः शिवतत्त्वमुच्यते तज्ज्ञैः । " ऐसा स्पन्दकारिकामें बताया है । अर्थात सृष्ट्यर्थ अनुत्तरमूर्ति- का स्पन्दन ही शिवतत्व है । सूतसंहिताका उध्दरण हम पहले ही दे चुके हैं ।

[८]भर्गस् का अन्न अर्थ भी शांकरभाष्यमें लिया गया है ।

देवस्य

[१] दिवु क्रीडा विजिगोषा इत्यादि अनेक अर्थोंमें धातु है । उनमें क्रीडा, रुचि, द्युति और स्तुति इन अर्थोंको कई आचार्योंने लिया है । " लोकवत्तु लीलाकैवल्यं " के अनुसार देव- परमात्मा लीलाविग्रह है । सृष्ट्यादिलीलाकर्ता है । दिव्यरूपमें या दिव्यलोकमें या " अमृतं दिवि " स्वप्रकाशमें वह रोचमान तथा द्योतमान है । देवता आदि " स्तुन्वन्ति दिव्यैः स्तवैः " के अनुसार उसकी स्तुति करते हैं ।

[२] ' देवो वर्षति ' के अनुसार वृष्टिदानादि करनेवाला देव है । वह प्रकाशमान है।

[३] सवितुः से जगदधिष्ठान सद्रुपता, वरेण्यंसे आनन्दरूपता बतायी । देवस्यसे चिद्रूपता बतलायी गयी है ।

[४] देवपद सर्वज्ञता बतानेके लिये है । " यः सर्वज्ञः सर्ववित् " ऐसी श्रुति है । अन्वयके बारेमें :-

(१) तस्य सवितुर्भर्गः। (२) सवितुः तद् भर्गः । (३) सवितुर्वरेण्यं, सवित्रा गायत्र्या वरणीयं देवस्य परमात्मनस्तद्भर्गः। (४) सवितुः प्रसादाद् -भर्गः अन्नादिकं धारयामः ।

धीमहि

[१] ध्यै चिन्तायां धातुसे आत्मनेपद लिङ् लकार और संप्रसारण वैदिक प्रयोग होनेसे हुआ । ध्यान करते हैं ऐसा एक अर्थ है । परमात्माका ध्यान करना ।

[२] धा- धारणपोषण अर्थों में धातु है । उसका लिङ्में दधीमहि होता है । द का लोप छान्दस हुआ । परमात्माको हम मनसे धारण करते है ।

[३] योऽसौ सोऽहं ऐसा अनुसन्धान अर्थ है ।

[४] निदिध्यासन अर्थ भी है ।

[५] धीङ् आधारे इस धातुसे धयेमहि की जगह विकरण लोप कर धीमहि बनाया । अन्नादिके हम आश्रय बनें ऐसा अर्थ होगा ।

धियः

[१] धी का निघण्टुके अनुसार कर्म अर्थ है । कर्ममें प्रेरित करें ।

[२] धी का बुध्दिवृति अर्थ है अतः बुध्दिको या बुध्दिवृतिको प्रेरित करें । कुलमिलाकर समस्त सत्कर्म सदुपासना ज्ञान आदिके लिये बुध्दिको प्रेरित करें यह अर्थ होगा ।

[३] कर्मेन्द्रिय ज्ञानेन्द्रियादिको प्रेरित करनेवाला उन्हें प्रेरित करें ।

यः

[१] यत्पदार्थ परमात्मा है । सविता देवका यह परामर्शक है ।

[२] यत्पद भर्गका परामर्शक है ।

[३] यत्पद का जीवसाक्षी अर्थ है ।

[४] यत्पद का अन्तर्यामी अर्थ है ।

नः

[१] यत्पद त्वंपदलक्ष्यार्थबोधक है । नः यः त्वंपदवाच्यार्थबोधक है ।

[२] सामान्यतः जीवबोधक है ।

[३] भक्तजनबोधक है ।

प्रचोदयात्

[१] यह प्रेरणा के लिये प्रार्थनारूप है ।

[२] वर्तमान अर्थमें ही लेट् लकारका प्रयोग है । प्रार्थना अर्थ नहीं है ।

[३] प्रेरणामात्र अर्थ है । उसकी प्रार्थना लिङ्गगम्य है ।

[४] विशिष्ट कार्यमें प्रेरणा ही प्रचोदन है । मूलतत्वप्राप्तिपर्यन्त प्रापण ही प्रकर्ष है । सो भी लिङ्गगम्य ही है ।

अन्य भी छोटे मोटे भेद आचार्योंकी व्याख्याओमें देखनेमें आते हैं । उतना अधिक विस्तार अनुपयोगी होनेसे हम यहां छोड रहे हैं ।

गायत्रीकी गरिमा

गायत्रीकी गरिमा विश्वविख्यात है । अथर्ववेदमें बताया है-

" स्तुता मया वरदा वेदमाता
प्रचोदयन्तां पावमानी द्विजानाम् ।
प्राणं प्रजां पशुं कीर्तिं द्रविणं
ब्रह्मवर्चसं मह्यं दत्वा व्रजत ब्रह्मलोकम् ।। "

गायत्री वेदमाता है । वरदायिनी है । द्विजोंको पवित्र करती है । मेरी स्तुतिसे प्रसन्न होकर वह मुझे सत्प्रेरणा दे । प्राण, सन्तान, पशु , कीर्ति, धन एवं ब्रह्मवर्चस मुझे देकर तव हे माता। तुम ब्रह्मलोक जाओ । गायत्री जपसे ये सभी फल प्राप्त होते हैं । अन्तमें ज्ञान एवं मोक्ष प्राप्त होता है । इसलिये बाल्यावस्थामें ही इसका उपदेश देनेका भारत वर्षमें रिवाज हैं ।

शांकरभाष्य

गायत्री मन्त्र अत्यन्त गहन है । वेदमाता इस उपाधिसे ही इसकी महानताका अनुभव हो जाता है । इसपर अनेकानेक भाष्य व्याख्या आदि आजतक हो गये हैं । उपलब्ध भाष्य एवं विवरणादिमें अत्यन्त गहराई तक पहुंचनेवाला एकमात्र शांकरभाष्य है । आधुनिक समीक्षक इस पर अवश्य ही विप्रतिपत्ति उठा सकते हैं कि यह आदि शंकराचार्यकी ही कृति है या किसी अन्य पीठस्थ आचार्यकी या शंकर नामके किसी अन्य आचार्यकी । संयोगवश शायद किसी समीक्षक के हाथमें यह भाष्य आया ही नहीं कि इसपर समीक्षा करें । जो भी हो अन्यान्य ग्रन्थोंपर जैसे श्वेताश्वतर भाष्यादि है ऐसा पूर्वपक्ष उठाया ही गया है । अतः संभावित ऐसी आशंकाओंका पूर्व ही निराकरण करना उचित होगा । यद्यपि किसी प्राचीन आचार्यकी व्याख्या इस भाष्यपर अभीतक उपलब्ध नहीं हुई है । मूल ही दुर्लभ था तो टीकाओंकी बात ही क्या है। तथापि क्वचित क्वचित मूलभाष्य आंशिकरूपसे छपा है । कतिपय लाईब्रेरियोंमें वह उपलब्ध भी है । परंतु अधूरा ही उपलब्ध हुआ । हमने एतदर्थ कोई विशेष

प्रयत्न भी नहीं किया । किन्तु भाष्यकी गंभीरताको देखते हुये इसे आदि शंकराचार्यकी कृति माननेमें कोई आपत्ति नहीं दीखती ।

दूसरी बात यह है कि सायणाचार्यने ऋग्वेद भाष्यमें गायत्रीकी व्याख्या करते समय आचार्यका पूर्णतया अनुगमन किया है । जैसे कि अन्यत्र वे करते हैं । उदाहरणार्थ बृहदारण्यक भाष्य, ईशावास्यभाष्य एवं तैत्तिरीयभाष्यादिमें द्रष्टव्य है । कहीं-कहीं सायण माधवने तो आचार्य भाष्यका निर्देशकर व्याख्या आरंभ की है और कहीं उसके विना भी । परंतु सर्वत्र आचार्यानुरूप ही व्याख्या की गयी है । गायत्रीकी व्याख्यामें भी यह बात अक्षरशः सार्थक है । जहां भी अतिसंक्षेपमें आचार्यने लिखा है उसका स्पष्टीकरण सायणभाष्यमें उपलब्ध है । अतएव सायणोत्तरवर्ती इसे मानना संभव नहीं है । क्योंकि परवर्ती व्याख्याकार पूर्वापेक्षासे अधिक स्पष्ट लिखते हैं । न कि उसकी अपेक्षा अस्पष्ट । जैसे भर्गस् शब्दका आचार्यने एक अर्थ अन्न भी किया । फिर " अन्नादिलक्षणं फलं धीमहि धारयामः तस्याधारभूता भवेमेत्यर्थः " ऐसा कहा । डुधाञ् धारणपोषणयोः का दधीमहि रूपको ही धीमहि शब्दके रूपमें कहा । अतएव धारयामः अर्थ भाष्यकारने किया ऐसा प्रतीत होता है । किन्तु इस स्पष्ट अर्थ के बाद " तस्याधारभूता भवेम" क्यों व्याख्या की ? हम अन्नको धारण करें, पायें यह अर्थ स्पष्ट है । क्या उससे अधिक स्पष्ट हम अन्नके आधारभूत बनें यह अर्थ है ? यदि नहीं तो " तस्याधारभूता भवेम " क्यों लिखा?

सायण भाष्यमें स्पष्ट किया धीङ् आधारे इस धातुका यह रूप है । शब् विकरण लोप छान्दस है । बीचमें शप् आनेपर धयेमहि होना चाहिये । शप् न करें तो धीमहि होगा । अतः सही अर्थ आधारभूता भवेम यही है । सायणने श्रुति प्रमाण दिखाकर प्रमाणित किया । ऐसी ही अन्य बातें भी हैं । अतः इन सबको देखते हुये समीक्षकोंके सामने यही बात आती है कि भाष्यमें अतिसंक्षेपमें या इशारेके रूपमें जो लिखा उसका स्पष्टीकरण ही सायणने किया । सायणके पूर्ववर्ती होनेसे और सायण के आधारभूत होनेसे आदि शंकराचार्य कृति ही इसे मानना उचित है ।

यद्यपि भाष्यके आदिमें मङ्गलाचरणके रूपमें अनुबन्ध चतुष्टय प्रतिपादक कोई श्लोक उपलब्ध नहीं है और न कोई भूमिका ही लिखी है । प्रायः अन्यत्र मङ्गलाचरण के न होनेपर भी भूमिका तो आचार्य लिख ही जाते हैं । इस विषयमें प्रथम मङ्गलाचरण की बात यह हो सकती है कि स्वयं गायत्री मन्त्रको व्याख्येय रूपमें और मङ्गलाचरणरूपमें पढकर व्याख्या प्रारंभ की । भूमिका के विषयमें दो बातें हो सकती हैं । एक यह कि जैसे बहुतसे मुद्रित

भाष्योंमें बहुत सारे अंश छूट गये हैं वैसे यहां भी भूमिका भाग लुप्त हो गया हो । दूसरी बात यह हो सकती है कि पूर्वमन्त्रोंकी भी व्याख्या की हो अतः नवीन आरंभ न होनेसे न मङ्गलाचरण किया और न भूमिका लिखी । अन्तिम श्लोकद्वयको देखकर यही लगता है कि ग्रन्थ वहां समाप्त कर दिया गया है। इससे पूर्वमन्त्रोंकी और उत्तर मन्त्रोंकी व्याख्या आचार्यने की इसमें कोई प्रमाण नहीं मिलता । अतः आदिमें कोई मङ्गलाचरण श्लोक भी जरूर लिखा होगा । अन्यथा कमसे कम इतना तो लिखते कि - "तत्सवितुरित्यादि गायत्री महामन्त्रः तस्या इयमल्पग्रन्था वृत्तिरारभ्यते । " उत्तरपक्षमें यह भी कहा जा सकता है कि बाल्यकालसे ही मन्त्रोपदेश प्राप्त होनेसे अर्थ जिज्ञासा बनती ही है । अनुबन्ध कथन तो ग्रन्थप्रवृत्ति- प्रयोजक-जिज्ञासोत्पादनार्थहै । वह संपन्न हो चुका है । अतः उसे दिखाना अति उपयोगी नहीं है । परंतु इसमें एक शंका ऐसी होती है कि बीचमें " अथ सर्वदेवात्मनः सर्वशक्तेः सर्वविभासकतेजोमयस्य परमात्मनः सर्वात्मकत्वप्रतिपादकगायत्रीमहामन्त्रस्योपासना प्रकारः प्रकाश्यते । तत्र गायत्रीं प्रणवादिसप्तव्याहृत्युपेतां शिरःसमेतां सर्ववेदसारमिति वदन्ति एवंविधा गायत्री प्राणायामैरुपास्या" इसे बीचमें क्यों पढा गया है ? मानो कि ग्रन्थ यहांसे प्रारम्भ हो रहा हो । एक गायत्री पुरश्चरण पध्दति भी श्रीमच्छङ्कराचार्यकृतिके रूपमें पूनासे मुद्रित हुई है । उसमें भी - " अर्थं विना प्राणायामफलं न स्यात् योऽर्थज्ञ इत् सकलं भद्रमश्नुते इति वचनात् " ऐसा पढकर फिर - "अथ सर्वदेवतात्मनः सर्वशक्तेः " इत्यादि यहां का ही पाठ दिया गया है। कुछ फरक प्रथम वाक्योंमें है । बादमें अर्थ करते समय काफी अन्तर भी किया गया है । वहां तद्यथा बोलकर अथसे नवीन प्रारंभ नहीं हो सकता । किन्तु कहींका उध्दरण दिया उसे स्ववाक्यसे मिलाया ऐसा लगता है। क्या यह पूर्वमें स्वयं व्याख्यातका उध्दरण है या अन्य कुछ ? यह संशय होता है । प्रकृतमें बीचमें उपासना प्रकारके प्रकाशनकी प्रतिज्ञा की जा रही है तो प्रारम्भमें गायत्री व्याख्यानकी प्रतीज्ञा क्यों नहीं की ? गायत्री पुरश्चरण पध्दतिमें अन्तमें कुछ विलक्षण श्लोक है ।

इति श्रीशंकराचार्यभगवद्भिः प्रकाशिता ।
गायत्रीपध्दतिः शुध्दसंप्रदायाद् द्विजन्मनाम् ।।
हिताय ब्राह्मणानां च ब्रह्मचर्यसमृध्दये ।
लिखित्वा पूजयेदेनां सोऽपि सिध्दिमवाप्नुयात् ।।

स्वयं शकराचार्य अपने लिये भगवद्भिः इत्यादि विशेषण लिख गये यह नहीं जचता ।

पुष्पिकामें - " इति श्रीमदाचार्यशंकरगुरुविरचिता " लिखा है । ये शंकरगुरु कोई और ही है या शंकरभगवत्पाद ही ? आचार्यका शिष्य कोई लेखक जैसे आचार्य बोलते गये वैसे लिखता गया । अन्तमें ये श्लोक और पुष्पिका अपनी ओर से जोड दिये । बीचमें " अथ सर्वदेवतात्मनः " इत्यादि अन्य भाष्यसे उठाकर लिख दिया । ऐसा है क्या ? यह भी एक संशय होता है कि " अथ सर्वदेवात्मनः " यहींसे भाष्य प्रारंभ है क्योंकि शुध्द गायत्रीकी व्याख्या पुनः यहांपर की गयी है । किन्तु सायणानुसार इसका पूर्व भाग आचार्यकृत ही है ।

जो भी हो व्याख्या अति गम्भीर है यह अध्येताको स्पष्ट प्रतीत होगा ही । हमने तो इसे आचार्यकृति स्वीकार कर पूर्वापर संगति बैठाते हुये व्याख्या करनेका प्रयास किया है । परंतु इस शर्त के साथ कि दूसरा कोई शुध्द प्रामाणिक पाठ मिल जायेगा तो समुचित परिवर्तन आगे किया जायेगा । " आचार्याः कृत्वा न निवर्तन्ते " यह वचन मुझपर लागू नहीं होगा ।

विवरण तथा वार्तिक

भाष्य अति गम्भीर होनेके कारण आशय समझनेके लिये प्रथम एक विवरण लिखा गया । यद्यपि उसमें कुछ ऊपरका भी विचार है तथापि अधिकतर भाष्याशय अभिव्यक्त करनेका ही प्रयत्न किया है। वार्तिकमें कुछ ऊहापोह भी किया गया है । साथ ही गायत्री वेदजननी है ऐसी जो प्रसिध्दि है उसकी सार्थकताकी ओर भी ध्यान खींचा गया है ।

गायत्री मन्त्रकी उपासना करनेका अधिकार किसको है इसपर थोडी लंबी चर्चा वार्तिकमें की गयी है । प्राचीन मीमांसक मुख्यरूपसे तीन हुए । वैसे तो अन्य भी अनेकानेक मीमांसक ऋषि हुए किन्तु बादरि, जैमिनि और बादरायण ये तीन मुख्य हुए । बादरि हमेशा पूर्वपक्षमें ही दिखाये गये हैं । उनका स्वतंत्र कोई ग्रन्थ अभीतक प्राप्त नहीं हुआ है । पूर्वपक्षके रूपमें जैमिनि और बादरायणने उनका नाम लिया है । जैमिनि और बादरायण दोनों उत्तरपक्षमें रहते हैं । प्रायः दोनोमें एकमति है । कहीं-कहीं विरोध भी है । बादरि ऋषि पूर्वमें हुए यह निश्चित है । उनके सिध्दान्तसे चारों वर्णों को उपनयन, अध्ययन, अग्न्याधान, यज्ञादि , उपासना एवं ज्ञानमें अधिकार है । जैमिनि और बादरायण दोनों ऋषि इनके प्रतिकूल रहे । वे त्रैवर्णिक द्विजको ही इन सबमें अधिकार मानते हैं । स्त्री और शूद्रको उपनयन एवं अध्ययन आदिमें अधिकार नहीं है यही उनका कहना है । दोनोंका मत हमने वार्तिकमें दिखाया है । यद्यपि वार्तिकमें अपने सिध्दान्त का स्पष्ट निर्देश नहीं किया है किन्तु वर्तमान

परिस्थितिके अनुसार विचार किया जाये तो बादरि मत ही सुसंगत लगता है । बादरिके अनुसार वर्णाश्रमधर्मकी रक्षा सुगम है । आज सनातनियोंमें जो बिखराव आया है, वर्णाश्रमधर्मकी जो अवहेलना होने लगी है या हो गयी है । उसका मूल कारण अत्यधिक विषमता और ऊंच-नीच भाव ही है । प्रजातन्त्रमें कोई भी अपनेको नीच स्वीकार नहीं कर सकता । जातिभेद तो हर देशमें है । उसे तो रखना ही होगा । किन्तु भारी विषमताका परिणाम यही होगा कि जाति विभाग ही समास होगा । प्रजा अधिक मतसे जिस पक्षमें होगी वही स्थायी होगा । यद्यपि तार्किक तर्क कर सकते हैं कि हजार उल्लू मिलकर सूर्यका अभाव सिध्द करें तो क्या सूर्यका अस्तित्व मिट जायेगा ? इत्यादि । परंतु यह केवल तर्क मात्र होगा । अनुभव तो विपरीत चल रहा है। शास्त्रीय रीति का पूर्ण परिपालन करनेवाला आज कहीं है या नहीं यही सन्देह अब सामने आ चुका है । फिर बादरि जैसे ऋषियोंमें अपने समयमें अपना सिध्दान्त तो चलाया ही होगा जिसको उखाडनेके लिये जैमिनि एवं बादरायण जैसे धुरन्धर महारथियोंको अपनी सारी ताकत लगानी पडी । बल्कि बादरायण राजगुरुके रूपमें प्रसिध्द हुए । राजसहायसे भी उन्होनें अपना सिध्दान्त फैलाया होगा । यह विषमता न होती तो सभी जातिवाले अपनी गौरव- गाथा बनाकर स्वीय जातिधर्ममें निष्ठा रखते हुए वैदिक सिध्दान्तकी रक्षा करते । और पूरा भारत एकजुट हो जाता । अर्थात् वैदेशिक आक्रमणका मिलकर मुकाबला करता । आचार्य शंकरने भी वर्णविभाग मानते हुए ही गौरवलाघवका कारण मनुष्यकी योग्यताको ही मनीषा पञ्चकमें " चाण्डालोऽस्तु स तु द्विजोऽस्तु गुरुरित्येषा मनीषा मम " कहकर स्पष्ट किया । " चाण्डालोऽस्तु द्विजोऽस्तु " इस अंशसे वर्णविभाग दिखाया । गुरुः कहकर ज्ञानको गौरवका कारण बताया । जो लोग यहां भी यह कहते हैं कि वहां संमुख आये हुए चाण्डालवेषधारी भगवान विश्वनाथ ही थे अतः गुरुत्व माना । परंतु यह तो तोड-मरोडकी कुशलताका प्रदर्शनमात्र है । यदि यही बात है तो " चाण्डालोऽस्तु स तु द्विजोऽस्तु " यह विकल्प दिखानेकी क्या जरुरत थी ? अभिज्ञापक्षमें भी विश्वनाथजी को पहचानते हुए विश्वनाथ भगवानके संमुख " चाण्डालोऽस्तु स तु द्विजोऽस्तु गुरुरिति " कहकर अपना यथार्थ ह्रदय ही सामने रखा यही तात्पर्य सरलतासे सब कोई समझ सकते हैं । क्या आचार्य विश्वनाथ बाबाके सामने मनमें कुछ रखकर वाणीसे अन्य कुछ कह गये ऐसी कल्पना करना शोभास्पद है ?

" मुरारेस्तृतीयः पन्थाः " के उदाहरणात्मक अन्य कतिपय मनीषियोंका कहना है कि मनीषापञ्चक जैसे छोटे-मोटे सैकडों ग्रन्थ आचार्यके नामसे अन्य व्यक्तियोंने ही लिख

डाला है । चाहे वे शंकराचार्यपीठोपविष्ट अन्य शंकराचार्य हों या शंकराचार्यनामसे ग्रन्थ लिखकर अपना नाम छिपानेवाले हों । किन्तु इन सब बातोंमें कोई तथ्य नहीं है । क्योंकि शंकराचार्य पीठस्थ शंकराचार्योंका अपना अपना नाम अलग था । उन्हीं नामोंको पुष्पिकामें लिखकर वे ग्रन्थ पूर्ण करते थे । आचार्यपीठस्थ ऐसा जाली काम करते रहे इत्यादि कल्पना उन्हींके लिये शोभा देता है जो ऐसा काम स्वयं करते हैं, जाली काम करनेके आदि हैं । अस्तु । अतएव प्रकृत गायत्री भाष्यके बारेमें भी इस प्रकारका पूर्वपक्ष करनेवालोंको मेरा यही उत्तर रहेगा । जबतक दृढतर विपरीत प्रमाण उपस्थित नहीं होता तबतक ऐसे तर्कोंको मान्य करना अनुचित ही होगा ।

ज्ञानमें अधिकार शूद्रादिको है या नहीं इस विषयमें भाष्यकार शंकराचार्यका मत स्पष्ट है । ब्रह्मसूत्र भाष्यमें अपशूद्राधिकरणमें शूद्रोंको ज्ञानमें अधिकार विदुरधर्मव्याधादिके दृष्टान्तसे उन्होंने सिध्द किया जब कि रामानुजाचार्य माध्वाचार्यादि अन्य सभी भाष्यकारोंने शूद्रको अनधिकार ही व्यासानुमत माना । किन्तु वेदाध्ययनके बारेमें शांकरमत क्या है यह अस्पष्ट सा है । अपशूद्राधिकरणकी अन्तिम पङ्क्तिमें वे यही कहते है कि " वेदपूर्वस्तु नाधिकार इति स्थितम् । " वेदपूर्वकज्ञानमें शूद्रोंको अधिकार नहीं है । यहां अन्तमें " स्थितं " शब्दका प्रयोग क्यों किया ? कुत्र स्थितम् ? यह प्रश्न उठेगा । शास्त्रेषु स्थितं अर्थ है तो यहां उसका उत्थापन आवश्यक नहीं था । यहां सन्दिग्धार्थनिर्णयार्थ अधिकरणका आरंभ है । स्थितं शब्दका सिध्दान्त अर्थ मानकर समाधान कर सकते हैं । ऐसा शब्दार्थ न होनेपर भी उस अर्थमें मीमांसक लोग स्थित शब्दका प्रयोग करते हैं । किन्तु उसका पर्यवसान तो वेदानधिकारमें ही होगा । और पुर्वमीमांसाके अपशूद्राधिकरणसे अधिक अर्थ नहीं लाया जा सकता । फिर ज्ञान वेदपूर्वक हो या अवेदपूर्वक हो । प्राप्त होनेपर क्या फरक पडता है ? ज्ञानको ऐकान्तिक फल मोक्ष स्वीकार ही किया है । यह माना जाये कि " तं त्वौपनिषदं पुरुषं पृच्छामि नावेदविन्मनुते तं बृहन्तं " इत्यादि श्रुतियोंके अनुसार वेदोंके विना ज्ञान ही नहीं होता, तो विदुर- धर्मव्याधादिको ज्ञान और मोक्ष आचार्यने कैसे स्वीकार किया ? ऐसी स्थितिमें वहां की सारी पङ्क्तियां बेकार हो जायेंगी । यदि श्रध्दा वादियोंके अनुसार यह माना जाये कि विदुर धर्मव्याधादिने पूर्वजन्ममें उपनिषदोंका अध्ययन किया था । उससे उनको अपरोक्षकल्प ज्ञान भी हो गया था । प्रारब्ध प्रतिबन्धसे पूर्णसाक्षात्कार नहीं हुआ । इस जन्ममें पुस्तकावलोकनादिमात्रसे उन्हीं श्रुतियोंसे ब्रह्मसाक्षात्कार हुआ , तो यह प्रश्न सामने आयेगा कि ऐसे फिर सभी जीव अनादि होनेसे असंख्य कल्पोंमें - जैसे एक कीडेने

बताया था कि मैं कई बार इन्द्र बन गया हूं, तदनुसार, सबने कई बार श्रुत्यध्ययन भी किया होगा । तब पुस्तकावलोकनादिसे श्रौतज्ञान सबको क्यों नहीं हो सकता ? दूसरी बात - " तद्विज्ञानार्थं स गुरुमेवाभिगच्छेत् " इस श्रुतिके अनुसार वर्तमान जन्ममें ही गुरु 'अभिगमनकी आवश्यकता नहीं है क्या ? इस ढंगके कई प्रश्न सामने आ जाते हैं । और अपशूद्राधिकरणकी सार्थकता दुरुपपाद होगी । अतः ऐसा लगता है कि भाष्यकारने स्थितगतिचिन्तनमात्र किया ।

नन्वेवं देवस्येति व्यर्थम् । तस्यापि द्योतनरूपज्ञानस्वरूपतार्थकत्वात् इत्यादिशङ्कायां वृत्तीनाम नेकत्वेन तदवच्छिन्नानां ज्ञानानामनेकत्व -संभावनासत्त्वात् प्रज्ञानैकाकारतालक्षणचिदेकरसत्वलाभा र्थत्वान्नैवमिति परिहरति- देवस्येतीति । देवयति दीव्यतीति च व्युत्पत्तिद्वयेऽपि देव इति रूपम् । सर्वप्रकाशनात् स्वयंप्रकाशरूपत्वञ्च तथा सर्वद्योतनात्मिका या अखण्डचित् तदेकरसमित्यर्थः । क्वचित् सदेकरसमिति पाठो दृश्यते । सदेकरसमित्यस्य लक्ष्यत इति पूर्वेण सम्बन्धः । तस्य पूर्वयोः निरतिशयानन्दरूपमिति ज्ञानैकविषयत्वमित्यनयोरपि सम्बन्धो द्रष्टव्यः ।

ननु भर्गः इत्यनेन निर्दुखचिद्रूपत्वं, देवस्येत्यनेन ज्ञानैकरसत्वं चोच्यते तदा षष्ठ्यर्थः कः स्यात् । न हि तयोर्भेदलक्षणसम्बन्धोऽस्तीत्याशङ्कायाम्औपचारिकाभेदार्थत्वान्नैवम् इति परिहरति- सवितुर्देवस्येति ।सवितुर्देवस्य भर्ग इत्यत्रेत्यर्थः । राहोः शिर इति प्रथमान्त शिरःपदघटितदृष्टान्तानुरोधात् ।औपचारिक इति । अभेद इति शेषः । उपचारलभ्योऽर्थः औपचारिकः । उपचारो लक्षणा ।

एवं पदार्थं व्याख्याय कृत्स्नवाक्यार्थमाह-बुद्ध्यादीत्यादि। बुद्ध्यादिसर्वदृश्यसाक्षिलक्षण मिति तृतीयपादार्थसंग्रहः । धिय इत्युपलक्षणतया सर्वदृश्यपरत्वमिति भावः । ननु सर्वदृश्य प्रचोदनं नोपपद्यते अप्रचोद्यत्वाद् घटपटादीनामित्याशङ्कायां साक्षिप्रकाशेनैव धियां प्रवृत्तेस्ता आदाय प्रचोदयितृत्वोक्तेस्तासामुपलक्षणत्वे प्रचोदयितृत्वमपि प्रकाशयितृत्वोपलक्षणं भविष्यतीत्याशयेन साक्षीत्युक्तम् । सर्वाधिष्ठानभूतमिति सवितृपदार्थः, परमानन्दमिति वरेण्यपदार्थः, निरस्तेत्यादिः भर्गःपदार्थः । स्वप्रकाशेत्यादिर्देवस्येत्यर्थः । ब्रह्मेति तत्पदार्थः यन्मे स्वरूपमिति सामानाधिकर ण्यलभ्यार्थः । इति विवेकः । धीमहि ध्यायेमेति । निदिध्यासनात्मकध्यानं बोध्यम् । तत्फलं निध्यानं दर्शनम् । "निर्वर्णयति

निध्यायत्यालोकयति पश्यती "इति कोशात् । ध्यैधातुनिष्पन्नधीशब्दस्य बुद्धयर्थकत्वाच्च ज्ञानफलकध्यानार्थविवक्षणोपपत्तेः ।

नन्वत्र धीप्रयोजकसाक्षी सविता देवो भर्गात्मकस्तं ध्यायेमेति व्याख्यायां विधेयभेदेन वाक्यभेद इति चेन्न । उत्तमपुरुषप्रयोगेण विधिशक्तिक्षयाल्लिङ्गेनैव ध्यानकर्तव्यता ज्ञेया स्यात् । तथा च प्रथमं जीवपरैक्यबोध एव भवति । पश्चादेव ध्यानविधिबोध इति लिङ्गगम्यवाक्यस्य भिन्नत्वेऽपि नास्ति क्षतिः । एकवाक्यत्वेन प्रतीयमानस्थले एव वाक्यभेदस्य दोषत्वात् । अन्यथा "सोमेन यजेते "इत्यत्र सोमविशिष्टयागविधानेऽपि वाक्यभेदःस्यात् । तत्र अर्थादेव सोमसम्बन्धविधानलाभस्वीकारात् ।

फलितार्थमाह- एवं सतीति । सहब्रह्मणः= मायासहितब्रह्मणः =मायाविशिष्टब्रह्मणः स्वविवर्तजडप्रपञ्चेनेति । स्वपदार्थोऽग्रे वक्ष्यमाणं ब्रह्म तस्य विवर्तरूपेण जडप्रपञ्चेन सह अपवादे सतीत्यत्वयः । केन न्यायेन ? रज्जुसर्पन्यायेन । अधिष्ठानज्ञाने सति यथा रज्जौ सर्पापवादो भवति तेन न्यायेन सप्रपञ्चशवलब्रह्मणोऽपवादे सतीति तात्पर्यार्थः । किं च सामानाधिकरण्यनिरू प्यैकत्वन्यायेन- सोऽयं देवदत्त इत्यादौ पदयोः पदार्थयोश्च सामानाधिकरण्येनैकत्वं यत्सिध्यति तेन न्यायेन । सर्वसाक्षिप्रत्यगात्मनः = सर्वदृश्यसाक्षिभूतस्य प्रत्यगात्मनः । तादात्म्यरूपं= तदात्मतारूपम् न तु संख्याविशेषात्मकमितिभावः । एकत्वं भवति =एकत्वं जायते, प्रकटीभवतीति यावत् । इति, सर्वात्मकब्रह्मबोधकः = सर्वाभिन्नब्रह्मबोधकः बाधसामानाधिकरण्येन सर्वं प्रतिषिध्य शुध्दं ब्रह्माऽखण्डं बोधयन्नयं गायत्रीमन्त्रः सम्पद्यते अद्वैतब्रह्मबोधको भवति । अयं भावः - सोऽयं देवदत्त इत्यादौ सामानाधिकरण्येनैकत्वमवगम्यते । किन्तु तत्कालतद्देशयोरैतत्कालैतद्देशयोश्च विरुध्दत्वेन तयोरैक्यमविवक्षित्वा तद्भागपरित्यागेन तादात्म्यरूपमेकत्वं भवति । प्रकृते तु धीप्रयोजकप्रत्यगात्मा सर्वकारणब्रह्म इति सामानाधिकरण्यावगमेएकत्वं तयोर्विज्ञायते । किन्तु सर्वस्रष्ट्टत्वंधीमात्रप्रयोक्तृत्वमितिधर्मौ विरुध्दौ इति भागत्याग आवश्यकः । इहान्वयाविव क्षामात्रप्रयुक्तो न भागत्यागः । किन्तु सर्पोऽयं रज्जुरेवेतिवद् बाधसामानाधिकरणत्वात् सर्पबाध वदुपाधिबाधेन त्यागो भवति । एवं च सर्पमालादयो रज्जुरेवेत्यत्र सर्पमालादीनामात्मैव रज्जुरि तिवत्सर्वजगत आत्मा ब्रह्मेति बोधोत्पत्तिर्भवतीति । अत्र सर्वमेवात्मा स्वरूपं यस्येति बहुव्रीहौ 'उरः प्रभृतिभ्यः कप्' इति कपि ब्रह्मण आत्मरूपः प्रपञ्च इति स्यात् । तत्तु नोपपद्यते । प्रपञ्चस्य ह्यात्मा ब्रह्म । तस्मादत्रात्मशब्दस्य शरीरार्थकत्वं रूपार्थकत्वं तादात्म्यार्थकत्वं वा बोध्यम् । सर्वरूपेण भासमानत्वं सर्वात्मकत्वमिति यावत् ।

ननु व्याहृतित्रयस्य व्याहृतिसप्तकस्य वा गायत्रीमन्त्रे योजने गायत्री मन्त्रार्थशुध्दब्रह्मणा तदर्थान्वयः कथं स्यादित्याशङ्कायां तासामत्र योग्यमर्थमाह सप्तेत्यादि । सन्मात्रमिति भू सत्तायामिति स्मरणात् । उच्यत इति । तस्य चाभेदान्वयो ब्रह्मणा । एवमुत्तरत्रापि । सर्वं भावयति प्रकाशयतीति । भावना हृदयगता ध्यानात्मिका प्रसिध्दा । तदेवेक्षणम् । तेन प्रथमं सूक्ष्मं जगत् प्रकाशयति । पुनः स्थूलं भावयतीति चिद्रूपमुच्यते । सुव्रियत इति । सुवर्नज्योती इत्यादिप्रयोगदर्शनादुकारसहितः सकारः । क्वचिदुकारलोप इति भावः । सुखरूपत्वमिति । इत्थं च व्याहृतित्रयेण सच्चिदानन्दरूपत्वमुच्यत इति भाव । सर्वातिशायित्वमिति । विशेषण विरहेण सर्वमहीयस्त्वलाभादिति भावः । सर्वकारणत्वमिति । सर्वजगत्कारणत्वमित्यर्थः । सर्वतेजोरूपत्वमिति । " यच्चन्द्रमसि यच्चाग्नौ तत्तेजो विध्दि मामकम् । " इति स्मृतेरिति भावः । सर्वबाधारहितमिति । बाधात्यन्ताभाववद् बाधावधिभूतमित्यर्थः ।

अधुना वाक्यतात्पर्यार्थमाह - एतदुक्तं भवतीति । लोकस्वरूपं भूरादिलोकानां स्वरूपं यथोक्त सद्रूपत्वादिकं तदोंकारपदवाच्यम् -ओंकारपदार्थरूपं ब्रह्मैवात्मनोऽस्य स्वरूपम् । कथम् ? अस्या त्मनोऽपि सच्चिदानन्दस्वभावात् । लोके स्वरूपमिति पाठे भूरादिलोके । सामान्ये एकवचनम् । आत्मनश्च सच्चिदानन्दस्वभावः सिध्दः । न हि स्वजन्म स्वमरणं च कस्यचित्प्रत्यक्षम् । न वा परः प्रत्यक्षयितुमीष्टे । परेषां कृतेऽतीन्द्रियत्वात् । तथा च सद्रूपत्वमात्मनः । सुषुप्तिकालेऽपि स्वप्रकाशदर्शनाच्चिद्रूपत्वम् । सुखमहमस्वाप्समिति परामर्शदर्शनात् प्रेयोरूपत्वाच्चानन्दस्वरूपत्वमपि । महीयस्त्वादिकं श्रुतिगम्यमेव । तथा च लक्षणैक्यादैक्यमिति ।

एवं यौगिकार्थमादाय व्याहृतयो व्याख्याताः । अधुना रूढार्थमादायप्याह- अथेति । भूरादयः -भूर्भुवःस्वरादयः । सर्वे- त्रयो वा सप्त वा लोकाः ॐकारवाच्याः ॐ भूः ॐ भुवः इत्येवं प्रत्येक स्योंकारसामानाधिकरण्यात् । ॐकारान्तर्गतमात्रात्रयवाच्या भूर्भुवःस्वर्लोका भवन्ति । नादबिन्द्वादेः पृथक्त्वेऽन्येऽपि लोकास्तद्वाच्याः । किं चोंकारपदवाच्यब्रह्मात्मका इत्यतोऽप्योंकारपदवाच्याः इत्याह- ब्रह्मात्मका इति । तथा सति फलितार्थमाह- न तद्व्यतिरिक्तं किंचिदस्तीति । तथा च सर्वात्मकत्वं ब्रह्मण इति बोधयितुं व्याहृतय इत्याह- सर्वात्मकब्रह्मबोधिका इति ।

नन्वेवमपि गायत्रीशिरसः पृथगर्थत्वादनन्वयित्वं स्यादित्याशङ्कापरिहारार्थं तदपि व्याचष्टे- गायत्रीशिरसोऽपीति । आप्नोतीति ।आप इत्यकारान्तः सकारान्तश्च शब्दोऽस्तीति एकवचनेन व्युत्पत्तिप्रदर्शनमुपपद्यते । ज्योतिरिति प्रकाशरूपत्वमिति । न चैवं

ससव्याहृत्यन्तर्गत भुव इत्यनेन पौनरुक्त्यं शङ्क्यम् । वाच्यार्थस्य भिन्नोपाधिकत्वाददोषात् । एवमन्येषामपि पदानां बोध्यम् । रस इति । " रसो वै सः रसँ ह्येवायं लब्ध्वानन्दीभवति " इति श्रुतेः किंचिदुपाधिभेदेनानन्दरूपत्व मानन्दजनकत्वमानन्दोपजीव्यत्वं वा । ब्रह्मपदं व्याख्यातम् । भूर्भुवः स्वरोमित्यपि व्याख्यातमेव । पौनरुक्त्यस्य पूर्ववत्परिहारात् । अतः अमृतपदमात्रं व्याचष्टे-अमृतमितीति । शिरोऽर्थान्वित व्याक्यार्थमाह- सर्वेत्यादि । आप इत्यस्य सर्वव्यापीति । ज्योतिरित्यस्य सर्वप्रकाशकमिति । रस इत्यस्य सर्वोत्कृष्टमिति, अमृतमित्यस्य नित्यमुक्तमिति ब्रह्मेत्यस्यात्मरूपमिति भूर्भुवः स्वरित्यस्य सच्चिदानन्दात्मकमिति ओमित्यस्य स्वयमाह- ॐकारपदवाच्यं ब्रह्मेति तदहमस्मीति वाक्यार्थयोजना । इति गायत्रीमन्त्रस्यार्थ इति कृत्स्नोपसंहारः ।

गायत्रीज्ञानयज्ञं गायत्र्या होमे भावनीयां भावनां चाह- गुहाशयेति । गुहायां बुध्दिगुहायां शेत इति तथाभूतं ब्रह्मैव हुताशनोऽग्निस्तत्र अहं कर्तेत्यत्र य इदमंशोऽनात्मपदार्थस्तन्नामकं हविर्हुतं सत् । अहंकर्तेति भावनानुकरणमिति सविभक्तिकः प्रयोगः । तच्च हविर्हुतं सद् विलीयते इत्येवं भाव्यम् । ततश्च नेदमहं भवामीत्येवं भावना कार्या । सोऽयं ज्ञानयज्ञप्रकारोऽभिधीयतेऽत्र गायत्र्याम् । पुरतः स्थितेऽग्नौ च गुहाशयब्रह्मभावना हविषि च अहंकर्तेत्यत्रत्येदमंशभावना । होमे च तद्विलयभावना । होमसमासौ च नेदमहं भवामीति भावना । एतत् प्रत्यक्षहोमे भावनीया भावना ।

प्रागुदीरितकर्मोपासनाहोमोपासनाज्ञानयज्ञादिसकलतात्पर्यार्थंसंगृह्णाति- यदस्तीति । तदात्मरूपमिति । नामरूपयोर्बाधादस्तिभात्योःशुध्दात्मरूपतेति भावः । ननु घटादिरेव भाति न तु भानमेव भातीत्यत आह - नान्यदिति । अन्यबाधात् तद्भानतत्सत्त्वयोरसिध्देःइति भावः । कथं तर्हि घटो भातीत्यादि, तत्राह स्वभावेति । स्वप्रकाशसंविदेव केवला सततं प्रतिभाति । तस्यां भासमानायां नाटकदीपतुल्यायां चित्रवद् ग्राह्यग्रहीत्रादयोमृषारूपा आयान्ति यान्ति चेति ते प्रतिभासन्त इत्युच्यन्त इति ।

इति श्रीमच्छङ्करभगवत्कृतस्य गायत्रीभाष्यस्य
श्रीकाशिकानन्दीयं विवरणम् ।

****

सानुवाद भाष्य वार्तिकम्

[१]

ॐ

सच्चिदानन्दसदन-मनर्थपरिभर्जनम् ।

धियां प्रचोदनं ध्यायाम्यात्मानं ब्रह्म पावनम् ॥१॥

अनर्थकारी सच्चिदानन्दघन बुध्दिप्रेरणादायी आत्माको परमपवित्र ब्रह्मरूपसे हम ध्यान करते हैं । [सवितुः से सर्वाधिष्ठान सतका, देवस्यसे चितका, वरेण्यंसे आनन्दका, भर्गः से अनर्थ भर्जनका, धियो यो न इत्यादिसे बुध्दिप्रेरणाका नः से आत्माका और तत् से ब्रह्मका प्रतिपादन गायत्री मन्त्रमें द्रष्टव्य है ।] ॥१॥

गायत्र्यै जगतां मात्रे वेदमात्रे नमो नमः ।

यस्यास्तत्त्वानुसन्धानात् कैवल्यं लभते नरः ॥२॥

वेदमाता अतएव जगन्माता गायत्री माताको मेरा बार-बार प्रणाम हो, जिसके अर्थतत्वके अनुसन्धानसे मनुष्यको कैवल्यकी प्राप्ति होती है ॥२॥

नमामि भगवत्पादं भाष्यकारं जगद्गुरुम् ।

तद्दर्शितदिशा वृत्तिं गायत्र्या विदधे शुभाम् ॥३॥

भाष्यकार जगद्गुरु भगवत्पाद शंकराचार्यको हम प्रणाम करते हैं । उनकी ही दिखाई दिशासे हम गायत्रीकी मङ्गलमयी वृत्तिका निर्माण करते हैं ॥३॥

सर्वार्थवेदजननी सर्वार्थप्रतिपादिका ।

गायत्री तत्र मुख्यार्थं संग्रहीष्याम्यपेक्षितम् ॥४॥

सर्वार्थबोधक वेदोंकी जननी होनेसे गायत्री सर्वार्थप्रतिपादिका है । यहां हम मुख्य अर्थका ही संग्रह करेंगे जो विशेषरूपसे मुमुक्षुओंके लिये अपेक्षित है ॥४॥

गर्भाष्टमेऽब्दे कुर्वीत ब्राह्मणस्योपनायनम् ।

गर्भादेकादशे राज्ञो गर्भात्तु द्वादशे विशः ॥५॥

मनु महाराजका कहना है [२-३६] कि गर्भसे आठवें सालमें ब्राह्मण बालकका उपनयन संस्कार करना चाहिये, ग्यारहवें सालमें क्षत्रिय बालकका और बारहवें सालमें वैश्य बालकका ॥५॥

ब्रह्मवर्चसकामस्य कार्यं विप्रस्य पञ्चमे ।
राज्ञो बलार्थिनः षष्ठे वैश्यस्येहार्थिनोऽष्टमे ।।६।।

[२-३८] उत्तम वेदाध्ययनादिसे होनेवाला ब्रह्मवर्चस नामक तेजको चाहनेवाले विप्रबालकका पांचवें सालमें, बलार्थी क्षत्रियबालकका छठे सालमें और व्यापारादिकार्यार्थी वैश्यबालकका आठवें सालमें उपनयन करायें ।।६।।

सावित्रीं लभते सोऽयं कृतोपनयनो द्विजः ।
शिशुरेव गुरोस्तस्मादाबालसुलभा हि सा ।।७।।

उपनयनोत्तर द्विजबालक सावित्री अर्थात गायत्री मन्त्रको गुरुसे प्राप्त करता है । अतः यह मन्त्र आबालसुलभ है ।।७।।

सावित्रीमात्रसारोऽपि वरं विप्रः सुयन्त्रितः ।
इत्याह मनुरेतस्या महीयस्त्वमशेषवित् ।।८।।

संयमी विप्रके लिये साररूपसे सावित्रीमात्र रह जाये तो भी वह श्रेष्ठ माना जायेगा इस प्रकार सर्वज्ञ मनुने इस गायत्रीका महत्व बताया है ।।८।।

ओंकारपूर्विकास्तिस्रो महाव्याहृतयोऽव्ययाः ।
त्रिपदा चैव गायत्री विज्ञेयं ब्रह्मणो मुखम् ।।९।।

[२-८१] ॐकारपूर्वक, भूर्भुवः स्वः इन तीन अविनाशी महाव्याहृतियोंको तथा त्रिपदा गायत्रीको ब्रह्मका मुख समझो (मनु) ।।९।।

एतत्पूर्वकमध्येयं ब्रह्म वेदस्ततो मुखम् ।
द्वारत्वाच्च मुखं प्राप्तौ ब्रह्मणः परमात्मनः ।।१०।।

उक्त मानवश्लोकमें ब्रह्मपदका वेद तथा परमात्मा दोनों अर्थ हैं । वेदाध्ययन ॐकारादिपूर्वक होना चाहिये अतः वह ब्रह्ममुख है । परमात्माकी प्राप्तिका द्वार ॐकारादि है अतः वह ब्रह्ममुख है ।।१०।।

योऽधीतेऽहन्यहन्येतां त्रीणि वर्षाण्यतन्द्रितः ।
स ब्रह्म परमभ्येति वायुभूतः खमूर्तिमान् ।।११।।

जो तीन वर्षतक प्रतिदिन आलस्य छोडकर ॐकार तथा व्याहृतिसहित गायत्रीका अर्थानुसन्धानपूर्वक जप करता है वह प्रथम वायुशरीर होकर यथाकामचारी (यथेच्छ सर्वलोकमें विचरणकरनेवाला) होता है, फिर आकाशशरीर (ब्रह्मस्वरूप) होकर ब्रह्मको पाता

है।।११।।

एकाक्षरं परं ब्रह्म प्राणायामः परं तपः ।
गायत्र्यास्तु परं नास्तीत्येवमप्यब्रवीन्मनुः ।।१२।।

ॐकार परब्रह्मस्वरूप है(क्योंकि वह ब्रह्मकी प्रासिका साधन है) प्रणव तथा व्याहृतिसहित सशिरस्क गायत्रीजपपूर्वक प्राणायाम सबसे भारी तप है । गायत्रीसे बढकर कोई मन्त्र नहीं ऐसा भी मनुने [२-८३] कहा है ।।१२।।

जप्येनैव हि संसिध्येद् ब्राह्मणो नात्र संशयः ।
कुर्यादन्यन्न वा कुर्यान्मैत्रो ब्राह्मण उच्यते ।।१३।।

मनु महाराज कहते हैं [२-८७] जपादिसे ही ब्राह्मण मोक्षसिध्दियोग्य बन जाता है । अन्य यागादि करें या न करें । यहां ब्राह्मणका अर्थ मैत्र समझना । [जपे साधु जाप्यं अर्थात् जपमें जो उपयुक्त वह जप्य है । मैत्रका अर्थ है सर्वप्राणियोंमें मैत्रीसे युक्त] ।।१३।।

तज्जपश्च तदर्थस्य भावनं च फलप्रदम् ।
तज्जप्यं तेन विज्ञेयः सम्यगर्थश्च साधुभिः ।।१४।।

मन्त्रजप तथा मन्त्रार्थभावन ये दोनों साथमें हों तब वह फलप्रद है (तज्जपस्तदर्थभावनम् ऐसा सूत्र है) इसीको जप्य कहते हैं । अतः साधकोंको गायत्रीका अर्थ भी समझना चाहिये ।।१४।।

आबालसुलभामेतां तपोरूपां प्रबोधदाम् ।
भाष्यकृज्जगदुध्दर्तुं व्याचचक्षे जगद्गुरुः ।।१५।।

इसप्रकार सर्वसुलभ, तपोरूप, बोधदायी इस गायत्रीको जगतके उध्दारका सरल साधन होनेसे भाष्यकार जगद्गुरु भगवान शंकराचार्यने व्याख्या की - भाष्य लिखा ।।१५।।

आद्याभ्यामत्र पादाभ्यां तत्पदार्थः सशोधनम् ।
सहध्यानसहायं च गायत्र्यां विनिरूपितः ।।१६।।

इस गायत्रीमें प्रथम दो पादोंमें तत्पदार्थका पदार्थशोधनके साथ तथा सहायक ध्यानवर्णनादिके साथ निरूपण किया गया है ।।१६।।

तृतीयेन च पादेन त्वंपदार्थः सशोधनम् ।
सकर्मोपास्तिसाहाय्यं सरहस्यं निरूपितः ।।१७।।

तृतीय पादमें त्वंपदार्थका पदार्थशोधनपूर्वक, सहायक कर्म एवं उपासनाके साथ रहस्यपूर्ण तरीकेसे वर्णन किया गया है ।।१७।।

सामानाधिकरण्येन यत्तदर्थैक्यतस्तथा ।
निरूप्यते तयोरैक्यं महावाक्यार्थलक्षणम् ।।१८।।

प्रथम पादद्वयार्थ तथा तृतीयपादार्थका सामानाधिकरण्य होनेसे दोनोंकी एकताका निरूपण हो जाता है, तथा तत् यह इसप्रकार समानार्थक सर्वनामसे भी एकता प्रतिपादित है । यही असिपदार्थ या महावाक्यार्थ है ।।१८।।

किं चात्र निर्विशेषस्य सविशेषस्य चात्मनः ।
उपास्तिर्वर्णिता ब्रह्मसाक्षात्कारोपकारिणी ।।१९।।

और इस गायत्री मन्त्रमें निर्विशेष तथा सविशेष आत्माकी उपासनाका भी वर्णन है । जो ब्रह्मसाक्षात्कारके उपकारी है ।।१९।।

किं चात्र सगुणोपास्तिः सकामानां कृते कृता ।
उभयार्थेऽपि सवितृशब्दस्य प्रतिपादनात् ।।२०।।

इसके अलावा सकाम पुरुषोंके लिये सगुणोपासनाका भी वर्णन है । क्योंकि सवितृ पद सगुणनिर्गुण दोनों अर्थोंमें बताया है ।।२०।।

कर्माप्युक्तं धीपदस्य कर्मार्थेऽपि प्रयोगतः ।
सर्वोपकारिणी तस्माद् गायत्री भुक्तिमुक्तिदा ।।२१।।

गायत्रीमें कर्मका भी निरूपण है क्योंकि धी पदका कर्म अर्थमें भी प्रयोग होता है । इसप्रकार भोग-मोक्ष- उभयदायिनी गायत्री सर्वोपकारिणी है ।।२१।।

सर्वैः संभजनीयत्वमत एवाह भाष्यकृत् ।
गायत्र्या भजनीयत्वं तल्लिङ्गाद् भर्गसो यतः ।।२२।।

सर्वोपकारिणी होनेसे ही भाष्यमें वरेण्यं सर्वैः संभजनीयं ऐसी व्याख्या है। लिङ्गप्रमाणसे गायत्रीके द्वारा ही सर्वसंभजनीय है ।।२२।।

बर्हिर्देवसदो दामि मन्त्रोऽङ्गं लवने यथा ।
सर्वसंभजनीयत्वे गायत्र्यङ्गं हि लिङ्गतः ।।२३।।

बर्हिर्देवसदनं दामि (देवोंके बैठनेके लिये कुश काटता हूं) यहां किस मन्त्रसे काटना चाहिये यह बताया नहीं । तथापि लिङ्गप्रमाणसे यही मन्त्र कुशच्छेदनका मन्त्र हो जायेगा । वैसे वरेण्यं संभजनीयं कहनेपर किस मन्त्रसे वरण करना चाहिये यह बताया नहीं । तथापि लिङ्गप्रमाणसे गायत्री मन्त्रसे ही वरण (संभजन) किया जायेगा । गायत्री भजनाङ्ग होगा ।।२३।।

ननु स्त्रीणां च शूद्राणां नैवास्त्यत्राधिकारिता ।
सर्वैः संभजनीयाऽतो नैषा भवितुमर्हति ।।२४।।
उपनीतिस्त्रयाणां हि विप्रादीनां व्यधाच्छ्रुतिः ।
तेषामेवाधिकारश्च वेदाध्ययनकर्मणि ।।२५।।

पूर्वपक्षः- गायत्रीको सर्वोपकारिणी मानना ठीक नहीं है । क्योंकि स्त्री और शूद्रको इसमें अधिकार नहीं है् । श्रुतियोंमें ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्यको ही उपनयनसंस्कार बताया है । उन्हींको वेदाध्ययनाधिकार भी है । " उपनयीत तमध्यापयीत " यहां उपनीतका ही अध्ययन बताया है ।।२४-२५।।

न च हानुपनीयैव तानुवाचेति दर्शनात् ।
विद्योत्कर्षकरत्वं वा विकल्पो वेति सांप्रतम् ।।२६।।
अप्रत्यक्षान्निषेधस्य विकल्पाद्यप्रसक्तितः ।
तदेतत्स्यात्समर्थेषु दोषाभावप्रदर्शनम् ।।२७।।

यदि यह कहा जाये कि छान्दोग्यमें " तान् हानुपनीयैव एतदुवाच " इस श्रुतिकथनसे उपनयन विद्याध्ययनाङ्ग नहीं हो सकता, उपनयन विद्योत्कर्षार्थ हो सकता है । या उपनयनका विकल्प माना जा सकता है तो इसपर यही वक्तव्य है कि " तान् हानुपनीयैव " इत्यादि भूतार्थवाद है । वह " उपनयीत " इस विधिको अनित्य नहीं बना सकता । समर्थ होनेसे उपनयन न करानेपर भी अश्वपतिको दोष नहीं लगा इतना ही वहां तात्पर्य हो सकता है ।।२६-२७।।

अत्राह बादरिर्नाम महर्षिर्बहुशास्त्रवित् ।
न विधेः किन्तु कामेन प्राप्तमध्ययनं श्रुतेः ।।२८।।

बादरि ऋषिका उत्तरः- अध्ययन ही विधिसे गम्य नहीं है । उसका फिर अङ्ग क्या होगा ? अध्ययन कामतः प्राप्त है । अतः यहां अधिकारविचार नहीं हो सकता ।।२८।।

भोगस्वर्गापवर्गादेः सिध्दा वाञ्छा शरीरिणाम् ।
इच्छा विषयसौन्दर्यान्न विधेरिति निश्चयः ।।२९।।

भोग, स्वर्ग, अपवर्ग एवं धनादिकी इच्छा शरीरधारियोंमें स्वतः सिध्द है । अर्थात विषयसौन्दर्यके कारण इच्छा होती है । फलमें या इच्छामें विधि नहीं होती ।।२९।।

तथ्देतवश्च कर्माणस्तत्का॒ानां श्रुतौ श्रुताः ।
स्वर्गकामो यजेतेति श्रीकामश्च जपेदिति ।।३०।।

भोगस्वर्गादिके प्रति कारणरूप कर्मादिमें स्वर्गादिकी कामनावाला ही अधिकारी है यह " स्वर्गकामो यजेत " " श्रीकामः सततं जपेत् " इत्यादि श्रुतियोंमे ही स्पष्ट है ।। ३०।।

कर्मादीनां भवेध्देतुर्वेदाध्ययनमित्यतः ।
अर्थप्रासं तदप्येव न तत्रापि विधेः क्रमः ।।३१।।

कर्मादिके प्रति वेदाध्ययन हेतु है । अतः वेदाध्ययन भी अर्थतः प्रास है । वहां भी विधिकापादप्रसार नहीं है ।।३१।।

स्वाध्यायोऽध्येय इत्यत्र नास्ति किंचिद्विशेषणम् ।
वाजपेये यथा विप्रो राजसूये नृपो यथा ।।३२।।

" स्वाध्यायोऽध्येतव्यः" यहां कोई विशेषण भी नहीं है । जैसे वाजपेयके लिये विप्र विशेषण है । राजसूयके लिये राजा विशेषण है ।।३२।।

विद्या पुस्तकपाठादेर्लभ्यतेऽध्ययनादपि ।
तस्मिन्नियमनार्थं तु स्वाध्यायाध्ययनश्रुतिः ।।३३।।

तो क्या " स्वाध्यायोऽध्येतव्यः " यह वचन व्यर्थ है ? नहीं । कर्मोपयोगी विद्या पुस्तक- पाठादिसे तथा अध्ययनसे भी प्राप्य है । उनमें अध्ययनसे ही विद्या प्रास करना चाहिये ऐसे नियमार्थ वह नियमविधि है ।।३३।।

गुरोरध्ययनं तध्दि नैवोपनयनं विना ।
अर्थसिध्दमतः सिध्दं तस्योपनयनं तथा ।।३४।।

गुरुमुखसे अध्ययन जो पूर्वोक्त है वह उपनयनके विना संभव नहीं । अतः उपनयन भी अर्थसिध्द ही है ।।३४।।

उपाध्यायस्य सविधं विद्यार्थं प्रापणं बटोः ।
यत्तदेवोपनयनं शबरस्वाम्यभाषत ।।३५।।

विद्याके लिये उपाध्यायके पास पहुंचाना उपनयन है ऐसा शाबरभाष्यमें बताया है । चाहे वह आचार्यके द्वारा स्वयं बुलाकर हो या पिता आदि पहुंचाये ।।३५।।

ननूपनयनं नाम यज्ञसूत्रादिधारणम् ।
न चार्थसिध्दं तत् तेन विनाऽध्ययनसंभवात् ।।३६।।
तत्र चास्त्यधिकारित्वे ब्राह्मणादिविशेषणम् ।
उपनीतपरामर्शादधीतौ चेति चेन्न तत् ।।३७।।

पूर्वपक्षः- उपनयन तो यज्ञोपवितधारणादिकोकहते हैं । वह अध्ययनके प्रति अर्थसिध्द

नहीं है । जिसके विना जो संभव नहीं वही अर्थसिध्द है। उपनयनके विना भी पुस्तक पढ सकते हैं । अतः उपनयन विधिप्रास है । और विधिमें " अष्टवर्षं ब्राह्मणमुपनयीत " इत्यादि रीति ब्राह्मणादिका विशेषण है । " तमध्यापयीत " में तं से उपनीत ग्रहण होनेसे अध्ययनमें भी ब्राह्मणादि ही अधिकारी है ।।३६-३७।।.

उपनीतिविधाने हि ग्रहैकत्ववदत्र च ।
विवक्षितुं न शक्यं स्यादुद्देश्यस्थं विशेषणम् ।।३८।।

यदि यहां उपनयनका विधान है तो " ग्रहं समार्ष्टि " में ग्रहकी एकताके समान उद्देश्यगत विशेषणकी विवक्षा नहीं होगी ।।३८।।

तस्मादत्रोपनयनमुपप्रापणमिष्यते ।
तच्च प्रासमनूद्यैव विप्रकालो विधीयते ।।३९।।

अतः यहां उपनयन उपप्रापण (पास बुलाना या ले जाना) ही है । वह प्रास है । उसका अनुवाद कर विप्रादिके लिये कालविधान मात्र यहां है ।।३९।।

न च वाच्यं ब्राह्मणत्वाद्यविवक्ष्यं तदा भवेत् ।
जातिशक्त्युररीकाराद् शक्यं तध्दि ग्रहत्ववत् ।।४०।।

उद्देशगतब्राह्मणत्वकी भी फिर अविवक्षा होगी । नहीं । जातिशक्ति माननेसे वह उद्देश ही है।।४०।।

यत्तु कालोऽविधेयत्वान्निमित्तमिति तन्न सत् ।
विना विधिप्रवेशं हि निमित्तं किं करिष्यति ।।४१।।

काल स्वतः आता है, विधेय नहीं हो सकता । अतः वह निमित्त मात्र है ऐसा कहना भी व्यर्थ है ।विधिमें प्रवेश न.हो तो निमित्त बनकर क्या वह करेगा ? ।।४१।।

उपादेयं न तूद्देशं काम्यत्वाद् ब्राह्मणादिकम् ।
इति पक्षेऽपि वक्तव्यमग्रे व्यक्तीभविष्यति ।।४२।।

" ब्राह्मणमुपनयीत " आदिमें ब्राह्मणादि उपादेय है, उद्देश नहीं । क्योंकि यह काम्यविधि है । इस पक्षमें जो वक्तव्य है सो आगे स्पष्ट होगा ।।४२।।

शूद्रस्य कालो विहितो न श्रुत्येति यदा कदा ।
उपनेतुं शक्यते स शक्नोत्यध्येतुमेव च ।।४३।।

शूद्रके लिये श्रुतिने काल नहीं बताया, अतः कभी भी उपनयन करायें और पढायें ।।४३।।

अग्न्याधानेऽपि तुल्यं तत् येषां कालो न चोदितः ।
तत्राग्नीनादधीतेति सामान्यवचनं स्थितम् ।।४४।।

यही बात अग्न्याधानमें भी है ।।४४।।

अतश्च रथकारस्य वर्षास्वाधानमीरितम् ।
वेदाभावेऽग्निमाधत्तां शूद्रो ही रथकृत् कथम् ।।४५।।
वेदो निषादस्थपतिं याजयेदिति च व्यधात् ।
कथं च यजनं तेन क्रियेताध्ययनं विना ।।४६।।
तत्रावश्यकवेदांशमात्राध्ययनकल्पना ।
कुकल्पनैव भवति स्त्रीणामप्येवमेव च ।।४७।।

कुछ पण्डित कहते हैं कि " निषादस्थपतिं याजयेत् " यहां उसी यज्ञके उपयोगी कुछ ही मन्त्रोंको पढना अर्थापत्तिसे प्राप्त है । परंतु यह सब कुकल्पनामात्र है । यही बात स्त्रियोंके लिये भी है । यज्ञमें पतिके साथ पत्नी भी भाग लेती है । उनके लिये वक्तव्य कुछ मन्त्रोंको ही तत्काल उपदेशसे वे बोले इत्यादि कल्पना दुराग्रहमात्र है । और अर्थापत्तिप्रमाणकी दुर्दशा करना है ।।४५-४६-४७।।

पुराकल्ये कुमारीणां मौञ्जीबन्धनमिष्यते ।
अध्यापनं च वेदानां सावित्रीवचनं तथा ।।४८।।

कुमारियोंका पुराकल्पमें उपनयन अभीष्ट है। वेदाध्यापन एवं गायत्रीवचन भी इष्ट है ऐसा यमस्मृतिवचन है ।।४८।।

प्रसाधिते पुरे गेहे नारीणामुपनायनम् ।
न तासामाश्रमे वास इत्येतदिह वर्णितम् ।।४९।।

" पुरं शरीरे नगरे गृहपाटलिपुत्रयोः " इस हेमकोशके अनुसार पुरका गृह अर्थ यहां लेना चाहिये । और " स्यादाकल्पः प्रसाधने " के अनुसार आकल्पका मण्डन या मण्डित अर्थ करना चाहिये । अर्थात सुन्दर घरमें नारीयोंका उपनयन होता है । आश्रम जंगल आदिमें नहीं ।।४९।।

पूर्वकल्पार्थकत्वं तु न याम्येऽस्मिन् विवक्षितम् ।
अयं कल्पः पुरैव स्याद् भविष्यत्कल्पदृष्टितः ।।५०।।

उक्त यमस्मृतिमें पुराकल्पका पूर्वकल्प अर्थ नहीं हैं । क्योंकि वर्तमान कल्पभी भविष्यत्कल्पकी दृष्टिसे पुराकल्प है ।।५०।।

अन्यथा त्विष्यत इति वर्तमानापदेशनम् ।
नावकल्पेत पठता न लभ्येत कदाचन ।।५१।।

यदि आजसे पूर्वकल्प ऐसा अर्थ मानेंगे तो इष्यते यह वर्तमान प्रयोग असंगत होगा । आज चाहनेसे पूर्वकल्पमें उपनयन कैसे होगा ? इस वचनको पढकर उपनयनमें प्रवृत्त होना होगा । पुर्वकल्पमें जब इस वचनको पढेंगे तो उस पूर्वकल्पसे पूर्वतर कल्प उपस्थित होगा । फलतः उपनयनार्थ कोई कल्प ही नहीं मिलेगा । और वचन व्यर्थ होगा ।।५१।।

यज्ञोपवीतिनीं कन्यां प्रावृतामभ्युदानयत् ।
इत्याह गोभिलो गृह्ये तासां तत्त्वं ततः स्थितम् ।।५२।।

गोभिलने गृह्यसूत्रमें कन्याके आनयनमें विशेषण दिया है कि वह यज्ञोपवीतधारिणी हो, वस्त्रोंसे आवृत हो ।।५२।।

द्विविधा ब्रह्मवादिन्यः सद्योवध्व इति स्त्रियः ।
अग्नीन्धनादिकं सर्वं प्रथमानां निजे गृहे ।।५३।।
विवाहस्तु द्वितीयानां भवेदुपनयोत्तरम् ।
इत्येवमाह हारीतस्तत्रोक्तार्थसमर्थनम् ।।५४।।

हारितस्मृतिमें लिखा है - " द्विविधाः स्त्रियो ब्रह्मवादिन्यः सद्योवध्वश्च । तत्र ब्रह्मवादिनीनामुपनयनमग्नीन्धनं वेदाध्ययनं स्वगृहे भिक्षाचर्या । सद्योवधूनां तूपनयनं कृत्वा विवाहः कार्यः ।" अर्थात् दो प्रकारकी स्त्रियां हैं । एक ब्रह्मवादिनी वैराग्यवती और दूसरी सद्योवधू-ऋतुसे पूर्व विवाहित होनेवाली । इनमें ब्रह्मवादिनियोंको घरमें ही उपनयन, वेदाध्य्यन अग्निहोत्र, भिक्षाग्रहण आदि होगा । सद्योवधुओंका उपनयनोत्तर विवाह होता है । इस स्मृतिसे पूर्वोक्त बात सावित होती है ।।५३-५४।।

पुरोऽनुवाक्यां यत्पत्नीमनुब्रूयादिति श्रुतिः ।
पत्नीं वाचयतीत्यन्या नाविद्वान् विहितोऽस्ति हि ।।५५।।

तैत्तिरीय ब्राह्मणमें (१-६-५-३) पुरोनुवाक्या मन्त्रोंको यजमानपत्नीके साथ बोलनेको कहा है। आश्वलायनोध्दत (श्रौ १-११) श्रुतिमें कहा है - पत्नीसे मन्त्र बुलवायें । अनपढ पत्नीसे नहीं । जैमिनि कहते हैं (३-८-१८) वाचन आदिके लिये अनपढ व्यक्ति विहित नहीं है ।।५५।।

सा क्षौमवसना हृष्टा नित्यं व्रतपरायणा ।
अग्निं जुहोति स्म तदा मन्त्रवत् कृतमङ्गला ।।५६।।

प्रविश्य तु तदा रामो मातुरन्तःपुरं शुभम् ।
दद‍र्श मातरं तत्र हावयन्तीं हुताशनम् ।।५७।। (वा.अयो.२०-१५-१६)
इति वाल्मीकिरब्रूत कौसल्याहवनं मुनिः ।
कश्यपस्य वचश्चैवमदितिं प्रति दृश्यते ।।५८।।
अप्यग्नयस्तु वेलायां न हुता हविषा सति ।
त्वयोद्विग्नधिया भद्रे प्रोषिते मयि कर्हिचित् ।।५९।। (भा.८-१६-८)

वाल्मीकि रामायणमें कौसल्याके अग्निहोत्र हवनका वर्णन आया है - कौसल्या रेशमी वस्त्र पहनकर व्रतपूर्वक मन्त्रयुक्त अग्निहोत्र करती है इत्यादि । भागवतमें कश्यपजी अदितिको

कहते हैं क्या तुमने मेरे वियोगमें अग्निहोत्रादि छोड दिया - इत्यादि ।।५६-५९।।

जैमिनिर्नाधिकारं तु मेने शूद्रस्य तेन सः ।
अपशूद्राधिकरणे विस्तरेण प्रपञ्चितः ।।६०।।

महर्षि जैमिनिने अपशूद्राधिकरणमें शूद्रको अध्ययनादिमें अनधिकार बताया ।।६०।।

स्वतः प्रवर्तते कालो विधातुं नैव शक्यते ।
ततः कालविशिष्टस्य विधानं कर्मणो भवेत् ।।६१।।
ब्राह्मणं बालमुद्दिश्य ह्यष्टवर्षोपनायनम् ।
विधीयते तथा क्षत्रवैश्यौ शूद्रे तु नैव तत् ।।६२।।

कृतिसे असाध्य कालका विधान नहीं हो सकता । अतः कालविशिष्ट उपनयनादि का ही विधान है । ब्राह्मणादिको उद्देशकर अष्टवर्षादिकालीन उपनयनका विधान है । शूद्रके लिये ऐसा विधान नहीं है ।।६१-६२।।

ननूद्देश्यं परिच्छिन्दन् कालः कर्म विशेषयेत् ।
ग्रहैकत्वं च पर्याप्त्या मार्जनस्य विशेषणम् ।।६३।।

पू. उद्देश्य ब्राह्मणादिका परिच्छेद करते हुए अष्टवर्षादि काल कर्मविशेषण हो वैसे एकत्वसंख्या भी पर्याप्तिसे ग्रहपरिच्छेद कर मार्जनविशेषण हो सकता है।।६३।।

विधेयः कालसम्बन्धोऽनूद्योपनयनं ततः ।
ब्राह्मे मुहूर्त उत्तिष्ठेदित्यादौ हि विधौ यथा ।।६४।।

अतः प्रास उपनयनका अनुवाद कर कालसम्वन्धका ही विधान माननां चाहिये । जैसे विप्रोपनयन अष्टवर्षमें हो इत्यादि । कालसम्वन्ध क्रियोत्पत्ति द्वारा उत्पाद्य है । अतः विधेय हो सकता है। जैसे व्राह्मे मुहूर्त उत्तिष्ठेत् " इस विधिमें । उठना तो सबको है । उसमें कालसम्वन्ध- व्राह्ममुहूर्त सम्बन्ध विधेय है ।।६४।।

अत्राहुर्नोपनयनमर्थप्रासमधीतये ।
यत्तान् हानुपनीयैतदुवाचेतीक्षणाच्छ्रुतौ ।।६५।।

उत्तर इसका यह देते हैं कि उपनयन अर्थप्रास नहीं हैं, विधिप्रास है। अतएव " तान् हानुपनीयैतदुवाच " इस प्रकार छान्दोग्यमें अश्वपतिके प्रकरणमें वताया ।।६५।।

यद्विना नोपपद्येत तदर्थप्रासमुच्यते ।
विनोपनयनं विद्यामुवाचाश्वपतिः किल ।।६६।।

जिसके विना कार्य संपन्न न होता हो वही अर्थप्रास कहलाता है । विना उपनयन ही अश्वपतिने उद्दालकादिको विद्या वतायी तव उपनयन अर्थप्रास किस प्रकार ? ।।६६।।

ननूपनयनं चेत्स्यादुपवीतादिधारणम् ।
उद्दालकादयः प्राज्ञाः श्रोत्रिया अतथा कथम् ।।६७।।
समीपप्रापणं तच्चेदर्थप्रासं कथं न तत्
स्वतो गमनतश्चेन्न क्रीडासक्ता हि बालकाः ।।६८।।
अर्थप्रासमतो नूनं बालानामुपनायनम् ।
अनूद्यैवाष्टवर्षादि कालस्तत्र विधीयते ।।६९।।

पूर्वपक्षः- उपनयन क्या है ? यदि यज्ञोपवीतधारण है तो उद्दालकादि ऋषियोंका यज्ञोपवीत नहीं हुआ था क्या ? " महाशाला महाश्रोत्रियाः " इत्यादि उनके लिये विशेषण आया है । यदि समीप प्रापण अर्थ है तो वह अर्थप्रास क्यों नहीं ? स्वयं पासमें जानेसे भी तो अध्ययन हो सकता है । ठीक है, किंतु आठदस वर्षके बच्चे क्रीडासक्त होते हैं । अतः उनको जवर्दस्ती पास बुलाना ही पडता है। पढानेके लिये । अतः प्रास उपनयनका अनुवाद कर अष्टवर्षादि कालका विधान है । ।।६७-६८-६९।।

नोपनीतिमपेक्षन्ते वृध्दा उद्दालकादयः ।
अपि चाश्वपतावासीन्नैवाचार्यत्वकामना ।।७०।।
यो वाचार्यत्वकामः स्याच्छिष्यानुपनयेत सः ।
आचार्यत्वं हि लभते नैवोपनयनं विना ।।७१।।

उद्दालकादि तो वयस्क थे । उनको उपनयनकी क्या जरूरत थी ? और अश्वपतिको आचार्यत्वकी कामना भी तो नहीं थी । उपनयन कराये विना आचार्य नहीं बनते ।।७०-७१।।

श्रृणूपनयनं नाम यज्ञसूत्रादिधारणम् ।
वेदसामीप्यनयनं स्यादद्दष्टमुखेन तत् ।।७२।।

अथवा उपनयन यज्ञोपवीतादि देनेको ही कहते हैं । अदृष्टके द्वारा यज्ञोपवीतादिग्रहण वेदके समीप पहुंचाता है । तभी वास्तविक वेदग्रहण होगा जो कर्मफलपर्यन्त पहुंचायेगा ।।७२।।

पादपातनमर्थस्तु छान्दोग्ये लक्षणावशात् ।
उद्दालकमुखेष्वेतन्मुख्यार्थो यन्न संभवेत् ।।७३।।

छान्दोग्यमें लक्षणासे उपनयनका अर्थ पादपातन करना चाहिये । क्योंकि उद्दालकादि महाश्रोत्रिय होनेसे यज्ञोपवीत धारण करवाना अर्थ वहां संभव नहीं है ।।७३।।

ननूपेयादधीयीतेत्यर्थस्तत्र न चाधिकः ।
अन्यथा गुरुकर्तव्यं कथं स्याच्छिष्यबन्धनम् ।।७४।।

पूर्वपक्षः- जैसे " निषादस्थपतिं याजयेत् " का निषादस्थपतिर्यजेत् अर्थ माना है वैसे यहां बालक गुरुके पास जाये और अध्ययन करे इतना ही अर्थ है। अन्यथा यह गुरुका कर्तव्य होगा, वह शिष्यके लिये बन्धनकारी कैसे होगा ।।७४।।

विधिवच्चोपगमनं नमस्कारादिपूर्वकम् ।
नमस्कारादिकं त्वङ्ग लभ्यं शास्त्रान्तरेण हि ।।७५।।

" विधिवदुपसन्नः " इत्यादि वचनसे जो विधि बतायी है वह नमस्कारादिपूर्वकत्व ही है । वह शास्त्रान्तरसे प्राप्त होता है ।।७५।।

मैवं पूर्वोदितार्थस्तु स्मृतिप्रामाण्यतो भवेत् ।
उपनीतो भवेद्वेदानधीयीतेति गम्यते ।।७६।।

उत्तरः- स्मृतिप्रामाण्यसे यज्ञोपवीतादि धारण उपनयनका अर्थ है । अतः शिष्यकर्तव्यरूपमें यही व्याख्या करनी पडेगी कि वह प्रथम उपनीत हो फिर वेदाध्ययन करे ।।७६।।

अत्राहुरुक्तवाक्येन नैवोपनयनोर्ध्वता ।
सिध्येदध्यापनस्यायमाचार्यार्थो विधिर्यतः ।।७७।।

इस विषयमें अन्य विद्वानोंका कहना है कि " अष्टवर्षं ब्राह्मणमुपनयीत तमध्यापयीत

" इत्यादि वाक्यसे उपनयनोत्तर वेदाध्ययनका नियम सिध्द नहीं होता। क्योंकि यह विधि आचार्यके लिये है, विद्यार्थीके लिये नहीं ।।७७।।

संमाननोत्सञ्जनयोराचार्यकरणे तथा ।
ज्ञानादौ चात्मनेभाषा नयतेरुदिता स्मृतौ ।।७८।।

व्याकरणस्मृतिमें बताया है- " संमाननोत्सञ्जनाचार्यकरणज्ञानभृतिविपणनव्ययेषु नियः " अर्थात संमानन, उत्संजन, आचार्यकरण ज्ञान आदि अर्थमें नी धातुसे आत्मनेपद होता है । उपनयीत यह आत्मनेपद आचार्यत्वसंपादनार्थबोधक है ।।७८।।

तत्राचार्यत्वकामो यः स बालस्योपनायनम् ।
अध्यापनं च कुर्वीतेत्येष वाक्यार्थ इष्यते ।।७९।।

उक्त वाक्यमें वाक्यार्थ यही स्पष्ट है कि जो आचार्य बननेकी इच्छा रखता है वह ब्राह्मणादि बालकोंका उपनयन तथा अध्यापन कराये ।।७९।।

उपनीय तु यः शिष्यं वेदमध्यापयेद् गुरुः ।
साङ्गं च सरहस्यं च तमाचार्यं प्रचक्षते ।।८०।।

"उपनीय तु यः शिष्यं " इत्यादि स्मृतिमें उक्त अर्थ बिलकुल स्पष्ट है ।।८०।।

तत्स्वाध्यायमधीयीतेत्येषाऽधीतिविधायिका।
तस्यां श्रुतौ नास्ति किंचिदधिकारिविशेषणम् ।।८१।।

बालकोंके लिये अध्ययनविधायक श्रुति तो " तस्मात् स्वाध्यायमधीयीत " स्वाध्यायोऽध्येतव्यः " इत्यादि ही है। वहां अधिकारीके लिये कोई विशेषण नहीं है ।।८१।।

न च वाच्यं द्विजस्यैव वदत्यध्ययनं स्मृतिः ।
श्रुत्या प्रागेव सर्वेषां वेदाध्ययनबोधनात् ।।८२।।

यह कहें कि स्मृतियोंमें त्रैवर्णिकोंके लिये ही अध्ययनका वर्णन है, तो उसका उत्तर है कि स्मृतिसे पहले ही श्रुति सबके लिये वेदाध्ययन बता चुकती है । बादमें आनेवाली स्मृति इसमें संकोच नहीं कर सकती ।।८२।।

ननु यज्ञोपवीत्येवाधीयीतेति श्रुतौ श्रुतम् ।
सामान्यस्य विशेषे स्यादुपसंहार एव च ।।८३।।

पूर्वपक्षः- यज्ञोपवीतधारी अध्ययन करे ऐसा श्रुतिमें बताया है । तब " स्वाध्यायामधीयीत " इस सामान्यविधिका विशेषमें उपसंहार होनेसे यज्ञोपवीतरहित शूद्र कैसे अध्ययन करेगा? ।।८३।।

तन्नैवकारोऽत्राधीतेरनुवादं निबोधयेत् ।
यज्ञोपवीतं तस्याश्च भवेदङ्गं श्रुतेर्वशात् ।।८४।।

उत्तरपक्षः- एवकारसे अध्ययनका यहां अनुवादमात्र सिध्द होता है ।विधि नहीं । तब यह यज्ञोपवीतको अंगमात्र बतायेगा ।।८४।।

अङ्गाङ्गिनोऽरन्यतरलोपे प्रासे सतां वरैः ।
अङ्गलोपो विषह्येत नाङ्गिलोपः कदाचन ।।८५।।

अङ्ग और अङ्गीके लोपकी प्रसक्ति होनेपर मीमांसक लोग अङ्गलोप स्वीकार करते हैं, अङ्गिलोप नहीं ।।८५।।

बादरिस्तूपनयनं शूद्रस्यापि जगौ मुनिः ।
यदुपव्ययते देवलक्ष्ममेवेत्यतः श्रुतेः ।।८६।।

बादरिमुनि शूद्रका भी उपनयन कहते है । "उपव्ययते देवलक्ष्ममेव तत्कुरुते " ऐसी श्रुति है ।।८६।।

सा दर्शपूर्णमासस्था नैवान्यार्थेति चेन्न तत् ।
व्यर्थत्वान्नित्ययज्ञोपवीतेनैवार्थसंगतेः ।।८७।।

" उपव्ययते " यह श्रुति दर्शपूर्णमासप्रकरणमें स्थित होनेसे उसीमें उपयोगी है ऐसी शंका निराधार है। क्योंकि नित्ययज्ञोपवीत स्मृति आदिसे प्रास है । उसीसे यह गतार्थ है ।।८७।।

यस्त्वत्र विधिसामर्थ्याद् द्व्युपवीतत्वकल्पना ।
देवसामान्यलक्ष्यार्थवादेनैषा तिरस्कृता ।।८८।।

नित्योपवितित्व प्रास होनेपर भी विधिसामर्थ्यसे दो जनेउ पहननेकी जो कल्पना है वह देवसामान्यके लक्षणके रूपमें वर्णन करनेसे निरस्त हो जाती है। देवकार्यमात्रके लिये उपयोगित्व उससे सिध्द है। प्रकरणसे वाक्य बलवान है ।।८८।।

यद्वा स्मृतेर्मूलवेदः कल्प्यते तमनूद्य च ।
शक्यते कालसम्बन्धो विधातुमुपनायने ।।८९।।

यदि " उपव्ययते " को नित्ययज्ञोपवीतविधि माननेमें अनुपपत्ति दीखती हो तो यज्ञोपवीतस्मृतिसे श्रुतिकी कल्पना करो । उसका अनुवाद कर अष्टवर्षादि कालविधान करो ।।८९।।

न च स्मृत्युदयात्पूर्वं द्विजादौ वत्स्यंति श्रुतिः ।
वाक्यभेदान्नित्ययज्ञसूत्राऽप्राप्तेश्च तावता ।।९०।।

यह कहें कि " नित्ययज्ञोपवीती स्यात् " इस स्मृतिसे श्रुतिकल्पना द्वारा यज्ञोपवीतविधानसे पहले ही अष्टवर्षादि श्रुति द्विजातिका विधान करेगी तो वाक्यभेद होगा ।।९०।।

न हि काम्यविधिप्राप्तं नित्यं भवितुमर्हति ।
अत उक्तश्रुतेर्लभ्यमुपवीतं स्मृतेरुत ।।९१।।

काम्यविधिसे नित्यकी प्राप्ति नहीं हो सकती। अतः उक्त श्रुति या स्मृतिसे ही वह प्राप्य है ।।९१।।

यज्ञोपवीती देवेभ्यः संदोहयति हीति गीः ।
समानार्थत्वतो लिङ्गाभासो न स्मृतिमूलवाक् ।।९२।।

" यज्ञोपवीती ह देवेभ्यो दोहयति " इस लिङ्गसे भी नित्योपवीत प्राप्त है। " उपव्ययते देवलक्ष्ममेव तत्कुरुते " के समानार्थ होनेसे इसे लिङ्गाभास मानना भी उचित नहीं । अन्य श्रुति उपलब्ध न होनेसे " नित्ययज्ञोपवीती " इस स्मृतिका इसे ही मूल मानना उचित भी है ।।९२।।

कथं हविष्कृदाधावेत्येतच्छातपथं वचः ।
उपपद्येत शूद्राणामयष्ट्टत्वेऽनधीतिनाम् ।।९३।।

" एहीति ब्राह्मणस्य, आगह्याद्रवेति वैश्यस्य राजन्यबन्धोश्च, आधावेति शूद्रस्य " (श.१-१-४-१२) ऐसी शतपथब्राह्मण श्रुति है । हविष बनानेके लिये यजमानको 'हविष्कृदेहि', हविष्कृदागहि' 'हविष्कृदाद्रव' 'हविष्कृदाधाव' ऐसा कहकर पुकारते हैं । क्रमशः ब्राह्मणादिके लिये ये चार वाक्य हैं । शूद्र यदि पढ नहीं सकता, यज्ञ नहीं कर सकता तो 'हविष्कृदाधाव' इस वचनका कोई मतलब ही नहीं होगा ।।९३।।

व्रतेऽपि मस्तु शूद्रस्येत्याधानीये जगौ श्रुतिः ।
यस्य नास्ति किलाधानं व्रतं तस्य तु कीदृशम् ।।९४।।

अग्न्याधानमें " पयो (दूध) व्रतं ब्राह्मणस्य, यवागू (लप्सी) राजन्यस्य, आमिक्षा (पनीर) वैश्यस्य, मस्तु (दहीकी छाल्ही, मलाई) शूद्रस्य " इस प्रकार सबके लिये व्रत बताया है। शूद्रका अग्न्याधान ही नहीं तो व्रत क्या होगा ? ।।९४।।

श्रावयेच्चतुरो वर्णान् कृत्वा ब्राह्मणमग्रतः ।
इति स्मृतिमुदाजहुर्ब्रह्मानन्दयतीश्वराः ।।९५।।

श्री ब्रह्मानन्दसरस्वतीवेदोंकी सर्वोध्दारकताको सिध्द करनेके लिये इस स्मृतिका सहारा लेते हैं जहां बताया है कि ब्राह्मणको आगे रखकर चारों वर्णोंको श्रवण करायें ।।९५।।

ननु चात्र पुराणादेः श्रावणं स्याद्विवक्षितम् ।
मैवं श्रुत्या बोधनं हि श्रावणं परिकीर्तितम् ।।९६।।

यदि कहें कि पुराणोंका श्रवण करानेके लिये उक्त स्मृतिमें बताया है तो उसपर यही वक्तव्य है कि श्रुतिसे बोधन ही वस्तुतः श्रावण है ।।९६।।

पुराणाध्ययनं तावत्सूतादेरपि दृश्यते ।
तत्रापि नैव संकोचः शक्यः कर्तुं कथंचन ।।९७।।

सूतादिने पुराणोंका अध्ययन किया यह शास्त्रसिध्द है । उसमें भी संकोच करना किसी भी प्रकार अभीष्ट नहीं है ।।९७।।

निषेधः पूर्वतापन्यां सावित्र्यादेर्य ईस्यते ।
आचार्यपदसांनिध्यात् सविधिग्रहणे स च ।।९८।।

नृसिंहपूर्वतापिनीमें जो सावित्री आदिका स्त्री, शुद्रके लिये निषेध आता है वह भी विधिपूर्वक ग्रहणका ही निषेध है । क्योंकि वहां आचार्यपद आया है ।।९८।।

अन्ये तु तत्र नेच्छन्ति स्त्रीशूद्रायेति हीरितम् ।
निषेधस्तत्र न स्पष्टो न विधिं रोध्दुमस्त्यलम् ।।९९।।

दूसरे लोग नृसिंहतापनीके बारेमें यही कहते हैं कि वहां " स्त्रीशूद्राय नेच्छन्ति " यह परानुवादमात्र है । स्पष्ट निषेध नहीं है । वह सामान्यविधिका निरोध नहीं कर सकता । सामान्यविधि है-" स्वाध्यायोऽध्येतव्यः " इत्यादि ।।९९।।

ननु कर्तुरनिर्देशादाक्षेपात्तदुपस्थितिः ।
यावत्तावन्निषेधस्याप्याक्षेपो भवतीति चेत् ।।१००।।
मैवं कृतिर्नकर्तारं विनेत्याकांक्षितत्वतः ।
शाब्दबोधात् पुरा कर्तृसामान्यमुपतिष्ठते ।।१०१।।

पूर्वपक्षः- "स्वाध्यायोऽध्येतव्यः " "स्वाध्यायमधीयीत " इन दोनों वाक्योंमें कर्तृनिर्देश न होनेसे आक्षेपसे कर्ताकी उपस्थिति होगी । तबतक निषेधका भी अनुमान हो जायेगा । फलतः कर्तृसंक्षेप होगा । उत्तर :- ऐसा नहीं होता । कृति या भावना कर्ताके

विना संभव न होनेसे शाब्दबोधसे पहले ही कर्तृसामान्यकी उपस्थिति होगी । अधीयीतसे अध्ययनानुकूलकृतिः इतना बोध नहीं होता । क्योंकि क्रिया कर्तृसाकाङ्क्ष है ।।१००-१०१।।

वस्तुतस्तत्र सामाङ्गसावित्र्यादिर्निषिध्यते ।
महामन्त्रेऽधिकारं तु भाष्यकारोऽप्यभाषत ।।१०२।।

वस्तुतः नृसिंहतापनीमें सामाङ्ग सावित्री आदिका स्त्रीशूद्रके लिये निषेध है । अर्थात सावित्री आदि अङ्ग सहित नरसिंह मन्त्रका निषेध किया है । न कि अन्यविध मन्त्रोंका । इन अंगोंसे रहित नरसिंह मन्त्रका भी स्त्रीशूद्रोंको अधिकार भाष्यकारने स्वयं कहा है ।।१०२।।

या घृणिः सूर्य आदित्य इत्यष्टाक्षरमन्त्रवाक् ।
सावित्री साऽत्र न त्वेषा गायत्री विबुधैर्षिता ।।१०३।।

और नृसिंहतापनीमें जो सावित्री बताया है वह यह व्याचिख्यासित (प्रस्तुत) गायत्री नहीं है । किन्तु वहीं अष्टाक्षर सावित्रीका वर्णन किया है । 'घृणिः सूर्य आदित्यः' उसीका निषेध भी है।।१०३।।

स्त्रीशुद्रानधिकारे च नारसिंहं कथं मनुम् ।
भाष्यकारोऽनुमन्येत वैदिकं वेदगोपितम् ।।१०४।।

वहांका शांकरभाष्य है -" सावित्रीं प्रणवं यजुर्लक्ष्मीं स्त्रीशुद्राय नेच्छन्तीति निषेधं कुर्वन् प्रधानोपासनायां स्त्रीशूद्रस्याप्यधिकारं दर्शयति " अर्थात अङ्गरूप सावित्री आदिका निषेध करनेसे अर्थ यह निकलता है कि अङ्गी उपासना नारसिंहमन्त्रोपासना स्त्री और शूद्र कर सकते है । उसमें उनको अधिकार है । किन्तु विचारणीय बात है कि नरसिंहमन्त्र वैदिक होनेसे उसमें स्त्रीशूद्राधिकार भाष्यकारने कैसे कहा ? वह वैदिक क्या , वेदमें भी गुप्तरुपसे वर्णित है । यहांका प्रकरण मन्त्रोपासनाका ही है । अतः वेदमें सर्वाधिकार भाष्यानुमत है ।।१०४।।

क्वचिद्भाष्ये निषेधोक्तिः पूर्वाचार्यानुरोधतः ।
स्वाभिप्रायस्त्विहैवोक्त इति युक्तं पुरेरितम् ।।१०५।।

अपशूद्राधिकरणमें भाष्यकारने जो स्त्रीशूद्राधिकार निषेध बताया वह पूर्वाचार्यानुरोधसे लिखा । यहां श्रुतिव्याख्यामें स्वाभिप्राय बताया । अतः भाष्यकारके मतसे गायत्री आदिमें सर्वाधिकार मानना ही उचित है।।१०५।।

संकोचश्चेत्पुरोडाशे स्याच्चतुर्धाकृतेर्विधेः ।
वेदाधीतेर्निषेधस्य सावित्र्यादौ कथं न सः ।।१०६।।

और एक बात यह है कि " आग्नेयं चतुर्धा करोति " इस सामान्यविधिका यदि " पुरोडाशं चतुर्धा करोति " में संकोच होता है तो " स्त्रीशूद्रौ वेदान्नाधीयीयातां" इस निषेधका " सावित्रीं प्रणवं स्त्रीशूद्राय नेच्छन्ति " में संकोच क्यों न किया जाये ? ।।१०६।।

यत्तु शूद्रसमीपेऽपि नाध्येतव्यमिति स्मृतिः ।
बाधिता दर्शितस्मृत्या नीचार्थे पर्यवस्यति ।।१०७।।

" तस्माच्छूद्रसमीपे नाध्येतव्यम् " ऐसी एक स्मृति आती है । परंतु उसमें " श्रावयेच्चतुरो वर्णान् " इस स्मृतिसे बाधित होनेके कारण शूद्रपद नीच शूद्रादि अर्थपरक ही होगा ।।१०७।।

तन्त्रजेनैव गायत्र्या शूद्रोऽपि प्रजपेन्मनुम् ।
इत्याह शम्भुर्गायत्री-तन्त्रे शूद्रस्य तज्जपम् ।।१०८।।

तन्त्रोक्त विधानसे गायत्री या गायत्री पुटित स्वेष्टमन्त्रका जप शूद्र भी करें ऐसा शंकरजीने गायत्रीतन्त्रमें बताया है ।।१०८ ।।

प्रासान् द्विजत्वं क्रमशो गायतस्त्रायते ऽखिलान् ।
इत्यतः सर्वसुखभू-र्गायत्रीतीतरे जगुः ।।१०९।।

कीटपतङ्गादिपर्यन्त सर्वोध्दार लक्ष्य होनेसे क्रमशः इसी जन्ममें या जन्मान्तरमें द्विजत्वको पाकर गायत्रीका जप करानेवाले सबको सुख शान्ति पहुंचानेवाली गायत्री है ऐसा भी यहां व्याख्या करते हैं ।।१०९।।

सर्वसंभजनीयत्वं भाष्ये यत्प्राह भर्गसः ।
आद्ये यथाश्रुतं पक्षे द्विजसंकोच्यदोऽन्तिमे ।।११०।।

भाष्यकारने वरेण्यं सर्वैः संभजनीयं ऐसा जो अर्थ किया उसका बादरिमतानुसार यथाश्रुत अर्थ होगा । जैमिनिमतानुसार सर्वशब्दके अर्थमें संकोच कर सर्व द्विजका ग्रहण करना होगा ।।११०।।

सर्वथाप्येव बालानामप्येषा सुग्रहेति ताम् ।
जगध्दितार्थं भगवान् व्याचचक्षे जगद्गुरुः ।।१११।।

जैसा भी हो गायत्री मन्त्र बालकोंके लिये भी ग्रहण करना आसान है । अतः जगतके

हितार्थ भाष्यकारने इस मन्त्रपर भाष्य लिखा ।।१११।।

इति सम्बन्धवार्तिकम्

****

* * *

ॐ तत् सवितुर्वरेण्यं भर्गो देवस्य धीमहि धियो यो नः प्रचोदयात्

भाष्य-यः सविता देवो

गायत्री मन्त्रमेवादौ मङ्गलाचरणात्मना ।
प्रणवेन सहाधीते ॐ तदित्यादि भाष्यकृत् ।।११२।।

भाष्यकार मङ्गलाचरणके रूपमें ओंकारके साथ गायत्री मन्त्रको ही ग्रन्थके आदिमें पढते हैं । [यदि सप्रणव गायत्रीको प्रथम न पढते तो प्रतीकधारण आवश्यक था जो मन्त्रका प्रतिनिधित्व करता । किन्तु प्रतीकधारण न होनेसे पूर्ण मन्त्रका ही प्रथम पाठ अवगत होता है]।।११२।।

तत्पदं यत्पदोक्तार्थपरामर्शकमित्यतः ।
यत्पदार्थं प्रथमतो ब्रूते यः सवितेत्यतः ।।११३।।

भाष्यमें " धियो यो नः प्रचोदयात् इस तृतीय पादकी व्याख्या प्रथम की है । उसका कारण यह है कि " तत्सवितुः " यहां तत्पद यत्पदके अर्थका परामर्शक है । अतः प्रथम यत्पदका अर्थ समझना आवश्यक है ।।११३।।

बुध्दिस्थः पूर्वपदतः सविता यत्पदास्पदम् ।
प्रयोगस्तेन पुँल्लिङ्गे य इत्येष समञ्जसः ।। ११४ ।।
न च क्लीबेऽपि सवितृ-शब्दोऽस्तीति तु सांप्रतम् ।
देवस्येति प्रयोगेण संशयस्याऽप्रसक्तितः ।।११५।।

बुध्दिस्थ सविता यत्पदार्थ होनेसे 'यः' ऐसा पुल्लिङ्ग प्रयोग है । यद्यपि अपौरुषेय वेदमें बुध्दिस्थ कहना कठिन है तथापि पूर्वपद " सवितुः " आया है । उसीसे संगति है । शंका होगी कि सविता पद नपुंसकमें भी होता है । प्रसविता उत्पादयिता इतना अर्थ जब है तब वह पुल्लिङ्ग नियत नहीं होता । उत्तर है " देवस्य " यह आगे आया हुआ है । देव पद पुल्लिङ्गमें ही है ।।११५।।

ननु क्लीबं तदित्येतत्तत्परामर्शकं हि यत् ।
मैवं समस्तं तदिति स चासौ सविता च सः ।।११६।।

यद्वा सुपां सुलुगिति षष्ठीलोपो निबुध्यताम् ।
न सादेशो भवेत् षष्ठ्यां न समासेऽपि लुग्वशात् ।।११७।।

परंतु परामृश्य तत् पद नपुंसकमें है । तब 'यः' कैसा ? उत्तर है- स चासौ सविता तत्सविता तस्य तत्सवितुः ऐसा समस्त पद मान लो । वस्तुतः वेदमें 'सुपां सुलुक्' इस सूत्रसे षष्ठीका लोप किया हुआ है । षष्ठीमें सादेश नहीं होता । " तदोः सः सावनन्त्ययोः " यह सू में ही लागु होता है । समासमें भी लुक् से लुस होनेसे सादेश नहीं होता ।।११६-११७।।

भाष्य- नोऽस्माकं

अन प्राणन इत्यस्य रूपे मा स्म भवेद् भ्रमः ।
इत्यतो विवृणोत्येतन्नोऽस्माकमिति भाष्यकृत् ।।११८।।

अन प्राणने धातुका 'अनः' ऐसा रूप होता है । योऽनः यः प्राणः प्राणदेवदः ऐसी व्याख्या भी हो सकती है । किन्तु प्रकृतमें यह अस्मत् शब्दका ही रूप है इस आशयसे नोऽस्माकं ऐसी व्याख्या भाष्यकारने की ।।११८।।

भाष्य- धियः कर्माणि

कर्मनामसु धीशब्दं निघण्टौ कश्यपोऽपठत् ।
धियो यज्ञादिकर्माणि प्रेरयेद्देव एष नः ।।११९।।

भाष्यमें धियः कर्माणि बताया है । निघण्टुमें कश्यप ऋषिने धी शब्दको कर्मपर्यायमें पढा है । यहां यज्ञादि कर्म धी शब्दका अर्थ समझना चाहिये ।।११९।।

अनिष्पन्ना न शक्यन्ते काश्चित् प्रेरयितुं क्रियाः ।
निष्पन्नाश्चेत् प्रेरणया कस्तत्रातिशयो भवेत् ।।१२०।।
न च नोऽस्मान् प्रेरयेष इति स्याच्छक्ययोजनम् ।
अनन्वयो भवेत्तर्हि धिय इत्युक्तकर्मणाम् ।।१२१।।

कर्माणि प्रेरयेत् का क्या अर्थ होगा ? क्या अनुत्पन्न कर्मको देव प्रेरित करता है यह अर्थ ? या निष्पन्न कर्मको ? प्रथम पक्षमें जो उत्पन्न ही नहीं ,अस्तित्वमें ही नहीं आया उसको क्या प्रेरित कर सकते हैं ? द्वितीय पक्षमें उत्पन्न कर्ममें प्रेरणासे क्या अतिशय होगा ? हिंसा हो गयी तो क्या वह देवप्रेरणासे अहिंसा हो जायेगी ? यदि कहते हैं " नः प्रचोदयात् " हमें देव प्रेरित करें ऐसा अन्वय है तब धियः का कहां अन्वय होगा ? ।।१२१ ।।

धीषु सत्कर्मसु स नः प्रेरयेदिति चेन्मतम् ।
ससम्यन्तेन भाव्यं स्याध्दीशब्देन तदा मनौ ।।१२२।।

धी अर्थात सत्कर्ममें वह हमें प्रेरित करे ऐसा यदि अर्थ है तो 'धीषु' ऐसा सप्तमी विभक्तिका प्रयोग करना चाहिये था ।।१२२।।

प्रचोदयतिरेष स्यान्नयत्यर्थे द्विकर्मकः ।
सप्तम्यर्थे द्वितीया चेन्नार्थग्रहणमिष्यते ।।१२३।।
किं च नोऽस्माकमित्येव भाष्यकारा विवव्रिरे ।
तत्रार्थः कीदृगिति चेदत्रेदमभिधीयते ।।१२४।।

नयति अर्थमें प्रचोदयात् का प्रयोग माना जाये । नयति के पर्यायोंके प्रयोगमें सप्तम्यर्थमें द्वितीया होती है । जैसे ग्राममजां नयति । उत्तर है नयति का अर्थग्रहण नहीं है और भाष्यकारने 'नः अस्माकं' ऐसा कहकर षष्ठी मानी है और धियः कर्माणि कहकर सप्तमीकी विवक्षा नहीं दिखायी । तब अर्थ कैसे संभव है ? इस प्रश्नपर हम यही कहेंगे कि -

सन्ति संस्काररूपाणि सूक्ष्मकर्माणि यानि नः ।
तानि प्रयोजयेद् येन सत्कर्माणि भवन्तु नः ।।१२५।।

संस्काररूपसे सूक्ष्म कर्म हमारे अन्दर जो हैं उन्हें सविता देव प्रेरित करता है तो उनसे सत्कर्म हमारे उत्पन्न होंगे ।।१२५।।

अथवा कर्मशक्तीर्नः सविता यः प्रचोदयेत् ।
प्रवर्तेमहि येनैव वयं यज्ञादिकर्मसु ।।१२६।।

अथवा कर्मका कर्मशक्ति अर्थ कर लेना चाहिये । जो कर्मशक्तिको प्रेरित करता है जिससे यज्ञादि कर्ममें हमारी प्रवृत्ति होती है(उस सविताका हम ध्यान करते हैं) ऐसा अन्वय संभव है ।।१२६।।

ननु साधु तथाऽसाधु प्रेरयेदुभयं प्रभुः ।
अथो निनीषुःसोऽसाधुन्युन्निनीषुश्च साधुनि ।।१२७।।

पूर्वपक्ष :- परमात्मा साधु तथा असाधु दोनों प्रकारके कर्म करवाता है । उपर उठानेके लिये सत्कर्ममें प्रवृत्त कराता है, गिरानेके लिये असत्कर्ममें प्रवृत्त कराता है ।।१२७।।

सत्यं प्रासे प्रार्थनेयं विशेषे पर्यवस्यति ।
तथा चायमिहार्थः स्यात् सध्दियो नः प्रचोदयात् ।।१२८।।

बात सही है । किन्तु प्रासके लिये प्रार्थना करनेपर वह विशेष अर्थमें पर्यवसित होगा । सत्कर्ममें प्रेरित करें यही अर्थ होगा ।।१२८।।

यद्वाऽस्तु कर्मसामान्यप्रयोजकपरं वचः ।
तथापि प्रार्थनाहेतोः सत्कर्मैव प्रयोजयेत् ।।१२९।।

अथवा सर्वकर्मप्रेरक ही अर्थ मान लो तथापि प्रार्थनाके मध्यमें पठित होनेसे सत्कर्म प्रेरकमें पर्यवसान होगा ।।१२९।।

राजन् सर्वसमर्थोऽसि दीनस्त्वां समुपैम्यहम् ।
इत्युक्तो न निहन्त्येनं किन्तु रक्षति भूपतिः ।।१३०।।

हे राजन् , आप सर्वसमर्थ हैं, मैं दीन हूं, आपके पास आया हूं । ऐसा कहनेपर क्या राजा उसे मार डालता है ? वह उसकी रक्षा ही करता है ।।१३०।।

ननु च प्रार्थनाशक्तिर्यच्छब्दनिहता लिङः ।
मैवं गम्या तथाप्येव प्रार्थना प्रोक्तवाक्यवत् ।।१३१।।

पूर्वपक्ष उठता है कि 'यः' इस यत् शब्दके जुडनेसे लिङ् की प्रार्थनाशक्ति समांस हो जाती है । किन्तु राजन् सर्वसमर्थोऽसि इत्यादि पूर्ववाक्यमें लिङ् के न होनेपर भी जैसे रक्षण प्रार्थना गम्यमान है वैसे यहां पर भी प्रार्थना गम्यमान होनेसे कोई असमञ्जसता नहीं है ।।१३१।।

उपासनापि कर्मैव प्रोच्यते मानसात्मकम् ।
तत्रापि प्रेरणं भूयादित्येतच्च विवक्षितम् ।।१३२।।

उपासना भी मानसकर्म ही है । अतः उसमें भी प्रेरणा हो यह भी यहां अभिव्यक्त है ।।१३२।।

परे कर्मेन्द्रियपरं भाष्ये कर्मपदं विदुः ।
तानि प्रयोजयत्येष कर्म कुर्वन्त्यतो नराः ।।१३३।।

दूसरी व्याख्या इस प्रकार है कि भाष्यमें कर्मपद कर्मेन्द्रियपरक है । उनको प्रेरित करनेवाला परमात्मा है जिससे लोग कर्ममें प्रवृत्त होते हैं ।।१३३।।

योऽन्तः प्रविश्य वाचं मे संजीवयति पूरुषः ।
हस्तपादादिकान् प्राणानपीत्याह पुरा ध्रुवः ।।१३४।।

" योऽन्तः प्रविश्य मम वाचमिमां प्रसुप्तां संजीवयति " इत्यादि ध्रुवस्तुतिमें उक्तार्थ स्पष्ट है ।

ननु ज्ञानेन्द्रियाणां च पुरुषः प्रेरकः स्मृतः ।
तत्संप्रचोदनार्थं च कुतो न प्रार्थना भवेत् ।।१३५।।
श्रोत्रस्य श्रोत्रमित्येवं स्पष्टं तलवकारिभिः ।
श्रोत्रादिप्रेरकत्वेन परमात्मा निरूपितः ।।१३६।।

कर्मेन्द्रियोंका ही प्रेरक क्यों ? परमात्मा ज्ञानेन्द्रियोंका भी तो प्रेरक है । " अन्यांश्च हस्त चरणश्रवणत्वगादीन्" इस ध्रुवस्तुतिमें ज्ञानेन्द्रियां भी गृहीत हुई हैं । " श्रोत्रस्य श्रोत्रं मनसो मनः " इत्यादि श्रुतिमें भी वैसा निरूपण है ।।१३५-१३६।।

मैवमुन्मीलिते नेत्रे ज्ञानं स्याद्वस्तुतन्त्रतः ।
श्रोत्रस्य श्रोत्रमित्येतत् प्रकाशकतयोदितम् ।।१३७।।

उत्तर सुनो । नेत्र खोल दिया तो वस्तुके अधीन ज्ञान स्वतः होता है । उसमें परमात्मा प्रकाशक है इतना ही " श्रोत्रस्य श्रोत्रं " इत्यादि श्रुतिका अर्थ है ।।१३७।।

चक्षुरुन्मीलनाद्यं तु कर्म कर्मेन्द्रियोद्भवम् ।
यद्वा मानसकर्मोत्थमिति नात्र पृथक्कृतम् ।।१३८।।

आंख खोलना, जीभ चलाना आदि कर्म तो कर्मेन्द्रियजन्य है । यदि पलक आदिमें कर्मेन्द्रिय न भी मानें तो भी मानस कर्मसे आंख खोलना, कान देकर सुनना आदि संभव है । अतः पृथक् कहा नहीं ।।१३८।।

उभयात्मेन्द्रियं चेति संख्या व्याचक्षते मनः ।
तस्मात्कर्मेन्द्रियत्वेन मनसोऽप्युपसंग्रहः ।।१३९।।

सांख्य शास्त्रमें मनको ज्ञानेन्द्रिय कर्मेन्द्रिय उभयात्मक बताया है । " उभयात्मकमत्र मनः संकल्पमिन्द्रियं च साधर्म्यात् । " अतः कर्मेन्द्रिय कहनेसे मनका भी ग्रहण हो जाता है ।।१३९।।

इत्थं चोपासनाप्येव कर्मेन्द्रियभवा भवेत् ।
संग्रहस्तेन तस्याश्च धीशब्देनोपपद्यते ।।१४०।।

मन कर्मेन्द्रियान्तर्गत होनेसे उपासना भी कर्मेन्द्रियजन्य होगी और धी पदसे उसका भी संग्रह हो जायेगा ।।१४०।।

कर्मेन्द्रियप्रेरणाद्धि कर्मप्रेरणसंभवात् ।
निघण्टौ कर्मपर्यायपाठेऽप्यस्येह न क्षतिः ।।१४१।।

यद्वाऽस्तु कर्मसामान्यप्रयोजकपरं वचः ।
तथापि प्रार्थनाहेतोः सत्कर्मैव प्रयोजयेत् ॥१२९॥

अथवा सर्वकर्मप्रेरक ही अर्थ मान लो तथापि प्रार्थनाके मध्यमें पठित होनेसे सत्कर्म प्रेरकमें पर्यवसान होगा ॥१२९॥

राजन् सर्वसमर्थोऽसि दीनस्त्वां समुपैम्यहम् ।
इत्युक्तो न निहन्त्येनं किन्तु रक्षति भूपतिः ॥१३०॥

हे राजन् , आप सर्वसमर्थ हैं, मैं दीन हूं, आपके पास आया हूं । ऐसा कहनेपर क्या राजा उसे मार डालता है ? वह उसकी रक्षा ही करता है ॥१३०॥

ननु च प्रार्थनाशक्तिर्यच्छब्दनिहता लिङः ।
मैवं गम्या तथाप्येव प्रार्थना प्रोक्तवाक्यवत् ॥१३१॥

पूर्वपक्ष उठता है कि 'यः' इस यत् शब्दके जुडनेसे लिङ् की प्रार्थनाशक्ति समास हो जाती है । किन्तु राजन् सर्वसमर्थोऽसि इत्यादि पूर्ववाक्यमें लिङ् के न होनेपर भी जैसे रक्षण प्रार्थना गम्यमान है वैसे यहां पर भी प्रार्थना गम्यमान होनेसे कोई असमञ्जसता नहीं है ॥१३१॥

उपासनापि कर्मैव प्रोच्यते मानसात्मकम् ।
तत्रापि प्रेरणं भूयादित्येतच्च विवक्षितम् ॥१३२॥

उपासना भी मानसकर्म ही है । अतः उसमें भी प्रेरणा हो यह भी यहां अभिव्यक्त है ॥१३२॥

परे कर्मेन्द्रियपरं भाष्ये कर्मपदं विदुः ।
तानि प्रयोजयत्येष कर्म कुर्वन्त्यतो नराः ॥१३३॥

दूसरी व्याख्या इस प्रकार है कि भाष्यमें कर्मपद कर्मेन्द्रियपरक है । उनको प्रेरित करनेवाला परमात्मा है जिससे लोग कर्ममें प्रवृत्त होते हैं ॥१३३॥

योऽन्तः प्रविश्य वाचं मे संजीवयति पूरुषः ।
हस्तपादादिकान् प्राणानपीत्याह पुरा ध्रुवः ॥१३४॥

" योऽन्तः प्रविश्य मम वाचमिमां प्रसुप्तां संजीवयति " इत्यादि ध्रुवस्तुतिमें उक्तार्थ स्पष्ट है ।

ननु ज्ञानेन्द्रियाणां च पुरुषः प्रेरकः स्मृतः ।
तत्संप्रचोदनार्थं च कुतो न प्रार्थना भवेत् ।।१३५।।
श्रोत्रस्य श्रोत्रमित्येवं स्पष्टं तलवकारिभिः ।
श्रोत्रादिप्रेरकत्वेन परमात्मा निरूपितः ।।१३६।।

कर्मेन्द्रियोंका ही प्रेरक क्यों ? परमात्मा ज्ञानेन्द्रियोंका भी तो प्रेरक है । " अन्यांश्च हस्त चरणश्रवणत्वगादीन्" इस ध्रुवस्तुतिमें ज्ञानेन्द्रियां भी गृहीत हुई हैं । " श्रोत्रस्य श्रोत्रं मनसो मनः " इत्यादि श्रुतिमें भी वैसा निरूपण है ।।१३५-१३६।।

मैवमुन्मीलिते नेत्रे ज्ञानं स्याद्वस्तुतन्त्रतः ।
श्रोत्रस्य श्रोत्रमित्येतत् प्रकाशकतयोदितम् ।।१३७।।

उत्तर सुनो । नेत्र खोल दिया तो वस्तुके अधीन ज्ञान स्वतः होता है । उसमें परमात्मा प्रकाशक है इतना ही " श्रोत्रस्य श्रोत्रं " इत्यादि श्रुतिका अर्थ है ।।१३७।।

चक्षुरुन्मीलनाद्यं तु कर्म कर्मेन्द्रियोद्भवम् ।
यद्वा मानसकर्मोत्थमिति नात्र पृथक्कृतम् ।।१३८।।

आंख खोलना, जीभ चलाना आदि कर्म तो कर्मेन्द्रियजन्य है । यदि पलक आदिमें कर्मेन्द्रिय न भी मानें तो भी मानस कर्मसे आंख खोलना, कान देकर सुनना आदि संभव है । अतः पृथक् कहा नहीं ।।१३८।।

उभयात्मेन्द्रियं चेति संख्या व्याचक्षते मनः ।
तस्मात्कर्मेन्द्रियत्वेन मनसोऽप्युपसंग्रहः ।।१३९।।

सांख्य शास्त्रमें मनको ज्ञानेन्द्रिय कर्मेन्द्रिय उभयात्मक बताया है । " उभयात्मकमत्र मनः संकल्पमिन्द्रियं च साधर्म्यात् । " अतः कर्मेन्द्रिय कहनेसे मनका भी ग्रहण हो जाता है ।।१३९।।

इत्थं चोपासनाप्येव कर्मेन्द्रियभवा भवेत् ।
संग्रहस्तेन तस्याश्च धीशब्देनोपपद्यते ।।१४०।।

मन कर्मेन्द्रियान्तर्गत होनेसे उपासना भी कर्मेन्द्रियजन्य होगी और धी पदसे उसका भी संग्रह हो जायेगा ।।१४०।।

कर्मेन्द्रियप्रेरणाद्धि कर्मप्रेरणसंभवात् ।
निघण्टौ कर्मपर्यायपाठेऽप्यस्येह न क्षतिः ।।१४१।।

यद्यपि निघण्टुमें धी शब्दका कर्मपर्यायमें पाठ है । तथापि कर्मप्रेरण कर्मेन्द्रियप्रेरणसे ही संभव है । अतः कर्मेन्द्रिय अर्थ करना असंगत नहीं है ।।१४१।।

नित्यं नैमित्तिकं काम्यं प्रायश्चित्तं चतुर्विधम् ।
ग्राह्यं कर्म निषिध्दं तु वर्ज्यं पञ्चममुच्यते ।।१४२।।

नित्य, नैमित्तिक काम्य तथा प्रायश्चित ये चार प्रकारके कर्म ग्राह्य हैं । पांचवां निषिध्द कर्म है । वह वर्ज्य कर्म है ।।१४२।।

संन्ध्यादि नित्यं ग्रहणश्राध्दादि तु निमित्तजम् ।
ज्योतिष्टोमादिकं काम्यमन्त्यं चान्द्रायणादिकम् ।।१४३।।

नित्यकर्म सन्ध्यावन्दनादि है । नैमित्तिक ग्रहणश्राध्दादि है । काम्य ज्योतिष्टोमादि है । चान्द्रायणादि प्रायश्चित्त है ।।१४३।।

एतानि ग्रहणीयानि काम्यं तु फलकामिनाम् ।
स्वर्गाघर्थं, मनः शुद्धया जिज्ञासार्थमकामिनाम् ।।१४४।।

उक्त चारों कर्म ग्राह्य हैं काम्य कर्म फलकामना हो तो स्वर्गाघर्थ होगा । और कामनारहित हो तो मनकी शुध्दिके द्वारा जिज्ञासोत्पदानार्थ होगा ।।१४४।।

यज्ञदानतपः कर्म न त्याज्यं कार्यमेव तत् ।
यज्ञो दानं तपश्चैव पावनानि मनीषिणाम् ।।१४५।।
ते च यज्ञेन दानेन वेदानुवचनेन च ।
विप्रा विविदिषन्त्येतं तपसानाशकेन च ।।१४६।।

" यज्ञदानतपः कर्म " इत्यादि गीता वचनमें कर्मको मनकी शुध्दिके लिये कर्तव्य बताया । और " तमेतं वेदानुवचनेन " इत्यादि श्रुतिमें विविदिषार्थ बताया । दोनोंको मिलानेपर मनः शुध्दिपूर्वक विविदिषार्थ कर्म है यह अर्थ सिध्द होता है ।।१४५-१४६।।

यज्ञादिभिर्मनःशुध्दया विद्या विविदिषोत वा ।
श्रुतिस्मृतिभ्यामेताभ्यां संपाद्येति निगद्यते ।।१४७।।

उक्तार्थ ।।१४७।।

उपास्तिर्मानसं कर्म प्रत्ययावृत्तिलक्षणम् ।
शाण्डिल्यविद्याप्रभृतिर्वैदिकोपास्तिरुच्यते ।।१४८।।

उपासना मानस कर्म है । प्रत्ययों (मानस वृत्तियों) की आवृत्तिरुप है । शाण्डिल्यविद्या आदि वैदिक उपासना है ।।१४८।।

शिवस्य विष्णोः सूर्यस्य गणेशाम्बिकयोरपि ।
पूजादिलक्षणोपास्तिः पुराणेषु विशेषतः ।।१४९।।

शिव, विष्णु, सूर्य, गणेश एवं अम्बिका इन पांच देवोंकी उपासनाका जो पूजा आदि स्वरूप है वर्णन पुराणोंमें विशेषरूपसे देखनेको मिलेगा ।।१४९।।

प्रेमलक्षणया भक्त्या पूजादिर्यद् विधीयते ।
शिवादीनां तदेतद्धि सर्वकामफलप्रदम् ।।१५०।।

प्रेमलक्षणा भक्तिसे शिव, विष्णु आदिका जो पूजन किया जाता है वह सर्वकामफलदायी है । अर्थात " पूजादिष्वनुराग " इत्यादि सूत्रके अनुसार अनुरागयुक्त पूजादिरूप भक्ति भी कर्म होनेसे " धियः " से ग्राह्य है ।।१५०।।

वरेण्यपदसांनिध्याद् भक्तिसंयुतमेव च ।
लभ्यते कर्म तच्चाग्रे यथास्थानं प्रवक्ष्यते ।।१५१।।

'वरेण्यं' इस विशेषणके सांनिध्यसे भक्तियुक्त कर्म-उपासनाका भी लाभ है । वरेण्यंसे भक्ति अर्थकी प्राप्ति उसी पदके व्याख्याकालमें बतायेंगे ।।१५१।।

अकामः सर्वकामो वा मोक्षकाम उदारधीः ।
तीव्रेण भक्तियोगेन यजेत पुरुषोत्तमम् ।।१५२।।

निष्कामभावसे हो या अनेकविध कामनाओंसे या मोक्षकामनासे हो, उदारमति होकर तीव्रभक्तियोगसे पुरुषोत्तमका पूजन करे ऐसा भागवतमें बताया है । भक्तियोगेन यजेतका अर्थ है प्रेमलक्षणा भक्तिसे पूजनादि करें ।।१५२।।

चित्तवृत्तिनिरोधस्य मुख्यत्वे योग उच्यते ।
सभक्तीष्टेश्वरध्यानमुख्या चोपास्तिरुच्यते ।।१५३।।

चित्तवृत्तिनिरोध मुख्य हो - चाहे वह वितर्कविचारादिपूर्वक हो या यथाभिमतध्यानपूर्वक हो योग कहलाता है। और सभक्ति इश्वराकारक ध्यान मुख्य हो तो उसको उपासना भक्ति कहते हैं ।।१५३।।

श्रवणं किर्तनं विष्णोः स्मरणं पादसेवनम् ।
अर्चनं वन्दनं दास्यं सख्यमात्मनिवेदनम् ।।१५४।।
एतस्या नवधा भक्तेरुत्तमाधीतिरूपताम् ।
प्रह्लाद उक्त्वा स्वाध्यायक्रियात्मत्वमसूसुचत् ।।१५५।।

श्रवण, किर्तन, स्मरण, पादसेवन, अर्चन, वन्दन, दास्य, सख्य तथा आत्मनिवेदन

ऐसी नवधा भक्तिको प्रह्लादजीने उत्तम अध्ययन बताया है । -" तन्मन्येऽधीतमुत्तमम् । " इसका मतलव हुआ कि यह स्वाध्यायरूपी क्रियायोग है । " तपःस्वाध्यायेश्वरप्रणिधानानि क्रियायेणः। " अतः यह मानसंकर्मरूपी उपासना है ।।१५४-१५५।।

एषु सत्कर्मसु सदा सविता प्रेरयेदिति ।
निःश्रेयसादिलाभाय प्रार्थ्यते परमेश्वरः ।।१५६।।

पूर्वोक्त सभी प्रकारके कायिक, वाचिक , मानसिक कर्मोंमें सविता हमें प्रेरित करे जिससे अभ्युदय निःश्रेयसकी प्राप्ति हो यही प्रार्थना " धियो यो नः प्रचोदयात् " में की जा रही है ।।१५६।।

दोषाणां विनिहन्त्रीषु धीषु कर्मस्वपीश्वरः ।
यथास्वं प्रेरयतु नः सवितेत्यप्युदीर्यते ।।१५७।।

अध्यात्मपथके प्रतिवन्धक दोषोंको सर्वथा नष्ट करनेवाली कर्मरूप धी में परमेश्वर सविता यथायोग्य प्रेरित करे यह बात भी यहां बतायी जा रही है ।।१५७।।

दोषाश्च मलविक्षेपावरणाख्यास्त्रयो मताः ।
मलस्य कर्मणोपात्स्या विक्षेपस्य निवर्हणम् ।।१५८।।

अध्यात्मपथके दोष मल विक्षेप एवं आवरण हैं । इनमें मलका यज्ञादि कर्मसे नाश होता है । विक्षेपका उपासनासे नाश होता है ।।१५८।।

तथैवावरणापायो भवति श्रवणादिभिः ।
यतः प्रकाशते ब्रह्म यस्माद् भूयो न जायते ।।१५९।।

आवरणकी निवृत्ति श्रवणादिसे होती है । उसीसे ब्रह्मका प्रकाश होता है और मोक्ष होता है ।।१५९।।

ज्ञानोत्पत्तिं प्रति भवेद् यत्पापं प्रतिबन्धकम् ।
तदेतन्मलमित्याहुस्तन्नाशोऽकामकर्मतः ।।१६०।।

यद्यपि मलविक्षेपादि दुरितरूप हैं तथापि फरक अलग-अलग प्रकारके पाप होनेसे हैं । ज्ञानकी उत्पत्तिके प्रति जो प्रतिबन्धक है वह मल कहलाता है । उसका नाश निष्काम कर्मसे होगा ।।१६०।।

श्रुत्वाप्येनं परात्मानं वेद नैव च कश्चन ।
इत्याह बोधानुत्पत्तिं हरिः समलचेतसाम् ।।१६१।।

गीतामें- श्रवण करनेपर भी कईयोंको ज्ञान नहीं होता ऐसा बताया है । अर्थात

मलदोषयुक्त होनेपर ज्ञानोत्पत्ति नहीं होती ।।१६१।।

ज्ञानस्थितौ यद् दुरितं भवति प्रतिबन्धकम् ।
स विक्षेप इति ख्यातः स्थैर्यं न लभते यतः ।।१६२।।

ज्ञानकी स्थितिमें जो प्रतिबन्धक है उसे विक्षेप कहते हैं । विक्षेप हो तो ज्ञान उत्पन्न होने पर भी वह नहीं टिकता, स्थिर नहीं होता ।।१६२।।

यथा वदति कल्याणीं वाचं दानपते भवान् ।
तथा तया न तृप्यामि मर्त्यः प्राप्य तथाऽमृतम् ।।१६३।।
तथापि सूनृता सौम्य हृदि न स्थीयते मम ।
पुत्रानुरागविषमे विद्युत्सौदामिनी यथा ।।१६४।।
इति प्रावोचदक्रूरं विक्षेपचलिताशयः ।
परमार्थोपदेष्टारं धृतराष्ट्रो विदन्नपि ।।१६५।।

विक्षेपसे चञ्चलचित्त धृतराष्ट्र परमार्थ-उपदेश करते हुये अक्रूरके प्रति कहते हैं कि हे अक्रुर । तुम अति सुन्दर बात बोल रहे हो , समझमें आ रहा है और इसीलिये तृप्ति नहीं हो रही है । किन्तु हृदयमें बिजलीके समान चमककर चली जाती है , स्थिर नहीं होती । क्योंकि पुत्रानुरागसे मेरा चित्त विषम हो रहा है - विक्षिप्त हो रहा है ।।१६३-१६४-१६५।।

प्रतिबन्धकमंहो यद् भवेज्ज्ञानफलोद्भवे ।
तदावरणमित्याहुः केचिदत्र मनीषिणाः ।।१६६।।

ज्ञानका फल उत्पन्न होनेमें जो प्रतिबन्धक पाप हैं उसे कुछ संत आवरण मानते हैं ।।१६६।।

वदन्ति तच्च पुरुषापराधं गुरवो हि ते ।
अधिकारिकृताऽऽवृत्तश्रवणादिभिदेलिमम् ।।१६७।।

संक्षेपशारीरककार आदि गुरुजन इसे पुरुषापराध शब्दसे कहते हैं । विवेकवैराग्यादियुक्त अधिकारी जब आवृत्तिसे (बारबार) श्रवणादि करते हैं तभी इस पापपुञ्जका भेदन होता है ।।१६७।।

दिने दिने तु वेदान्तश्रवणाद् भक्तिसंयुताद् ।
गुरुशुश्रूषणाच्चैव कृच्छ्राशीतिफलंलभेत् ।।१६८।।

प्रतिदिन भक्तिपूर्वक वेदान्त श्रवण करनेसे और गुरुसेवा करनेसे अस्सी कृच्छ्रचान्द्रायण करनेका फल मिलता है ।।१६८।।

पापात्मके चावरणे निवृत्ते श्रवणादितः ।
महावाक्योद्भवं ज्ञानं मायातत्कार्यभञ्जनम् ।।१६९।।

श्रवणादिकी आवृत्तिसे पापात्मक आवरण निवृत्त हो जाता है तो महावाक्यसे उत्पन्न ज्ञान माया और उसके कार्य प्रपञ्चको निवृत्त करेगा ।।१६९।।

अन्येऽसंभावनामत्र विपरीतां च भावनाम् ।
ब्रह्मस्वरूपानुभवे वदन्ति प्रतिबन्धिकाम् ।।१७०।।

अन्य आचार्य इस विषयमें यह कहते हैं कि ब्रह्मस्वरूपसाक्षात्कारके असंभावना और विपरित भावना ये दो प्रतिबन्धक हैं ।।१७०।।

प्रमाणसंशयध्वंसि श्रवणं सविधि श्रुतेः ।
प्रमेयसंशयोच्छेदि मननं श्रुतवस्तुनः ।।१७१।।

श्रवणसे प्रमाणसंशय (प्रमाणासंभावना) की निवृत्ति होती है । श्रुतार्थके मननसे प्रमेयसंशय की निवृत्ति होती है ।।१७१।।

ताभ्यां निर्विचिकित्सेऽर्थे प्रत्ययावृत्तिलक्षणम् ।
ध्यानं साक्षात्कृतेर्बीजं निदिध्यासनमुच्यते ।।१७२।।

श्रवण और मननसे संशयरहित तत्वमें प्रत्ययावृत्तिरूपी ध्यान निदिध्यासन कहलाता है जो साक्षात्कारमें बीज है ।।१७२।।

षड्लिङ्गैः श्रुतितात्पर्यविचारः श्रवणं मतम् ।
परमार्थं सदद्वैतं परं यदवधारयेत् ।।१७३।।

उपक्रम, उपसंहार, अभ्यास, अपूर्वता, फल, अर्थवाद एवं उपपत्तिरूप छः लिंगोंसे श्रुतितात्पर्यविचार करना- जो अद्वैतनिश्चयमें हेतु हैं , श्रवण है ।।१७३।।

तर्कैश्च युक्तिभिश्चैव दृष्टान्तैः श्रुतिसंमतैः ।
अनुमानोद्भवकरो विचारो मननं भवेत् ।।१७४।।

तर्कोंसे, युक्तियोंसे (हेतुसे) तथा दृष्टान्तोंसे जो श्रुतियोंके अनुकूल हैं, यथार्थानुमानकारी विचार मनन कहलाता है ।।१७४।।

तिरस्कृत्य विजातीयान् प्रत्ययान् ब्रह्मगोचरम् ।
वृत्तिप्रवाहणं ध्यानं निदिध्यासनमुच्यते ।।१७५।।

ब्रह्मेतरविषयक वृत्तियोंको हटाकर ब्रह्माकार वृत्तियोंको प्रवाहित करना जो ध्यानात्मक है, निदिध्यासन है ।।१७५।।

श्रवणाद्यास्त्रयोऽप्येवं मानस्यः कथिताः क्रियाः ।
ताश्च स्युर्धीपदग्राह्याः सविता प्रेरयेत्सदा ।।१७६।।

इसप्रकार श्रवण मनन और निदिध्यासन तीनों ही मानसक्रियारूप सिध्द होते हैं । अतएव वे भी " धियः " इस पदसे ग्राह्य हैं । उनको भी सविता प्रेरित करें ।।१७६।।

कर्मोपास्तियुतो मर्त्यः सकामः स्वर्गमाप्नुयात् ।
इहापि लभते सौख्यं पश्चादुत्तमजन्म च ।।१७७।।

पुरुष सकाम हो तो कर्म एवं उपासना से स्वर्गादि प्राप्त करेगा , इहलोकमें भी सुख पायेगा । पश्चात उत्तम जन्मको भी प्राप्त कर सकेगा ।।१७७।।

निष्कामस्तु हरिं ताभ्यां प्रतोष्य हतकिल्बिषः ।
प्रबोधहेतुमभ्येति विवेकादिचतुष्टयम् ।।१७८।।

निष्काम पुरुष कर्म एवं उपासनासे हरिको प्रसन्न कर निष्पाप हो विवेकादि चार साधनोंको प्राप्त करता है जो ज्ञानके हेतु हैं ।।१७८।।

सविवेका सवैराग्या सशमादिर्मुमुक्षुता ।
श्रवणादिफले ज्ञाने ह्यधिकारिविशेषणम् ।।१७९।।

विवेक, वैराग्य एवं शमादिसे उत्पन्न तीव्र मुमुक्षता श्रवणादिजन्य ज्ञानफलके अधिकारीका विशेषण है ।।१७९।।

स्वर्गकामो यजेतेति ह्यधिकारविधिर्यथा ।
श्रृणुयान्मोक्षकामो हीत्यधिकारविधिस्तथा ।।१८०।।

" स्वर्गकामो यजेत " यह जैसे अधिकारविधि है वैसे मोक्षकामः श्रृणुयात् यह भी अधिकारविधि है ।।१८०।।

विप्रक्षत्रादिवत्तत्र विवेक्यादिर्विशेषणम् ।
अन्येऽवच्छेदिकामाहुर्मोक्षेच्छायां तु तज्जताम् ।।१८१।।

ब्राह्मणो यजेत, राजा यजेत इत्यादि स्वर्गकाम अधिकारीका विशेषण है वैसे विवेकी श्रृणुयात् इत्यादि भी मोक्षकाम अधिकारीका विशेषण है । कुछ लोग मानते हैं कि मोक्षेच्छारुपी अधिकारितामें अवच्छेदक है विवेकादिजन्यत्व । विवेकादिजन्य विलक्षण मुमुक्षुतावाला अधिकारी यहपक्षान्तर भी द्रष्टव्य है ।।१८१।।

सामान्याध्ययनाद् वृध्दवाक्यात् सत्सङ्गतस्तथा ।
'नित्यानित्यविवेकः स्यादुपासावीध्रचेतसाम् ।।१८२।।

सामान्य वेदाध्ययनसे, वृध्दजनवाक्यसे एवं सत्संगसे नित्यानित्यविवेक होता है जिनका हृदय उपासनासे पवित्र हुआ है उनको ।।१८२।।

अनित्यमसुखं लोकमिमं प्राप्य भजस्व माम् ।
इति ब्रुवन् नित्यसुखरूपत्वं स्वमसूसुचत् ।।१८३।।

गीतामें भगवान कहते हैं -अनित्य और असुख इस लोकको प्राप्त होकर मेरा भजन करो । अर्थात मेरा स्वरूप नित्य एवं सुखरूप है उसीका भजन करना उचित है ।।१८३।।

ततश्चासुखरूपत्वाद् वैराग्यं लोकतः सताम् ।
शमो दमश्चोपरतिस्तितिक्षा च प्रजायते ।।१८४।।

अनित्यता और असुखरूपताका अनुभव करनेवाले सत्पुरुषोंको संसारसे वैराग्य हो ही जाता है तो संसारमें मन नहीं लगता । उसके दर्शन स्पर्शनादिसे वे अलग रहने लगते हैं । उसकी प्राप्तिके निमित्त कर्मोंको छोड देते हैं और उससे होनेवाली तकलीफकी परवाह नहीं करते यही शम, दम, उपरम और तितिक्षा है ।।१८४।।

श्रद्दधात्येष सध्दर्मे समाधत्ते मनः सति ।
तदा मुमुक्षा तीव्रा स्यादधिकारित्वकारणम् ।।१८५।।

संसारसे उपरत होते ही भगवत् धर्ममें श्रध्दा होने लगती है और सत्पक्षमें मन समाहित होने लगता है । यही तो " भजस्व मां " का रहस्य है । तब तीव्र मुमुक्षा होती है जो अधिकारी का विशेषण है ।।१८५।।

भाष्य- धर्मादिविषया वा बुध्दीः
लोके सर्वत्र धीशब्दो बुध्दावेव प्रयुज्यते ।
क्वचित् कर्मार्थिता वेदे युक्ता लाक्षणिकी ततः ।।१८६।।

परंतु लोकमें धी शब्दका प्रयोग बुध्दि अर्थमें ही आया है । क्वचित वेदमें कर्म अर्थमें प्रयोग आया है । वह तो लक्षणासे भी संभव है ।।१८६।।

क्रिया नाम परिस्पन्दपरिणामात्मिका मता ।
स्पन्दमाने बहिर्ज्ञाने तदङ्कुरवदुद्भवेत् ।।१८७।।

क्रिया परिस्पन्दका परिणाम है । बाहरकी ओर ज्ञान स्पन्दित होता है तो अङ्कुरके समान क्रिया उद्भूत होती है । ऐसा आचार्योंने बताया है ।।१८७।।

तज्जन्यत्वेन ताच्छब्द्यं लोकेऽपि बहुधेक्ष्यते ।
लाङ्गलं जीवनमिति भुज्यन्ते तण्डुला इति ।।१८८।।

कारणवोधक शब्दका कार्यमें प्रयोग लोकमें देखा जाता है । जैसे किसान कहता है -मेरा जीवन हल है । लोक कहते हैं -हम चावल खाते हैं । चावलका अर्थ है चावलसे उत्पन्न भात । वैसे यहांपर भी धी शब्दका लक्षणासे धी से उत्पन्न कर्म अर्थ किया जा सकता है ।।१८८।।

किं चोपास्तिर्भवेल्लभ्या कर्मार्थत्वे कथंचन ।
ज्ञानलाभस्तु न भवेद् न्यूनत्वं तत आपतेत् ।।१८९।।

दूसरी बात यह है कि कर्म अर्थ करनेपर कर्म तथा उपासना दोनोंका जैसा-तैसा ग्रहण तो हो जायेगा पर ज्ञानका लाभ नहीं होगा और उसी कारण न्यूनताकी प्रसक्ति है ।।१८९।।

सर्वोपग्राहकतया धीपदं धिषणार्थकम् ।
व्याचख्यौ भाष्यकृत्तस्माद् धर्मादिविषयत्वतः ।।१९०।।

अतः कर्म, उपासना एवं ज्ञान इन तीनोंका संग्रह करनेलिये भाष्यकार धर्मादिविषयक वुध्दि ऐसा दूसरा अर्थ करते है ।।१९०।।

धर्मादिविषयाः सत्यो यथा स्युर्बुध्दयस्तथा ।
प्रेरयेत्ताः प्रार्थितः सन् यो देवः सवितेति सः ।।१९१।।

वुध्दि धर्मादिविषयिणी एवं सद्बुध्दिरूपीणी बने वैसे सविता देव हमारी प्रार्थनासे प्रेरित करें (पूर्व बतायी हुई रीतिसे प्रार्थनाके बलसे तात्पर्यतः उक्तार्थलाभ है) ।।१९१।।

दृष्टानुमोपमाशाब्दीकल्पनानुपलब्धयः ।
षडित्यतो धिय इति बहुत्वं सूपपद्यते ।।१९२।।

दृष्ट(प्रत्यक्ष), अनुमिति, उपमिति, शाब्दी (शाब्दबुध्दि) कल्पना (अर्थापत्ति) एवं अनुपलब्धि इस प्रकार सद्बुध्दि छः होनेसे " धियः " ऐसा वहुवचन सूपपन्न है ।।१९२।।

दृष्टधीरिन्द्रियोत्था स्यात् क्वचिच्छब्दोद्भवा तथा ।
दशमस्त्वं तत्त्वमसीत्यादौ प्रत्यक्षदर्शनात् ।।१९३।।

चक्षुरादि इन्द्रियोंसे उत्पन्न धी (ज्ञान) प्रत्यक्ष कहलाती है । कहीं शब्दसे भी प्रत्यक्ष होता है । जैसे दशमस्त्वम्, तत्त्वमसि आदिमें ।।१९३।।

दृष्टिः सतां दर्शनेऽस्तु त्वत्तनूनां महात्मनाम् ।
प्रार्थ्यते प्रेरणैवात्र यमलार्जुनयोः स्फुटा ।।१९४।।

"दृष्टिः सतां दर्शनेऽस्तु भवत्तनूनां" इस स्तुतिवाक्यमें यमलार्जुन अपनी दृष्टिकी प्रेरणाके लिये प्रार्थना करते हुए लक्षित होते हैं ।।१९४।।

अनुमा लिङ्गधीजन्या मतिः सादृश्यजोपमा ।
शाब्दी शब्दोद्भवा चार्थिक्यर्थापत्तिसमुद्भवा ।।१९५।।

व्याप्तिज्ञानसे उत्पन्न बुध्दि अनुमिति है । सादृश्यज्ञानसे उत्पन्न बुध्दि उपमिति है । शब्दसे उत्पन्न बुध्दि शाब्दबोध है । अर्थापत्तिसे उत्पन्न बुध्दि आर्थिक या अर्थापत्ति बुध्दि है ।।१९५।।

अनयाऽऽराधितो नूनं भगवान् हरिरीश्वरः ।
लिङ्गदर्शनतो गोप्यो राधामनुममुस्तथा ।।१९६।।

पादचिह्नोंसे गोपियां अनुमान करती हैं कि अवश्य ही इसने पूर्वमें भगवानकी आराधना की है अतएव यह राधा ही है ।।१९६।।

शिवविष्ण्वादिलिङ्गेन तत्तज्ज्ञानं च जायते ।
तत्र च प्रेरयत्वीशो यतो भक्तिसमुद्भवः ।।१९७।।

शिवलिङ्ग नर्मदेश्वरादि, विष्णुलिङ्ग शालग्रामादिसे शिव विष्णु आदिका ज्ञान होता है उसमें भी परमात्मा की प्रेरणा हो जिससे भक्ति उत्पन्न होती है ।।१९७।।

आकाशवत् सर्वगतं सुसूक्ष्ममिति वाक्यतः ।
ज्ञायतेऽभौतिकं किंचिद् व्यापकत्वं विलक्षणम् ।।१९८।।
दृष्टान्तविरहस्यापि दृष्टान्तैस्तत्त्वमीक्षते ।
तत्रापि प्रेरकः सोऽयं सविता प्रेरयत्वसौ ।।१९९।।

परमात्मा आकाशके समान सर्वगत और परम सूक्ष्म है इस श्रुतिसे प्रथम आकाशके सदृश सर्वगतत्वादि जानकर जो विलक्षण स्वरूप ज्ञात होता है वह उपमा है । दृष्टान्तके अविषय भी ब्रह्मदृष्टान्तोंसे समझा जाता है । उसमें प्रेरक परमात्मा सविता है । वह हमें प्रेरित करे ।।१९९।।

सत्यज्ञानादिशब्दार्थशुध्दब्रह्मधियं पराम् ।
जगद्भ्रमार्थसिध्दात्मधियं च प्रेरयत्यसौ ।।२००।।

" सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्म " इत्यादि तत्पदार्थादि शोधक वाक्यसे शुध्दब्रह्मबुध्दि एवं जगत् भ्रमसे अर्थापत्ति सिध्द अधिष्ठान आत्मबुध्दिको भी वही परमात्मा प्रेरित करता है ।।२००।।

ऋतम्भरायां निर्बीजयोगे चावीक्षितुर्जगत् ।
अद्वैतब्रह्मविषयां धियमुद्भावयेत् परः ।।२०१।।

ऋतम्भरा प्रज्ञामें तथा निर्वीज समाधिमें जगतके न दीखनेसे अनुपलब्धि प्रमाणसे जगत्सत्यत्वाभाव एवं अद्वैततत्वकी धी (ज्ञान) होता है । उसके लिये भी परमात्मा प्रेरणा करे ऐसी यहां प्रार्थना है ।।२०१।।

इमाः षडनुसन्धानससमा विविदुः प्रमाः ।
स्मृत्या सह धियस्त्वष्टौ पण्डिता व्याचचक्षिरे ।।२०२।।
मत्तः स्मृतिर्ज्ञानं चेत्युक्तं भगवता स्वयम् ।
प्रेरकोऽतश्च बुध्दीनां परमात्मा प्रसिध्यति ।।२०३।।

ये पूर्वोक्त छः (प्रत्यक्षादि) प्रमा हैं । अनुसन्धानको (मानस प्रत्यक्षको)ससम प्रमा मानते हैं । स्मृति अष्टम है । " मत्तःस्मृतिर्ज्ञानमपोहनं च " इस गीता वचनके अनुसार स्मृतिका भी परमात्मा ही प्रेरक सिध्द होता है ।।२०२-२०३।।

धर्मादिविषयेत्यत्र धर्मो यागादिरुच्यते ।
आदिनोपास्तिविषया सद्ब्रह्मविषयापि वा ।।२०४।।

भाष्यमें " धर्मादिविषया " इस शब्दमें धर्मपदसे यज्ञ, दानादि ग्राह्य हैं । आदि पदसे उपासनाविषयक बुध्दि या ब्रह्मविषयक बुध्दि ग्राह्य है ।।२०४।।

ततश्च मलविक्षेपावरणानां परिक्षयः ।
प्रागुक्तः स्पष्टतो लभ्य इति भाष्यकृदाशयः ।।२०५।।

उसमें मल-विक्षेप एवं आवरण की निवृत्ति (जो पूर्वमें बतायीं) स्पष्टतः संपन्न होती है यह भाष्यकारका आशय है ।।२०५।।

यद्वा भाष्येऽत्र वाकारः समुच्चयपरो मतः ।
कर्माणि प्रेरयेद् देवो ज्ञानान्यप्यखिलेश्वरः ।।२०६।।

अथवा यहां भाष्यमें वाकार समुच्चयार्थक माना जायेगा । कर्म तथा ज्ञान दोनोंको वह ईश्वर प्रेरणा करता है ।।२०६।।

तथा चात्र प्रविश्यान्तः साक्षी सन् प्रेरयेत् परः ।
तस्मादत्रान्तरात्मत्वं निर्दिशत्यात्मनः श्रुतिः ।।२०७।।

वह पर आत्मा साक्षीरूपमें अंदर प्रवेशकर प्रेरणा करता है । अतः श्रुतिः यहां आत्माकी अन्तरात्मताका निर्देश करती है ।।२०७।।

योऽन्तरात्मा भवन् ज्ञानकर्मेन्द्रियधियां प्रभुः ।
प्रेरयत्येष स इति त्वंपदार्थविशोधनम् ।।२०८।।

जो अन्तरात्मा होकर ज्ञानेन्द्रिय कर्मेन्द्रिय एवं अन्तःकरणको प्रेरित कर सत्कर्म सदीक्षण एवं धर्मादिविषयक बुध्दि उत्पादनार्थ प्रेरणा करता है ऐसा वह सविता देव इस प्रकार यहां तृतीय- पादमें त्वंपदार्थका निरूपण है, शोधन है ।।२०८।।

भाष्य- प्रचोदयात् प्रेरयेत्

चुद प्रेरण इत्यस्य रूपमेतत् प्रचोदयात् ।
प्रकर्षस्तु स्वतन्त्रत्वादुत्कर्षार्थत्वतोऽपि च ।।२०९।।

चुद प्रेरणे इस धातुका प्रचोदयात् रूप है। प्र उपसर्गसे प्रकर्ष द्योतित होता है। प्रवर्तनमें परमात्मा स्वतन्त्र है । वही प्रकर्ष है । तथा उत्तम प्रेरणा अभीष्ट होनेसे भी प्र उपसर्गका प्रयोग है ।।२०९।।

लेडन्तस्य प्रयोगोऽयं लेटोऽडाटौ किलागमौ ।
लिङर्थे लेडयं तेन प्रेरयेदित्यभाषत ।।२१०।।

प्रचोदयात् यह लेट् का प्रयोग है । " लेटोऽडाटौ " इस सूत्रसे आड्वा आगम है । " लिङर्थे लेट् " इस सूत्रके अनुसार लिङ् के अर्थमें लेट् का प्रयोग होनेसे 'प्रेरयेत्' इसप्रकार भाष्यमें लिङ्न्तसे व्याख्या की ।।२१०।।

प्रवर्तयेदसौ किन्तु यत्नाभावान्न तज्जगौ ।
केनेषितं प्रेरितं सत् पततीत्याह च श्रुतिः ।।२११।।

यद्यपि 'प्रवर्तयेत्' ऐसा भी कह सकते थे । किन्तु प्रवर्तनार्थ यत्नकी आवश्यकता न होनेसे वैसा नहीं कहा । " केनेषितं पतति प्रेषितं मनः " इस श्रुतिमें उक्त बात स्पष्ट है ।।२११।।

स्वच्छास्वच्छौ मतौ भागौ द्वावन्तःकरणस्य यौ
तत्र ज्ञानक्रियाशक्ती चेतनप्रतिबिम्बतः ।।२१२।।

अन्तःकरणके दो भाग हैं । एक स्वच्छ भाग है, दूसरा अस्वच्छ भाग है । स्वच्छ भागमें चेतनका प्रतिबिम्ब होनेपर ज्ञानशक्ति और अस्वच्छ भागमें चेतनका प्रतिबिम्ब पडनेपर क्रियाशक्ति होती है ।।२१२।।

ज्ञानशक्ति मनः प्राणः क्रियाशक्तिरुदीरितः ।
आद्येन मानसं ज्ञानमन्तःस्पन्दोऽपरेण च ।।२१३।।

ज्ञानशक्तिवाला भाग मन कहलाता है और क्रियाशक्तिवाला भाग प्राण कहलाता है । ज्ञानशक्तिसे मानसज्ञान और क्रियाशक्तिसे अन्तःस्पन्द होता है ।।२१३।।

मनो ज्ञानेन्द्रियैर्युक्त्वा बहिर्ज्ञानाय कल्पते ।
प्राणः कर्मेन्द्रियैर्युक्त्वा कल्पते बाह्यकर्मणे ।।२१४।।

मन ज्ञानेन्द्रियोंसे युक्त होता है तो बाह्यज्ञान होता है । प्राण कर्मेन्द्रियोंसे युक्त होता है तो बाह्य क्रिया होती है ।।२१४।।

पृथगेवोपतिष्ठेते सार्धं रूपरसौ यथा ।
ज्ञानशक्तिक्रियाशक्ती तथान्तःकरणे सह ।।२१५।।

जैसे रूप और रस एकही जगह पृथक् पृथक् रहते हैं वैसे ज्ञानशक्ति तथा क्रियाशक्ति अन्तःकरणमें साथ ही रहती हैं । स्वच्छ अस्वच्छ यह समझानेकी प्रक्रियामात्र है ।।२१५।।

मुख्यं प्राणं स्पन्दकृतमाह सर्वप्रवर्तकम् ।
अन्तःकरणयुक्तं तु बिम्बं तमपरे विदुः ।।२१६।।

यदि कर्मेन्द्रिय वागादिका प्रवर्तक प्राण एवं ज्ञानेन्द्रिय चक्षुरादिकाप्रवर्तक मन है तो मुख्य प्राणको सर्वप्रवर्तक श्रुतियोंमें कैसे कहा? इस शंका का उत्तर यही है कि मुख्य प्राण ही स्पन्दनकारी है। अन्य आचार्य यह कहते हैं कि अन्तःकरणविशिष्ट बिम्बचैतन्य ही मुख्यप्राण है । विशिष्ट होने ही से प्राणोत्क्रमणादि उपपन्न है ।।२१६।।

आत्मा सांनिध्यमात्रेण सर्वमेव प्रवर्तयेत् ।
अतश्च प्रेरयेद् देव इत्युक्तं कृत्यभावतः ।।२१७।।

आत्मा (शुध्द चैतन्य) सानिध्यमात्रसे सबको प्रवर्तित करता है । अतएव कृति (प्रयत्न) न होनेसे 'प्रेरयेत् ' इतना ही कहा ।।२१७।।

इन्द्रियैर्विषयच्छायां प्राप्य चित्तं तदाकृति ।
यदात्मच्छायया दीप्येत् प्रत्यक्षं तन्निगद्यते ।।२१८।।

आत्माके सांनिध्यसे चुंबकसंनिहित लोहेके समान कर्मेन्द्रियप्रवृत्ति भले हो , पर ज्ञानेन्द्रिय प्रवृत्ति कैसे होगी ? सुनो । इन्द्रियोंसे चित्त विषयकी छाया ग्रहण करता है तो विषयाकार होता है । वह आत्मछायासे दीप्त होता है यही प्रत्यक्ष है । इसमें आत्मा ही मूल हुआ ।।२१८।।

लिङ्गाद्यैर्विषयाकारमच्छायं भासते मनः ।
तच्चात्मच्छायया तध्दि परोक्षमिति कीर्त्यते ।।२१९।।

व्याप्तिज्ञान, सादृश्यज्ञानादिसे विषयछायाके विना ही मन विषयाकार होकर आत्मछायासे भासित होता है वह परोक्षज्ञान है । वहां भी आत्मा ही अपनी छायासे भासित

प्रवर्तित करता है ।।२१९।।

स चाकारः सूक्ष्मभूतः संस्कार इति कथ्यते ।
उद्बोधात् स्थूलभावास आत्मदीसः स तु स्मृतिः ।।२२०।।

वही विषयाकार चित्तवृत्ति सूक्ष्म होनेपर संस्कार कहलाती है । उद्बोधकसे कालान्तरमें वह स्थूलभावको प्रास होता है तो आत्मछायासे दीस होता है । यही स्मृदि है । यहां भी आत्मा ही प्रेरक है ।।२२०।।

पूर्वकर्माशयोद्बोधादीश्वरेच्छावशादपि ।
इष्टसाधनताबुध्दया तत्रेच्छा ज्ञातवस्तुनि ।।२२१।।

वस्तु का अपरोक्ष या परोक्ष ज्ञान होनेपर पूर्वकर्म या वासना के उद्बोधसे और ईश्वरेच्छासे उस विषयमें इष्टसाधनता बुध्दि उत्पन्न होती है और उस विषयमें इच्छा होती है ।।२२१।।

द्विष्टसाधनताबुध्दौ द्वेषोऽपि बहुधा भवेत् ।
प्रवृत्तिर्वा निवृत्तिर्वा तत एवोपजायते ।।२२२।।

हां, उसी प्रकार पूर्वकर्माशयसे द्विष्टसाधनता बुध्दि हुई तो द्वेष भी उत्पन्न होता है । तब यथायोग्य प्रवृत्ति या निवृत्ति होगी । कहीं उपेक्षा भी होगी ।।२२२।।

ईश्वरेच्छादिसहितां बुध्दिं सांनिध्यमात्रतः ।
प्रवर्तयति यः सोऽयं त्वंपदार्थो विविच्यते ।।२२३।।

ईश्वरेच्छा, कर्म एवं वासनासहित बुध्दिको जो सांनिध्यमात्रसे प्रवर्तित करता है वही शुध्द त्वंपदार्थ है ।।२२३।।

नन्वीश्वरः स सविता प्रेरको यत्पदास्पदः ।
त्वंपदार्थस्तु न इति प्रोक्तो भवितुमर्हति ।।२२४।।

पूर्वपक्षः- सविता ईश्वर प्रेरक है, वही यत्पदका अर्थ है । वह त्वंपदार्थ नहीं है । त्वंपदार्थ तो " नः " इससे उक्त जीवात्मा है ।।२२४।।

अत्रोच्यते न इत्येष बुध्दियुक्तो निगद्यते ।
ततो बुध्देः पृथक्कारे साक्षी गृह्येत यत्पदात् ।।२२५।।

उत्तरपक्षः- इसका समाधान यह है कि 'नः' से बुध्दिविशिष्ट आत्माका बोध होता है और 'यः' इस पदसे बुध्दिसे पृथक्कृत साक्षीका ग्रहण होता है । साक्षी ब्रह्म होनेसे प्रेरक सुतरां सिध्द है ।।२२५।।

इति त्वंपदार्थविचारः

भाष्यं- तत् तस्य सवासु श्रुतिषु प्रसिध्दस्य

तत्पदेन परामृश्य यत्पदार्थविविक्तये ।

तृतीयापादं व्याख्याय शेषं व्याख्यायतेऽधुना ।।१-२२६।।

" तत्सवितुर्वरेण्यं " में तत्पद यत्पदसापेक्ष होनेसे प्रथम यत्पदार्थ विवेचक तृतीयपादकी व्याख्या कर अब प्रथम दो पादोंकी व्याख्या करते हैं ।।१-२२६।।

षष्ठ्याः सुपां सुलुगिति लोपाद्रूपं तदित्यदः ।

स्वादेशस्तु न युक्तोऽस्याः सादेशादिप्रसङ्गतः ।।२-२२७।।

'तत्' यह रूप षष्ठीके लोपसे हुआ । तस्य इस षष्ठीका "सुपां सुलुक" इस सूत्रसे लुक् हुआ । कुछ लोग सु आदेश मानते हैं । किन्तु उस पक्षमें " त्यदादीनामः " , "तदोः सः सावनन्त्ययोः " ये दोनों सूत्र लग सकते हैं ।।२-२२७।।

प्रसिध्दार्थकमेतच्च सर्वनामापि तत्पदम् ।

सर्वास्वेष श्रुतिष्वात्मा प्रसिध्दः सविता परः ।।३-२२८।।

यह तत्पद सर्वनाम होनेपर भी प्रसिध्दार्थक भी है । समस्तं श्रुतियोंमें यह सविता (ब्रह्म) प्रतिपाद्यतया प्रसिध्द है ।।३-२२८।।

समामनन्ति सर्वेऽपि वेदास्तत्त्वेन यत्पदम् ।

वेदैश्च सर्वैर्वेद्योऽहमित्यूचाते श्रुतिस्मृती ।।४-२२९।।

" सर्वे वेदा यत्पदमामन्ति " वेदैश्च सर्वैरहमेव वेद्यः " इस प्रकार श्रुति और स्मृति दोनों उक्त बातका समर्थन करती हैं ।।४-२२९।।

साक्षादाचक्षते वेदा आत्मानं परमं क्वचित् ।

क्वचिच्च पारम्पर्येण तात्पर्येण विवृण्वते ।।५-२३०।।

वेदोंमें कहीं परमात्माका साक्षात वर्णन है और कहीं परम्परया तात्पर्यतः विवरण किया है ।।५-२३०।।

त्वंपदार्थविशुद्ध्यर्थं कर्मकाण्डं प्रवर्तते ।

न शरीरादिरेवात्मा जन्मान्तरफलानुभूः ।।६-२३१।।

त्वंपदार्थ शोधनके लिये कर्मकाण्ड है । मरणोत्तर जन्मान्तरादिमें फलानुभव इस शरीरसे नहीं हो सकता । अतः शरीरादिसे भिन्न आत्मा है यह कर्मकाण्डसे सिध्द होता है ।।६-२३१।।

तत्पदार्थविशुद्ध्यर्थं ध्यानकाण्डं प्रवर्तते ।
ईश्वरो व्यापको ध्येयो ध्यानात्सर्वत्र दर्शनात् ।।७-२३२।।

तत्पदार्थकी शुध्दिके लिये उपासना काण्ड है । ईश्वर व्यापक है । जहां भी ध्यान करें जब भी करें जितने भी करें वहीं भिन्न-भिन्न स्थानोंमें भिन्न-भिन्न व्यक्तियोंको एक साथ दर्शन होता है । अतः ईश्वर व्यापक सिध्द होता है ।।७-२३२।।

किं च ध्वंसात्मिका शुध्दिर्देहिनः कर्मणैनसाम् ।
हन्तव्यतामतित्यागादुपास्त्या परमात्मनः ।।८-२३३।।

और जीवात्मामें ध्वंसात्मक शुध्दि भी होती है । कर्म करनेसे पापध्वंस होता है । यह भी त्वंपदार्थ शुध्दि ही है । तथा उपासना करनेसे परमात्मा 'यह व्यक्ति हन्तव्य है " इस बुध्दिको छोडता है । अतः तत्पदार्थशुध्दि है ।।८-२३३।।

विद्यते चेतनः कोऽपि फलदाता च कर्मणाम् ।
न ध्वस्तं जनयेत् किंचित् कर्म ध्वस्तं कथं फलम् ।।९-२३४।।

और भी बात यह है कि कर्मादिका फलदाता कोई चेतन अवश्य होना चाहिये । ध्वस्त वस्तु क्या फल उत्पन्न करेगी ? ध्वस्त कर्म कैसे फल देगा ? अतः स्वर्गादि फलोपदेशक वेद फलदाता ईश्वरको बताता है ।।९-२३४।।

किं च पापन्निवृत्यर्थं सकामं कर्म वोध्यते ।
तत्र वेदजपुण्येन निष्कामत्वं क्रमाद् भवेत् ।।१०-२३५।।
निष्कामकर्मोपास्तिभ्यां मलविक्षेपनाशतः ।
भवेज्ज्ञानं ततो द्वे च काण्डे स्तां ब्रह्मतत्परे ।।११-२३६।।

और भी बात यह है कि सकाम कर्म-उपासनासे इष्टफल प्राप्त होनेसे इष्टफलार्थ पापसे बचेगा ही । फिर अच्छे कर्ममें लग जानेसे वेदपुण्यके कारण धीरे-धीरे निष्कामता भी आ जायेगी । निष्काम कर्म-उपासनासे मलविक्षेपनिवृत्ति होगी और ज्ञान भी होगा । इस परम्परासे भी दोनों काण्ड ब्रह्मपरक ही हैं ।।१०-११।।२३५-२३६।।

सत्यं ज्ञानमनन्तं च ब्रह्म, तत्त्वमसीति च ।
साक्षादेव परं ब्रह्म श्रुतयो दर्शयन्त्यमूः ।।१२।।२३७ ।।

ज्ञानकाण्डमें तो " सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्म " " तत्त्वमसि" आदि वाक्यसे श्रुति साक्षात् ही ब्रह्मका वर्णन करती है ।।१२-२३७।।

ननु प्रसिध्दार्थकता तत्पदस्यात्र चेन्मता ।

तदा यत्पदसापेक्षं नास्ति तस्मै नमो यथा ।।१३।।२३८।।

पूर्वपक्षः- यदि 'तत्' पद प्रसिध्दार्थक है तो यत् पदकी अपेक्षा नहीं होती । जैसे दाताते मेऽपि शर्म सः तस्मै ते नमः इत्यादि में ।।१३।।२३८।।

मैवं यत्पदसत्त्वेन यत्तदोर्नित्ययोगतः ।

यत्सापेक्षप्रसिध्दार्थ- भावौ द्वावपि संमतौ ।।१४।।२३९।।

उत्तरपक्षः- जहां यत्पद है वहां यत् और तत् का नित्यसम्बध होनेसे यत्पदसापेक्षता तथा प्रसिध्दार्थता दोनों ही मान्य हैं ।।१४।।२३९।।

यत्र वा यत्पदं नास्ति प्रसिध्दार्थपरं च तत् ।

तत्र पूर्वोत्तरोक्तेदृगर्थतो हि तथार्थता ।।१५।।२४०।।

जहां यत्पद नहीं है, और प्रसिध्दार्थपरक तत्पद है वहां पूर्वमें या उत्तरमें उक्त प्रसिध्द जो अर्थ है उसको लेकर तत्पदकी प्रसिध्दार्थता है ।।१५।।२४०।।

नूतनाम्भोदरुचये गोपीवासोऽपहारिणे ।

तस्मै नमोऽस्तु कृष्णायेत्यादावेव तथेक्षणात् ।।१६।।२४१।।

" नूतनजलधररुचये "नवीन मेघश्यामल,गोपीवस्त्रापहारी उस कृष्णको नमस्कार इत्यादि स्थलपर ही तत्पदकी केवल प्रसिध्दार्थकता देखी गयी है ।।१६।।२४१।।

लोके प्रसिध्दिविरहाद् वागादिनां निवर्तनात् ।

प्रसिध्दं क्वेति तत्राह सकलासु श्रुतिष्विति ।।१७।२४२।।

लोकमें निर्विशेष परमात्माकी प्रसिध्दि नहीं है । वाणी आदि वहां निवृत्त होते हैं । तब प्रसिध्द कहां ? उत्तर है- सभी श्रुतियोंमें ।।१७।।२४२।।

तत्त्वमस्यादिवाक्येषु तच्छोधकवचःस्वपि ।

अन्तर्यामिश्रुतौ चायमन्तरात्माऽतिविश्रुतः ।।१८।।२४३।।

तत्त्वमसि आदि महावाक्योंमे पदार्थशोधक " सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्म " इत्यादिमें एवं "एष त आत्मान्तर्याम्यमृतः " इत्यादिमें अन्तरात्माके रूपमें परमात्मा प्रसिध्द है ।।१८।।२४३।।

भाष्य- देवस्य घोतमानस्य

मम देवो महादेव इतिवत् सवितुर्गुरुः ।

नात्रेति देवं नयति प्रथमं भेदकात्मना ।।१९।।२४४।।

मम देवो महादेवः यहां देवपद गुरु (पूज्य या ईश्वर) अर्थमें है । वैसे सविताका देव ऐसी व्यधिकरण षष्ठीके वारणार्थ विशेषण द्योतित करते हुए देव पद की व्याख्या प्रथम की ।।१९।२४४।।

नेन्द्रादिदेवतुल्यार्थमत्र देवपदं मतम् ।
देवस्य द्योतमानस्येत्युक्त्वा तद्धि स्फुटीकृतम् ।।२०।।२४५।।

इन्द्रादिदेवके समान कोई देवविशेष यहां विवक्षित नहीं है इस बातको देव पदका द्योतमान अर्थकर भाष्यकारने स्पष्ट किया ।।२०।।२४५।।

द्योतमानः स्वयं यस्तु द्योतयत्यखिलं जगत् ।
स एव वस्तुतो देवो देवाभासास्त्वितोऽपरे ।।२१।।२४६।।

जो स्वयं प्रकाशमान होकर समस्त जगतको प्रकाशित करता है वही वास्तविक देव है । अन्य सब तो देवाभासमात्र हैं (नाममात्रके देव हैं) ।।२१।।२४६।।

भाष्य-सवितुः सर्वान्तर्यामितया प्रेरकस्य

प्रेरणे सुवतिः षू स्यात् स्यात्प्राणिप्रसवे तु षूङ् ।
तन्त्रेणोभयमप्येव शब्दैक्याद्यात्र गृह्यते ।।२२।।२४७।।

षू प्रेरणे इत्यादि तुदादि धातु है । षूङ् प्राणिप्रसवे ऐसा दिवादि धातु है । तन्त्रतः दोनों अर्थ यहां ग्राह्य है और 'सविता' शब्द दोनोंका एक ही है अतः मिलित अर्थ संभव भी है ।।२२।२४७।।

व्याचष्टे प्रेरकस्येति कथं प्रेरकतेति चेत् ।
सर्वान्तर्यामितांहेतोः सोऽन्तःस्थो यमयेज्जगत् ।।२३।।२४८।।

सविताकी व्याख्या है -प्रेरक । कैसे प्रेरक है ? चूंकि वह अन्तर्यामी है । वह अन्तःस्थित होकर जगतका नियमन करता है ।।२३।।२४८।।

पृथिव्यामप्सु च प्राणे वाचि चक्षुषि चात्मनि ।
तिष्ठन् यमयतीत्यादि बृहदारण्यके श्रुतम् ।।२४।।२४९।।

पृथिवीमें, जलमें, तेज आदिमें एवं प्राण, वाक्, चक्षु आदिमें तथा आत्मा या विज्ञानमें अन्दर रहता हुआ वह नियमन करता है ऐसा विस्तारपूर्वक बृहदारण्यकमें बताया है ।।२४।२४९।।

को ह्येवान्यान्न चेदात्मा कः प्राण्याच्च यदेष न ।
आकाशरूप आनन्द इत्युक्तं तैत्तिरीयके ।।२५।।२५०।।

तैत्तिरीयमें बताया है कि आकाशरूप अर्थात व्यापक आनन्दात्मक आत्मा न हो तो कौन हिलेगा - डुलेगा ? कौन प्राणाऽपानादि चलायेगा ? अर्थात इन सबका प्रवर्तक परम आत्मा है । ।।२५।।२५०।।

प्रेरितारं च मत्वेति साधु कारयतीति च ।
तस्मिन्नपो मातरिश्वा दधातीत्यादयोऽपि च ।।२६।।२५१।।

श्रुतियोंमें उस आत्माको कहीं प्रेरयिता बताया है साधु असाधु कर्म करानेवाला कहा है, हिरण्यगर्भके भी नियन्ता बताया है ।।२६।।२५१।।

भाष्य-जगत्स्रष्टुः

सुवतेः प्रेरणार्थत्वात्प्रेरकस्येत्युदीरितम् ।
सूयतेः प्रसवार्थत्वाज्जगत्स्रष्टुरितीर्यते ।।२७।।२५२।।

षू प्रेरणे धातुके अनुसार प्रथम 'प्रेरकस्य' यह व्याख्या की । अब "षूङ् प्राणिप्रसवे " इस धातुके अनुसार जगत्स्रष्टा यह अर्थ कर रहें है ।।२७।।२५२।।

उपादानात्मकात् स्रष्टुर्जगदेतत्प्रजायते ।
यतो भूतानि जायन्ते यत्प्रयन्तीति च श्रुतेः ।।२८।।२५३।।

उपादानात्मक स्रष्टासे अर्थात अभिन्निमित्तोपादानरूपी ब्रह्मसे यह जगत उत्पन्न होता है । अत एव श्रुतिमें जिससे समस्त भूत उत्पन्न होते हैं कहकर जिसमें लीन होते है यह भी कहा ।।२८।। २५३।।

एकमेवाद्वितीयं सन्नेह नानास्ति किंचन ।
नासदासीन्नो सदासीत्तम आसीत्तदेति च ।।२९।।२५४।।

अन्य श्रुतियां भी अभिन्निमित्तोपादानात्मक स्रष्टृत्व बताती हैं । " सदेव सोम्येदमग्र आसीदेकमेवाद्वितीयं तत्तेजोऽसृजत । " " नेह नानास्ति किंचन । " " नासदासीन्नो सदासीन्नेत्तदानीं तम आसीत् । " इत्यादि श्रुतियोंके अनुसन्धानसे यह अर्थ स्पष्ट होता है ।।२९।।२५४।।

ननु द्वितीया मायास्ति यां तमः श्रुतिरब्रवीत् ।
माया भवत्युपादानं निमित्तं केवलं परः ।।३०।।२५५।।

पूर्वपक्षः- माया ही द्वितीय है । जिसे श्रुतिमें तम बताया । माया उपादान कारण है । ब्रह्म निमित्तकारण केवल कर्ता है ।।३०।।२५५।।

मैवं सा बाधिता नातः सद्वितीयत्वमात्मनः ।
ततोऽभिन्ननिमित्तोपा-दानं ब्रह्मैव केवलम् ।।३१।।२५६।।

उत्तरपक्ष :- माया बाधित है अतः ब्रह्ममें सद्वितीयता नहीं है इसलिये ब्रह्म अभिन्ननिमित्तोपादान है ।।३१।।२५६।।

बाधितत्वेन रूपेणानादिरेषा प्रवर्तते ।
तदवच्छेदकं तत्राविद्यात्वं कार्यवर्त्यपि ।।३२।।२५७ ।।

बाधितरूपसे अनादिकालसे माया चली आ रही है । बाध्यतावच्छेदक अविद्यात्व है । वह मायाअविद्यातत्कार्यसाधारण है ।।३२।।२५७।।

नन्वेवमधुनाप्येतदद्वितीयं सदित्यतः ।
अग्रकालाऽद्वितीयत्ववार्ताऽपार्थेति चेन्न तत् ।।३३।।२५८ ।।

पूर्वपक्ष :- यदि माया बाधित होनेसे अद्वितीयतामें बाधा नहीं डालती है तो इस समय भी माया एवं तत्कार्य जगत बाधित होनेसे अग्रकाल (प्रलयकाल) में अद्वितीय था कहना व्यर्थ है । अब भी तो अद्वितीय है ।।३३।।२५८।।

एवकारद्वयाधीतेर्वाक्यभेदोऽत्र निश्चितः ।
तत्र द्वितीये वाक्येऽग्रकालसत्त्वस्य नान्वयः ।।३४।।२५९ ।।

उत्तरपक्षः- 'सदेव सोम्य' 'एकमेव' इसप्रकार दो एवकार होनेसे वाक्यभेद तो निश्चित है । जैसे घटो नील एव, एक एव इत्यादिमें । प्रकृतमें द्वितीय वाक्यमें - "एकमेवाद्वितीयं" में अग्रेका अन्वय नहीं है । अतः कोई हानि नहीं है ।।३४।।२५९।।

तदैक्षत बहु स्यां स संकल्पः कर्मवासने ।
प्राबोधयत मायास्थे कालस्य सहकारतः ।।३५।।२६० ।।

उस सत् परमात्माने यथाकाल में एकसे अनेक हो जाऊं ऐसा संकल्प किया । उस संकल्पने मायास्थित कर्म और वासना को जगाया ।।३५।।२६०।।

नभोऽनिलानलाऽब्भूमीरुत्तरोत्तरजन्मदाः ।
तन्मात्रास्तद् व्यधात् स्थूलान् भोगार्थं प्राणिनां ततः ।।३६।।२६१ ।।

फिर उस सद्रूप ब्रह्मने उत्तरोत्तरको जन्म देनेवाले आकाश , वायु, अग्नि, जल और पृथिवी नामक तन्मात्राओंको जन्म दिया फिर स्थूल आकाशादिको बनाया ।।३६।।२६१।।

गगनादेः सात्त्विकांशात् सुषुवे धीन्द्रियाणि सः ।
श्रोत्रत्वङ्नेत्ररसनाघ्राणानि व्यष्टितः क्रमात् ।।३७।।२६२ ।।

गगनादिके व्यष्टि सात्विक अंशसे श्रोत्र, त्वचा, नेत्र, रसना और घ्राण ऐसे ज्ञानेन्द्रियोंको क्रमशः उस परमात्माने जन्म दिया ।।३७।।२६२।।

मनो बुध्दिमहंकारं चित्तं चेति चतुष्टयम् ।
समष्टेः सुषुवे तस्मादन्तःकरणसंज्ञकम् ।।३८।।२६३ ।।

सविता परमात्माने समष्टि सात्विकांशसे मन, बुध्दि, चित्त एवं अहंकार ऐसे चारको जो अन्तःकरण कहलाते हैं- जन्म दिया ।।३८।।२६३।।

कर्मेन्द्रियाणि खादीनां सुषुवे राजसांशतः ।
वाचं पाणिं च पादं च पायुं चोपस्थमेव च ।।३९।।२६४ ।।

आकाशादिके व्यष्टि राजस अंशसे वाक्, पाणि, पाद, पायु ओर उपस्थ इन पांच कर्मेन्द्रियोंको सविताने जन्म दिया ।।३९।।२६४।।

प्राणोऽपानः समानश्चोदानश्च व्यान एव च ।
प्राणभेदाः प्रसुषुवे तानसौ तत्समष्टितः ।।४०।।२६५ ।।

प्राण, अपान, समान, उदान एवं व्यान ये पांच प्राणके ही भेद हैं । इनको सविताने आकाशादिराजसांशसमष्टिसे बनाया ।।४०।।२६५।।

खादिनां तामसांशेभ्यः पञ्चीकरणतः परः ।
सविता सुषुवे देवः सर्वं स्थूलमिदं जगत् ।।४१।।२६६ ।।

आकाशादिके तामस अंशोंसे पञ्चीकरण कर सविता देवने स्थूल जगतको जन्म दिया ।।४१।।२६६।।

द्विधा विधाय चेकैकं चतुर्धा प्रथमं पुनः ।
स्वस्वेतरद्वितीयांशयोजनात् पञ्चतां गताः ।।४२।।२६७ ।।

आकाशादि प्रत्येक भूतके प्रथम दो दो भाग किये । फिर उनके प्रथम भागोंको चारचार टुकडे कर स्वीय भागसे इतर भागोंमें जोडा । तब एक एक पञ्चात्मक पञ्चात्मक हुए ।।४२।।२६७।।

ब्रह्माण्डं स्थूलभूतैः स लोकांश्चात्र चतुर्दश ।
तत्र प्राणिनिकायांश्च नानारूपानसूयत ।।४३।।२६८ ।।

उन स्थूलभूतोंसे सविताने ब्रह्माण्डको, उसमें चौदह लोकोंको और वहां नानाविध प्राणिशरीरोंका भी निर्माण किया ।।४३।।२६८।।

भाष्य- परमेश्वरस्य

एतस्य जगतः स्रष्टा सविता परमेश्वरः ।

नैवापरः स्रष्टुमीष्टे जगदेतदनन्तकम् ।।४४।।२६९ ।।

इस जगतका स्रष्टा परमेश्वर ही है । अन्य इस अनन्त जगतको नहीं बना सकता ।।४४।।२६९।।

यत्किंचित्स्रष्टृता तावदस्मादादिषु विपते ।

तद्वावरणार्थमत्रैव परमत्वं विशेषणम् ।।४५।।२७० ।।

कुछ-कुछ वस्तुओंको उत्पन्न करनेकी सामर्थ्य मनुष्यादिमें भी है । ऐसे कान्यकुब्जेश्वर- दिल्लीश्वरादिके वारणार्थ परमेश्वरमें परमत्वविशेषण है ।।४५।।२७०।।

प्रसवित्री भवेन्माता न तु प्रसविता पिता ।

उभयत्वं घोतयता तादात्म्यमिव दर्शितम् ।।४६।।२७१ ।।

माताका नाम प्रसवित्री, सवित्री आदि आता है । किन्तु पिताको प्रसविता, सविता आदि नहीं कहते । किन्तु यहां परमेश्वररूपी पिताको सविता, प्रसविता कहा । तात्पर्य उसका यही है कि पितामें ही मातृत्व सूचित किया । " त्वमेव माता च पिता त्वमेव " इत्यादि प्रसिध्द है । इससे तादात्म्यता दिखायी ।।४६।।२७१।।

भाष्य-आत्मभूतं

षष्ठी च नात्र भेदार्थे किन्त्वभेदौपचारिकी ।

तदेतदत्राभिप्रेत्य ह्यात्मभूतमितीरितम् ।।४७।।२७२ ।।

सवितुर्भर्गः यहां भेदार्थमें षष्ठी नहीं । अभेदार्थमें उपचारतः प्रयोग है । इस अभिप्रायसे " आत्मभूतं " बताया ।।४७।।२७२।।

सवित्रापि वरेण्यं तदिति कर्तरि षष्ठ्यपि ।

तस्यात्मभूतमित्युक्त्या भाष्यकारेण वारिता ।।४८।।२७३ ।।

सविताका आत्मभूत ऐसा कहकर कर्तामें षष्ठीका भी वारण किया । अन्यथा सविताके भी वरणीय उस तेजका ध्यान ऐसा अर्थ होता ।।४८।।२७३।।

भाष्य-वरेण्यं सर्वैरुपास्यतया ज्ञेयतया च संभजनीयं

वृङ् संभक्तौ वरेण्यं तदुपास्यत्वेन देहिनाम् ।

ज्ञेयत्वेनापि तत्राग्रे विस्पष्टं दर्शयिष्यते ।।४९।।२७४ ।।

वरेण्यं यह वृङ् संभक्तौ धातुका रूप है । समस्त मानवके लिये परमात्मा उपास्य एवं ज्ञेय रूपमें वरणीय है । सेवनीय है । आगे स्पष्टीकरण होगा ।।४९।।२७४।।

ननूपास्यं भवेद् ब्रह्म सविशेषं यथाश्रुतम् ।
ज्ञेयं तु निर्विशेषं तत् तदैक्यं कथमुच्यते ।।५०।।२७५।।

पूर्वपक्षः- उपास्यतया ज्ञेयतया च संभजनीयं इस प्रकार एक ही को उपास्य और ज्ञेय कहना ठीक नहीं । उपास्य सविशेष ब्रह्म है ज्ञेय निर्विशेष ब्रह्म है ।।५०।।२७५।।

तत्त्वमस्यादिविज्ञातसत्तत्त्वं चेदुपास्यते ।
विज्ञातोपासना व्यर्था विज्ञातार्था हि सा यतः ।।५१।।२७६।।

यदि कहें कि तत्त्वमसि आदिसे विज्ञात निर्विशेष ब्रह्मकी ही उपासना भी हो सकती है तो उचित नहीं । विज्ञातकी उपासना व्यर्थ है । क्योंकि विज्ञानार्थ उपासना की जाती है ।।५१।।२७६।।

किं चाऽऽवृतमुपास्यं स्यात् प्रथमं केवलश्रुतम् ।
ज्ञेयं तु शुध्दं ब्रह्मैव ज्ञायमानमनावृतम् ।।५२।।२७७।।

यदि असाक्षात्कृत की उपासना कहें जो साक्षात्कारोपयोगी है तो मतलब हुआ आवृत ब्रह्म उपास्य है । किन्तु ज्ञेय ब्रह्म आवृत नहीं । ज्ञान होते ही वह अनावृत हो जाता है ।।५२।।२७७।।

तन्नाऽऽवृतत्वरूपेण ब्रह्म नोपास्यते बुधैः ।
तत्त्वमस्यादितस्त्वादौजायते तत्परोक्षधीः ।।५३।।२७८।।

उत्तरपक्षः- उक्त आक्षेप ठीक नहीं है । ब्रह्मकी आवृतत्वेन रुपेण उपासना नहीं की जाती । तत्त्वमसि आदि वाक्योंसे प्रथम परोक्षज्ञान होता है ।।५३।।२७८।।

उपासनादिसहितैस्तैरेव परतः पुनः ।
अपरोक्षं भवेज्ज्ञानं विषयो नैव भिद्यते ।।५४।।२७९।।

उपासनादिसहित उन्हीं वाक्योंसे बादमें अपरोक्ष ज्ञान होता है । विषय बदलता नहीं ।।५४।।२७९।।

तुल्यौ चेद्वृत्तिविषयौ पारोक्षादिभिदा कथम् ।
तस्मादावरणं वाच्यं परोक्षे विषये ननु ।।५५।।२८०।।

पूर्वपक्षः- यदि प्रथमोत्पन्न तत्त्वमसि ज्ञान परोक्ष है तो उसमें हेतु क्या ? बादमें ज्ञान अपरोक्ष क्यों ? जब की वृत्ति और विषय बराबर है ।।५५।।२८०।।

मैवं ज्ञाने समुत्पन्ने नश्यत्यावरणं किल ।
सहकारिभिदाहेतोः स्तां परोक्षापरोक्षते ।।५६।।२८१।।

उत्तरपक्षः- उत्तर यह है कि अपरोक्ष ज्ञान हो तब आवरण निवृत्त होगा । आवरण न हो तब अपरोक्ष ज्ञान होगा ऐसा माननेपर अन्योन्याश्रय होगा । अतः ध्यानादि सहकारीके होने न होनेसे परोक्ष-अपरोक्षभेद है । न कि आवरण के होने न होनेसे या उसके विषय बनने न बनने से ।।५६।।२८१।।

परे तु तत्त्वमस्याद्यैरपरोक्षं हि जायते ।
पुंसोऽपराधतस्तत्तु न फलाय प्रकल्पते ।।५७।।२८२।।

दूसरे आचार्य यह कहते हैं कि तत्त्वमसि आदि महावाक्यसे अपरोक्षज्ञान ही होता है । किन्तु प्रथमतः पुरुषापराधके रहनेके कारण वह अपना फल (अज्ञाननिवृत्ति) उत्पन्न करनेमें असमर्थ होता है ।।५७।।२८२।।

उपासनाद्यैः पुरुषाऽपराधविगमे सति ।
प्रतिबन्धकनाशेन ज्ञानं मोक्षफलं भवेत् ।।५८।।२८३।।

ध्यान उपासना आदिसे पुरुषापराध नष्ट होता है तो प्रतिबन्धक आवरण के हटनेसे वह अपरोक्ष ज्ञान होता है जो मोक्षफलदायी है ।।५८।।२८३।।

अन्ये तु सगुणोपास्तिरप्यग्रे वर्णयिष्यते ।
सा वरेण्यपदेनैव लभ्येत्युभयसंग्रहः ।।५९।।२८४।।

अन्य आचार्य यह मानते हैं कि आगे सगुणोपासनाका भी वर्णन करना है और वह वरेण्य पदसे ही प्राप्य है अतः उभयसंग्रहार्थ यहीं व्याख्या की ।।५९।।२८४।।

विशिष्टशुध्दयोर्नैव भेद आत्यन्तिको मतः ।
तस्माद्विवादावसरो नास्तीहेत्याचचक्षिरे ।।६०।।२८५।।

सगुण तथा निर्गुणमें अत्यन्त भेद नहीं है । अतः सामान्यरूपसे उपास्यत्व और ज्ञेयत्वका वर्णन अनुचित नहीं है ।।६०।।२८५।।

भाष्य-भर्गः

भ्रस्ज पाके ततोऽसुंश्च कुत्वं चाञ्च्यञ्जिसूत्रतः ।
भृज्जते भर्जयति वा यत्तद् भर्ग इतीर्यते ।।६१।।२८६।।

'भ्रस्ज पाके' धातु है । उससे " अञ्च्यञ्जि युजि भृजिभ्यः कुश्च " इस उणादि सूत्रसे असुन् प्रत्यय और कुत्व करनेपर भर्गस् शब्द होता है । भृज्जति या भर्जयति इस अर्थमें भर्ग शब्द होता है ।।६१।।२८६।।

सवितृत्वं प्रसवनं सर्जनं चेद्विवक्षितम् ।
भर्जनं प्रतियोग्यस्य भवेत् संहरणं तदा ।।६२।।२८७ ।।

सविताका जगत्सृष्टिकर्ता अर्थ जब करते हैं तब भर्गका संहारकर्ता अर्थ होगा । सर्जनका प्रतियोगी भर्जन संहार ही है ।।६२।।२८७।।

यत उत्पद्यते विश्वं यत्र चैव प्रलीयते ।
तदुपादानमेतच्च निमित्तं कर्तृतोक्तितः ।।६३।।२८८ ।।

जहांसे उत्पन्न हो वहीं विलीन भी होता है तो वह उपादान कारण माना जाता है । कर्तृत्वकथन से निमित्त भी वह है ।।६३।।२८८।।

पचन्ति काष्ठानीत्येवं कर्तृत्वविरहेऽपि हि ।
प्रयोगश्चेत् कर्तृहेत्वोः प्रयोगो नासमञ्जसः ।।६४।।२८९ ।।

सवितामें कर्तृप्रत्यय है उससे हेतु अर्थ कैसे निकलेगा? सुनो- 'पचन्ति काष्ठानि' यहां कर्तृप्रत्यय होनेपर केवल हेतु अर्थ निकलता है तो कर्तृत्वविशिष्ट हेतु अर्थ आसानीसे प्राप्त हो सकता है ।।६४।।२८९।।

कार्यस्थितिरुपादाने तटस्थं लक्षणं ततः ।
यतो हीमानि भूतानि जायन्त इति च श्रुतेः ।।६५।।२९० ।।

उपादान सिध्द होनेपर उसमें कार्य की स्थिति भी स्वतः सिध्द होती है । तब जगतके जन्म, स्थिति एवं लयके हेतुत्वरूपी तटस्थ लक्षण भी सूचित हो जाता है " यतो वा इमानि भूतानि जायन्ते येन जातानि जीवन्ति यत्प्रयन्त्यभिसंविशन्ति " इस श्रुतिके साथ संवाद या एकवाक्यता होनेसे इतना अर्थ यहां माना जा सकता है । उपसंहार न्यायसे भी यह सिध्द है ।।६५।।२९०।।

सृष्टिकालेऽपि भर्गात्मेत्येतच्चात्र प्रतीयते ।
न भर्गसा विना सूर्यः सविता खलु संभवेत् ।।६६।।२९१ ।।

सविता भर्गः कहनेपर उद्देशतावच्छेदककालावच्छेदेन विधेय बोध होनेपर सवितृत्व कालिक भर्गस्त्व प्रतीत होगा । जैसे सूर्य जभी होगा प्रकाश साथमें होगा ।।६६।।२९१।।

सृष्टिकालेऽप्यभावोऽस्य प्राप्तोऽतोऽनेन हेतुना ।
मृषा स्वाश्रयगाभावप्रतियोगित्वतो जगत् ।।६७।।२९२ ।।

इसलिये सृष्टिकालमें भी अभाव प्राप्त होता है । फलतः जगत स्वाश्रयवृत्यन्ता भाव प्रतियोगी होनेसे मिथ्या सिध्द होता है ।।६७।।२९२।।

बाधात्मकं भर्जनं चेद् भर्गःशब्दविवक्षितम् ।
स्पष्टमेवात्र मिथ्यात्वं जगतः प्रतिपाद्यते ॥६८॥२९३॥

यदि भर्गः शब्दसे बाधरूपी भर्जन विवक्षित है तो स्पष्ट ही जगत का मिथ्यात्व यहां ज्ञात होता है ॥६८॥२९३॥

तदा सवितृशब्दोऽपि कल्पकत्वार्थको भवेत् ।
श्रुतिश्चैक्षत तद् धाता यथापूर्वमकल्पयत् ॥६९॥२९४॥

भर्गः शब्दका बाधक अर्थ होनेपर सवितृ शब्दका भी कल्पक अर्थ होगा । " तदैक्षत बहु स्यां " " धाता यथा पूर्वमकल्पयत् " इत्यादि श्रुतिमें कल्पकत्व बताया है ॥६९॥२९४॥

ईक्षणोत्थत्वतो विश्वं दृष्टिसृष्टिर्न संशयः ।
व्यावहारिकसत्यत्वं तत्र मन्यामहे वयम् ॥७०॥२९५॥

जगत ईक्षणोत्पन्न होनेसे दृष्टिसृष्टि निश्चित है । उसमें व्यावहारिक सत्यत्व हम भी मानते हैं ॥७०॥२९५॥

भर्जितेषु सरूपेषु बीजशक्तिर्न तिष्ठति ।
ज्ञानभर्जीतसंसारे बीजशक्तिस्तथैव न ॥७१॥२९६॥

चना गेहूं आदि भूंजनेपर उनमें बीजशक्ति नहीं रहती, देखनेमें भले बीजशक्तिवालेके बराबर आकारादि हो, वैसे ही ज्ञानाग्निसे संसार भर्जन होनेपर उसमें बीजशक्ति नहीं रहती, देखनेमें संसार भले ही पूर्ववत हो ॥७१॥२९६॥

बीजशक्तिस्तु वृक्षेऽपि बीजान्तरसमुद्भवात् ।
तथा चाज्ञानतत्कार्यभर्जनं युज्यतेतराम् ॥७२॥२९७॥

ज्ञानसे बीजशक्ति नष्ट हो किन्तु संसार तो बीज नहीं है, वृक्ष है ।उसका भर्जन किस प्रकार ? उत्तर है कि वृक्षमें बीजशक्ति रहती है तभी तो वृक्षसे फिर बीज उत्पन्न होता है तथा वृक्षान्तर होते हैं । इसी प्रकार माया एवं तत्कार्य जगत दोनोंमें बीजशक्ति रहती है । सबका भर्जन ज्ञानसे होता है ॥७२॥२९७॥

खादयो ज्ञानतः पूर्वं यथासीत्तद्वदुत्तरम् ।
परं न कामलोभादिकार्यमादधते हि ते ॥७३॥२९८॥

आकाशादि तथा धनदारादि ज्ञानसे पूर्व जैसे थे वैसे ही ज्ञानके बाद भी आकारसे दीखेंगे । किन्तु वे कामलोभादि कार्य उत्पन्न नहीं करते । यही बाजशक्तिका भर्जन है ॥७३॥२९८॥

लेशाविद्यावशात्कामलोभादिर्योऽनुवर्तते ।
कामाद्याभासमात्रं तद् ज्ञानाद् बीजत्वभर्जनात् ।।७४।।२९९ ।।

लेशाविद्यासे ज्ञानीमें जो कामलोभादिका अनुवर्तन दीखता है वह तो कामादिका आभासमात्र है । क्योंकि ज्ञानसे बीजशक्ति नष्ट हो गयी है । अतएव जनकादि एवं दुर्वासा आदिमें कामक्रोधादि दीखते रहे ।।७४।।२९९।।

ब्रह्मचैतन्यमेवेहाखण्डवृत्त्युपलक्षितम् ।
भर्ग इत्युच्यते विश्वबाधकं ज्ञानशब्दितम् ।।७५।।३०० ।।

अखण्डाकारवृत्त्युपलक्षित ब्रह्मचैतन्य ही वस्तुतः भर्ग है । वह द्वैतप्रपञ्चका बाधक है । इसीको तत्वज्ञान कहते हैं ।।७५।।३००।।

तत्त्वमस्यादिवाक्यैर्वा गायत्र्या वा समुद्गता ।
अखण्डाकारवृत्तिस्तद्-गोचरं ब्रह्म सन्महः ।।७६।।३०१ ।।

तत्त्वमसि आदि महावाक्योंसे या गायत्रीसे उत्पन्न होनेवाली वृत्ति अखण्डाकार वृत्ति है । उसका विषय परम तेज ही ब्रह्म है ।।७६।।३०१।।

भाष्य-स्वयंज्योतिः परब्रह्मात्मकं तेजः

स्वयंज्योतिश्च तद्भर्गः परब्रह्मात्मकं मतम् ।
सत्यं ज्ञानमनन्तं च तद् ब्रह्मेत्याह तित्तिरिः ।।७७।।३०२ ।।

वह भर्ग स्वयंज्योति है क्योंकि वह परब्रह्मस्वरूप है । उसीको तैत्तिरीयकमें "सत्यं ज्ञानमनन्तं " कहा और "ब्रह्म "भी बताया ।।७७।।३०२।।

स्वयंप्रकाशो ज्ञेयोऽयमात्मा नित्यं प्रकाशनात् ।
अस्य प्रकाशकोऽन्यश्चेत्तस्यान्यस्तस्य चापरः ।।७८।।३०३।।
इति स्यादनवस्थैव विरामे जगदन्धता ।
परप्रकाश्यः सकलः प्रपञ्चो हि यतो मतः ।।७९।।३०४ ।।

स्वयंप्रकाश ब्रह्म ही आत्मा है क्योंकि यह आत्मा नित्यप्रकाशित रहता है । इस आत्माको यदि दूसरा प्रकाशित करता हो तो दूसरा आत्मा मानना पडेगा । उसका भी फिर प्रकाशक तीसरा आत्मा मानना होगा । इस प्रकार अनवस्था होगी। कहीं विश्राम मानेंगे तो वही अप्रकाशित होगा । और पूर्वपूर्व भी अप्रकाशित रह जायेंगे । और संपूर्ण जगत भी अन्धमय हो जायेगा । यदि सौ दो सौ सोपानके बाद स्वयंप्रकाश मानेंगे तो प्रथम आत्माको ही स्वयंप्रकाश क्यों नहीं मान लेते ? जगत तो परप्रकाश्य है यह प्रात्यक्षिक है । तब आत्मा

भी अप्रकाश होनेसे जगत अन्ध होगा ।।७९।।३०४।।

सुषुप्तावपि नो भानमात्मनः प्रविलुप्यते ।
उत्थितस्य सुखादीनां परामर्शावलोकनात् ।।८०।।३०५।।

सुषुप्तिमें भी आत्माका भान लुप्त नहीं होता । अत एव उठनेपर सुखपूर्वक सोया इत्यादि रीति सुखादिका परामर्श होता है ।।८०।।३०५।।

ननु चेत् स्वप्रभं ब्रह्म प्रकाशेत सदैव तत् ।
कुतो ज्ञानाय यत्नः स्यात् सर्वमुक्तिः कुतो न च ।।८१।।३०६।।

पुर्वपक्षः- यदि ब्रह्म स्वयंप्रकाश है तो हमेशा प्रकाशित होना चाहिये । तब ज्ञानार्थ प्रयत्न व्यर्थ होगा और सर्वमुक्ति भी होगी ।।८१।।३०६।।

उच्यतेऽविद्ययाऽनाद्या ब्रह्म स्वप्रभमावृतम् ।
तदज्ञानापनोदाय वृत्तिज्ञानमपेक्षते ।।८२।।३०७।।

उत्तरः- अनादि अविद्यासे स्वयंप्रकाश भी ब्रह्म आवृत हो गया है । उस अज्ञानको हटानेके लिये वृत्तिज्ञान अपेक्षित है ।।८२।।३०७।।

नन्वज्ञानं कथं ज्ञाने न सूर्ये संभवेत्तमः ।
मैवं धूकस्य सूर्येऽपि तिमिरं विद्यते महत् ।।८३।।३०८।।

पूर्वपक्षः- ज्ञानमें अज्ञान किस प्रकार ? क्या सूर्यमें भी अन्धकार होता है ? उत्तर- हां उल्लूके लिये सूर्यमें भी अन्धकार होता है ।।८३।।३०८।।

अज्ञानेनावृतं ज्ञानमित्याह भगवान् स्वयम् ।
अज्ञानादावनादौ न चोद्यमुत्पद्यते खलु ।।८४।।३०९।।

गीतामें भगवान स्वयं कहते हैं कि ज्ञान अज्ञानसे आवृत है । अनादि अज्ञानादिमें प्रश्न उठाना भी गलत है ।।८४।।३०९।।

तदाश्रयं तद्विषयमज्ञानं त्रिगुणात्मकम् ।
साऽविद्या सा च मायोक्ता सैव प्रकृतिरुच्यते ।।८५।।३१०।।

उस ब्रह्ममें आश्रित, उसी ब्रह्मको विषय करनेवाला वह अज्ञान त्रिगुणात्मक है । वही अविद्या एवं माया है, वही प्रकृति है ।।८५।।३१०।।

प्रकृत्युपाधितो ब्रह्म सगुणं शबलं स्मृतम् ।
मायोपाधेर्भवेदीशोऽविद्यया जीव एव च ।।८६।।३११।।

प्र ... धि होनेपर ब्रह्म श ... र तथा सगुण होता है । माया उपाधिसे ईश्वर और

अविद्या उपाधिसे जीव होता है।।८६।।३११।।

शुध्दसत्त्वप्रधानत्वान्मायोक्ता प्रकृतिर्हि सा ।

अशुध्दसत्त्वप्राधान्यादविद्या सैव कीर्तिता ।।८७।।३१२।।

यदि ये तीन एक ही के नाम हैं तो उपधेय भिन्न क्यों ? सुनो, समष्टि प्रकृति है वही शुध्द सत्वकी प्रधानता से माया होती है और अशुध्द सत्वकी प्रधानतासे अविद्या होती है ।।८७।।३१२।।

जीव ईशस्तयोर्भेदोऽविद्या तद्योग एव च ।

अनादिकल्पिताः पञ्चाऽनादिसिध्दा तु शुध्दचित् ।।८८।।३१३।।

जीव, ईश्वर इनका परस्पर भेद, अविद्या तथा अविद्याचित्सम्बन्ध ये पांच अनादिकल्पित हैं । और शुध्द चैतन्य अनादिसिध्द है ।।८८।।३१३।।

वृत्त्यभिव्यक्तचैतन्यमविद्यादिनिवर्तकम् ।

अन्यथा साधकं तेषां तेन नो सर्वमुक्तता ।।८९।।३१४।।

वृत्यभिव्यक्त चैतन्य ही अविद्यादिनिवर्तक है । अन्यथा चैतन्य तो अविद्यादिका साधक ही रहता है अतः सर्वमुक्तता नहीं होती ।।८९।।३१४।।

भर्गो ज्ञानं न सा वृत्तिः स्वयंज्योतिःस्वरूपि यत् ।।

न चार्करश्मिवद्भिन्नं परब्रह्मात्मकं मतम् ।।९०।।३१५।।

भर्ग यद्यपि ज्ञान है तथापि वृत्तिज्ञान नहीं । क्योंकि स्वयंज्योति है और सूर्य और उसकी रश्मिके समान पृथक भी नहीं क्योंकि वह परब्रह्म ही है ।।९०।।३१५।।

भाष्य-धीमहि

ध्यायतेरात्मनेभाषा संप्रसारणमेव च ।

शब् लुक् च च्छान्दसा भर्गो ध्यायेमैतद्यथा श्रृणु ।।९१।।३१६।।

धीमहि यहां ध्यै धातुका आत्मनेपद प्रयोग, यकार को संप्रसारण, शप् का लुक् ये सभी छान्दस हैं । भर्गका ध्यान करनेकी बात चल रही है उसीकी आगे चर्चा करते हैं ।।९१।।३१६।।

भाष्य-तद् योऽहं सोऽसौ योऽसौ सोऽहमिति वयं ध्यायेम ।

हंसो हंसोऽहमित्येवं ध्यायेमावृत्तितस्ततः ।

अहं स इति सोऽहं चेत्युभयं गम्यते स्फुटम् ।।९२।।३१७।।

हंसो हं सोहं इत्यादि आवृत्ति करते हैं तो अहं सः सोऽहं ये दोनों आ जाते हैं । हं

सो हं में अकारका लोप या पूर्वरूप होनेसे रूप समान रहता है ।।९२।।३१७।।

परिच्छिन्नत्वहान्यै स्यादहं स इति चिन्तनम् ।
परोक्षत्वनिरोधाय सोऽहमित्यपि चिन्तनम् ।।९३।।३१८।।

अहमर्थमें 'सः' के विधानसे परिच्छिन्नत्वकी निवृत्ति होती है । 'सः' में अहं के विधानसे परोक्षत्वकी निवृत्ती होती है । अतः अहं सः सोऽहं ये दोनों ही चिन्तन किये जाते है ।।९३।।३१८।।

त्वं वा अहमहं वा त्वं योऽहं सः सोऽहमित्यपि ।
हंसः सोऽहमसौ सोऽहमित्याद्याः श्रुतयस्तथा ।।९४।।३१९।।

इस बातके प्रतिपादक अन्य मन्त्र भी हैं । " त्वं वा अहमस्मि भगवो देवते अहं वा त्वमसि " " योऽसावसौ सोऽहमस्मि " " तद्योऽहं सोऽसौ योऽसौ सोऽहं " हंसः सोऽहं " इत्यादि श्रुतियोंमें वही बात कही गयी है ।।९४।।३१९।।

अहंग्रहोपासनेति सेयं श्रुतिषु गीयते ।
निदिध्यासनमेवैतदित्यन्ये प्रतिपेदिरे ।।९५।।३२०।।

यह अहंग्रहोपासना है । श्रुतियोंमें वर्णित है । दूसरे विद्वान इसे निदिध्यासन कहते हैं । ध्यान और समाधीको पञ्चदशीमें निदिध्यासन कहा है ।।९५।।३२०।।

भाष्य- यद्वा तदिति भर्गोविशेषणम्
सामानाधिकरण्यं हि नासमानविभक्तिके ।
लुप्तषष्ठ्यनुसन्धानं क्लेशान्नो वाक्यविन्मतम् ।।९६।।३२१।।

पूर्वदर्शित व्याख्यामें थोडा क्लेश है । असमान विभक्ति हो तो सामानाधिकरण्य नहीं होता । तत्सवितुः यहां विशेषणविशेष्यभावनहीं हो सकता । तत् का तस्य अर्थ है । विभक्तिका लोप हुआ । अतः तस्य सवितुः इस प्रकार समान विभक्ति मानें तो इसमें मीमांसक लोग लुप्तविभक्तिके अनुसंधानमें क्लेश मानते हैं।।९६।।३२१।।

द्वितीयान्तं तदित्येतद् युक्तं भर्गोविशेषणम् ।
नात्र प्रसिध्दताहेतोर्लोपो दोषाय कल्पते ।।९७।।३२२।।

अतः तत्पद द्वितीयान्त भर्गका विशेषण उचित है । यहां भी यद्यपि द्वितीयाका लोप हुआ है तथापि अकारान्त प्रयोग न होनेसे नपुंसक प्रयोग निश्चित होता है । और नपुंसकमें द्वितीयाके एकवचनका लोप प्रसिध्द है । अतः दोष नहीं है ।।९७।।३२२।।

सोढव्यश्छान्दसो लिङ्गव्यत्ययोऽत्रापि यत्पदे ।
असंजातविरोधित्वान्मा क्लेशः प्रथमं तु भूत् ।।९८।।३२३।।

परंतु यहां पर भी यत्पदमें लिङ्गव्यत्यय छान्दस मानना पडेगा। असंजातविरोधिन्यायसे प्रथम यथाश्रुत अर्थ करना ठीक माना जाता है ।।९८।।३२३।।

अथवा शक्यमेवं च योजनान्तरमित्यतः ।
भर्गोविशेषणतया तदर्थं प्राह भाष्यकृत् ।।९९।।३२४।।

अथवा पूर्वत्र अरुचि देखनेकी आवश्यकता नहीं है । ऐसी भी योजना संभव है इस आशयसे तत्पदार्थको भर्ग विशेषणके रूपमें भाष्यकार जोड रहें हैं ।।९९।।३२४।।

भाष्य- सवितुर्देवस्य तादृशं भर्गो धीमहि

पूर्वत्र तस्य सवितुः कीदृशस्येति वीक्षणे ।
देवस्येति समाधानादाकाङ्क्षा खलु शाम्यति ।।१००।।३२५।।

पूर्व व्याख्यामें प्रथम ' तस्य सवितुः ' की व्याख्या करते है तो तत्पदार्थ प्रसिध्दि किस प्रकार ? इस अर्थमें ' कीदृशस्य तस्य ' यह जिज्ञासा होगी । इसका समाधान 'देवस्य ' इस विशेषणसे हो जाता है। देव दिव्य होनेसे ध्यान सफल है यह ध्वनि भी निकलती है और आकांक्षा भी शान्त हो जाती है ।।१००।।३२५।।

पुनश्च किदृशोऽसावित्युत्थाप्याकाङ्क्ष्योत्तरम् ।
धियो यो न इदं योज्यं तत्र क्लेशः प्रसज्यते ।।१०१।।३२६।।

तब तृतीय पाद " धियो यो नः " को जोडनेके लिये पुनः कीदृशः सः- फिर वह कैसा है ऐसी उत्थाप्याकाङ्क्षा लाकर लगाना पडेगा जो सुगम नहीं है ।।१०१।।३२६।।

तत्पदस्य प्रसिध्दार्थबोधकत्वान्न दुर्घटा ।
आकाङ्क्षेति जहत् पाठक्रममर्थक्रमं दधौ ।।१०२।।३२७।।

दूसरी बात - तत्पदका प्रसिध्द अर्थ होनेसे इशारे मात्रसे अर्थ समझमें आ गया तो आकाङ्क्षा ही नहीं उठेगी । अतः भाष्यकारने पाठक्रमको छोडकर अर्थक्रमको लिया ।।१०२।।३२७।।

धियः प्रचोदनं चैवं पुरस्कृत्य प्रयोजनम् ।
व्याख्याय पूरकतया पादद्वयमयूयुजत् ।।१०३।।३२८।।

इस व्याख्यामें बुध्दिप्रेरणाको प्रयोजनके रूपमें आगे रखकर उसके पूरकके रूपमें प्रथम पादद्वयको योजित किया ।।१०३।।३२८।।

न चोत्थितैव पूर्वेऽपि फलाकाङ्क्षेति सांप्रतम् ।
दिव्यत्वोक्त्या गतार्थत्वाद् देवाः सर्वफलप्रदाः ।।१०४।।३२९ ।।

यह कहें कि प्रथम व्याख्यामें भी किमर्थ ऐसी फलाकाङ्क्षा होती है तो उत्तर है देवपदसे वह गतार्थ है । प्रसिध्द देव सर्वफलप्रद होते हैं ।।१०४।।३२९।।

अत्र द्वितीयव्याख्यायां भर्गः कीदृगितीक्षणे ।
विशेषणान्तरं नास्तीत्यन्त्यपादं तदुत्तरम् ।।१०५।।३३० ।।

इस द्वितीय व्याख्यामें फरक यह है कि भर्ग कैसा?इस जिज्ञासामें अन्यविशेषण न होनेसे तृतीयपादसे ही उत्तर होगा ।।१०५।।३३०।।

भाष्य- किं तदित्यपेक्षायामाह- य इति । लिङ्गव्यत्ययः ।
ततो यथाक्रममिह पदानि समयूयुजत् ।
सवितुस्तत् किं तदिति यध्दियः प्रेरयेदिति ।।१०६।।३३१ ।।

पूर्वोक्त रीति उत्थिताकाङ्क्षा होनेसे यथाक्रम भाष्यकारने पदयोजना की । जैसे सविताका वह भर्ग कैसा ? जो बुध्दिका प्रेरक है ? ।।१०६।।३३१।।

यद्वा यथाश्रुते देवपदेनाकाङ्क्षापूरणम् ।
नास्तीत्याशयवानाह किं तदित्यादि भाष्यकृत् ।।१०७।।३३२ ।।

सामान्यरूपसे इसप्रकार भी भाष्योत्थान है कि यथाश्रुत द्वितीयान्त तत्पदग्रहणपक्षमें 'देवस्य' से आकाङ्क्षापूरण नहीं होता इसे दिखानेके लिये भाष्यकार 'किं तत्' इसप्रकार आकाङ्क्षा दिखाते है। 'कस्य तत्' ऐसी आकाङ्क्षा नहीं होती । 'किं तत् ' यही आकाङ्क्षा होती है ।।१०७।।३३२।।

धियो यन्न इति क्लीबे वाच्ये पुंसि य इत्ययम् ।
प्रयोगश्छान्दसाल्लिङ्गव्यत्ययादुपपद्यते ।।१०८।।३३३ ।।

धियो यन्न प्रचोदयात् ऐसा नपुंसकलिङ्गमें प्रयोग करना चाहिये था क्योंकि परामर्शनीय भर्ग नपुंसकलिङ्ग है । तब 'यो' ऐसा पुंलिंग प्रयोग वैदिक लिङ्गव्यत्ययसे उपपादनीय है ।।१०८।।३३३।।

भाष्य- यद् भर्गो धियः प्रचोदयादिति तद् ध्यायेमेति समन्वयः ।
दर्शयत्यभिनीयोक्तं लिङ्गव्यत्ययमन्वयम् ।
पूर्वेण तस्य सम्बन्धमपि भाष्ये यदित्यतः ।।१०९।।३३४ ।।

पूर्वोक्त लिङ्गव्यत्यय, अन्वय तथा पूर्वके साथ सम्बन्धको भाष्यमें प्रकटरूपसे दिखाते

है- यद्भर्गः इत्यादिसे ।।१०९।।३३४।।

भाष्य- यद्वा

लिङ्गस्य व्यत्ययेऽप्यस्ति क्लेशोऽर्थोपस्थितावतः ।
प्रकारान्तरसत्त्वाच्च कल्पान्तरमशिश्रियत् ।।११०।।३३५।।

द्वितीय व्याख्यामें भी लिङ्गव्यत्ययमें अर्थोपस्थिति विलम्बसे होगी । और दूसरा प्रकार विद्यमान भी है अतः तृतीय प्रकारकी व्याख्या करते हैं ।।११०।।३३५।।

अस्त्युत्तरस्यां दिश्यद्रिर्हिमालयपदाभिधः ।
यं सर्वेऽकल्पयन् शैला वत्समित्यतदत्र यत् ।।१११।।३३६।।

'अस्त्युत्तरस्यां दिशि देवतात्मा हिमालयः' ऐसा उपक्रम कर 'यं सर्वशैलाः परिकल्प्य वत्सं इसप्रकार प्रयोग महाकविने किया है । यहां यत्पद तत्पदके विना है ।।१११।।३३६।।

ायेम सवितुर्भर्गो धियो यो नः प्रचोदयात् ।
विनैव तत्पदेनैवं शक्यं व्याख्यातुमञ्जसा ।।११२।।३३७।।

सविताके तेजका हम ध्यान करें जो (सविता) हमारी बुध्दिको प्रेरणा देता है इस प्रकार यहां भी तत्पदसम्बन्धके विना व्याख्या संभव है ।।११२।।३३७।।

यच्चात्र तत्पदं तध्दि प्रसिद्धयर्थावबोधकम् ।
दृश्यत्वेन प्रसिध्दं तदित्यर्थो वर्णयिष्यते ।।११३।।३३८।।

जो यहा तत्पद है वह प्रसिध्द अर्थ को बोधित करता है । सर्वदृश्यतया प्रसिध्द ऐसा अर्थ उसका आगे बतायेंगे ।।११३।।३३८।।

भाष्य :-यः सविता सूर्यो धियः कर्माणि

सुगमात्वाल्लाघवाच्च रूढयर्थेन सहोच्यते ।
सविता सूर्य इत्येवं शेषं प्रायस्तु पूर्ववत् ।।११४।।३३९।।

सुगम होनेसे और लाघव होनेसे सविता शब्दका रूढ अर्थ भी दिखाते हुए व्याख्या करते हैं- " सविता सूर्यः " इत्यादि । शेष पूर्ववत है ।।११४।।३३९।।

सूर्यमन्त्रतयाप्येष वैदिकैरुपयुज्यते ।
सोऽर्थः पक्षान्तरतया भाष्यकारेण दर्शितः ।।११५।।३४०।।

सूर्य प्रकाशक मन्त्रके रूपमें भी गायत्री मन्त्रको वैदिक लोग उपयोग करते हैं । अतः पक्षान्तररूपमें उस अर्थको भाष्यकारने दिखाया ।।११५।।३४०।।

कर्मसाक्षी दिनमणिः कर्मप्रेरयितेत्यतः ।
पक्षद्वयोपयुक्तार्थः कर्माणीतीह भाषितः ।।११६।।३४१।।

सूर्यका नाम कर्मसाक्षी प्रसिध्द है । साक्षी प्रेरक होता है अतः कर्मप्रेरक होनेसे " धियः कर्माणि " यही व्याख्या उभयपक्षोपयोगी होनेसे किया ।।११६।।३४१।।

यद्वोपलक्षणमिदं पूर्वोक्तस्मारणं हि वा ।
बुध्दिप्रेरकताप्येव प्रसिध्दा द्वादशात्मनः ।।११७।।३४२।।

अथवा " धियः कर्माणि यह बुध्दिका भी उपलक्षक है । अथवा पूर्वोक्त अर्थका एकदेश कहकर स्मरण करानेके लिये है । क्योंकि सूर्य बुध्दिके भी प्रेरकरूपसे प्रसिध्द है ।।११७।।३४२।।

भाष्य - प्रचोदयात् प्रेरयति

लिङर्थः प्रार्थनादिर्हि नानुवादे विवक्षितः ।
अतः प्रेरयतीत्येवं व्यवृणोद् भाष्यकृल्लटा ।।११८।।३४३।।

लिङ् का अर्थ प्रार्थना, विधि आदि यहां विवक्षित नहीं है । क्योंकि यत् पद होनेसे यह अनुवाद है । अतएव 'प्रेरयति' इसप्रकार लट् लकारसे भाष्यकारने विवरण किया ।।११८।।३४३।।

भाष्य- स तस्य

यत्पदस्यात्र पूर्वोपस्थापितार्थविमर्शिताम् ।
घोतयन् योजयामास स तस्येति पदद्वयम् ।।११९।।३४४।।

तत्पद जब प्रसिध्दार्थमात्र बोधक हो गया तब यत्पद पूर्वोपस्थापित अर्थ मात्र का परामर्शक हो जाता है । उसको द्योतित करनेके लिये ' स ' ,'तस्य' ये दो पद हैं । अर्थात पूर्वोक्त पूरे अर्थको सर्वनाम 'स' पदसे संगृहीत किया फिर 'तस्य' से उसको आगेके साथ जोडा ।।११९।।३४४।।

भाष्य- सवितुः सर्वस्य प्रसवितुः

योगरुढिः प्रसवितुरित्यनेन प्रदर्श्यते ।
पूज्यः प्रसविता सूर्यो ध्येयोऽयमिति सूच्यते ।।१२०।।३४५।।

योगरुढि दिखानेके लिये प्रसवितुः यह भाष्यमें कहा । जो प्रसविता है , उत्पादक है , वह पूज्य होनेसे ध्यान योग्य है यह सूचित होता है ।।१२०।।३४५।।

आदित्याज्जायते वृष्टिस्ततो ह्यन्नं ततः प्रजाः ।
तस्मात्प्रसविता चात्मा जगतस्तस्थुषश्च सः ।।१२१।।३४६।।

स्मृतिमें आदित्यसे वृष्टि, उससे अन्न और उससे समस्त प्रजाकी उत्पत्ति बतायी है। अतः सूर्य प्रसविता है । " सूर्य आत्मा जगतस्तस्थुषश्च " इस श्रुतिमें चराचर जगतकी आत्माके रूपमें सूर्यका वर्णन है ।।१२१।।३४६।।

मण्डलस्थश्च पुरुषो वक्ष्यते सूर्यशब्दितः ।
हिरण्यगर्भसंज्ञोऽसौ सर्वप्रसविता मतः ।।१२२।।३४७।।

मण्डलस्थ पुरुष भी यहां सूर्य शब्दका अर्थ है ऐसा बतायेंगे । हिरण्यगर्भ नामक वह पुरुष सर्वप्रसविता है ।।१२२।।३४७।।

भाष्य- देवस्य द्योतमानस्य सूर्यस्य

न च सोऽतीन्द्रियो देवो द्योतमानस्त्विहोच्यते ।
सूर्यो मण्डलदेहोऽसौ द्योतमानः परो भवेत् ।।१२३।।३४८।।

यहां अतीन्द्रिय देव विवक्षित नहीं है । अतः द्योतमानस्य ऐसी व्याख्या की । मण्डलस्थतया वह पुरुष सूर्य है । वह मण्डलमें द्योतमान परम आत्मा ही है ।।१२३।।३४८।।

भाष्य- तत् सर्वैश्वर्यतया प्रसिध्दं वरेण्यं संभजनीयं

प्रसिध्दस्तत्पदस्यार्थः शास्त्रेषु ब्रह्मभर्गसः ।
प्रत्यक्षेण च सर्वेषां प्रसिध्दिः सूर्यभर्गसः ।।१२४।।३४९।।

तत्पदका अर्थ प्रसिध्द है । ब्रह्मभर्ग तो शास्त्रोंमें प्रसिध्द है । सूर्य भर्ग तो प्रत्यक्ष रूपसे सर्वलोकप्रसिध्द है ।।१२४।।३४९।।

एनं गोपा उतादृश्रन्नुदहार्योऽप्यसूरयः ।
प्रत्यक्षदैवतं भानुः परोक्षं सर्वदेवताः ।।१२५।।३५०।।

" उतैनं गोपा अदृश्रन्नदृश्रन्नुदहार्यः " इस मन्त्रमें कहा है- सूर्य भगवानको ग्वाले एवं पनिहारिन जैसे अज्ञानी भी देखते हैं । सूर्यतापनीमें बताया है - " प्रत्यक्षदैवतं भानुः परोक्षं सर्वदेवताः । " अर्थात सूर्य प्रत्यक्ष देवता है अन्य सभी देव परोक्ष है । (अन्य देव ब्रह्मा, विष्णु, महेश्वर , गणेशादिके उपाधि प्रत्यक्ष नहीं है ।) सूर्यतापनीमें " उतैनं गोपा " इत्यादि मन्त्र सूर्यार्थिक ही पढे हैं ।।१२५।।३५०।।

भाष्य- भर्गः पापानां तापकं तेजोमण्डलं

पापानां भर्जनात्तेजो भर्गः प्रोक्तं विभावसोः ।
तत्तेजोदर्शनं सर्व-पापघ्नं पूण्यदं तथा ।।१२६।।३५१।।

पापोंका भर्जन करनेसे सूर्यका तेज भर्ग कहलाया । उस तेज का दर्शन पापहारी एवं पुण्यदायी बताया है ।।१२६।।३५१।।

कश्यपादुदिताः सूर्याः पापान्निघ्नन्ति सर्वदा ।
कश्यपः पश्यक इति भाषते सूर्यतापिनी ।।१२७।।३५२।।

कश्यपसे उत्पन्न सूर्य पापहारक हैं । कश्यपकी पत्नी अदितिसे आदित्य हुए ऐसी पौराणिक कथा है । सूर्यतापनीमें कश्यपका पश्यक अर्थ किया । " कश्यपः पश्यको भवति यत्सर्वं परिपश्यति सौक्ष्म्यात् " ऐसा वहां वचन है । सर्वसाक्षी परमात्मा अर्थ वहां सूचित होता है ।।१२७।।३५२।।

जुहोमि दुरितं सूर्ये ज्योतिषीत्यपि च श्रुतिः ।
ध्वान्तारिं सर्वपापघ्नमिति च प्रार्थनावचः ।।१२८।।३५३।।

" सूर्यश्च मा मन्युश्च " इत्यादिं मन्त्रमें " यत्किं च दुरितं मयि सूर्ये ज्योतिषि जुहोमि " आया है । अर्थात सभी पापोंको मैं सूर्य ज्योतिमें होम रहा हूं । " जपाकुसुमसंकाशं काश्यपेयं महाद्युतिम् । ध्वान्तारिं सर्वपापघ्नं " इस प्रार्थनामन्त्रमें उक्त बात स्पष्ट है ।।१२८।।३५३।।

स दृष्टो मृडयात्वित्या-मनन् वाजसनेयिनः ।
तत्सुखं तापयति हि पापं दुःखं विलोपयत् ।।१२९।।३५४।।

वाजसनेयी संहितामें बताया है कि दृष्टिगोचर हुई सूर्यज्योति हमें मृडनात्मक परमसुख प्राप्त करायें । वह सुख पापका तापक है । क्योंकि उस दिव्य सुखमें दुःख विलुप्त हो जाता है ।।१२९।।३५४।।

भाष्य- धीमहि ध्यायेम मनसा धारयेम
ध्यानं चाप्यस्य फलदं शास्त्रेषु बहुधोदितम् ।
तद्ध्यानं पूजनं कार्यं श्रेयस्कामैरिति श्रुतेः ।।१३०।।३५५।।

सूर्यध्यानका भी महान फल शास्त्रोंमें बताया है । सूर्यतापिनी श्रुतिमें कहा है, जो श्रेय चाहता है वह सूर्यका ध्यान या पूजन करें ।।१३०।।३५५।।

यदादित्यगतं तेजस्तत्तेजो विध्दि मामकम् ।
ध्यानपर्यवसानैष, गीतोक्तिः सप्रयोजना ।।१३१।।३५६।।

जो आदित्यमें तेज है वह मेरा (भगवानका) है यह गीतावचन ध्यानपर्यवसायी होनेसे ही सार्थक है ।।१३१।।३५६।।

हिरण्यगर्भरूपेण वर्णिता तदुपासना ।
धीमहीति पदेनात्र सैव ध्यानात्मिकोदिता ।।१३२।।३५७ ।।

सूर्योपासना हिरण्यगर्भरूपमें शास्त्रोंमें वर्णित है । उसीको यहां धीमहिसे कहा ।।१३२।।३५७।।

यत्तत्सत्यं स आदित्य एतस्मिन्नेष मण्डले ।
पुरुषस्तमुपासीनः सत्यात्मानं प्रपद्यते ।।१३३।।३५८ ।।

जो यह सत्य है वही आदित्य है यह इस सौरमण्डलमें पुरुष है । उसकी उपासना करनेवाला सत्यात्माको प्राप्त होता है ऐसा श्रुतिका अभिप्राय है ।।१३३।।३५८।।

दक्षिणेऽक्षण्यसावेव सोऽहं भावोऽत्र चेष्यते ।
योऽसावसौ हि पुरुषः सोऽहमस्मीति च श्रुतेः ।।१३४।।३५९ ।।

" तद्यत् तत् सत्यमसौ स आदित्यो य एष एतस्मिन्मण्डले पुरुषो यश्चायं दक्षिणेऽक्षन् पुरुषः " इस श्रुतिमें दक्षिणाक्षिमें भी उसी पुरुषको ही बताया है । अतएव सोऽहं भावसे उपासना यहां भी अभीष्ट है । " योऽसावसौ पुरुषः सोऽहमस्मि " इस वचनसे भी यह बात सिध्द है ।।१३४।।३५९।।

देवो भूत्वा यजेद् देवं नाविष्णुर्विष्णुमर्चयेत् ।
पशुरेव स देवानामित्यादिवचनैरपि ।।१३५।।३६० ।।

स्वयं देव बनकर देवपूजन करो । अविष्णु विष्णुकी अर्चना न करें । जो देवको अन्य और अपनेको अन्य समझते हुए उपासना करता है वह पशु है इत्यादि वचनोंसे भी सोऽहं भावसे उपासना सिध्द होती है ।।१३५।।३६०।।

दधाते रूपपक्षेऽपि ध्यानपर्यवसायिता ।
उच्यते मनसेत्येवं तच्चाग्रे दर्शयिष्यते ।।१३६।।३६१ ।।

" धीमहि " यह ध्यै धातुका रूप है । डुधाञ् धारणपोषणयोः इस धातुका रूप माने जानेपर अर्थ ध्यान ही होगा इस आशयसे मनसा धारयेम ऐसी व्याख्या है । रूपसिध्दि आगे बतायेंगे । ।।१३६।।३६१।।

इदं तु बोध्यमादित्यमण्डलस्थतया हरिः ।
ध्यायते तेन तस्यापि ध्यानमत्र विवक्षितम् ।।१३७।।३६२ ।।

यहां समझनेकी बात यह भी है कि - " ध्येयः सदा सवितृमण्डलमध्यवर्ती नारायणः सरसिजासनसंनिविष्टः " इत्यादि वचनोंके अनुसार आदित्यमण्डलस्थितरूपसे हरिका ध्यान होता है । अतः गायत्रीमें उक्त ध्यायेमसे नारायण ध्यान भी विवक्षित है । नारायण जिनका इष्ट है वे गायत्री मन्त्र बोलकर सूर्यमण्डलस्थरूपसे नारायणका ध्यान करें ।।१३७।।३६२।।

आदित्यानामहं विष्णुरित्यादित्यत्वसूचनात् ।
सिध्दं ध्यानं भगवतो विष्णोर्गायित्र्युपासने ।।१३८।।३६३ ।।

" आदित्यानामहं विष्णुः" इस वचनसे विष्णुमें आदित्यत्व सूचित होता है अतः विष्णुका ध्यान भी आदित्य ध्यान ही है ।।१३८।।३६३।।

भर्गशब्दः शिवे रुढो भर्गस्तन्मह एव तत् ।
शिवोपासनमप्येवं गायत्र्या संम्मतं सताम् ।।१३९।।३६४ ।।

भर्ग शब्द शिवमें रुढ है। अतः शिवकी ज्योति भर्गस् है । इसीलिये गायत्रीसे शिवोपासना भी विद्वत्सम्मत है ।।१३९।।३६४।।

नन्वकारान्तभर्गो हि कोशेषु शिववाचकः ।
सत्यं शिवमहो भर्गो रुद्रे तद्रुपवर्णनात् ।।१४०।।३६५ ।।

प्रश्न होगा कि अकारान्त भर्ग शब्द ही रुद्र अर्थमें कोशोंमें बताया है । भर्गस् शब्द नहीं । उत्तर है - समानधातूत्पन्न होनेसे शैव तेज ही भर्गस् शब्दका अर्थ है । अतएव सूर्यको रुद्ररूपमें रुद्राध्यायमें बताया है ।।१४०।।३६५।।

शिवेन वचसा प्रासुं गिरिश त्वा स्तुमो वयम् ।
इत्युपक्रम्य भगवान् रुद्रः सूर्यात्मना स्तुतः ।।१४१।।३६६ ।।

हे शंकर । आपको प्राप्त करनेके लिये हम मङ्गलमय वाणीसे आपका अभिवादन करते है ऐसा उपक्रम कर सूर्यरूपसे रुद्रस्तुति की - " शिवेन वचसा त्वा गिरिशाच्छावदामसि " ।।१४१।।३६६।।

असौ ताम्रोऽरुणो ब्रभ्रुर्य उतास्ति सुमङ्गलः ।
ये चैनमभितो रुद्रा हेडोऽपेयाम तद्रतम् ।।१४२।।३६७ ।।

जो उदय तथा अस्तमय कालमें ताम्र तथा अरुण है , कपिलवर्ण तथा सुमङ्गल है उस रुद्रके और उनके चारों ओर जो अनेक किरणरूपी रुद्र हैं उनके हेडका - क्रोधका हम अभिवादन करते हैं। नमस्ते रुद्र मन्यवे ।।१४२।।३६७।।

योऽवसर्पत्यसावुच्चैर्नीलग्रीवो विलोहितः ।
गोपास्तमुदहार्यश्च पश्यन्ति सुखदायिनम् ।।१४३।।३६८।।

जो सूर्यरूपसे नीलकण्ठ लोहितवर्ण (नीललोहित) शिव चल रहे हैं उन्हें गोप एवं पनिहारिन भी देखते हैं । वह हमें सुखदायी हो ।।१४३।।३६८।।

भर्गोऽग्निर्जातवेदाश्च नामत्रयमृचीरितम् ।
तदित्था रौद्रमित्येवं तत्सूक्तोपक्रमः स्थितः ।।१४४।।३६९।।

" भर्गोह नामोत " ," अग्निर्ह नामोत जातवेदा " (ऋ.१०-६१-१४) इस प्रकार ऋग्वेदमें तीन नाम समान अर्थमें बताये हैं । सूक्तके उपक्रममें " इदमित्था रौद्र गूर्त वाचा " इत्यादि बताया । अतः रुद्रसम्बन्धि भर्गस्का ज्ञान होता है । इसी सूक्तको लेकर ऐतरेयमें मनुपुत्रकी कथा तथा यज्ञशेषमें रुद्राधिकार बताया है (ऐ.ब्रा. ५-१४) ।।१४४।।३६९।।

रुद्रो वा एष यद्वयग्निरिति च ब्राह्मणेरितम् ।
रुद्रो वा रौद्रतेजो वा भर्गस्तेन च सिध्यति ।।१४५।।३७०।।

स्पष्ट ही अग्नि जातवेदाको रुद्र ब्राह्मणमें कहा है । अतः समानार्थक भर्ग रुद्र या रुद्रतेज ही है ।।१४५।।३७०।।

नान्यार्थो विश्रुतो लोके येनैतद्बाधसंभवः ।
तस्माद् भर्गःपदार्थोऽत्र शैवं तेजो हि युज्यते ।।१४६।।३७१।।

लोकमें अन्य अर्थमें भर्गस् शब्द प्रयुक्त नहीं है । भर्गस् शब्दका प्रयोग ही लोकमें नहीं है । अतः यहां बाधकी संभावना नहीं है अतः लौकिक भर्ग शब्द ही वेदमें भर्गस् के रूपमें प्रयुक्त होनेसे शैव तेज ही भर्गस् शब्दका युक्तियुक्त अर्थ है ।।१४६।।३७१।।

जना जनास इति वद् भेदः स्याल्लोकवेदयोः ।
लोके भर्गपदं भर्गस्पदं वेदेऽस्तु का क्षतिः ।।१४७।।३७२।।

लोकवेदाधिकरणमें पदोंमें अल्पभेद होनेपर भी प्रत्यभिज्ञासे समानपदत्व स्वीकार किया है । जैसे जनाः , जनासः ; आत्मना , त्मना इत्यादि । वैसे लोकमें जो भर्गपद है वही वेदमें भर्गस् पद है । क्योंकि अन्य भर्गस् पद लोकमें नहीं है ।क्वचित वर्णन वैदिक भर्गस् पदको लेकर ही है ।।१४७।।३७२।।

सूर्यां हिरण्मयीं लक्ष्मीमिति श्रीसूक्तदर्शनात् ।
शक्त्युपासनमप्यत्र गायत्र्या सुधियां मतम् ।।१४८।।३७३।।

श्रीसूक्तमें देवीको सूर्या बताया है । यद्यपि वहां स्त्रीलिङ्ग सूर्यशब्द है तथापि सूर्यवर्तिनी

सूर्यवर्तिनी होनेसे वैसा प्रयोग है । अतः शक्त्युपासना भी गायत्रीसे अभीष्ट है ।।१४८।।३७३।।

सा चैषा द्वादशादित्या आदित्यैश्च चराम्यहम् ।
इति चाथर्वशीर्षोक्तेर्देव्यामादित्यतास्थिता ।।१४९।।३७४ ।।

" अहं रुद्रेभिर्वसुभिश्चराम्यहमादित्यैः " " सैषा द्वादशादित्या " इत्यादि अथर्वशीर्षसे भी देवीमें आदित्यत्व सिध्द होता है ।।१४९।।३७४।।

तथा गणपतिं देवं प्रस्तुत्याथर्वणी श्रुतिः ।
त्वं सूर्य इति यत्प्राह तच्च स्यात्तदुपास्तये ।।१५०।।३७५ ।।

एवं गणपति देव प्रस्तुत कर तुम सूर्य हो ऐसा अथर्वश्रुतिमें जो बताया वह भी सूर्यस्थत्वेन- रूपेण गणपतिके उपासनार्थ है ।।१५०।।३७५।।

प्रत्यक्षकर्मकृद्ब्रह्मविष्णुरुद्रादिरूपतः ।
सूर्यस्याथर्वशिरसि गायत्र्या वर्णनादपि ।।१५१।।३७६ ।।

गायत्री मन्त्र बोलकर " सूर्य आत्मा जगतस्तस्थुषश्च " ऐसे उपक्रमके साथ " त्वमेव प्रत्यक्षं कर्मकर्तासि त्वमेव ब्रह्मासि त्वमेव प्रत्यक्षं विष्णुरसि त्वमेव प्रत्यक्षं रुद्रोऽसि " इत्यादि सूर्याथर्वाङ्गिरसमें वताया है । उससे भी उक्त बात सिध्द होती है ।।१५१।।३७६।।

पञ्चानामपि देवानामुपास्तिरितरस्य च ।
विवक्षिताऽत्र तेन स्याध्दीमहीति च लिङ्गतः ।।१५२।।३७७ ।।

इसलिये पांचो देवोंकी बल्कि अन्य देवों- कार्तिकादिकी भी उपासना सूर्यरूपसे यहां विवक्षित है । धीमहि यह उपासनालिङ्ग है ।।१५२।।३७७।।

बर्हिर्देवसदो दामीत्युक्त्वा बर्हिर्दितिर्यथा ।
गायत्रीमभिधायैवं ध्यानं भवति भर्गसः ।।१५३।।३७८ ।।

जैसे " बर्हिर्देवसदनं दामि " यह मन्त्र बोलकर बर्हि (कुश) का छेदन होता है उसमें लिङ्ग- प्रमाण है वैसे गायत्रीमन्त्र बोलकर पूर्वोक्त उपासनायें लिङ्गप्रमाणसे सिध्द होती है ।।१५३।।३७८।।

ननु सूर्यस्थितो नात्रोपास्यः सूर्यस्तथोच्यते ।
देवः सोऽपि यमादित्यो न वेदेति श्रुतेर्वशात् ।।१५४।।३७९ ।।

पूर्वपक्ष :- स्वयं सूर्य यहां उपास्यरूपमें प्रतीत हो रहा है । न कि सूर्यस्थित शिव विष्णु आदि । सूर्य भी तो देव है । " यमादित्यो न वेद " यह श्रुति जडमण्डलको लेकर नहीं है । वहां प्रतिषेध व्यर्थ है ।।१५४।।३७९।।

सत्यं भगवता तस्य फलमन्तवदीरितम् ।
तस्मात्तत्स्था उपास्याः स्युर्ब्रह्मरूपाः शिवादयः ।।१५५।।३८०।।

उत्तरः- " यमादित्यो न वेद " यह एक सामान्यदेवका वर्णन है । उसकी उपासनाका फल अन्तवान होता है । " अन्तवत्तु फलं तेषां " ऐसा भगवानने कहा है । गायत्रीकी उपासनाका फल महान होना चाहिये । अतः ब्रह्मरूप शिवादिकी उपासना विवक्षित है ।।१५५।।३८०।।

सर्वदेवात्मन इति वक्ष्यते भाष्यकृत् स्वयम् ।
सर्वदेवा अतो ध्येया गायत्र्या ब्रह्मरूपतः ।।१५६।।३८१।।

भाष्यकार गायत्रीको सर्वदेवात्मक ब्रह्मकी प्रतिपादिका आगे बतायेंगे । सर्वदेवात्मक विशेषणसे गायत्रीसे सभी देव उपास्य हैं यह भाव सूचित होता है । अतः गायत्री मन्त्र बोलकर शिवादि समस्त देवोंकी उपासना भाष्यकारको भी अभिमत सिध्द होती है ।।१५६।।३८१।।

नन्वेषु ब्रह्मदृष्टिश्चेत् स्याद् ब्रह्मोपासनैव सा ।
शिवादिदृष्टिर्नो ब्रह्म-ण्यपकर्षप्रसक्तितः ।।१५७।।३८२।।

पूर्वपक्षः- यदि शिवादिमें ब्रह्मदृष्टि करते है तो वह ब्रह्मोपासना ही होगी । (जैसे मूर्तिमें विष्णुदृष्टि करते हैं तो वह विष्णूपासना ही है) यदि ब्रह्ममें शिवादिदृष्टि करते हैं तो " ब्रह्मदृष्टिरुत्कर्षात् " इस न्यायका विरोध होगा । उत्कृष्टमें अपकृष्ट दृष्टि नहीं की जाती ।।१५७।।३८२।।

मैवं शिवादेः श्रुतिषु ब्रह्मरूपेण वर्णनात् ।
ब्रह्मदृष्टावपि शिवाद्युपास्तिः संमता श्रुतेः ।।१५८।।३८३।।

उत्तर :- श्रुतियोंमें शिवादिको भी ब्रह्मके रूपमें वर्णन किया है । अतः ब्रह्मदृष्टि करनेपर भी वह उपासना शिवादि उपासना ही होगी । जैसे अथर्वशीर्षमें " ब्रह्म त्वं विष्णुस्त्वं रुद्रस्त्वं " इत्यादि । ।।१५८।।३८३।।

एतेन ब्रह्मदृष्टिश्चेत् सूर्य एव तथेष्यताम् ।
इत्यपास्तं यथाभक्ति सर्वेषामप्युपासनात् ।।१५९।।३८४ ।।

इससे यह पूर्वपक्ष भी निरस्त हो जाता है कि ब्रह्मदृष्टि ही करनी हो तो सूर्यमें ही क्यों न कर लें । बात यह है कि अपनी अपनी भक्ति अनुसार उपासनायें होती हैं ।।१५९।।३८४।।

ब्रह्मदृष्टिमकुर्वाणा अपीशादिमुपासते ।
वैश्वानरावयववद् भक्ता गायत्र्युपास्तिषु ।।१६०।।३८५।।

भक्त लोग तो ब्रह्मदृष्टि न करते हुए भी गायत्रीकी उपासनामें शिव विष्णु आदिकी उपासना करते हैं । जैसे वैश्वानर अवयव की उपासना होती है ।।१६०।।३८५।।

एकदेशोपास्तिफलमत्स्यन्नमिति हि श्रुतम् ।
इहापि स्यात्फलं तद्वत् तथा वचनदर्शनात् ।।१६१।।३८६।।

वैश्वानरके एकदेशकी उपासनाका फल- " अत्स्यन्नं पश्यसि प्रियं " बताया है । " औपमन्यव कं त्वमात्मानमुपास्से " ऐसा प्रश्न उठाया । " दिवमेव राजन् " बता दिया । दिव को " मूर्धैव " ऐसा अंग बताकर उक्त फल कहा । शिवादिकी उपासनाका भी फल उसी प्रकार शास्त्रोंमें वर्णित है ।।१६१।।३८६।।

नन्वनिष्टं च मूर्धा ते व्यपतिष्यदिति श्रुतेः ।
मैवमत्र तथाऽनिष्टाऽश्रवणादप्रसक्तितः ।।१६२।।३८७ ।।

पूर्वपक्षः- एकदेशोपासनासे अनिष्ट फल " मूर्धा ते व्यपतिष्यत् " इस प्रकार वैश्वानरोपासना में कहा है । उत्तर -भले, किन्तु शिवादिकी उपासनामें ऐसा बताया नहीं है । हमें तो वचन ही प्रमाण है ।।१६२।।३८७।।

ध्यानं द्युप्रभृतेरेकदेशत्वेन यथाकृतम् ।
तथा शिवादेर्ब्रह्मैकदेशत्वान्न्यायतोऽस्तु तत् ।।१६३।।३८८ ।।

पर, ब्रह्मैकदेश शिवादिकी उपासनामें क्या प्रमाण ? उत्तर है -न्यायतः प्राप्त है । क्योंकि एकदेश है । जैसे वैश्वानरैकदेश दिवकी उपासना औपमन्यवादिने की ।।१६३।।३८८।।

अन्तवत्तु फलं तेषामित्येवं निन्दितत्वतः ।
निषिध्दमिति चेत्तन्न फलस्यापि प्रदर्शनात् ।।१६४।।३८९ ।।

"अन्तवत्तु फलं तेषां " इस प्रकार एकदेशोपासना निषिध्द है । ऐसी शंका करनेकी जरूरत नहीं । क्योंकि फल भी बताया है ।।१६४।।३८९।।

लभते च ततः कामान् देवान् यान्ति हि तद्यजः ।
इति स्मृतेः फलं सर्वं जन्यमन्तवदेव हि ।।१६५।।३९० ।।

" लभते च ततः कामान् " " देवान् देवयजो यान्ति " इत्यादि स्मृतिमें फल बताया है । " अन्तवत्तु " यह निंदा नहीं है । जो जन्य फल होता है वह अन्तवाला होता ही है । वह स्वभावकथनमात्र है । स्वर्गादि भी तो अन्तवाला है ।।१६५।।३९०।।

अपि चापशवो ह्यन्ये गवाश्वेभ्यो यथोदिताः ।
स्तुत्यर्थं ब्रह्मभजनफलं नित्यं तथा स्मृतम् ।।१६६।।३९१।।

जन्य होनेसे अर्थवान सिध्द हैं तो कहनेकी क्या आवश्यकता थी ? इसलिये कि ब्रह्मभजन फलको नित्य बताकर विधिस्तुति करनी थी। जैसे " अपशवो वा ह्यन्ये गवाश्वेभ्यः पशवो गो अश्वाः " इत्यादि निन्दा विधेयस्तुत्यर्थ है । न कि छागयागादिप्रतिषेधार्थ ।।१६६।।३९१।।

भाष्य- यद्वा भर्गःशब्देनान्नमभिधीयते
सविशेषमकामानां पारम्पर्येण मोक्षदम् ।
उक्त्वाधुना सकामानामैहिकं फलमुच्यते ।।१६७।।३९२।।

सविशेष सूर्य ध्यान निष्काम पुरुषोंके लिये परम्परया मोक्षदायी है । उसे कहकर सकामके लिये ऐहिक फलदायीत्वेन अब वर्णन करते हैं ।।१६७।।३९२।।

भृज्ज्यते पच्यते यध्दि बाह्ये वा जाठरेऽनले ।
तदुच्यते भर्ग इति तदन्नमिति युज्यते ।।१६८।।३९३।।

भर्गस् शब्दका यहां अन्न अर्थ है । जो बाह्य अग्निमें या जठरानलमें पकाया या पचाया जाय वह भर्ग है । भ्रस्ज पाके ऐसा धातुपाठ है । वह भर्ग अन्न है ।।१६८।।३९३।।

सवितृत्वं हि सवितुर्भवत्यन्नेन भर्गसा ।
आदित्याज्जायते वृष्टिस्ततो ह्यन्नं ततः प्रजाः ।।१६९।।३९४।।

सविताका उत्पादनकर्ता अर्थ है । प्रजाका उत्पादन तो अन्नरूपी भर्गसे ही होता है । यह बात मनुस्मृतिमें भी बतायी है - आदित्यसे वृष्टि और उससे अन्न होता है । अन्नसे प्रजा होती हैं ।।१६९।। ३९४।।

अन्नाद् भवन्ति भूतानीत्याह स्म भगवानपि ।
अशेषभूतसवितुरन्नं भर्गस्ततः स्थितम् ।।१७०।।३९५।।

प्रजासे केवल मनुष्यमात्रका ग्रहण (मनुस्मृतिमें) नहीं किन्तु प्राणिमात्र ग्राह्य हैं । अतएव भगवानने प्रजाकी जगह भूतानि कहा । समस्त प्राणियोंके सविताका अर्थात उत्पादकका भर्ग तो अन्न ही हो सकता है ।।१७०।।३९५।।

भाष्य- यः सविता देवो धियः प्रचोदयति तस्य प्रसादाद्
भर्गोऽन्नमत्र सवितुः साहचर्येण लभ्यते ।
न तु व्यावर्तकमिदं वैयर्थ्यादिप्रसङ्गतः ।।१७१।।३९६।।

'सवितुः' इस पदके सांनिध्यसे भर्गपदसे अन्न अर्थ गृहीत हुआ है । न कि अन्नका व्यावर्तक विशेषण 'सवितुः' पद है । क्योंकि विशेषण व्यर्थ पडता है ; क्या सवितासे

सम्वन्ध न रखनेवाला भी कोई अन्न है ? यदि है तो उसे भी प्रास करनेमें क्या हानि है ? अतः यह व्यावर्तक विशेषण नहीं है ।।१७१।।३९६।।

धियः कर्माणि सविता प्रचोदयति तैर्भवेत् ।
पर्जन्यश्च ततोऽन्नं चेत्यन्नं तेनोपतिष्ठते ।।१७२।।३९७ ।।

यज्ञादि कर्मके प्रेरकत्वेन सूर्यको बताया । उन यज्ञादि कर्मोंसे पर्जन्य तथा अन्न होगा । अतः धीपदघटित सवितृ पदसे अन्नोपस्थिति होती है ।।१७२।।३९७।।

षष्ठी ततोऽत्र सामान्यसम्वन्धं कथयेत् स तु ।
प्रसादद्वारकोऽन्ने वा धारणे वा समन्वितः ।।१७३।।३९८ ।।

सवितुः यह षष्ठी सम्वन्धसामान्यको वतायेगी । वह सम्वन्ध प्रसादद्वारक होगा । जिसका अन्वय अन्नमें या अन्नधारणमें है ।।१७३।।३९८।।

अत्र पक्षे तदित्येतत्तस्येत्यर्थे विशेषणम् ।
यत्पदार्थपरामर्शि सवितुस्तत्त्वसूचनम् ।।१७४।।३९९ ।।

इस पक्षमें तत् का तस्य अर्थ है । वह यत्पदोक्त धीप्रेरकका परामर्शी है । सविताका विशेषण है । धीप्रेरकत्वरूपी सवितृत्वका उपस्थापक है ।।१७४।।३९९।।

भाष्य- भर्गोऽन्नादि लक्षणं फलं

कर्मादीनां विपाको हि फलमित्यभिधीयते ।
भर्गः फलार्थकं वाऽतो भृज्यते तद् विपच्यते ।।१७५।।४०० ।।

कर्मादिका विपाक ही फल है। अतः भर्गस् पद फलार्थक हो सकता है । भ्रस्ज पाके । भृज्ज्यत विपच्यत इति फलम् ऐसी व्युत्पत्ति है ।।१७५।।४००।।

वरणीयमतः सर्वं फलमन्नादिलक्षणम् ।
प्राप्नुयामखिलं सूर्यप्रसादादिति योजना ।।१७६।।४०१ ।।

इस पक्षमें अर्थ होगा - वरणीय सभी फल जो अन्नादिरूप है उन सबको हम सूर्यके प्रसादसे प्रास करें ।।१७६।।४०१।।

श्रीकामादिकमुद्दिश्य विधत्ते सूर्यतापिनी ।
भगवन्तं भास्करं तमुपासीतेति विस्फुटम् ।।१७७।।४०२ ।।

सूर्यतापिनीमें " श्रीकामः शान्तिकामः तुष्टिकामः पुष्टिकामो मेधाकामः प्रज्ञाकाम आयुष्काम आरोग्यकामोऽन्नाद्यकामो भास्करं भगवन्तमुपासीत " ऐसा विधान किया है ।।१७७।।४०२।।

अन्नाद्यकाम इत्यत्र गतार्थं सर्वमित्यतः ।
भाष्यकृत् तद्गृहीत्वाह फलमन्नादिलक्षणम् ।।१७८।।४०३।।

सूर्यतापिनीमें अन्तमें अन्नाद्यकामः बताया है । वहा आद्यपदसे सभी गतार्थ है । अतः उसीको लेकर भाष्यकारने "अन्नादिलक्षणं फलं " बताया ।।१७८।।४०३।।

भाष्य- धीमहि धारयामः

धारणे पोषणे चार्थे दधातिर्लिङि तस्य च ।
दधीमहीति वक्तव्ये दलोपश्छान्दसः कृतः ।।१७९।।४०४।।

डुधाञ् धारणपोषणयोः धातु है । उसका लिङ्में दधीमहि रूप है उसमें द का लोप छान्दस है ।।१७९।।४०४।।

भाष्य- तस्याधारभूता भवेमेत्यर्थः

धीङाधारे दिवाद्येष श्यनो लुक् छान्दसो भवेत् ।
अन्नादिसुफलाधारा वयं स्यामार्कपूजनात् ।।१८०।।४०५।।

धीङ् आधारे ऐसा दिवादिगणमें धातु है ।उसका लिङ्में रूप धीमहि है । यद्यपि श्यन् होनेसे धीयेमहि होना चाहिये । किन्तु " बहुलं छन्दसि " इस सूत्रसे विकरण लुक् हो जानेसे यह रूप सिध्द होता है । अर्थ यह होगा कि सूर्यपूजनसे हम अन्नादि फलके भागी बनें ।।१८०।।४०५।।

नन्वेवंविवृतौ नैवोपासनालिङ्गमीक्ष्यते ।
न परः खलु शब्दार्थो विधौ कल्प्येऽपि युज्यते ।।१८१।।४०६।।

पूर्वपक्ष :- भर्गो धीमहि का यदि अन्नादि धारण अर्थ है , ध्यान अर्थ नहीं, तो उपासनाका लिङ्ग यहां न होनेसे सूर्योपासना अर्थ कैसे निकलेगा ? " न विधौ परः शब्दार्थः " यह न्याय कल्प्य विधिमें भी समान है । अतः अध्याहृत प्रसादसे उपासना प्राप्य नहीं है ।।१८१।।४०६।।

अध्याहारादिवशतो बर्हिर्मन्त्रोऽयमन्यथा ।
उलपादेरपि भवेल्लवनाङ्गं हि लिङ्गतः ।।१८२।।४०७।।

यदि कल्प्यविधिमें " न विधौ परः शब्दार्थः " यह नियम लागू नहीं होगा तो " बर्हिर्देवसदनं दामि " यहां अध्याहारादिसे प्राप्य उलपादिलवनमें भी वह अंग होगा ।।१८२।।४०७।।

न चोपास्तिर्वरेण्यत्वलिङ्गाल्लभ्येति सांप्रतम् ।
विशेषणं तदन्नस्य न पुनः सवितुर्यतः ।।१८३।।४०८ ।।

वरेण्यं का विशेषण लिंगसे उपासना प्राप्त होगी ऐसी भी बात नहीं है । क्योंकि वह सविताका विशेषण नहीं, भर्गस् का विशेषण है और भर्गतो अन्नका नाम बताया ।।१८३।।४०८।।

अत्रोच्यते फलोक्त्यात्र किंचित्कर्मावगम्यते ।
सवितृस्वामिकं भर्गो लभ्यं तस्य प्रसादतः ।।१८४।।४०९ ।।

समाधान यह है कि भर्ग अन्नादि हम पायें इस फलोक्तिसे कर्मकी प्रतीति होती है । सवितुः भर्गः कहनेसे यह अन्नादि सविताकी मालिकीका प्रतीत होता है । सविताकी वस्तु सविताके प्रसादसे ही प्राप्य है ।।१८४।।४०९।।

न देवदत्तः स्वं वस्तु प्रददात्यप्रसादितः ।
प्रसादः सेवया जन्यः सेवा चोपासनादिका ।।१८५।।४१० ।।

प्रसन्नताके विना देवदत्त अपनी वस्तु दूसरेको क्यों देगा ? प्रसन्नता तो सेवा आदिसे होती है । देवसेवा तो उपासना आदि है ।।१८५।।४१०।।

सिध्दं देवपदेनापि यजनं देवपूजनम् ।
उपासनादिकं देवपूजनं परिकीर्तितम् ।।१८६।।४११ ।।

देवपदसे भी यह अर्थ सिध्द होता है । यज धातुका अर्थ देवपूजा है । पूजार्थ ही देव है । उपासनादि देवपूजन है ।।१८६।।४११।।

अर्थसिध्दः प्रसादश्च देवपूजा च तत्ततः ।
सूर्योपास्त्यादिकं सिध्दं तदङ्गं मन्त्र एव च ।।१८७।।४१२ ।।

इस प्रकार अर्थसिध्द प्रसादको ही भाष्यकारने कहा । और उसीसे पूजा भी अर्थसिध्द है । अतः सूर्योपासना तथा तदङ्गतया गायत्री मन्त्र भी अर्थसिध्द ही है ।।१८७।।४१२।।

श्रीशान्तितुष्टिपुष्ट्यादेस्तापिन्यां फलतोक्तितः ।
सूर्योपास्त्यभिधानाच्च नात्र क्लिष्टार्थकल्पना ।।१८८।।४१३ ।।

पूर्वपक्ष होगा कि इतनी सारी परम्परा जोडकर उपासनाका विधान क्लिष्टार्थकल्पना है । उत्तर है कि नहीं, सूर्यतापिनीमें श्री, शान्ति, तुष्टि , पुष्टि आदि फल बताया और तदर्थ सूर्योपासनाका कथन किया है । अतः यह सब कोई कल्पनामात्र नहीं है । वहां अन्नाद्यकामः

भी बताया है ।।१८८।। ४१३।।

स्यात्तापिन्यनुवादोऽयमेवं चेदिति चेन्न तत् ।
वैदिकत्वसमानत्वात्प्रथमोपस्थितेरपि ।।१८९।।४१४ ।।

इस प्रकार फिर तापिनी में बतायी हुई स्पष्ट विधिका यह अनुवादमात्र होगा । नहीं । दोनों वैदिक होनेसे अनुवादकत्व नहीं है गायत्री आबाल प्रथमोपस्थित है । प्रथमोपस्थित अनुवाद कैसे होगा ? ।।१८९।।४१४।।

तात्पर्यबोधसमयेऽनुपपन्नार्थधीर्भवेत् ।
शाब्दोत्तरं झटित्येव तन्मानसमतिस्तथा ।।१९०।।४१५ ।।

तात्पर्यज्ञानसमयमें ही अनुपपत्तिज्ञान और उसका प्रतियोगी ज्ञान हो जायेगा । और शाब्दबोधके तुरत बाद आर्थिक अर्थकी मानसानुभूति होगी ।।१९०।।४१५।।

अर्थसंग्राहकत्वेन स्मृतीनामपि मानता ।
विरोधाभावतो नात्र बलाबलविचारणा ।।१९१।।४१६ ।।

अर्थसंग्राहक होनेसे स्मृति भी प्रमाण है । भले वह श्रुत्यनुमानपुर्वक हो । तब आर्थिकार्थकी उपस्थापिका श्रुति नितरां प्रमाण है । और विरोध न होनेसे बलाबल विचार भी नहीं होता ।।१९१।। ४१६।।

प्रयोगसमवेतार्थस्मारका मन्त्रशब्दिताः ।
स्वतन्त्रास्तत्र मन्त्रा हि न परानन्वीक्षणाः ।।१९२।।४१७ ।।

प्रयोग समवेत अर्थका स्मरण करानेवाले ही मन्त्र होते हैं । उसमें मन्त्र पराधीन नहीं होते, स्वतन्त्र होते हैं ।।१९२।।४१७।।

आग्नेयोऽष्टाकपालोऽत्र द्रव्यदेवतयोः स्थितौ ।
एतद्द्वयस्वरूपस्य यागस्याप्युद्भवेन्मतिः ।।१९३।।४१८ ।।

आग्नेयोऽष्टाकपालः यहां द्रव्य और देवता बताये हैं । यागका स्वरूप ये ही दो हैं । अतः क्रियापदके विना भी यागविधि सिध्द होती है ।।१९३।।४१८।।

उपास्तेर्देवमात्रं तु स्वरूपं भवतीत्यतः ।
सविता देव इत्युक्तावुपास्तिः किं न गम्यताम् ।।१९४।।४१९ ।।

उपासनामें देवमात्र स्वरूप होता है । तब सविता देव कहनेसे उपासनाकी प्राप्ति क्यों नहीं होगी ? ।।१९४।।४१९।।

अग्निर्हिदेवताऽऽग्नेयतध्दितेनोपतिष्ठते ।
अत्र प्रत्यक्षशब्दोऽस्ति देवस्येति तदर्थकः ।।१९५।।४२०।।

" आग्नेयोऽष्टाकपालः " यहां " साऽस्य देवता " से विहित तध्दित प्रत्ययसे देवतात्व प्रत्यय होता है । गायत्रीमें तो सवितुर्देवस्य इसप्रकार स्पष्ट देव शब्द पठित है ।।१९५।।४२०।।

क्वचित्कर्माङ्गताप्यस्य याज्ञिकाचारदर्शनात् ।
समभिव्याहृतेरन्नसवित्रोर्द्रव्यदेवयोः ।।१९६।।४२१।।

कहीं यज्ञादि कर्माङ्गता भी गायत्री मन्त्रकी स्वीकार्य है । याज्ञिक लोगोमें गायत्री मन्त्रसे आहुति देनेका शिष्टाचार है । दूसरी बात- मन्त्रमें सविता देवता बताया है । और भर्गस् अन्न द्रव्य बताया है । तब द्रव्य देवतात्मक याग सिध्द होता है ।।१९६।।४२१।।

न च भाष्येऽन्नफलत उपासोक्तेति सांप्रतम् ।
प्रसादसिध्दयै त्यागार्थमन्नाऽऽदानार्थसंभवात् ।।१९७।।४२२।।

शंका होगी की भाष्यमें " सवितुः प्रसादादन्नं धारयामः " इस प्रकार फलरूपसे अन्न बताया है । न कि द्रव्य रूपसे सविता देवके लिये । उत्तर यह है " प्रसादात् " यह हेत्वर्थ पञ्चमी है । प्रसादकी सिध्दिके लिये देवतोद्देश्येन त्यागार्थ अन्न धारण करते हैं इस प्रकार अन्वय करना भी संभव है । (सम्वन्ध सामान्यमें षठी होनेसे चतुर्थ्यर्थ संप्रदान षष्ठ्यर्थ हो सकता है । विष्णोरिदं हविः इत्यादि प्रयोग देखनेमें आते हैं ।) ।।१९७।।४२२।।

हेतौ च पञ्चमी प्रोक्ता हेतुः फलमपीष्यते ।
देवप्रसादतो लभ्यमिहामुत्रफलं सताम् ।।१९८।।४२३।।

हेतु अर्थमें पञ्चमी वतायी है । " फलमपीह हेतुः " फल भी हेतु होता है । परंतु देवना प्रसाद सुख या दुःखाभावरूप न होनेसे फल किस प्रकार ? उत्तर है देवता प्रसादसे ऐहिक पारत्रिक फल होता है । अतः वह भी फल ही है ।।१९८।।४२३।।

प्रसादेऽन्ने च सवितुरित्यस्यान्वय इष्यताम् ।
ग्रहं गृह्णाति होमार्थं तद्वदस्त्वन्नधारणम् ।।१९९।।४२४ ।।

भाष्यमें 'सवितुः ' का प्रसाद तथा अन्न दोनोंके साथ अन्वय मान लीजिये । सवितुः प्रसादार्थ सवितुरन्नं धारयेम ऐसा अन्वय उचित है । " ग्रह गृह्णाति " इस वाक्यमें सोमपात्र ग्रहणमात्र बताया है । किन्तु वह होमार्थ ही है, न कि अदृष्टार्थ । वैसे अन्नं धारयामः यह भी सवितृ होमार्थ समझा जा सकता है ।।१९९।।४२४।।

व्यत्ययेन यदा षष्ठी चतुर्थ्यर्थेऽभ्युपेयते ।
तदार्थादिव सवितुः प्रसादो गृह्यतां फलम् ।।२००।।४२५।।

" व्यत्ययो बहुलं " इस सूत्रसे चतुर्थ्यर्थ में षष्ठी मानी जा सकती है । सुसिङुपग्रहलिङ्गनराणां कालहलच्स्वरकर्तृयङां च व्यत्ययमिच्छति शास्त्रकृदेषां सोऽपि च सिध्यति बहुलकेन " ऐसी इसपर वृत्ति है । अर्थात यद्यपि विकरण व्यत्ययमात्र सूत्रसे उक्त है तथापि बहुलं कहनेसे सुप्, तिङ् आदिका भी व्यत्यय स्वीकार्य हैं । उस पक्षमें सवित्रेऽन्नाद्यं धीमहि ऐसा अन्वय होगा । इस पक्षमें प्रसादमें सविताका अन्वय आर्थिक होगा ।।२००।।४२५।।

आधारभूता इत्येवमत एवात्र भाष्यकृत् ।
व्याकरोत्यर्थतः स्वत्वाऽस्वत्वसाधारणत्मना ।।२०१।।४२६ ।।

सविताके लिये अन्नधारण अर्थ भी लानेके लिये स्वत्वअस्वत्व उभयसाधारणअर्थ लाभार्थ भाष्यकारने आधारभूता भवेम ऐसी व्याख्या की । ' धीङ् आदाने ' ऐसा धातुपाठ है । क्षीरस्वामीने धीङ् आधारे ऐसा पाठ किया है । देवताके लिये संकल्पात्मक स्वत्वत्याग होनेपर भी प्रक्षेपण से पूर्व अन्नात्मक हवि के आधार तो रहेंगे ही ।।२०१।।४२६।।

भाष्य- अथ सर्वदेवात्मनः

अथोपास्त्युपयोग्यर्थं व्याख्यायोपसनाद्वये ।
संयोज्यान्यक्षराण्याह प्राणायामे जपे तथा ।।२०२।।४२७ ।।

भाष्यकारने उपासनाके उपयोगी गायत्री मन्त्रार्थ बताकर प्राणायाम तथा जपरूपी दो उपासनाओमें गायत्रीके साथ जोडने योग्य " ॐ भूः " इत्यादि अक्षरोंको कहने जा रहे हैं । ।।२०२।।४२७।।

गायत्र्याः परमात्मार्थप्रतिपादकतावशात् ।
सर्वोपास्त्युपयोगित्वं प्रथमं तत्र भाषते ।।२०३।।४२८ ।।

गायत्री परमात्माकी प्रतिपादिका होनेसे समस्त देवताओंकी उपासनामें उपयोगी है यह बात पहले कहते हैं ।।२०३।।४२८।।

सर्वदेवात्मन इति यस्य कस्याप्युपासना ।
देवस्य शक्या गायत्र्या विधातुमिति सूच्यते ।।२०४।।४२९ ।।

भाष्यमें 'परमात्मनः' का विशेषण ' सर्वदेवात्मनः ' लिखनेका अभिप्राय यह है कि गायत्री प्रतिपाद्य तत्व सर्वदेवात्मा होनेसे सभी देवताओंकी उपासना गायत्रीसे कर सकते

हैं यह सूचित करना है ।।२०४।।४२९।।

भाष्य- सर्वशक्तिः

घटशक्तिं न लभते घटस्यात्मापि मृद्यथा ।
लभते देवशक्तिं न परमात्मेति चेन्न तत् ।।२०५।।४३० ।।

मृतिका घटकी आत्मा है । फिर भी घटकी जलादिधारणशक्ति मृतिकामें नहीं रहती, वैसे देवोंकी आत्मा होनेपर भी सवितामें देवशक्ति नहीं हो सकती । फलतः परमात्माके प्रतिपादक मन्त्रसे देवोपासना कैसे होगी इसका उत्तर सुनो ।।२०५।।४३०।।

परमात्मा सर्वशक्ति-र्लौकतो हि विलक्षणः ।
गायत्र्या देवशक्तिश्च व्यज्यतेऽतः फलप्रदा ।।२०६।।४३१ ।।

परमात्मारूपी आत्मा लौकिक आत्मासे विलक्षण है । अत एव सर्वदेवशक्ति उसमें है । अतएव परमात्माप्रतिपादक गायत्रीसे तत्तत् देवोंकी शक्ति भी अभिव्यक्त होती है जो तत्तत्फलप्रद है ।।२०६।।४३१।।

नानोपाधिवशादेष एकोऽपि बहुधा भवेत् ।
ब्रह्मविष्णुशिवाद्याख्यां लभते च पृथक् पृथक् ।।२०७।।४३२ ।।

इसमें कारण यह है कि यहां नवीन किसी देवचेतनकी उत्पत्ति नहीं है । उपाधिके कारण एक ही परमात्मा अनेकाकार होता है । न कि मृतिकासे घटके समान इनकी उत्पत्ति होती है । उपाधिके कारण ही ब्रह्मा, विष्णु, शिव आदि पृथक नामरूप भी हैं ।।२०७।।४३२।।

शुध्दसत्त्वप्रकृत्या स्यादीश्वरः स उपाधिना ।
सृष्ट्यादिकार्यनानात्वात्तन्नानात्वमुपाधिभिः ।।२०८।।४३३।।
सर्जने बहिरादत्ते रजः सत्त्वं च रक्षणे ।
तमः संहरणे चातो ब्रह्मविष्णुमहेश्वराः ।।२०९।।४३४ ।।

शुध्दसत्व प्रकृति उपाधि होनेपर वह परमात्मा ईश्वर होता है । सृष्टि, रक्षा एवं संहारकार्य नाना होनेसे उस ईश्वरमें पुनः उपाधियोंसे नानात्व आता है ।सृष्टिकेलिये बाहरसे साधनरूपसे वही शुध्द सत्वप्रधानोपाधिक ईश्वर रजोगुणको धारणकर ब्रह्मा होता है । वही बाहरसे सत्वगुणको ग्रहणकर विष्णु होता है । वही शुध्दसत्व ईश्वर बाहरसे तमको ग्रहणकर महेश्वर होता है ।।२०८- २०९।।४३३-४३४।।

शुध्दसत्त्वप्रधाना हि सर्वे ब्रह्मादयो मताः ।
सर्वज्ञत्वादिकं तेषां युज्यते तेन नान्यथा ।।२१०।।४३५ ।।

ब्रह्मा आदि सभी देव शुध्दसत्वप्रधान है । अतएव उनकी सर्वज्ञता आदिकी उपपत्ति है । अन्यथा रजोगुणी तमोगुणी होते तो सर्वज्ञत्वादिकी संभावना ही नहीं हो सकती थी ।।२१०।।४३५।।

चतुर्वक्त्र चतुर्बाहु पञ्चवक्त्रादिरूपिणः

उपास्त्यर्थावताराः स्युः समानाः प्रायशोऽखिलाः ।।२११।।४३६ ।।

शुध्दसत्वप्रकृतिनिराकार होनेसे मूल ब्रह्मा आदि भी निराकार ही हैं । वे ही उपासनार्थ चतुर्मुख ब्रह्मा, चतुर्भुज विष्णु एवं पञ्चमुख शंकर आदिके रूपमें अवतिर्ण होते हैं । बाह्योपाधि सत्वगुणादिके बारेमें ये सभी प्रायः समान हैं । विष्णु भी दुष्टसंहारादि करते हैं । शंकर भी शिष्टरक्षणादि करते हैं ।।२११।।४३६।।

भाष्य- सर्वविभासकतेजोमयस्य

शक्त्याद्यैः सगुणत्वेऽस्य निर्गुणोपासना कथम् ।

उच्यते वस्तुनः साक्षी सोऽयं सर्वविभासकः ।।२१२।।४३७ ।।

यदि सर्वदेवस्वरूप सर्वशक्तिमान परमात्मा है तो वह सगुण ही हुआ, तब उसकी निर्गुणोपासना कैसे हो ? सुनो, वस्तुतः परमात्मा साक्षी है, सर्वविभासक है ।।२१२।।४३७।।

सर्वविभासकं तच्च तेजो ज्ञानात्मकं मतम्।

तदेकरसरूपत्वं तन्मयत्वमुदीर्यते ।।२१३।।४३८ ।।

सर्वविभासक वह तेज ज्ञानस्वरूप ही अभिमत है । ज्ञानैकरसता ही ज्ञानमयता तेजोमयता है ।।२१३।।४३८।।

भाष्य- परमात्मनः

सोऽहं हंस इति ध्यानं कथं सवितरीति चेत् ।

परमात्मा यतः सोऽयं सवितेत्युपपद्यते ।।२१४।।४३९ ।।

निर्गुणोपासनामें सोऽहं हंसः ऐसा ध्यान पहले बताया । किन्तु सवितामें यह भाव वास्तविक नहीं, मिथ्या है । इस प्रश्नका उत्तर भाष्यकारने परमात्मनः कहकर दिया ।।२१४।।४३९।।

नानात्मा परमात्मा स्यान्नाघृतं परमं घृतम् ।

अन्यसंसर्गसंत्यागान्निर्मलं परमं भवेत् ।।२१५।।४४० ।।

अनात्मा भला परमात्मा कैसे होगा ? क्या अघृत (तेल आदि) परमघृत होगा? परमघृत वह है जिस घृतमें मिलावट न हो । जिवात्मामेंसे अविद्याकी मिलावट निकालनेपर वही

परमात्मा है अतः सोऽहंस इत्यादि उचित ही है ।।२१५।।४४०।।

भाष्य- सर्वात्मकत्वप्रतिपादकगायत्रीमहामन्त्रस्य

ननु चेशितुरित्येव गायत्र्यां किं न भाषितम् ।

कुतः सवितुरित्युक्तमिति चेच्छृणु कारणम् ।।२१६।।४४१।।

सर्वात्मकत्वबोधार्थं गायत्र्यां सवितोदितः ।

उपादानात्मकः स्रष्टा प्रोक्तः सवितृशब्दतः ।।२१७।।४४२।।

ईश्वरस्य ईशितुः इत्यादि ही गायत्रीमें क्यों नहीं कहा ? तत्पदार्थ ईश्वर माना गया है । सवितुः क्यों कहा ? इसका उत्तर यह है कि उपादानात्मक सृष्टिकर्ता ऐसा अर्थ लानेके लिये सविता कहा । लोकमें प्रसवितासे उपादान तथा निमित्त उभयरूप अर्थ प्रतीत होता है । उपादान चेतनरूप है यह भी सवितृ पदसे ध्वनित होता है ।।२१६-२१७।।४४१-४४२।।

विश्वस्य तदनन्यत्वमारम्भणपदादितः ।

सर्वात्मत्वमतस्तस्य गायत्र्या प्रतिपाद्यते ।।२१८।।४४३।।

सम्पूर्ण विश्व परमात्मासे अनन्य है । क्योंकि उससे सब उत्पन्न हुये ऐसी श्रुति है । अतः गायत्री परमात्माकी सर्वात्मता बतला रही है ।।२१८।।४४३।।

भाष्य- उपासनाप्रकारः प्रकाश्यते

तत्त्वंपदार्थबोधेऽपि नैक्यसाक्षात्कृतिर्भवेत् ।

उपास्तिपावितानां तु निर्विघ्नं तच्च जायते ।।२१९।।४४४।।

तत् एवं त्वं इन दोनों पदार्थों का शोधन होनेपर भी जिवब्रह्मैक्यका साक्षात्कार बहुधा नहीं होता है । उपासनासे पवित्र चित्तवालोंके लिये वह निर्विघ्न संपन्न होता है ।।२१९।।४४४।।

गायत्र्युपासना तस्मात् कार्या तत्प्राप्तये सदा ।

स्वरूपतश्चार्थतश्च प्राणायामादिभिस्तथा ।।२२०।।४४५।।

अतः गायत्रीकी उपासना साक्षात्कारकी प्राप्तिके लिये स्वरूपसे तथा अर्थसे करना चाहिये । एवं प्राणायामादिसे भी करना चाहिये ।।२२०।।४४५।।

स्वरूपोपासना प्रोक्ता मन्त्रमात्रानुचिन्तने ।

तथार्थोपासना प्राज्ञैरर्थस्याप्यनुचिन्तने ।।२२१।।४४६।।

केवल मन्त्रमात्रका अनुसन्धान हो तो वह गायत्रीकी स्वरूपतः उपासना है । साथमें अर्थका भी अनुसन्धान हो तो वह अर्थतः उपासना है ।।२२१।।४४६।।

शुध्दं स्वरूपमुदितं विशिष्टमधुनोच्यते ।

तदर्थश्च क्रमेणैव सम्यगत्र प्रकाश्यते ।।२२२।।४४७ ।।

गायत्रीका शुध्दस्वरुप तो बता दिया है । विशिष्ट अब बताया जायेगा । तथा शुध्द एवं विशिष्टका अर्थ भी क्रमशः प्रकाशित किया जायेगा ।।२२२।।४४७।।

प्राणायामप्रकारश्च संक्षेपाद्वर्णयिष्यते ।

येन चित्तसमाधानं विज्ञानामुपजायते ।।२२३।।४४८ ।।

प्राणायामका प्रकार भी संक्षेपतः बतायेंगे जिससे (प्राणायामसे) प्राणायामाभिज्ञोंका चित्तसमाधान संपन्न होता है ।।२२३।।४४८।।

भाष्य- तत्र गायत्रीं प्रणवादिससव्याहृत्युपेतां शिरःसमेतां

प्रणवाद्या व्याहृतयो भूर्भुवः स्वः महः जनः ।

तपः सत्यमिमा योज्याः प्राक् प्राणायामकारिभिः ।।२२४।।४४९ ।।

प्रणवपूर्वक सप्त व्याहृतियां प्राणायाममें गायत्रीमन्त्रसे पहले कहना चाहिये । जैसे ॐ भूः ॐभुवः ॐस्वः ॐमहः ॐजनः ॐतपः ॐसत्यम् ।।२२४।।४४९।।

तथैवान्ते शिरोवाच्य-मापो ज्योतीरसोऽमृतम् ।

ब्रह्म भूर्भुवः इत्येवं यदन्ते तु स्वरोमिति ।।२२५।।४५० ।।

इसी प्रकार अन्तमें गायत्रीशिर कहना चाहिये । आपो ज्योती रसोऽमृतं ब्रह्म भूर्भुवः स्वरोम् यह शिर है ।।२२५।।४५०।।

प्रणवादिश्च गायत्री तयोर्मध्ये प्रयुज्यते ।

प्रणवान्तां च तत्रान्ये विद्वांसः प्रतिपेदिरे ।।२२६।।४५१ ।।

बीचमें प्रणवपूर्वक गायत्री प्रयुक्त होती है । संप्रदायान्तरमें प्रणवादि प्रणवान्त गायत्री बीचमें आती है ।।२२६।।४५१।।

भाष्य- सर्व वेदसारमिति वदन्ति

वेदसारं हि गायत्रीमिति प्राहुरितीति किम् ।

एवंविशिष्टा गायत्री प्राणायामैरुपास्यताम् ।।२२७।।४५२ ।।

'गायत्रीं वेदसारं वदन्ति' या 'गायत्रीं वेदसार इति वदन्ति' ऐसा भाष्यमें कहना चाहिये था । उक्तार्थानामप्रयोगः ऐसा नियम है । इति पदसे कर्मता बतायी तो द्वितीया आवश्यक नहीं है । अतः अन्वय ऐसा करो कि - सर्ववेदसारभूतां गायत्रीं , इति वदन्ति,

किं वदन्ति? प्राणायामैरुपास्याइति । सर्ववेदसारभूत गायत्रीको यह कहते है कि प्राणायामसे गायत्रीकी उपासना करो ।।२२७।।४५२।।

अथवा सारशब्दोऽयं वरार्थे त्रिषु वर्तते ।
प्रथमान्तस्त्वयं नेतिशब्दवैयर्थ्यमस्त्यतः ।।२२८।।४५३ ।।

अथवा उत्तम अर्थमें सारशब्द नपुंसक लिङ्गमें भी है । 'सारम्' को प्रथमान्त ही माना जाये । तब कर्मत्वबोधक इति शब्दका वैयर्थ्य नहीं है ।।२२८।।४५३।।

कर्मभक्तियुतं ज्ञानं वेदे काण्डत्रये स्थितम् ।
तदत्रोक्तं निरूप्यैवं सवितृप्रेरितां धियम् ।।२२९।।४५४ ।।

काण्डत्रयरूप वेदमें कर्म एवं भक्तिके सहित ज्ञानका निरूपण हुआ है । वही सवितासे प्रेरित धी कहकर गायत्रीमें निरूपित हुआ है ।।२२९।।४५४।।

ज्ञानार्थे धी पदं लोके निघण्टौ कर्मबोधकम् ।
उपासनायां वेदेति प्रयोगाच्च तदर्थकम् ।।२३०।।४५५ ।।

लोकमें धी का ज्ञान अर्थ है निघण्टुमें धी पदको कर्मबोधक बताया है । य एवं वेद इत्यादि उपासना प्रयोग होनेसे धी पद उपासनार्थक भी है ।।२३०।।४५५।।

सवितृप्रेरितत्वोक्तेर्वैदिकं तदिदं त्रयम् ।
गायत्री ब्रुवती सर्ववेदसार इतीर्यते ।।२३१।।४५६ ।।

सवितासे प्रेरित धी कहनेसे ये तीनों यहां वैदिक ही प्राप्त होते हैं । उनको बतलानेवाली गायत्री सर्ववेदसार कही जा रही है ।।२३१।।४५६।।

वरेण्यमिति भक्त्युक्तिर्धीमहीति च योगवाक् ।
वैदिकौ भक्तियोगौ च तेनात्र विनिरूपितौ ।।२३२।।४५७ ।।

वरेण्यं संभजनीयं से भक्तिकथन है । धीमहिसे ध्यान कहकर साङ्ग समाधि बता रहे है । अतएव वैदिक भक्ति एवं योगका भी यहां निरूपण है ।।२३२।।४५७।।

सविता सर्वदेवात्मा श्रौतास्ते चात्र सूचिताः ।
ईशश्च भर्गःशब्देन ब्रह्म शुध्दं च दर्शितम् ।।२३३।।४५८ ।।

सविता सर्वदेवस्वरूप होनेसे सभी देवताओंको भी यहां सूचित किया और सवितापदसे सृष्टिकर्ता ईश्वर भी निरूपित किया । भर्ग शब्दसे सर्वानर्थनिवृत्तियुक्त शुध्दब्रह्म भी कहा।।२३३।४५८।।

जीवो न इति शब्देन तयोरैक्यं च वक्ष्यते ।
यत्सर्ववेदतात्पर्यं ततः सारमिदं परम् ।।२४४।।४५९ ।।

नः इस पदसे जीवको भी बताया । जीव और ब्रह्मकी एकता भी यहां वर्णित है जिसका निरूपण आगे होगा जो सर्ववेदका परमतात्पर्यविषय अर्थ है । इस प्रकार गायत्री समस्त वेदोंका परम सार सिध्द होता है ।।२४४।।४५९।।

भाष्य- एवं विशिष्टा गायत्री प्राणायामैरुपास्या ।
एवं विशिष्टा गायत्री प्राणायामैरुपास्यते ।
वैशिष्ट्यं वेदसारत्वाद्वेदमातृत्वतोऽपि च ।।२४५।।४६० ।।

इसप्रकार विशिष्ट यह गायत्री प्राणायामके साथ उपास्य है । वेदसार होनेसे और वेदमाता महापुण्यवती होनेसे उसका वैशिष्ट्य है ।।२४५।।४६०।।

गायत्रीं शिरसा सार्धं जपेद् व्याहृतिपूर्विकाम् ।
प्रतिप्रणवसंयुक्तां त्रिरयं प्राणसंयमः ।।२४६।।४६१ ।।

याज्ञवल्क्यने स्मृतिमें बताया है कि प्रत्येकके साथ प्रणव जोडकर सप्त व्याहृति गायत्री शिर एवं गायत्रीका जप करते हुए प्राणायाम करना चाहिये ।।२४६।।४६१।।

प्राणसंयमकाले तु जपो मानस इष्यते ।
व्याख्यातं च तथा प्राज्ञैरेषा स्यात्तदुपासना ।।२४७।।४६२ ।।

प्राणायाम कालमें गायत्रीका मानस जप ही इष्ट है । मिताक्षराकारादिने ऐसी ही व्याख्या की है । अतएव यह गायत्रीकी उपासना ही है ।।२४७।।४६२।।

पूरकः कुम्भकश्चैव रेचकश्च तदुत्तरम् ।
बाह्यकुम्भक इत्येवं प्राणायामा उदीरिताः ।।२४८।।४६३ ।।

पूरक, कुम्भक और रेचक ये तीन प्राणायाम हैं । बाह्य कुम्भक भी बताया गया है ।।२४८।। ४६३।।

मुञ्चेद् दक्षिणया वायुं प्रथमं मात्रया विना ।
पूरयेदिडया पश्चात् कुम्भयेच्च सुषुम्णया ।।२४९।।४६४ ।।

प्रथम कोष्ठस्थ वायुको दक्षिण नासिकासे निकाल दें । उसमें कोई मात्रानियम नहीं है । फिर इडासे मात्राके साथ पूरण करें तथा सुषुम्नासे कुम्भक करें ।।२४९।।४६४।।

दक्षया रेचयेद्वायुं तयैवाथ प्रपूरयेत् ।
अन्यया रेचयेत् पश्चात् प्राणायामे सदा बुधः ।।२५०।।४६५ ।।

इसके बाद पिंगलासे वायुरेचन करें और उसीसे (पिंगलासे) पूरण करें । रेचन हमेशा पूरकेतर नासिकासे करें ।।२५०।।४६५।।

पूरयेत् सकृदुक्त्वा तां चतुष्कृत्वश्च कुम्भयेत् ।
द्विरुक्त्वा रेचयेद् बाह्यं किंचित्कालं च कुम्भयेत् ।।२५१।।४६६ ।।

गायत्रीको एक बार कहकर पूरक करें । चार बार कहकर कुम्भक करें । दो बार कहकर रेचक करें । फिर थोडी देर बाह्य कुम्भक करें ।।२५१।।४६६।।

वृध्दिश्चैतत्क्रमेणैव स्याद् द्व्यष्टचतुरात्मना ।
समसंख्यातया चापि कर्तुं शक्योऽन्यथापि च ।।२५२।।४६७ ।।

प्राणायामसमयमें वृध्दि करना हो तो भी यही क्रम रहेगा । जैसे दो मन्त्रसे पूरक, आठ मन्त्रसे कुम्भक, चार मन्त्रसे रेचक इत्यादि । समसंख्यासे मन्त्र बोलकर भी पूरकादि करते हैं ।।२५२।।४६७।।

रेचयेत् षोडशेनैव तद्द्वैगुण्येन पूरयेत् ।
कुम्भयेच्च चतुःषष्ट्येत्येवमन्यत्र दर्शनात् ।।२५३।।४६८ ।।

क्योंकि अन्यत्र विपरीत बताया है । वहां पूरक बत्तीससे बताया और रेचक सोलहसे कहा है । चौंसठसे कुम्भक करनेकेलिये कहा है । वह तो समान ही है ।।२५३।।४६८।।

सपादषट्कलाव्यासकुम्भकस्तूत्तमे भवेत् ।
तदर्धो मध्यमे पादः कनिष्ठे प्राणरोधने ।।२५४।।४६९ ।।

सवा छह कला कुम्भक जिसमें हो वह उत्तम प्राणायाम है [एक कलामें आठ सैकेंड होते है । सवा छः कला=५० सेकेंड] मध्यम प्राणायाममें उससे अर्ध [२५सेकेंड] कुम्भक होता है । कनिष्ठ प्राणायाममें उसका पाद[१२.५सेकेंड] कुम्भक होता है ।।२५४।।४६९।।

कनिष्ठतः समारभ्य क्रमेणैवोत्तमं व्रजेत् ।
साधारणजनानां तु गतिरेतावती मता ।।२५५।।४७० ।।

कनिष्ठ प्राणायामसे शुरू करना चाहिये । और क्रमशः उत्तममें पहुंचना चाहिये । यहीं तक साधारण जनोंकी गती है ।।२५५।।४७०।।

इत ऊर्ध्वं न वर्धेते क्वचिद्रेचकपूरकौ ।
स्यात् कुम्भको वर्धयितुं शक्यः शास्त्रोक्तरीतितः ।।२५६।।४७१।।

उत्तम प्राणायाममें जैसे बताया उससे अधिक रेचक और पूरक नहीं होते हैं । कुम्भकको शास्त्रोक्त रीतिसे बढा सकते हैं ।।२५६।।४७१।।

तद् द्वादशगुणायामः प्रत्याहारो मतो हठे ।
तथैव धारणा ध्यानं समाधिर्द्वादशोत्तरः ।।२५७।।४७२।।

इससे बारह गुना [१० मिनिटतक] प्राणनिरोध हो तो हठयोगमें उसे प्रत्याहार बताया है, उससे बारह गुना[२ घंटेतक] धारणा, उससे बारह गुना [पूरा दिन राततक] ध्यान और उससे बारह गुना अर्थात बारह दिन तक हो तो समाधि नामसे कहा गया है । [किन्तु ध्यान रहे कि यह सर्वसाधारण नहीं है । विशेषज्ञ गुरुके विना हठयोगके प्रत्याहारादिमें नहीं पडना चाहिये । लाभ के बदले हानिकी संभावना उसमें रहती है] ।।२५७।।४७२।।

यथा सिंहो गजो व्याघ्रो भवेद्वश्यः शनैः शनैः ।
तथैव सेवितो वायुरन्यथा हन्ति साधकम् ।।२५८।।४७३।।

जैसे सिंह, हाथी एवं वाघ आदि धीरे-धीरे वशमें आते हैं, वैसे प्राण भी हैं । जल्दबाजीमें सिंह आदिके समान हि साधकको ये नष्ट कर सकते हैं ।।२५८।।४७३।।

उत्तमस्य तृतीयांशः कनिष्ठः प्राणरोधने ।
मध्यमो द्विगुणः स स्यादित्यन्या प्रक्रिया विदाम् ।।२५९।।४७४।।

उत्तम(५०सेकेंडवाले) का एक तिहाई कनिष्ठ है । दो तिहाई (लगभग तैंतीस सेकेंड) समयतक प्राणनिरोध मध्यममें होता है ऐसी भी योगीयोंकी प्रक्रिया है ।।२५९।।४७४।।

अधमे द्वादश प्रोक्ता मध्यमे द्विगुणाः स्मृताः ।
उत्तमे त्रिगुणा मात्रा इति गोरक्षवर्णनात् ।।२६०।।४७५।।

यही बात गोरक्षनाथने भी कही है । अधममें द्वादशमात्रा, मध्यममें चौवीस मात्रा , उत्तममें छत्तीस मात्रा होती है ।।२६०।।४७५।।

कनीयसि भवेत् स्वेदः कम्पो भवति मध्यमे ।
उत्तमे स्थानमाप्नोतीत्यात्मारामादयोजगुः ।।२६१।।४७६।।

कनियान् प्राणायाममें पसीना होता है । मध्यममें कम्पन होता है । उत्तममें लक्ष्य प्रतीति होती है । ऐसे आत्मरामादि योगीजन कहते हैं ।।२६१।।४७६।।

उत्तमस्य त्रिविधता सैषेति विदुषां मतम् ।
पूर्वोक्तत्रिविधानां हि लक्ष्माणीत्यपरे विदुः ॥२६२॥४७७॥

उत्तम प्राणायाम (जो ५० सेकेंडका है) के ही पुनः ये तीन भेद हैं ऐसी विद्वानोंकी मान्यता है । पूर्वोक्त तीनके ही ये लक्षण हैं यह भी मान्यता है ॥२६२॥४७७॥

सूर्यभेदनमुज्जायी सीत्कारी शीतली तथा ।
भस्त्रिका भ्रामरी मूर्च्छा प्लाविनीत्यष्ट कुम्भकाः ॥२६३॥४७८॥

सूर्यभेदन, उज्जायी, सीत्कारी, शीतली, भस्त्रिका, भ्रामरी, मूर्च्छा और प्लाविनी ऐसे आठ कुम्भक हैं ॥२६३॥४७८॥

सूर्येणापूर्य पवनं कुम्भयित्वा प्रयत्नतः ।
वामेन रेचनं तस्य सूर्यभेदनमुच्यते ॥२६४॥४७९॥

दाहिनी नाकसे श्वास लेकर प्रयत्नपूर्वक कुम्भक कर वामसे छोडना सूर्यभेदन है ॥२६४॥४७९॥

सस्वनं कण्ठतो द्वाभ्यामाकृष्यानलकुम्भनम् ।
वामया हानमुज्जायी तिष्ठतो गच्छतोऽपि वा ॥२६५॥४८०॥

कण्ठसे दबी आवाज निकले वैसे दोनों नाकसे खींचकर कुम्भककर वायुको बांयी नाकसे छोडना उज्जायी है । वह चलते हुए और खडे खडे भी कर सकते हैं ॥२६५॥४८०॥

ओष्ठयोरन्तरे तिष्ठज्जिह्वया च ससीत्कृति ।
आपूर्याकुम्भ्य नासाभ्यां सीत्कार्यां रेच्यतेऽनिलः ॥२६६॥४८१॥

दोनों ओष्ठोंके मध्यमें जिव्हा रखकर सीत्कार (छोटी सीटी)के साथ पूरक कर कुम्भक और बादमें दोनों नाकसे रेचन करना सीत्कारी है ॥२६६॥४८१॥

विहगाधरचञ्च्वाभबहिरोष्ठगजिह्वया ।
आकृष्य पूर्ववत्सर्वं कुर्वतः शीतली मता ॥२६७॥४८२॥

ओठोंके बाहर पक्षियोंकी निचली चोंचके सदृश की हुई जिव्हासे सस्वन वायुको लेकर कुम्भक कर दोनों नाकसे छोडा जाये तो उसे शीतली कहते हैं ॥२६७॥४८२॥

एकैकशस्ततो द्वाभ्यां वेगाद्रेचकपूरकौ ।
कृत्वान्ते कुम्भकं वामरेचनं भस्त्रिकोच्यते ॥२६८॥४८३॥

प्रथम बायीं नाकसे शीघ्र-शीघ्र रेचक पूरक दोनों सस्वन करें । फिर वैसे ही दाहिनीसे । फिर दोनों नाकसे अदलाबदलीसे या एक साथ । सबके अन्तमें कुम्भक होगा । अन्तिम

कुम्भकोत्तर वामनासिकासे रेचन करें । इसे भस्त्रिका कहते हैं ।।२६८।।४८३।।

शीघ्रं सभृङ्गनादं चाऽऽपूर्याथ कृतकुम्भकः ।
भृङ्गीस्वनं रेचयेत शनैश्चेद् भ्रामरी मता ।।२६९।।४८४ ।।

भ्रमरनादके साथ शीघ्र वायु पूरण कर कुम्भक करके भ्रमरीनादसहित धीरे-धीरे रेचन करनेपर भ्रामरी होती है ।।२६९।।४८४।।

पूरकान्ते गाढतरं बद्ध्वा जालन्धरं पुनः ।
कुम्भकोर्ध्वं शनैर्हीनं मूर्च्छा मूर्च्छयते मनः ।।२७०।।४८५ ।।

पूरकके बाद दृढतर जालंधर बन्ध करके कुम्भक और बादमें धीरे धीरे रेचन मूर्च्छा है । यह मनोमूर्च्छनकारी है ।।२७०।।४८५।।

यथा कथंचिदप्यन्तःपूरितोदरमारुतः ।
यावच्छक्यं कुम्भयेत् सा प्लाविनी गदिता बुधैः ।।२७१।।४८६ ।।

जैसे तैसे भी शुध्द वायु अंदर भरकर यथाशक्ति कुम्भक करना प्लाविनी है ।।२७१।।४८६।।

विनैवाऽऽपूरणं प्राणरोधः केवलकुम्भकः ।
सर्वत्र कुम्भके कुर्यात् सम्यग् गायत्र्युपासनम् ।।२७२।।४८७ ।।

पूरक एवं रेचकके विना ही प्राणनिरोध केवल कुम्भक है । सभी कुम्भकोंमें गायत्रीकी उपासना होती है ।।२७२।।४८७।।

पूरकान्ते प्रकुर्वीत बन्धं जालन्धरं बुधः ।
कुम्भकेऽन्ते चोड्डियानमूलबन्धौ विशेषतः ।।२७३।।४८८ ।।

पूरकके बाद जालन्धर बन्ध करना चाहिये । कुम्भक कुछ होनेपर उड्डियान बन्ध और मूलबन्ध विशेषरूपसे करें । पेटको अन्दरकी ओर चिपकाना उड्डियानबन्ध है । पायुको ऊपरकी ओर खींचकर रखना मूलबन्ध है । सामान्यरूपसे ये दोनों हमेशा होना चाहिये । प्राणायाममें पेटको फूलने न देना चाहिये । कुम्भकका अन्त होते होते विशेषरूपसे ये दोनों करने चाहिये । ।।२७३।।४८८।।

जालन्धरो भवेद् बन्धो हनोर्वक्षसि योजनात् ।
पृष्ठास्थ्न्यूदरसंकोचादुड्डियान उदीरितः ।।२७४।।४८९।।
आकुञ्चनाद् गुदस्योर्ध्वं मूलबन्धश्च कथ्यते ।
प्रायः सर्वेष्वपि प्राणायामेष्वावश्यका इमे ।।२७५।।४९० ।।

ठुड्डीको छातीसे मिलाना जालन्धर बन्ध है । पेटको पिठकी ओर चिपकाना उड्डियानबन्ध है । गुदाको उपरकी ओर खींचना मूलबन्ध है । प्रायः सभी प्राणायामोमें ये तीन बन्ध आवश्यक हैं ।।२७४-२७५।।४८९-४९०।।

शुचौ देशे प्रतिष्ठाप्य स्थिरमासनमात्मनः ।
नात्युच्छ्रितं नातिनीचं चैलाजिनकुशोत्तरम् ।।२७६।।४९१।।
सुखासनसमासीनो यमादिगुणसंयुतः ।
समं कायशिरोग्रीवं धारयन् योगमाश्रयेत् ।।२७७।।४९२।।

गीता आदि ब्रह्मविद्या ग्रन्थोमें भी बताया है कि पवित्र देशमें ज्यादा ऊंचा या नीचा नहीं, कुशा अजिन और शुध्दवस्त्रयुक्त अपना आसन बिछाकर स्थिर सुख आसनपर बैठें, यमनियमादि युक्त हो; शरीर, गर्दन और मस्तकको सीधा रखकर प्राणायाम करें ।।२७६-२७७।।४९१-४९२।।

प्राणायामा ब्राह्मणस्य त्रयोऽपि विधिवत्कृताः ।
व्याहृतिप्रणवैर्युक्ता विज्ञेयं परमं तपः ।।२७८।।४९३।।

मनु महाराज कहते हैं- प्रणव एवं व्याहृतियोंके साथ प्रतिदिन तीन प्राणायाम भी विधिवत करें तो ब्रह्मजिज्ञासुओंके लिये वह महान तप होगा ।।२७८।।४९३।।

दह्यन्ते ध्मायमानानां धातूनां हि यथा मलाः ।
तथेन्द्रियाणां दह्यन्ते दोषाः प्राणस्य संयमात् ।।२७९।।४९४।।

तपाये जानेपर सुवर्णादिके मल जैसे जल जाते हैं वैसे प्राणायामसे इन्द्रियोंके दोष जल जाते हैं ।।२७९।।४९४।।

युक्तो ध्यानेन गायत्रीव्याहृतिप्रणवैरपि ।
प्राणायामः सगर्भः स्यादगर्भो रहितस्तु तैः ।।२८०।।४९५।।

गायत्री, व्याहृति एवं प्रणवसे तथा परमात्मध्यानसे युक्त प्राणायाम सगर्भ कहलाता है । इनसे रहित अगर्भ कहलाता है ।।२८०।।४९५।।

प्राणायामाः सगर्भास्तु गायत्र्याः स्युरुपासना ।
परमं तत्तपस्तस्मात् सा नित्यं तैरुपास्यताम् ।।२८१।।४९६।।

सगर्भ प्राणायाम ही गायत्रीकी उपासना है । वही परम तप है । अतः नित्य सगर्भ प्राणायामोंसे गायत्रीकी उपासना करनी चाहिये ।।२८१।।४९६।।

भाष्य- सप्रणवव्याहृत्युपेता प्रणवान्ता गायत्री जपादिभिरुपास्या ।

प्राणायामात्मकोपास्तेः प्रकारमभिधाय च ।
जपात्मकोपासनायाः प्रकारोऽथ निरूप्यते ।।२८२।।४९७।।

गायत्री प्राणायामैरुपास्या ऐसा पहले बताया । उसका प्रकार हमने दिखाया । अव जपात्मक गायत्री उपासना " जपादिभिरुपास्या " इस भाष्यसे कहते हैं ।।२८२।।४९७।।

गायत्री प्रणवाद्यन्ता व्याहृतित्रयपूर्विका ।
जपादिभिरुपास्येयं चित्तशुध्यादिहेतवे ।।२८३।।४९८।।

तीन व्याहृति (भूर्भुवः स्वः) पूर्वमें हो, आदिमें हो और अन्तमें प्रणव हो ऐसी गायत्री चित्तशुध्दि आदिके लिये उपासनीय है ।।२८३।।४९८।।

उपास्यं ब्रह्म गायत्र्या नोपास्या सेति चेन्न तत् ।
प्रत्ययावृत्तिरूपत्वाद् जपस्येति समञ्जसम् ।।२८४।।४९९।।

पूर्वपक्षः- गायत्रीकी क्या उपासना ? गायत्रीसे ब्रह्मकी उपासना होती है । उत्तर- जप प्रत्ययाऽऽवृत्तिरूप होनेसे यह गायत्रीकी भी उपासना है ।।२८४।।४९९।।

यजुरेव शिरः पक्षावृक्सामे दक्षिणोत्तरौ ।
इत्यादि तित्तिरिः प्राह प्रस्तुत्य हि मनोमयम् ।।२८५।।५००।।

अत एव तैतिरीयमें मनोमयकोशवर्णनमें यजुर्वेद मनोमयका मस्तक है, ऋग्वेद दक्षिण पक्ष है, सामवेद बायां पक्ष है इत्यादि बताया ।।२८५।।५००।।

भाष्यकारश्च तत्रैव मानसं जपमब्रवीत् ।
जपेनोपासनीयाऽतो गायत्री मानसेन हि ।।२८६।।५०१।।

वहींपर भाष्यकारने मानस जप होनेसे सामवेदादिको मनोमयके पक्षत्वका समर्थन किया । अतः गायत्रीका मानस जप गायत्री प्रत्ययावृत्ति होनेसे गायत्री स्वयं भी उपासना विषय सिध्द होती है ।।२८६।।५०१।।

तदर्थश्चानुसन्धेयो जीवब्रह्मैक्यलक्षणः ।
सिध्दं तु तत् तज्जपार्थं भावनान्यायतः स्वतः ।।२८७।।५०२।।

हां, जपके साथ जीवब्रह्मैक्यरूपी अर्थका अनुसन्धान भी करना चाहिये । यह बात "तज्जपस्तदर्थभावनं" इस न्यायसे सिध्द है । अत एव इसे ब्रह्मोपासना भी कह सकते है ।। २८७।।५०२।।

होमेन चाप्युपास्यैषा गायत्रीहोमदर्शनात् ।
यस्यै वषट् करिष्यन् स्यात्तां ध्यायेदिति च श्रुतेः ।। २८८।।५०३।।

होमके द्वारा भी गायत्री उपास्य है । क्योंकि गायत्रीहोम प्रसिध्द है । शंका होगी कि होममें प्रत्ययावृत्ति नहीं है । उत्तर है - " यस्यै देवतायै हविर्गृहीतं स्यात्तां ध्यायेद् वषट् करिष्यन् " ऐसा विधान होनेसे प्रत्ययावृत्ति भी सिध्द है ।।२८८।।५०३।।

मन्त्रस्यापि भवेद् ध्यानं मन्त्रात्मानो हि देवताः ।
तत्राप्यर्थानुसन्धानं युक्तमेवेति मन्महे ।।२८९।।५०४ ।।

देवताका ध्यान बताया न कि मन्त्रका इस प्रश्नका उत्तर मिमांसकोंका यह वचन है कि " मन्त्रात्मानो हि देवताः " यहां भी अर्थानुसन्धान होना चाहिये ऐसा हमारा वक्तव्य है । इस प्रकार भाष्यमें आये " जपादिभिः " इस आदिपदकी सार्थकता है ।।२८९।।५०४।।

उपासनैव गायत्र्या होमप्रवचनाद्यपि ।
इति कृत्वाऽऽदिभिरिति बहुत्वेनाह भाष्यकृत् ।।२९०।।५०५ ।।

गायत्रीकी विशेषता यह है कि इसका प्रवचनादि भी उपासना है । इसलिये भाष्यकारने " आदिभिः " ऐसा आदिपद और बहुवचनका प्रयोग किया ।।२९०।।५०५।।

इति तत्पदार्थ निरूपणं द्वितीयम् ।

* * * * *

भाष्य- तत्र शुध्दा गायत्री प्रत्यग्ब्रह्मैक्यबोधिका
व्याहृत्यादियुतोपास्या प्राणायामादिभिः सदा ।
तत्रैव घटकीभूतगायत्र्यर्थोऽथ वर्ण्यते ।।१।।

प्रणव एवं व्याहृति आदि सहित गायत्री प्राणायाम एवं जपादिसे उपासनीय बतायी । उसमें अन्तःप्रविष्ट शुध्द गायत्रीका अर्थ अब बताने जा रहे हैं ।।१।।

शुध्दा भवति गायत्री प्रत्यग्ब्रह्मैक्यबोधिका ।
विशिष्टापि तथैवैषा किन्तु शुध्दप्रपञ्चनम् ।।२।।

शुध्द गायत्री प्रत्यगात्मा और परमात्मा के एकत्वको बताती है । यद्यपि प्रणवादि विशिष्ट गायत्रीका भी वही अर्थ है तथापि शुध्दका वह विस्तारणमात्र है ।।२।।

पदार्थशोधकतया विनियोगोऽभ्युपेयताम् ।
व्याहृतिप्रणवादीनामतद्व्यावृत्तयोऽथवा ।।३।।

व्याहृति एवं प्रणव आदिका पदार्थशोधनमें उपयोग है । अथवा अतद्व्यावृत्तिके लिये उनका विनियोग है ।।३।।

ननु जीवः पृथगयमल्पज्ञत्वादिलक्षणः ।
पृथगेव तथा ब्रह्म सर्वज्ञत्वादिलक्षणम् ।।४।।
नाहं ब्रह्मास्मि नैवास्मि सर्वज्ञः सर्वशक्तिमान् ।
इति प्रत्यक्षतः स्वस्य ब्रह्मभेदोऽवगम्यते ।।५।।

पूर्वपक्षः-जीव और ब्रह्मकी एकता नहीं हो सकती । जीव अल्पज्ञ है, ब्रह्म सर्वज्ञ है । मैं सर्वज्ञ सर्वशक्तिमान ब्रह्म नहीं हूं ऐसा भेदप्रत्यक्ष स्पष्ट है ।।४-५।।

भेदाध्यक्षेऽधिकरणयोग्यत्वं खल्वपेक्षितम् ।
स्तम्भः पिशाचो ननु नेत्येवं प्रत्यक्षदर्शनात् ।।६।।

यह कहें कि ब्रह्म अतीन्द्रिय होनेसे उसका भेद प्रत्यक्ष कैसे होगा ? तो उत्तर है कि भेदप्रत्यक्षमें अधिकरणकी योग्यता अपेक्षित है । यह स्तम्भ पिशाच नहीं है ऐसा प्रत्यक्ष सर्वमान्य है ।।६।।

न च चैतन्यमेवैकमुभयोरिति सांप्रतम् ।
ऐक्ये प्रमाणविरहात् प्रत्यक्षेण विरोधतः ।।७।।

जो यह कहते हैं कि चैतन्य एक है, उपाधि भिन्न है सो भी ठीक नहीं । क्योंकि चैतन्यके एकत्वमें प्रमाण नहीं है । साथ ही प्रत्यक्षविरोध भी है ।।७।।

न च प्रमाणमैक्येऽत्र गायत्र्येवेति सांप्रतम् ।
तस्या द्वैतिभिरन्यार्थप्रतिपादनदर्शनात् ।।८।।

यदि कहें कि वह गायत्री मन्त्र ही जीवब्रह्मैक्यमें प्रमाण है तो उसपर यही वक्तव्य है कि द्वैतवादियोंने इसका अन्य अर्थ किया है ।।८।।

उपासनार्थताऽत्रापि दर्शिता तेन चैकता ।
आरोपादिस्वरूपापि नूनं भवितुमर्हति ।।९।।

अद्वैत मतमें भी गायत्रीका उपासनापरत्व बताया है जो पूर्वमें दिखाया तब जीवब्रह्मैकत्व जो यहां अवगत होता है वह आरोपरूप भी हो सकता है । जैसे " मनो ब्रह्म" इत्यादि ।।९।।

अत्रोच्यते तत्त्वमसि नेह नानास्ति किंञ्चन ।
इत्यादि श्रुतयो जीवब्रह्मैक्यं ब्रुवते स्फुटम् ।।१०।।

उत्तर- इसका समाधान यह है कि अनन्यपर " तत्वमसि " " नेह नानास्ति किंचन " इत्यादि श्रुति जीवब्रह्मकी एकता बताती है ।।१०।।

न चाध्यक्षविरोधोऽपि नाध्यक्षं ब्रह्म तद्यतः ।
अनुमानं हि न स्तम्भः पिशाच इति धीर्मता ।।११।।

प्रत्यक्ष विरोध भी गलत है । ब्रह्म प्रत्यक्ष नहीं है । जो उदाहरण दिया स्तम्भ पिशाच नहीं है सो अनुमानात्मक है ।।११।।

अन्यथाऽत्र पिशाचत्वं नेत्यनध्यक्षता कुतः ।
अप्रत्यक्षं ह्ययोग्यात्यन्ताभावं मनुषे हि यत् ।।१२।।

और आप अन्त्यताभावको योग्य प्रतियोगी होनेपर ही प्रत्यक्ष मानते हैं । स्तम्भ में पिशाचत्व नहीं है, स्तम्भ पिशाच नहीं है दोनोंमें क्या फरक है ? ।।१२।।

अनुमानाद्बलीयस्त्वं श्रुतेरभ्युपगम्यते ।
प्रत्यक्षाच्च बलीयस्त्वं तात्पर्ये हि सतीष्यते ।।१३।।

अनुमानसे तो श्रुति बलवती होती है । बल्कि तात्पर्य हो तो प्रत्यक्षसे भी श्रुति बलवती होती है ।।१३।।

चन्द्रप्रादेशिकाध्यक्षं ज्योतिःशास्त्रेण बाध्यते ।
किमनीश्वरताध्यक्षं श्रुत्या ते न प्रबाध्यते ।।१४।।

चन्द्र थाली बराबर है इस प्रत्यक्षको चन्द्रविस्तारप्रतिपादकज्योतिषशास्त्र प्रतिबाधित करता है । क्या ईश्वर नहीं दीखता, ईश्वर है नहीं यह प्रत्यक्ष तुम्हारे मतमें श्रुतिसे बाधित नहीं होता ? ।।१४।।

आदित्यो यूप इत्यादिस्तात्पर्यरहितत्वतः ।
नीयते श्रुतिरन्यार्था स्वार्थेऽध्यक्षविरोधतः ।।१५।।

द्वैतवादियोंका तर्क है - "आदित्यो यूपः " यह वाक्य प्रत्यक्षसे बाधित होता है । इस पर यह कहना है कि खंभेको आदित्य बतानेमें श्रुतिका तात्पर्य नहीं है । वह यूपप्रशंसार्थ होनेसे प्रत्यक्ष विरोध देखकर अन्यार्थ उसका किया जाता है ।।१५।।

प्रत्यक्षाप्यविरोधेऽपि सोऽरोदीदादयो गिरः ।
अन्यार्थाः किल नीयन्ते तात्पर्याभावहेतुतः ।।१६।।

" आदित्यो यूपः " यहां अर्थ बदलनेमें प्रत्यक्ष विरोध कारण नहीं है । प्रत्यक्ष विरोध न होनेपर भी " सोऽरोदीद् यदरोदीत्तद्रुद्रस्य रुद्रत्वं " ," अग्निर्हिमस्य भेषजं " इत्यादि वाक्योंका अर्थान्तर लिया जाता है । क्योंकि स्वार्थमें तात्पर्य नहीं है ।।१६।।

नन्वीशजीवभेदोऽपि कार्यकारणभावतः ।
कार्योपाधिरयं जीवः कारणोपाधिरीश्वरः ।।१७।।
भावप्रधाननिर्देशः कार्यादिपदमत्र तु ।
कार्यत्वं कारणत्वं च लभ्ये तेनेशजीवयोः ।।१८।।

जीवब्रह्मैक्यबोधक श्रुति के विरुध्द भेदश्रुति भी तो है । " कार्योपाधिरयं जीवः कारणोपाधिरीश्वरः " यहां कार्यादिपद कार्यत्वादिपर होनेसे जीव कार्यत्वविशिष्ट है ईश्वर कारणत्वविशिष्ट है यह अर्थ निकलता है । कार्य और कारण पूर्वापरवर्ती होनेसे भिन्न ही होते हैं ।।१७-१८।।

मैवं कार्यादिशब्दानां कार्यत्वाद्यर्थलक्षणा।
कार्यत्वादेरुपाधित्वस्वीकारोऽपि न युज्यते ।।१९।।

उत्तरपक्ष- कार्यादिपदकी कार्यत्वादिमें लक्षणा मानना अनुचित है । और कार्यत्वादि कोई उपाधि भी नहीं है अतः उसमें उपाधित्व स्वीकार भी अनुचित है ।।१९।।

स्वरूपलक्षणे चेमे स्यातां नैवेशजीवयोः ।
कार्यस्योत्तरवर्तीत्वात् प्रागसत्त्वप्रसङ्गतः ।।२०।।

और ये दोनों स्वरूपलक्षण भी नहीं है । जीव यदि कार्य हो तो पहले वह असत होगा जो किसीको भी मान्य नहीं है । ऐसा हो तो अकृताभ्यागम होगा । उत्पन्नभाव विनाशी होनेसे कृतनाश भी होगा । जीवमें कार्यता असिध्द है तो ईश्वरमें कारणता किसको लेकर ? घटादिकारणता तो जीवमें भी होनेसे केवल कारणता व्यावर्तक नहीं होगी ।।२०।।

तटस्थलक्षणे तस्मादेते जीवेशयोर्मते ।
ततश्चैतच्छ्रुतिबलान्न भेदः शक्यसाधनः ।।२१।।

अतः " कार्योपाधिरयं जीवः " इत्यादि तटस्थ लक्षण है, यथाश्रुतार्थ ही है । इसलिये इस श्रुतिके द्वारा भेद सिध्द नहीं किया जा सकता ।।२१।।

उपाधिरीशितुर्माया कारणत्वेन कल्पिता ।
अविद्यादिश्च जीवस्य कार्यत्वेन प्रकल्पिता ।।२२।।

कारणत्वेन कल्पित माया ईश्वरकी उपाधि है । कार्यत्वेन कल्पित अविद्या आदि जीवकी

उपाधि है ।।२२।।

अनादिकल्पनाहेतोरनादित्वं तयोःस्थितम् ।
न वा मायाप्रयुक्तत्वात् प्रातिभासिकता तयोः ।।२३।।

अनादि कल्पना होनेसे माया और अविद्या दोनों अनादि हैं । अनादिमें कार्यत्वकल्पना होनेसे वह प्रातिभासिक क्यों नहीं इसका उत्तर है मायासे कल्पित होनेसे प्रातिभासिक नहीं । जैसे जीव, ईश अनादि होनेपर भी मायाप्रयुक्त हैं । व्यावहारिक हैं ।।२३।।

अथवा वासनाऽविद्या जीवोऽस्मीत्यादिलक्षणा ।
तध्दारानादिरूपापि व्यक्तितः कार्यरूपिणी ।।२४।।

अथवा अविद्या वासनारूप है । मैं जीव हूं इत्यादि अनुभवोत्पन्न है । उसकी धारा अनादिकालसे चली आ रही है । अतः जीव अनादि है । किन्तु प्रवाहान्तर्गत वासनाव्यक्तियां कार्यरूप होनेसे कार्योपाधिरयं बताया । अथवा अनादि अविद्या एवं वासना दोनों जीवोपाधि हैं । वासनाविशिष्ट अविद्याकार्य होनेसे कार्योपाधि हो गया ।।२४।।

ननु गन्तव्यगन्त्रादिभावभेदाद् भिदा भवेत् ।
प्रत्यक्षानुगृहीतत्वाद् बलवत्यपि सेति चेत् ।।२५।।

पूर्वपक्षः- परमात्मा प्राप्य है । जीव प्रापक है । अतः भेद अवश्य होगा । भेदप्रत्यक्ष समर्थित होनेसे बलवान भी होगा ।।२५।।

गन्तृगम्यादिभावनामविद्याकल्पितत्वतः ।
न प्रत्यक्षानुवादित्वाद् बलवत्वं कथंचन ।।२६।।

उत्तरपक्ष :- गन्तागन्तव्य इत्यादि सभी भाव अविद्याकल्पित हैं । प्रत्यक्षसिध्द हैं । भेदश्रुति तो अनुवादिका होगी । वह क्यों प्रबल होने लगेगी ? ।।२६।।

अनन्यार्थैस्ततः सिध्दा वचनैरेकता तयोः ।
गायत्र्याप्युच्यते तेन नारोपादिप्रकल्पना ।।२७।।

इस प्रकार अनन्यार्थ तत्वमसि आदि वाक्योंसे जीवब्रह्मैक्य सिध्द होता है । तब गायत्रीका भी वही तात्पर्य है । यहां आरोपादिकी कल्पना नहीं हो सकती ।।२७।।

न तावतानुवादत्वं स्वातन्त्र्यादखिलश्रुतेः ।
श्रुत्यन्तरोपाश्रवणं स्वसन्देहनिवृत्तये ।।२८।।

यदि तत्वमसि आदिके अर्थके आधारपर गायत्र्यर्थ जाना जाता है तो गायत्री अनुवादमात्र होगी । नहीं । श्रुति सभी स्वतन्त्र हैं । हम अपने सन्देहकी निवृत्तिके लिये अन्य श्रुतिको

प्रस्तुत करते हैं ।।२८।।

सर्वास्वपि श्रुतिष्वीशजीवैक्यं हि निरूपितम् ।
तदेवात्रापि गायत्र्याः परं तात्पर्यगोचरम् ।।२९।।

समस्त वेदान्तमें जीवात्मा और परमात्माकी एकताका ही निरूपण है । वही गायत्रीका भी परमतात्पर्यविषय है ।।२९।।

सर्वे वेदाः पदं यत्तदामनन्तिति च श्रुतेः ।
पुनरुक्त्यनुवादादिशङ्का नैवोपतिष्ठते ।।३०।।

" सर्वे वेदा यत्पदमामनन्ति " ऐसी श्रुति स्वयं कहती है कि एक ही परमार्थ तत्व समस्त वेदोंमें बताया है । अतएव पुनरुक्ति अनुवादादिकी शंका उठाना भी बेकार है ।।३०।।

भाष्य- धियो यो नः प्रचोदयादिति

तृतीये त्वंपदार्थस्य पादे स्पष्टं विशोधनम् ।
बुध्दिप्रचोदकत्वं हि युज्यते प्रत्यगात्मनः ।।३१।।

" धियो यो नः प्रचोदयात् " इस तृतीयपादमें त्वंपदार्थका स्पष्ट शोधन है । बुध्दिप्रेरकत्व त्वंपदार्थ प्रत्यगात्मामें ही संभव है ।।३१।।

भाष्य- नोऽस्माकं धियो बुध्दीर्यः प्रचोदयात् प्रेरयेदिति

अस्माकं हि धियो बुध्दीर्वृत्तीरपि च वासनाः ।
नैव प्रेरयितुं शक्नोत्यपरः प्रत्यगात्मनः ।।३२।।

हमारी धी अर्थात बुध्दियोंको, वृत्तियोंको या वासनाओंको प्रत्यगात्मासेअन्य कोई प्रेरित नहीं कर सकता ।।३२।।

अनात्मा हि जडः कंचिन्न प्रचोदयितुं क्षमः ।
परात्मा परकीयार्थं प्रकाशयितुमेव च ।।३३।।

अनात्मा जड होता है, वह किसीको प्रेरित नहीं कर सकता । परात्मा परकीय अर्थ प्रकाशित भी नहीं कर सकता ।।३३।।

न नियन्त्रयितुं रज्जुः क्षमते शुक्तिरूप्यकम् ।
न तन्तुर्निजरक्तिम्ना घटं रञ्जयितुं क्षमः ।।३४।।

रज्जु शुक्तिरजतका नियन्त्रण नहीं कर सकती । तन्तु अपनी लालीमासे वस्त्रको लाल बनावें पर घटको नहीं ।।३४।।

भाष्य- सर्वबुध्दिसंज्ञान्तःकरणप्रकाशकः सर्वसाक्षी प्रत्यगात्मेत्युच्यते ।

बहुत्वे नःप्रयोगेण प्रत्यगात्मा प्रकाशकः ।
सर्वान्तःकरणस्यैक इत्येतदवगम्यते ।।३५।।

" धियो यो नः " यहां नः यह बहुवचनमें प्रयोग किया है । अतएव प्रकाशक प्रत्यगात्मा समस्त अन्तःकरणोंमें एक ही है यह अवगत होता है ।।३५।।

एको देवो हि भूतेषु साक्षी सर्वेष्विति श्रुतेः ।
सिध्दं साक्षिण एकत्वं जीवसाक्ष्येक एव नः ।।३६।।

" एको देवः सर्व भूतेषु गुढः सर्वव्यापी सर्वभूतान्तरात्मा । कर्माध्यक्षः सर्वभूताधिवासः साक्षी चेता केवलो निर्गुणश्च " इस श्रुतिसे अन्तरात्मा साक्षी एक ही निश्चित होता है ।।३६।।

उपाधिभेदतः साक्षिनानात्वं ये तु मन्वते ।
उपाधिमविवक्षित्वा य इत्येकत्वमीरितम् ।।३७।।

जो आचार्य उपाधिभेदसे साक्षीका भेद मानते हैं उनके अनुसार उपाधि विवक्षा छोडकर " यो नः " यहां यः यह एकवचन है ।।३७।।

विशिष्टान् समुपादाय बहुत्वे न इतीरितम् ।
पक्षद्वयेऽपि साक्ष्येव सर्वप्रेरक इष्यते ।।३८।।

नः यह बहुवचन विशिष्ट जीवात्माओंके नानात्वको लेकर है । दोनों पक्षोंमें साक्षी ही सर्वप्रेरक है ।।३८।।

जीवो विशिष्टो वाच्यार्थः साक्षी लक्ष्यार्थ इष्यते ।
उपाधेरपि संत्यागाच्छुध्दं ब्रह्मोपतिष्ठते ।।३९।।

विशिष्ट जीव वाच्यार्थ है । उपहित साक्षी लक्ष्यार्थ है । उपाधिका भी त्याग होनेपर शुध्द ब्रह्मकी उपस्थिति होती है ।।३९।।

ननु भिन्नो विशिष्टाच्चेद् जीवादुपहितस्तदा ।
न जीवब्रह्मणोरैक्यं जीवानां मुक्तिरेव वा ।।४०।।

पूर्वपक्ष--विशिष्ट जीवसे उपहित साक्षी भिन्न है या अभिन्न है ? यदि भिन्न है तो साक्षी और ब्रह्मकी एकता है । जीव और ब्रह्मकी नहीं । अतएव जीवकी मुक्ति भी नहीं होगी ।।४०।।

यदि वोपहितः साक्षी विशिष्टान्नैव भिद्यते ।
एक एव ही दुःखी च निर्दुःखश्च कथं भवेत् ।।४१।।

यदि उपहित साक्षी विशिष्ट जीवसे भिन्न नहीं है तो एक ही दुःखी और निर्दुःख दोनों कैसे होगा ? जीव दुःखी है साक्षी निर्दुःख है ।।४१।।

सकुण्डलो बुभुक्षुश्चेत्तृप्तः स्यात् किं न्वकुण्डलः ।
तस्मान्न युज्यते सेऽयं भवतः प्रक्रियेति चेत् ।।४२।।

कुण्डलविशिष्ट देवदत्त भूखा है और वही कुण्डलरहित तृप्त है ऐसा कहीं होता है ? इसलिये यह प्रक्रिया अयुक्त है ।।४२।।

उच्यतेऽत्र हि वैशिष्ट्यं कल्पितं न तु वास्तवम् ।
दुःखं विशिष्टे शुध्देऽस्याभावश्चेत्युपपद्यते ।।४३।।

उत्तर- बात यह है कि वैशिष्ट्य कल्पित है, वास्तविक नहीं । अतः विशिष्टमें दुःख कल्पित हो सकता है । शुध्दमें उसका अभाव भी ।।४३।।

दर्पणेन विशिष्टे हि तध्दर्मः प्रतिविम्बके ।
विम्बे तूपहिते तस्याभावश्चेत्युभयेक्षणात् ।।४४।।

प्रतिविम्ब दर्पण विशिष्ट होता है तो दर्पणगत नीलिमादि प्रतिबिम्बमें दीखते हैं । दर्पणोपहित है बिम्ब । उसमें उसका अभाव भी होता है । दोनों इस प्रकार हो सकते हैं ।।४४।।

अन्तःकरणसंभिन्ने जीवे दुःखादयस्तथा ।
न तेनोपहिते बिम्बे दुःखाद्याः साक्षिशब्दिते ।।४५।।

इसी प्रकार अन्तःकरणविशिष्ट जीवमें दुःखादि होते हैं । अन्तःकरणोपहित बिम्बात्मक साक्षीमें दुःखादि नहीं होते ।।४५।।

नन्वीशो हृदि भूतानां भ्रामयंस्तानि तिष्ठति ।
त्वंपदार्थः कथंकारं संप्रचोदयिता ततः ।।४६।।

पूर्वपक्ष- " ईश्वरः सर्वभूतानां हृद्देशेऽर्जुन तिष्ठति भ्रामयन् सर्वभूतानि " इस गीता वचनमें ईश्वरको घुमानेवाला (प्रवर्तक) बताया है । तब त्वंपदार्थ प्रचोदयिता कैसे माना जा सकता है ।।४६।।

मैवमेष त आत्मान्तर्यामीति श्रुतिषु श्रुतेः ।
अन्तर्यामीश्वरः साक्षी स आत्मा नैव भिद्यते ।।४७।।

उत्तर- " एष त आत्माऽन्तर्याम्यमृतः " इस प्रकार श्रुतियोंमें पृथिव्यादि सबमें रहकर उनका नियमन करनेवाला अन्तर्यामी अतएव ईश्वर ही साक्षी आत्मा बताया है । गीताका भी वही अर्थ है ।।४७।।

मायोपहितरूपेण सोऽन्तर्यामी निगद्यते ।

साक्षी स एव भूतानामविद्योपहितात्मना ।।४८।।

मायोपहितरूपसे चैतन्य अन्तर्यामी है । अविद्योपहितरूपसे वह साक्षी है ।।४८।।

उपाधेरविवक्षायां तदेव ब्रह्म निर्मलम् ।
अन्तर्याम्यधिदैवादिष्वित्याहातश्च सूत्रकृत् ।।४९।।

उपाधिविवक्षा न होनेपर वही निर्मल ब्रह्म है । इसी आशयसे सूत्रकारने " अन्तर्याम्यधिदैवादिषु तध्दर्मव्यपदेशात् " ऐसा बताया ।।४९।।

प्रतिविम्बोपाधिविम्बत्रयं जीवस्तथेश्वरः ।
विम्बैक्यादीश्वरप्रेर्यो जीव इत्यपरे जगुः ।।५०।।

प्रतिविम्ब, उपाधि और विम्ब ये तीन जीव और ईश्वर हैं । जीवोपाधि अविद्या है, ईश्वरोपाधि माया है यही फरक है । विम्बकी एकताको लेकर जीवको ईश्वरप्रेर्य बताया ऐसा दूसरे आचार्य कहते हैं ।।५०।।

य एव जीवसाक्षी सन् धियो यो नः प्रचोदयेत् ।
इत्यार्थिकार्थमपरे तस्यैव प्रेरकत्वतः ।।५१।।

वही परमात्मा जीवसाक्षी होकर हमारी वुध्दिको प्रेरित करता है ऐसा आर्थिक अर्थ अन्य विद्वान कहते हैं । क्योंकि जीवकी वुध्दिका प्रेरयिता तदुपहित चैतन्य ही हो सकता है ।।५१।।

कश्चिदावृत्तचक्षुर्हि प्रत्यगात्मानमीक्षते ।
इति श्रुतेः प्रतीपाञ्ची साक्षी प्रत्यग् भवेत् स नः ।।५२।।

" पराञ्चि खानि व्यतृणत् स्वयंभूः.........कश्चिधीरः प्रत्यगात्मानमैक्षदावृत्तचक्षुरमृतत्वमिच्छन् " इसप्रकार श्रुतिमें कहा है । अतः प्रतीपगामी हमारा वह साक्षी ही प्रत्यगात्मा है ।।५२।।

भाष्य- तस्य प्रचोदयाच्छब्दनिर्दिष्टस्यात्मनः स्वरूपभूतं परं ब्रह्म
तत्सवितुरित्यादिपदैर्निर्दिश्यते ।
धीप्रचोदयितृत्वेन निर्दिष्टस्यात्मनः पुनः ।
स्वरूपभूतं यद् ब्रह्म पादाभ्यां तन्निरूपितम् ।।५३।।

" धियो यो नः प्रचोदयात् " से निर्दिष्ट साक्षीके स्वरूपभूत ब्रह्मका निरूपण " तत्सवितुः " इत्यादि दो पादोंमें किया ।।५३।।

ननु मायाविशिष्टं हि द्विपादे ब्रह्म कथ्यते ।
मायोपलक्षितं चेत्तत् तृतीयेऽपि तदेव हि ।।५४।।

पूर्वपक्ष- मायाविशिष्ट ब्रह्म ही सविताके रूपमें प्रथम दो पादोंमें बताया है । वह जीवका स्वरूप नहीं है । यदि मायोपलक्षित विवक्षित है तो तृतीयपादमें भी वही कथित हुआ है ।।५४।।

अविद्यया विशिष्टो हि न प्रचोदयिता धियाम् ।
तयोपलक्षितश्चेत् स माययाऽप्युपलक्षितः ।।५५।।

अविद्याविशिष्ट चेतन बुध्दियोंका प्रेरयिता नहीं हो सकता । अविद्योपलक्षित चेतन प्रेरक है तो वही मायोपलक्षित भी है ।।५५।।

ननूपलक्षणमपि व्यावर्तकमुपेयते ।
काकवन्तो देवदत्तगृहा इति यथेति चेत् ।।५६।।
तन्नोपलक्ष्यभेदे हि व्यावर्तकमिदं भवेत् ।
चैत्रमैत्रगृहे काकबकाभ्यां द्वे हि ते पृथक् ।।५७।।
यत्तु चैत्रगृहं काकबकाभ्यामुपलक्ष्यते ।
तत्र व्यावर्तकं नैतदन्योन्यमुपलक्षणम् ।।५८।।

यदि यह कहा जाये कि उपलक्षण भी व्यावर्तक होता है, जैसे काकवन्तो देवदत्त गृहाः । यह उपलक्षण काक व्यावर्तक है तो इसका निराकरण इस प्रकार होता है कि उपलक्ष्यभेद हो तब उपलक्षण व्यावर्तक होता है । जैसे चैत्रके घरपर काक बैठा था , मैत्रके घरपर बगला बैठा था तो वहां गृह भिन्न होनेसे काक और बक व्यावर्तक हैं । यदि चैत्रके घरपर ही काक और बक एक साथ या कालभेदसे बैठे हों तो वे परस्पर व्यावर्तक नहीं होते, विशिष्टकी व्यावृत्ति होती । पर उपलक्षणसे विशिष्टकथन नहीं होता ।।५६-५७-५८।।

ब्रह्मण्यारोपिते मायाऽविद्ये व्यावर्तके कथम् ।
उपलक्षणरूपेण शुध्दं यर्हि विवक्षितम् ।।५९।।

ब्रह्ममें ही माया एवं अविद्या दोनों आरोपित हैं । और वे उपलक्षणरूपसे विवक्षित हैं तो कैसे व्यावर्तक होंगे ? ।।५९।।

अत्रोच्यते परिच्छित्तिनिवृत्त्या पादयोर्द्वयोः ।
ब्रह्मान्त्ये च परोक्षत्वनिवृत्त्या ब्रह्म भण्यते ।।६०।।

उत्तर- पूर्वोक्त पूर्वपक्षमें उत्तर यह है कि प्रथम दो पादोंमें परिच्छेदकी निवृत्तिसे ब्रह्मका कथन है । अन्तिम पादमें परोक्षत्वकी निवृत्तिसे ब्रह्मका कथन है ।।६०।।

आत्मनो व्यापकं प्राह स्वरूपं प्रथमे द्वये ।
सवितुश्च स्वरूपं यदपरोक्षं तदन्तिमे ।।६१।।

तब भाष्यकी उपलक्षणरूपसे व्याख्या करनी चाहिये । आत्माका स्वरूप जो व्यापक ब्रह्म है उसे प्रथम पादद्वयमें बताया । सविताका स्वरूप जो अपरोक्ष है उसे अन्तिम पादमें कहा ।।६१।।

तयोरन्योन्यतादात्म्यप्रतिपत्तिर्यदाभवेत् ।
अब्रह्मत्वं त्वमर्थस्य व्यावर्तेत तदैव हि ।।६२।।
तदर्थस्य च परोक्ष्यमित्याचार्यैर्निरूपितम् ।
वाक्यवृत्तावतो युक्तमुभयोः परिकीर्तनम् ।।६३।।

वाक्यवृत्तिमें आचार्यने स्वयमेव इस बातका स्पष्टीकरण किया है । वहां कहा है- दोनोंका अन्योन्यतादात्म्य ज्ञात होनेपर त्वमर्थकी अब्रह्मता (अव्यापकता)निवृत्त होगी और तदर्थकी परोक्षता भी । अतः दोनोंका निरूपण उचित है ।।६२-६३।।

भाष्य- तत्र

सामान्यतो निरूप्यैवं तात्पर्यं पादयोर्द्वयोः ।
विशेषतः प्रतिपदं तत्रोमित्यादिनोच्यते ।।६४।।

प्रथम दो पादोंका सामान्यतः तात्पर्य बताकर अब विशेषरूपसे प्रत्येक पदका तात्पर्य कहते हैं " तत्रों " इत्यादिसे ।

भाष्य- " ॐ तत्सदिति निर्देशो ब्रह्मणस्त्रिविधः स्मृत " इति

तच्छब्देन प्रत्यग्भूतं स्वतःसिध्दं परं ब्रह्मोच्यते ।
ॐ तत्सदिति निर्देशो ब्रह्मणस्त्रिविधः स्मृतः ।
इत्युक्तेस्तदिति ब्रह्म प्रत्यग्भूतमिहोच्यते ।।६५।।

" ॐ तत्सदिति निर्देशो ब्रह्मणः " इस गीतावचनके अनुसार गायत्रीमें तत्पदका प्रत्यग्भूत ब्रह्म अर्थ भी है ।।६५।।

घटस्य प्रत्यगात्मा मृत् तस्य स्यात् परमाणवः ।
तेषां च गन्धतन्मात्रा जलमात्रा ततः परम् ।।६६।।

तेजोमात्रा ततः प्रत्यक् स्पर्शमात्रा ततोऽपि च ।
आकाशामात्रा तत्प्रत्यक् प्रत्यक्तत्वं तु सत् परम् ।।६७।।

घटका प्रत्यक् आत्मा मृत्तिका है । मृत्तिकाका प्रत्यक् तत्त्व पार्थिव परमाणु है । उसका प्रत्यक् तत्व गन्धतन्मात्रा है ।उसका प्रत्यक् रसतन्मात्रा है । उसका प्रत्यक रूपतन्मात्रा है । उसका प्रत्यक् स्पर्शतन्मात्रा है । उसका प्रत्यक् शब्दतन्मात्रा है । सबका अन्तिम प्रत्यक् प्रत्यगात्मा परमात्मा है ।।६६-६७।।

एतस्मादात्मनस्तस्मादाकाशोऽभूदितिश्रुतेः ।
कारणानतिरिक्तत्वात् कार्यस्य प्रत्यगेव सः ।।६८।।

" तस्माद्वा एतस्मादात्मनः आकाशः संभूतः, आकाशाद्वायुः " इत्यादि श्रुतिसे और कार्य कारणानतिरिक्त होनेसे कारण आत्मा ब्रह्म सबका प्रत्यक् तत्त्व है ।।६८।।

अन्नेन सोम्य शुङ्गेन मूलमन्विच्छ भो अपः ।
अद्भिस्तेजस्तेजसा सदिति श्रुतिषु कीर्तनात् ।।६९।।

" अन्नेन सोम्य शुङ्गेन " इत्यादि छान्दोग्य श्रुतिमें भी यही बात बतायी है ।।६९।।

शरीरे प्रत्यगात्माऽयं विश्वस्मिन् ब्रह्म तत्तथा ।
प्रत्यग्भूतं परं ब्रह्मेत्येवं भाष्ये ततोऽगदीत् ।।७०।।

शरीरमें यह अपरोक्ष आत्मा प्रत्यगात्मा है । विश्वमें तत्- परोक्षरूप प्रत्यक् तत्व है । अतएव भाष्यमें ब्रह्मके लिये भी प्रत्यग्भूतं यह विशेषण दिया ।।७०।।

तनोतीति तदित्यर्थे प्रत्यक्त्वं तस्य लभ्यते ।
तन्वाना बीजशक्तिर्हि प्रत्यग् दृष्टाङ्कुरं प्रति ।।७१।।
तनोति मृत्तिका कुम्भं प्रत्यग्भूतैव तं प्रति ।
आत्मा सर्वान्तर इति बृहदारण्यकश्रुतेः ।।७२।।

" तनोतीति तत् " इस व्युत्पत्तिसे ब्रह्ममें प्रत्यक् तत्व तत् पदसे सिध्द होता है । जैसे बीजशक्ति अंकुरका विस्तार करती है । इसलिये प्रत्यक् है । मृत्तिका कुम्भको बनाती है अतः प्रत्यक् है । आत्मा सर्वान्तर है ऐसी बृहदारण्यक श्रुति भी है ।।७१-७२।।

तत् परोक्षं तथा ब्रह्म तत्साक्षात्करणं कथम् ।
उच्यते तत्स्वतः सिध्दं न साधनमपेक्षते ।।७३।।

ब्रह्म " तत् " का अर्थ है तो वह परोक्ष होगा उसका साक्षात्कार कैसे होगा ? इसका उत्तर

है कि वह स्वतः सिध्द है । साधनचिन्ता बेकार है ।।७३।।

तदित्येतत् प्रसिध्दार्थसर्वनामेति तत्र च ।
स्वतःप्रसिध्दतालाभः प्रकर्षोऽन्यानपेक्षणात् ।।७४।।

'तत्' यह प्रसिध्दार्थक सर्वनाम है । उस अर्थमें स्वतः प्रसिध्दता प्राप्त है । प्रसिध्दतामें प्रकर्ष है इतर साधनकी अनपेक्षा ।।७४।।

स्वतः सिध्दे परोक्षत्वं कथमेवेति चेन्न तत् ।
अज्ञानेनावृतं ज्ञानं तेन मुह्यन्ति जन्तवः ।।७५।।

यदि ब्रह्म स्वतः सिध्द है तो परोक्ष किस प्रकार ? अज्ञानावरणसे ।।७५।।

तदावरणहानार्थं प्रमाणापेक्षणं मतम् ।
तेषामादित्यवज्ज्ञानं प्रकाशयति तत्परम् ।।७६।।

उस आवरणको हटानेके लिये प्रमाणापेक्षा है । " ज्ञानेन तु तदज्ञानं " इत्यादि गीतावचनमें यही बात बतायी है ।।७६।।

ज्ञानवृत्तिरपास्यैवाऽऽवरणं ब्रह्म भासयेत् ।
वायुरब्दमपास्यैव यथा भासयते रविम् ।।७७।।

ज्ञानवृत्ति आवरणको हटाती है और ब्रह्मको प्रकाशित करती है । जैसे वायु बादलको हटाकर सूर्यको भासित करता है । वस्तुतः सूर्य स्वयमेव भासित होता है वैसे ब्रह्म भी स्वयमेव भासित होता है ।।७७।।

स्वतःसिध्दं स्वयंभ्वेतत् केनचिन्नैव जन्यते ।
नान्यसत्त्वाधीनसत्त्वमिति व्याख्यापि युज्यते ।।७८।।

स्वतःसिध्द का स्वयंप्रकाश अर्थ बताया । स्वतःसिध्द स्वयंभू अर्थ भी सुगम है । स्वयमेव भूत है । इतरसे जन्य नहीं । इतरसत्ताधीनसत्ताक नहीं ।।७८।।

भाष्य- सवितुरिति - सृष्टिस्थितिलयलक्षणकस्य सर्वप्रपञ्चस्य
समस्तद्वैतविभ्रमस्याधिष्ठानं लक्ष्यते ।
वाच्यं सवितृशब्दस्य लक्ष्यं चाप्यधुनोच्यते ।
अस्य स्यादर्थसिध्दोऽर्थः सृष्टिस्थित्यन्तकारिता ।।७९।।

सवितृ शब्दका वाच्यार्थ तथा लक्ष्यार्थ अब कहते हैं । इसका प्रथम आर्थिक अर्थ है जगत् सृष्टिस्थितिसंहारकारित्व ।।७९।।

त्रिलक्षणः प्रपञ्चोऽयं सृष्टिस्थितिलयाश्रयः ।
एकश्च देवः सविता सोऽविताऽन्तयिता च सः ॥८०॥

क्योंकि प्रपञ्च त्रिलक्षण है । सृष्टि, स्थिति और लय ये तीनों प्रपञ्चके लक्षण हैं । सविता देव एक है । तब वह केवल प्रसविता मात्र न होकर रक्षिता और संहर्ता भी होगा ॥८०॥

प्रसिध्दार्थं तदित्येतत् प्रसिध्दं च श्रुतिष्विति ।
कल्पितं जगदित्येतदीशः कल्पयितेति च ॥८१॥

तत् शब्दका प्रसिध्दार्थक पहले बताया । कहां प्रसिध्द है ? श्रुतियोंमें । क्या प्रसिध्दि हैं ? जगत कल्पित है । ईश्वर कल्पयिता है । यही श्रुतियोंमें प्रसिध्द है ॥८१॥

तदैक्षत बहु स्यां सत् प्रजायेयाथ चासृजत् ।
ईक्षणात्सृष्टिमुक्त्वैवं दृष्टिसृष्टिः स्फुटीकृता ॥८२॥

छान्दोग्यमें " सदेव सोम्य " इस प्रकार सत् का उपक्रम कर " तदैक्षत बहु स्यां " ऐसा ईक्षण बताया । ईक्षणसे फिर तेज आदिकी उसने सृष्टि की इस प्रकार ईक्षणसे सृष्टि बतानेका मतलब है जगत् दृष्टिसृष्टि है ॥८२॥

सोऽकामयत स तपोऽतप्यत ज्ञानलक्षणम् ।
स इदं सर्वमसृजदित्येवं याजुषश्रुतौ ॥८३॥

तैतिरीय श्रुतिमें कहा है- परमात्माने प्रथम कामना की । फिर तप किया । ज्ञानरूप ही तप है । फिर उस तपसे जगतको बनाया । यहां भी ज्ञानसृष्टि बताया ॥८३॥

मुण्डके च स सर्वज्ञो यस्य ज्ञानमयं तपः ।
तस्मादेतद् ब्रह्म नामरूपमन्नं च जायते ॥८४॥

आथर्वण श्रुतिमें बताया कि परमात्मा सर्वज्ञ है । उसका तप ज्ञानमय है । उसी ज्ञानमय तपसे कार्यब्रह्म, नाम , रूप एवं अन्नरूपी जगत पैदा हुआ ॥८४॥

आत्मैक एव प्रागासीन्नान्यत् किंचन वा मिषत् ।
स ऐक्षत सृजै लोकानसृजच्चैतरेयके ॥८५॥

ऋग्वेदीय श्रुतिमें बताया कि प्रथम एक ही आत्मा था, दूसरा कुछ नहीं । उसने लोकसर्जनार्थ ईक्षण किया और जगतको पैदा किया ॥८५॥

दृष्टिसृष्टौ यथा रज्जौ भुजङ्गो विभ्रमात्मकः ।
तथा द्वैतप्रपञ्चोऽपि दृष्टिसृष्टो भ्रमात्मकः ।।८६।।

रज्जुमें दृष्टिसृष्टि सर्प जिस प्रकार विभ्रमरूप है वैसे परमेश्वर दृष्टिसृष्ट यह द्वैतप्रपञ्च भी भ्रमरूप ही है ।।८६।।

एवमर्थमभिप्रेत्य समस्तद्वैतविभ्रमम् ।
भाष्यकारो जगौ सर्वप्रपञ्चं च तथाविधम् ।।८७।।

इस अर्थको ध्यानमें रखकर भाष्यकारने समस्त द्वैतविभ्रम बताया और सर्वप्रपञ्चको भ्रमात्मक कहा ।।८७।।

भ्रमास्पदप्रपञ्चस्येत्येषा भवति योजना ।
भ्रमप्रपञ्चयोर्वैकमधिष्ठानं द्वयोर्जगौ ।।८८।।

सर्वप्रपञ्चस्य समस्तद्वैतविभ्रमस्य इसका मिलित अन्वयार्थ तद्विभ्रमविषयसर्वप्रपञ्चस्य ऐसा समझना चाहिये । अथवा सर्वप्रपञ्चका अधिष्ठान और द्वैतविभ्रमका अधिष्ठान ऐसा पृथक् अन्वय कर लेना चाहिये ।।८८।।

यथा सर्पस्तदाकाराऽविद्यावृत्तिश्च कल्प्यते ।
तथा प्रपञ्चतज्ज्ञाने उभे ब्रह्मणि कल्पिते ।।८९।।

जैसे सर्प तथा सर्पज्ञान (अविद्यावृत्ति) दोनों ही कल्पित हैं वैसे ब्रह्ममें प्रपञ्च तथा प्रपञ्चज्ञान दोनों कल्पित हैं ।।८९।।

अर्थाध्यासमधिष्ठाने ज्ञानाध्यासं च सूरयः ।
व्याचक्षते द्वयोरेव मिथ्यात्वाद् बाधदर्शनात् ।।९०।।

अर्थाध्यास तथा ज्ञानाध्यास दोनों मान्य हैं । क्योंकि दोनोंका बाध होता है ।।९०।।

अधिष्ठानं विना नैव भ्रमः क्वाप्युपलभ्यते ।
तस्मान्न शून्यजं विश्वमित्येतन्नेह दर्शितम् ।।९१।।

बौध्द जगतका भ्रम मानते हैं । वे अधिष्ठान भी सत्य नहीं मानते । किन्तु बात यह है कि सत अधिष्ठानके विना भ्रम कहीं देखनेमें नहीं आता । अतः जगत् का मूल शून्य नहीं है ।।९१।।

न वाऽनृतमधिष्ठानमधिष्ठानान्तरं तदा ।
तत्रानवस्थाऽऽपतति तस्मात्सत्यं तदीरितम् ।।९२।।

जैसे सर्पका अधिष्ठान रज्जु है वह भी परमार्थ विचारमें मिथ्या है वैसे जगतका अधिष्ठान भले शून्य न हो मिथ्या तो हो सकता है । इस प्रश्नका उत्तर है कि अधिष्ठान मिथ्या हो तो उसका दूसरा अधिष्ठान होगा । इस प्रकार अनवस्था होगी । अतः जगतका अधिष्ठान सत्य ही है ।।९२।।

विश्वाधिष्ठानता तेन तटस्थं लक्षणं भवेत् ।
तल्लभ्या सत्यता तस्य स्वरूपं लक्षणं मतम्।।९३।।

विश्वाधिष्ठानता सविताका तटस्थ लक्षण है । उससे लभ्य सत्यता स्वरूपलक्षण है ।।९३।।

विश्वोत्पत्यादिहेतुत्वं सामान्यं लक्षणं भवेत् ।
तत्कल्पनाद्यधिष्ठानभावो लक्षितलक्षणम् ।।९४।।
व्यावर्त्यासत्यतां चैव शून्यतां चाववोधयेत् ।
यत्स्वरूपं स लक्ष्यार्थो निर्विशेषो निरञ्जनः ।।९५।।

सविता पदसे लभ्य विश्वोत्पत्यादिहेतुत्व सामान्य लक्षण है । उससे सूचित विश्वकल्पनादि अधिष्ठानत्व लक्षित का लक्षण है । पूर्वोक्त अर्थप्रास सत्यतासे असत्यता की और अधिष्ठानत्वसे शून्यता की व्यावृत्ति कर जिस शुध्द स्वरूपका अवबोध करायेगा वह निर्विशेष निरञ्जन तत्व ही लक्ष्यार्थ है ।।९४-९५।।

भाष्य- वरेण्यमिति सर्ववरणीयं निरतिशयानन्दरूपं,
वरेण्यो वरणीयः स आनन्दः सर्वसम्मतः ।
स चानतिशयानन्दो यस्मान्नातिशयः क्वचित् ।।९६।।

वरेण्य माने वरणीय । वरणीयतया सर्वसम्मत आनन्द ही है । परमात्मारूपी आनन्द सर्वातिशायी है । उससे बढकर कोई आनन्द नहीं है ।।९६।।

नन्वन्ये वृणते मृत्युं निराशाः केचनेति चेत् ।
मृत्युना दुःखहानिः स्यात् सुखं चेति हि तन्मतिः ।।९७।।

यद्यपि कुछ लोग मृत्युका भी वरण करते हैं तथापि वे मृत्युमें दुःख निवृति और सुखकी भ्रान्तिसे वैसा करते हैं ।।९७।।

ननु प्रवृणुते शून्यं शून्यवादीति चेन्न तत् ।
दुःखहानिसुखप्राप्त्योस्तेनाप्यादावभीप्सनात् ।।९८।।

पूर्वपक्ष- शुन्यवादि अन्तमें शून्य चाहता है, सुख नहीं । उत्तरपक्ष- पहले पहले वह

भी दुःखनिवृत्ति और सुखप्राप्ति चाहता रहा यह निश्चित है ।।९८।।

क्षणिकं सुखमालोच्य विरज्यत्यत्र कश्चन ।
अन्तर्नित्यसुखाभीप्सावशान्नैराश्यमागताः ।।९९।।

किन्तु सुखको क्षणिक सोचकर कोई कोई उससे विरक्त हो जाता है । अन्दरसे नित्य सुखकी इच्छा होनेसे विषयोंमें उसे न पाकर निराश होकर वह विरक्त हो गया है ।।९९।।

नैराश्याब्धौ पातयन्ति तं शून्यगुरवः क्षणात् ।
उध्दरन्ति तु वेदान्ता नित्यानन्दप्रबोधिनः ।।१००।।

सामान्यरूपसे निराश हुए उसको शून्यवादी गुरु निराशाके सागरमें ढकेल देते हैं । सुख सभी क्षणिक वे कहते हैं । उसका उध्दार वेदान्त ही करता है जो नित्यसुखका बोधन कराता है ।।१००।।

स्वात्मलक्षण आनन्दो बोध्य आनन्दशब्दतः ।
दुःखव्यावृत्तितः सोऽयं लक्ष्यार्थो निर्विशेषक : ।।१०१।।

आनन्द शब्दसे आत्मारूपी आनन्द ही दुःखव्यावृत्तिपूर्वक ज्ञेय है । वही लक्ष्यार्थ है । निर्विशेष आनन्द ही वह है ।।१०१।।

नन्वानन्दपदश्रुत्या नैवाऽनन्दोऽनुभूयते ।
न वा व्यावर्त्यते दुःखं कर्मसाध्यो भवेदतः।।१०२।।

पूर्वपक्ष- " नित्यं विज्ञानमानन्दं ब्रह्म " इत्यादि श्रवणमात्रसे न तो आनन्दका अनुभव होता है और न दुःखनिवृत्ति ही होती है । अतः आनन्द कर्मसाध्य है ।।१०२।।

मैवं कर्मचितो लोकः क्षीयतेऽस्य पुमर्थता ।
न सिध्येत्तेन नैतस्य वरेण्यत्वं समञ्जसम् ।।१०३।।

उत्तरपक्ष- कर्मजन्य अनित्य होता है ऐसी श्रुति है । वह पुरुषार्थ भी सिध्द नहीं होगा । तब वरेण्यत्व भी समञ्जस नहीं होगा ।।१०३।।

नित्यं विज्ञानमानन्दमित्युक्तेस्तस्य नित्यता ।
तस्मान्न कर्मसाध्योऽयमानन्दो मोक्षलक्षणः ।।१०४।।

" नित्यं विज्ञानमानन्दं ब्रह्म " यह श्रुति आनन्दकी नित्यता कह भी रही है । अतः मोक्षरूपी आनन्द कर्मसाध्य नहीं है ।।१०४।।

प्रतिबन्धकहेतोस्तु नैषोऽभिव्यज्यते ध्रुवम् ।
ततः प्रयत्नः कर्तव्यः प्रतिबन्धकहानये ।।१०५।।

किन्तु प्रतिबन्धकके कारण यह आनन्द एकाएक अभिव्यक्त नहीं होता। अतः प्रतिबन्धकको हटानेके लिये प्रयत्न करना पडता है ।।१०५।।

गायत्रीप्रतिबोध्यार्थप्रत्ययावृत्तिलक्षणात्।
स्यान्निदिध्यासनादेव प्रतिबन्धकभञ्जनम् ।।१०६।।

गायत्रीसे बोधित अखण्डार्थकी निरन्तर प्रत्ययावृत्तिरूपी निदिध्यासनसे ही प्रतिबन्धककी निवृत्ति होती है ।।१०६।।

निदिध्यासनतो नित्यं निर्भग्ने प्रतिबन्धके ।
गायत्र्यादिमहावाक्यात् परानन्दोऽनुभूयते ।।१०७।।

नित्यनिदिध्यासनसे प्रतिबन्धक भंग होनेपर गायत्री एवं अन्य महावाक्यसे निरातिशय आनन्दकी अनुभूति होती है ।।१०७।।

पूर्वोक्तोपास्तिरप्यत्र गायत्र्या उपयुज्यते ।
अन्यथा दुर्हरं मन्ये प्रारब्धप्रतिबन्धकम् ।।१०८।।

पूर्वोक्त गायत्रीउपासना भी प्रतिबन्धक निवृत्तिमें उपयोगी हैं अन्यथा प्रारब्धरूपी प्रतिबन्धक को हटाना हम कठिन मानते हैं ।।१०८।।

अत एव कृतोपास्तिरकृतोपास्तिरेव च ।
द्विधाधिकारिणः प्रोक्ताः श्रवणादिविधायिनः ।।१०९।।

इसी कारण श्रवणादि करनेवाले अधिकारियोंको आचार्योंने दो भागोंमें बांटा । एक कृतोपास्ति है दूसरा अकृतोपास्ति है ।।१०९।।

अकृतोपास्तिभिः सम्यक् क्रियमाणेऽपि नित्यशः ।
न निदिध्यासने लभ्यं जीवन्मुक्तिसुखं परम् ।।११०।।

अकृतोपास्ति भले नित्य निदिध्यासन सम्यक करे । पर उन्हें परम जीवन्मुक्तिसुख प्राप्त नहीं होता ।।११०।।

भोगेन नष्टे प्रारब्धे विज्ञानप्रतिबन्धके ।
विदेहमुक्तिरेषां स्यान्निदिध्यासनजं फलम् ।।१११।।

तब क्या उनका निदिध्यासन व्यर्थ जायेगा ? नहीं । भोगसे अनुभवका प्रतिबन्धक प्रारब्ध नष्ट होनेपर विदेहमुक्ति प्राप्त होगी । अतः सार्थक है ।।१११।।

क्रियतां तर्ह्युपासैव श्रवणाद्युत्तरं ननु ।
न कर्तृत्वादिमिथ्यात्वदर्शिनः सुष्ठु सा भवेत् ।।११२।।

तो श्रवणादिके बाद उपासना ही कर लिया जाये क्या हानि ? बात यह है कि श्रवणादिके बाद कर्तृत्वादिको मिथ्या देखनेवाला सम्यक् उपासना नहीं कर पायेगा ।।११२।।

कर्तृत्वादौ तु याथार्थ्यभावना क्रियते तदा ।
मा भूज्ज्ञानं विशिथिलं मा भूदुभयतो गतः ।।११३।।

इतनी बातके लिये अधिकारी विभाजनकी क्या जरूरत ? श्रवणादि करनेके बाद सही, उपासना करलो । नहीं । उपासनामें कर्तृत्वादि भावना करेंगे तो ज्ञान ही शिथिल हो सकता है । फिर तो इधरसे और उधरसे भी गयेवाली बात होगी ।।११३।।

चिराभ्यासवशादेव ज्ञानं सम्पद्यते दृढम् ।
ततो विदेहमुक्तिः स्यात् किमुपास्त्या प्रयोजनम् ।।११४।।

ज्ञानको दृढ बनानेके लिये काफी अभ्यास करना पडता है । फिर तो विदेहमुक्ति ही हो जायगी । बीचमें उपासनासे क्या मतलब रहेगा ? ।।११४।।

ज्ञानं च द्विविधं प्रोक्तं दृढं चादृढमेव च ।
तदसंभावनादीनां भावाभावनिबन्धनम् ।।११५।।

ज्ञान दृढ अदृढ भेदसे दो प्रकारका होता है । असंभावना विपरीत भावनाके रहनेपर अदृढ और न रहनेपर दृढ ज्ञान होता है ।।११५।।

आवृत्त्या श्रवणाच्चैव मननाच्च चिरं मुहुः ।
मानगा मेयगा चासंभावना क्षीयते सताम् ।।११६।।

बारबार श्रवण मननकी आवृत्ति करनेसे प्रमाणगत तथा प्रमेयगत असंभावना निवृत्त होती है ।।११६।।

विपरीता भावना तु निदिध्यासनतो मुहुः ।
निवर्ततात्र चोपास्तेर्मध्ये क्वावसरो भवेत् ।।११७।।

विपरीत भावना निरन्तर निदिध्यासनसे निवृत्त होती है । इस बीचमें उपासनाके लिये अवसर कहां रहता है ? ।।११७।।

आसुप्तेरामृतेः कालं नयेद्वेदान्तचिन्तया ।
दद्यान्नावसरं किंचित्कामदीनामिति स्मृतेः ।।११८।।

सुप्तिपर्यन्त और मरणपर्यन्त निरन्तर वेदान्तचिन्तन करो । काम, कर्तृभावादिके लिये अवसर मत दो ऐसा आचार्यवचन है ।।११८।।

नन्वेवं निर्गुणोपास्तिरपि स्यान्नेति चेन्न तत् ।
नाधिकारविचारोऽत्र कर्तृता त्यज्यते ततः ।।११९।।

इस प्रकार फिर श्रवणादिके बाद निर्गुणोपासना भी नहीं होगी । उत्तर यह है कि उसके लिये अधिकारचिन्ता नहीं होती ।अतः कर्तृत्वभावना रखे विना ही निर्गुणोपासना की जा सकती है।।११९।।

गायत्र्युपासनायां स्यादधिकारविचारणा ।
सा पुरश्चरणादौ च विशेषेण प्रदर्शिता ।।१२०।।

गायत्री आदिकी उपासनामें अधिकारीका विचार है । वह अनेक कर्मघटित है । गायत्री पुरश्चरण आदिमें उसका विशेष वर्णन है ।।१२०।।

भाष्य- भर्ग इत्यविद्यादिदोषभर्जनात्मकज्ञानैकविषयत्वं

भर्गोऽविद्यादिदोषाणां भर्जनादभिधीयते ।
न स्वतो भृज्जते दोषान् विज्ञातं सद्धि भृज्जते ।।१२१।।

अविद्यादि दोषोंका भर्जन करनेसे परमात्माका स्वरूप भर्ग कहलाता है । किन्तु स्वतः परमात्मा भर्जन नहीं करता । यदि ऐसा होता तो संसार ही न होता । होता भी तो द्वितीय क्षणमें ही नष्ट होता । किन्तु ज्ञानविषय होनेपर भर्जन करता है ।।१२१।।

अविद्यादीत्यादिपदाद् गृह्येते कामकर्माणी ।
भिद्यते हृदयग्रन्थिरित्यादिश्रुतिदर्शनात् ।।१२२।।

भाष्यमें अविद्यादि इस आदिपदसे काम(वासना) तथा कर्मका ग्रहण है । " भिद्यते हृदयग्रन्थिः " इत्यादि श्रुतिमें ब्रह्मदर्शनसे इन तीनोंकी निवृत्ति बतायी है ।।१२२।।

संसारभर्जनं चैव ज्ञाते ब्रह्मणि जायते ।
श्रुतिश्चाह स्म तरति शोकमात्मविदित्यसौ ।।१२३।।

ब्रह्मदर्शन होनेपर संसार भर्जन भी होता है । " तरति शोकमात्मवित् " यहां शोकपदका पूरा संसार अर्थ है । आत्मज्ञानी शोकात्मक संसारको तर जाता है ।।१२३।।

अधिष्ठानत्वरूपेण साधको जगतः प्रभुः ।
स एव बाधको ज्ञानविषयत्वेन संमतः ।।१२४।।

अधिष्ठानके रूपमें ब्रह्म जगतका साधक है । वही ज्ञानविषयत्वरूपसे बाधक भी है ।।१२४।।

तृणादेः साधकोऽप्यर्को मण्यारूढः स दाहकः ।
जगतः साधकोऽपीशो वृत्त्यारूढः स बाधकः ।।१२५।।

सूर्य तृणादिका साधन है वही मणिपर आरूढ होनेपर दाहक भी होता है । वैसे ब्रह्म भी जगतका साधक होनेपर भी वृत्त्यारूढ होकर बाधक भी होता है ।।१२५।।

एकमात्रं परं ब्रह्माऽखण्डवृत्तिर्विषिण्वती ।
दहेदज्ञानतत्कार्यलक्ष्मदोषानशेषतः ।।१२६।।

एकमात्र परब्रह्मको विषय करनेवाली अखण्डाकार वृत्ति अविद्या एवं तत्कार्यरूप समस्त दोष को दग्ध करती है ।।१२६।।

विदित्वा मृत्युमत्येति तमेवेति श्रुतिर्जगौ ।
अन्याऽविषयतज्ज्ञानमेवकारेण गम्यते ।।१२७।।

" तमेव विदित्वाति मृत्युमेति नान्यः पन्था विद्यतेऽयनाय " इस श्रुतिमें तमेव यह एवकार इतर अविषयक ब्रह्मज्ञान बतानेके लिये है । क्योंकि नान्यः यह आगे बताया है ।।१२७।।

अखण्डाकारवृत्त्यैव दोषाणां भर्जनं भवेत् ।
तदीयविषयत्वोक्त्याऽखण्डत्वमिह लक्ष्यते ।।१२८।।

अखण्डाकार वृत्तिसे ही दोषोंका मार्जन होता है । अतः तद्विषयत्वकथनसे अखण्डत्व ही लक्षित होता है ।।१२८।।

प्रतिबोधं हि विदितं ब्रह्म किन्तु न भर्जनम् ।
भर्जनं त्वपरिच्छिन्नबुध्दिगोचरमेव तत् ।।१२९।।
तदेवात्राऽपरिच्छिन्नं देशतः कालतोऽर्थतः ।
सत्यं ज्ञानमनन्तं यत् तद्वा भर्ग इतीरितम् ।।१३०।।

" प्रतिबोधविदित " इस श्रुतिमें ब्रह्मको प्रत्येक बोधमें बोध्दरूपसे भासमान बताया । परंतु वह दोष भार्जनकारक नहीं है । क्योंकि वहां अपरिच्छिन्नरूपसे भासित नहीं होता । विषयावच्छिन्न होकर भासित होता है । अतः यहां भर्जन बताकर अपरिच्छिन्नार्थविषयकज्ञानगोचर सूचित किया । देश, काल एवं वस्तुसे अपरिच्छिन्न ब्रह्मको जाननेसे ही दोषभर्जन होता है । उसी अपरिच्छिन्नको " सत्यं ज्ञानमनन्तं " इस श्रुतिमें अनन्तपदसे कहा । वही यहां भर्गः पदका अर्थ है ऐसी भी व्याख्या है ।।१२९-१३०।।

यद्वा वरेण्यशब्देना - नन्दरूपत्वमीरितम् ।
भर्गःशब्देन निर्दुःखस्वरूपत्वमुदीर्यते ।।१३१।।
शोकसंसाररहित-शुध्दब्रह्मैकगोचरम् ।
ज्ञानं स्याच्छोकदहनं यादृग् दृक् तादृगेव तत् ।।१३२।।

अथवा वरेण्य शब्दसे आनन्दरूपता बतायी । भर्गः शब्दसे निर्दुःखरूपता बतायी जा रही है । सर्व संसार दुःखशोकरूप है । उससे रहित शुध्द ब्रह्म है । उसका ज्ञान ही शोकतारक है । क्योंकि दृष्टिसृष्टि होनेसे संसारसहित दृष्टिसे संसार है । शुध्दब्रह्मदृष्टि शोकदाहक है ।।१३१-१३२।।

भञ्जो आमर्दने भ्राज दीप्तौ भर्गस्ततोऽपि च ।
द्वैतोपमर्दनं ज्ञानं भर्गोऽविद्यादिबाधकम् ।।१३३।।

" भञ्जो आमर्दने " " भ्राज दीप्तौ " इन दो धातुओंसे भी भर्गस् शब्द माना है । योगरूढार्थमें द्वैतमर्दनज्ञान अर्थात द्वैतबाधक ही भर्ग है ।।१३३।।

भाष्य- देवस्येति - सर्वद्योतनात्मकाखण्डचिदेकरसम् ।
देवशब्दोऽत्र सकलद्योतनात्मा स्वयंप्रभः ।
सर्वानुभानश्रवणात् स्वप्रकाशश्रुतेरपि ।।१३४।।

देवस्यमें देव शब्दका दीव्यति देवयति ये दोनों विग्रह है । दीव्यति से स्वयंप्रकाशता तथा देवयतिसे सर्वप्रकाशकता अर्थ है । " अत्रायं स्वयंज्योतिर्भवति " " तमेव भान्तमनुभाति सर्वं " ऐसे दोनों अर्थोंमें श्रुत्यन्तर प्रमाण है ।।१३४।।

वक्ष्यत्यग्रे भाष्यकारः स्वप्रकाशचिदात्मकम् ।
इह सर्वद्योतनात्मेत्युभयं तद्विवक्षितम् ।।१३५।।

आगेअन्वयार्थमें भाष्यकार स्वप्रकाशचिदात्मकं व्याख्या करेंगे । और यहां सर्वद्योतनात्मक कहा । अतः दोनों अर्थ भाष्यविवक्षित है ।।१३५।।

आत्मना जोतिषैवायमास्ते पल्ययतेऽपि च ।
न ज्योतिरन्तरापेक्षः सोऽनवस्थाप्रसक्तितः ।।१३६।।

" आत्मनैवायं ज्योतिषाऽऽस्ते पल्ययते विपल्येति " इस श्रुतिमें अन्य ज्योतिकी अनपेक्षा आत्मा को बतायी है । अन्यथा अनवस्था हो जाती ।।१३६।।

भाष्य- सवितुर्देवस्येत्यत्र षष्ठ्यर्थो राहोः शिरोवदौपचारिकः

देवस्य भर्ग इति च राहोः शिर इतीव हि ।
प्रयोगो न तयोर्भेदो नाद्वैते भेदसंभवः ।।१३७।।

देवस्य भर्गः यह प्रयोग राहोः शिरः के समान औपचारिक है । दोनोंके अर्थमें अन्यन्त भेद नहीं है । अद्वैतमें भेद संभव नहीं है ।।१३७।।

स्वप्रभत्वादिरूपेणानर्थदग्धृत्वतोऽपि च ।
पदाभ्यां वर्ण्यते तेन पौनरुक्त्यं न दूषणम् ।।१३८।।

देवपदसे स्वयंप्रकाशत्व एवं जगतप्रकाशकत्वरूपसे तत्वका वर्णन है और भर्गः पदसे अनर्थदाहकत्वरूपसे । अतः पुनरुक्तिदुषण नहीं है ।।१३८।।

भाष्यं- बुद्ध्यादिसर्वदृश्यसाक्षिलक्षणं यन्मे स्वरूपं
प्रत्येकपदलभ्यार्थमभिधाय स्फुटं ततः ।
कृत्स्नवाक्यार्थमधुना बुध्दयादीत्यादिनोच्यते ।।१३९।।

यहांतक प्रत्येकपदसे लभ्य अर्थको स्पष्टरूपसे कहकर उसके बाद अब पूरे वाक्यका अर्थ " बुध्दयादि " इत्यादिसे भाष्यकार कहते है ।।१३९।।

बुद्ध्यादिसर्वदृश्यानां परमं साक्षिलक्षणम् ।
यन्मे स्वरूपमित्येवमन्त्यपादार्थसंग्रहः ।।१४०।।

बुध्दि आदि सर्वदृश्योंका साक्षीरूप जो मेरा स्वरूप , यह तृतीयपादार्थ संग्रह है ।।१४०।।

धीपदं सर्वदृश्यानामुपलक्षणमिष्यते ।
प्रचोदनं च साक्षित्वं स्वस्वरूपं च तन्मतम् ।।१४१।।

धी शब्द समस्त दृश्यका उपलक्षण है । प्रचोदनसे साक्षित्व विवक्षित है ।।१४१।।

भाष्य- तत्सर्वाधिष्ठानभूतं परमानन्दम्
सर्वाधिष्ठानभूतं तत् सृष्टिस्थित्यन्तकारणम् ।
वरेण्यं परमानन्दमाद्यपादार्थसंग्रहः ।।१४२।।

तत्सवितुः का सर्वाधिष्ठान तथा वरेण्यं का परमानन्द अर्थ बता चुके । अतः यह प्रथम पादका अर्थसंग्रह है ।।१४२।।

भाष्य- निरस्तसमस्तानर्थरूपं स्वप्रकाशचिदात्मकं
भर्जनात्सर्वदोषाणां निरस्तानर्थसंचयम् ।
देवत्वात्स्वप्रभमिति द्वितीयार्धार्थसंग्रहः ।।१४३ ।।

भर्गो देवस्य यह द्वितीयपादका अर्धांश है । भर्गसे सर्वदोषभर्जनकारी अर्थात समस्त

अनर्थनिरासकारी तथा देवसे स्वयंप्रकाशचित् ऐसे अर्थका संग्रह है ।।१४३।।

भाष्य- ब्रह्मेत्येवं धीमहि ध्यायेम ।

सत्यं ज्ञानमनन्तं चेत्युक्तं ब्रह्मैव तादृशम् ।

ध्यायेम तन्नित्यमिति शेषार्धस्यार्थसंग्रहः ।।१४४।।

पूर्वोक्त लक्षणसंपन्न तत्व तो सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्म इस श्रुतिमें उक्त ब्रह्म ही है । उसका हम नित्य ध्यान करें यह द्वितीय पादके शेष अर्धका अर्थसंग्रह है ।।१४४।।

नन्वहं ब्रह्म तच्चाहं ध्यायामीति यदोच्यते ।

वाक्यभेदो भवेदैक्यध्यानोभयविधानतः ।।१४५।।

पूर्वपक्ष- मैं ब्रह्म हूं, उस ब्रह्मका मैं ध्यान करता हूं ऐसा जब कहते हैं तब जीवब्रह्मैक्य तथा ब्रह्मध्यान दोनोंका विधान होनेसे वाक्यभेदनामक मिमांसोक्त दोष होता है ।।१४५।।

मैवं ध्यानविधिर्नात्र प्रत्यक्ष उपलभ्यते ।

लिङ्गगम्यविधेयार्थे वाक्यभेदो न विद्यते ।।१४६।।

उत्तरपक्ष- धीमहि यह उत्तम पुरुष होनेसे यहां ध्यानविधि प्रत्यक्ष नहीं है । लिंगसे विधिका अनुमान करते हैं । तबतक श्रूयमाण वाक्यार्थज्ञान हो जानेसे वाक्यभेद नहीं होता । अनुमेय अर्थका बोध वाक्योत्पन्न नहीं होता ।।१४६।।

यजेत सोमेनेत्यत्र विशिष्टस्य विधौ सति ।

अर्थाद् गम्यः सोमविधिर्न हि वाक्यभिदाकरः ।।१४७।।

जैसे " सोमेन यजेत " यहां सोमसे याग करो, यागसे इष्ट प्राप्त करो ऐसा कहनेपर वाक्यभेद होता है । अतः सोमविशिष्ट यागविधान माना । किन्तु सोमविधानके विना सोमविशिष्ट यागविधान कैसे हो ? यागमें सोमद्रव्य कैसे हो ? इस पूर्वपक्षमें अर्थापत्तिसे सोमकरणत्व बताया । अर्थापत्ति गम्य होनेसे वह वाक्यभेददोषकारी नहीं होता ऐसा सिध्दान्त किया ।।१४७।।

यो न इत्यत्र न इति वाच्यार्थस्त्वंपदस्य सः ।

षष्ठ्या साकं च य इति लक्ष्यार्थस्तस्य सूच्यते ।।१४८।।

बुद्ध्यादियुक्तो वाच्यार्थो लक्ष्यार्थस्तत्प्रचोदकः ।

यन्मे स्वरूपमित्येवं वदता प्रकटीकृतम् ।।१४९।।

" यो नः " यहां नः जो कहा वह त्वंपदका वाच्यार्थ है । नः यः इस षष्ठीके साथ "यः " यह पद किंचिद्भेद दिखाते हुए लक्ष्यार्थको सूचित करता है । सारांश हुआ,

बुद्ध्यादिविशिष्ट वाच्यार्थ है । बुद्ध्यादिप्रचोदक लक्ष्यार्थ है । 'यन्मे स्वरूपं' से अभेद सूचित करते हुए उक्त अर्थको भाष्यमें प्रकट किया ।।१४८-१४९।।

घटकत्वं तु षष्ठ्यर्थो न षष्ठ्यघटकत्वतः ।
विशेषणं यद् वाच्यार्थे लक्ष्ये तदुपलक्षणम् ।।१५०।।

'नः धियः' यहां घटकत्व षष्ठीका अर्थ है । 'हमारी बुध्दि' इसका अर्थ है । हमारे अंदर घटकतया प्रविष्ट हुई बुध्दि । साक्षीमें बुध्दि घटक नहीं है । अतः 'यः' में षष्ठीका प्रयोग नहीं किया । अन्यथा यत्किंचित् भेद होनेपर " नीलस्य घटस्य " के समान 'येषां नः ऐसा प्रयोग होना चाहिये था । वाच्यार्थमें बुद्ध्यादि जो विशेषण है वह लक्ष्यार्थमें उपलक्षणमात्र है ।।१५०।।

जगज्जन्मादिहेतुत्वं वाच्यार्थः सवितुर्मतः ।
सर्वाधिष्ठानभूतत्वं लक्ष्यार्थस्तस्य दर्शितः ।।१५१।।

सविताका वाच्यार्थ है- जगत्-जन्मादि- हेतुत्व । और अधिष्ठानभूतत्व यह उसका लक्ष्यार्थ है ।।१५१।।

वरेण्यमिति शब्दस्य वाच्या संभजनीयता ।
परमानन्दरूपत्वं लक्ष्यमत्र प्रदर्शितम् ।।१५२।।

वरेण्य शब्दका वाच्यार्थ संभजनीयत्व है । लक्ष्यार्थ परमानन्दरूपत्व है ।।१५२।।

भर्जकं तेज इत्येतद् वाच्यं भवति भर्गसः ।
अशेषानर्थशून्यत्वं लक्ष्यमत्र निरूपितम् ।।१५३।।

भर्गका दाहक तेज वाच्यार्थ है और सर्वानर्थशून्य स्वरूप लक्ष्यार्थ दिखाया ।।१५३।।

देवयोनिभवो देववाच्यो दिव्योऽथवा भवेत् ।
स्वप्रकाशचिदात्मत्वं देवलक्ष्यमिहोदितम् ।।१५४।।

देवका वाच्यार्थ देवयोनि या दिव्य और लक्ष्यार्थ स्वप्रकाशचिद्रूपता बतायी ।।१५४।।

यत्पदार्थः प्रसिध्दिर्वा तत्पदेनाभिधीयते ।
शास्त्रप्रसिध्दं ब्रह्मैव तत्पदेनात्र लक्ष्यते ।।१५५।।

तत् पदका यत्पदार्थ या प्रसिध्द वाच्यार्थ है और यहां शास्त्रप्रसिध्द होनेसे ब्रह्म लक्ष्यार्थ दिखाया ।।१५५।।

इत्थं तत्त्वमसीत्येतत्तत्पदार्थोऽपि दर्शितः ।
अन्वयं संप्रदर्श्यैव वाक्यार्थोऽपि प्रकाशितः ।।१५६।।

इस प्रकार तत्वमसिमें तत्पदार्थ भी दिखाया और अन्वय बताकर वाक्यार्थ भी प्रकाशित किया ।।१५६।।

यो न इत्यत्र षष्ठीव देवस्येत्यपि मा स्म भूत् ।
इत्यौपचारिकत्वं तु भाष्ये प्रोक्तं विशेषतः ।।१५७।।

" धियो यो नः " यहां जैसे सम्बन्धार्थमें षष्ठी है वैसे देवस्य भर्गः में भी नहीं यह बताने के लिये औपचारिकत्व विशेषरूपसे कहा ।।१५७।।

अत्र नःपदसांनिध्यादहं ब्रह्मास्मिवाक्यजम् ।
अर्थमेव महान्तोऽन्ये परिग्राह्यतरं विदुः ।।१५८।।

" धियो यो न : " यहां नः पदका सानिध्य होनेसे "अहं ब्रह्मास्मि " वाक्यसे निकलनेवाला अर्थ ही उदाहरणार्थ ग्राह्य है ऐसे अन्य आचार्य मानते हैं ।।१५८।।

भाष्येऽत एवाहंशब्दबोध्यमादौ निरूपितम् ।
पादद्वयार्थः पश्चाच्च ब्रह्मशब्दश्च योजित : ।।१५९।।

उनका कहना है कि इसी कारण (अर्थात अहं ब्रह्मास्मिमें अहं पद प्रथम आया इसलिये) प्रथमतः तृतीयपादको लेकर भाष्यमें अहंपदार्थका निरूपण किया । और बादमें प्रथमपादद्वयका अर्थ योजित किया , साथमें ब्रह्म शब्दको भी रखा । क्योंकि अहंब्रह्मास्मिमें ब्रह्म शब्द आ गया है।।१५९।।

तथायमात्मा ब्रह्मेति प्रज्ञानं ब्रह्म चेत्यपि ।
गृहीत्वा विहिता व्याख्येत्येतच्चात्र समञ्जसम् ।।१६०।।

" तथा अयमात्मा ब्रह्म" को लेकर व्याख्या की । " प्रज्ञानं ब्रह्म " को लेकर व्याख्या की ऐसा मानना भी यहां समंजस है ।।१६०।।

तदेतदैक्यविज्ञानं मोक्षदं वाक्यतो भवेत् ।
तत्रैव सहकारीदं ध्यानं ध्यायेमशब्दितम् ।।१६१।।

पूर्वोक्तरीत्या गायत्र्यादि महावाक्यसे मोक्षदायी जीवब्रह्मैक्य विज्ञान होगा । उसमें सहकारी ध्यान है जो ध्यायेम से बताया ।।१६१।।

अत्र ध्यायतिना सम्यङ् निदिध्यासनमुच्यते ।
श्रवणान्मननाच्चोर्ध्वं तद्धि श्रुतिषु विश्रुतम् ।।१६२।।

पुर्वोक्तरीति तत्पदार्थ, त्वंपदार्थ एवं वाक्यार्थका यहां वर्णन है तब धीमहि का भी अर्थ निदिध्यासन होगा । श्रवण और मननके बाद श्रुतियोंमें निदिध्यासन ही बताया है ।।१६२।।

ताभ्यां विना न सफलं निदिध्यासनमित्यतः ।
सूच्येते ते च गायत्र्या नैष्फल्यविनिवृत्तितः ।।१६३।।

श्रवण और मनन के विना निदिध्यासन सफल नहीं हो सकता । गायत्री निष्फल अर्थको बोधित नहीं कर सकती । अतः निदिध्यासनको बताती हुई श्रवण और मनन की भी कर्तव्यता सूचित करती है ।।१६३।।

वेदान्तानामद्वितीये तात्पर्यस्यावधारणम् ।
ब्रह्मण्येवेति षड् लिङ्गैर्येन तच्छ्रवणं मतम् ।।१६४।।

वेदान्तोंका अद्वितीय ब्रह्ममें ही तात्पर्य है ।इस बातका षड् लिंगोंसे अवधारण जिससे हो वह श्रवण है ।।१६४।।

उपक्रमोपासंहारावभ्यासोऽपूर्वता फलम् ।
अर्थवादोपपत्ती च लिङ्गं तात्पर्यनिर्णये ।।१६५।।

उपक्रमोपसंहार, अभ्यास, अपूर्वता, फल, अर्थवाद, उपपत्ति ये छह तात्पर्यनिर्णायक लिंग हैं ।।१६५।।

ईशावास्यमुपक्रम्योपसंजह्रे स पर्यगात् ।
अनेजदेकं तन्नैजत्यभ्यासः कथनं मुहुः ।।१६६।।
नैनद् देवा आप्नुवन्नित्यपूर्वत्वमुदीरितम् ।
तत्र को मोहः कः शोक इत्युक्ताऽशोकता फलम् ।।१६७।।
कुर्वन्नेवेह कर्माणीत्यनुमत्यर्थवादिता ।
तस्मिन्नपो मातरिश्वेत्युपपत्तिश्च दृश्यते ।।१६८।।

ईशयावास्योपनिषतमें " ईशावास्यमिदं सर्वं " इसप्रकार अद्वैतसे उपक्रम किया । (जगत ईशसे आच्छादित होनेसे अन्य वस्तु नहीं है ।) और "स पर्यगात् " (वह व्यापक है) से उपसंहार किया । " अनेजदेकं " "तदेजति तन्नैजति " आदि अभ्यास है । " नैनद्देवा " वह इन्द्रियोंका अविषय है से अपूर्वता बतायी । " तत्र को मोहः कः शोकः " से शोकमोहनिवृत्ति फल कहा । तत्वज्ञानी कर्तुत्वके न होनेपर भी कर्म करता है - " कुर्वन्नेवेह कर्मीणि " इत्यादि अर्थवाद है । मातरिश्वा हिरण्यगर्भ भी उस परमात्माके अस्तित्वमें ही कर्मका विभाजन करता है । क्योंकि उसके अनस्तित्वमें शासक शासनीय कुछ भी नहीं रहेगा । यह उपपत्ति है ।।१६६-१६७-१६८।।

मुमुक्षुरधिकारी स्यात् स एव फलभाग् यतः ।
तीव्रा मुमुक्षा फलकृद् विवेकादिमतो मता ।।१६९।।

श्रवणादिमें अधिकारी मुमुक्षु है । क्योंकि वह फलाश्रय है । तिव्र मुमुक्षा जो फलकारी है वह विवेकादिसाधनचतुष्टयवान को ही होती है ।।१६९।।

ततो ध्यायतिनैवात्र विवेकादिचतुष्टयम् ।
सूचितं यद्विना नैव सफलं श्रवणादिकम् ।।१७०।।

अतएव धीमहि- ध्यायेमसे ही विवेकादि चतुष्टय भी सूचित होता है । अधिकारीका अर्थ हकदार मत समझो । श्रवणादिजन्यफलाश्रयत्व ही अधिकार है । विवेकादिके विना सुनो, कोई बात नहीं । हां, उससे जो फल श्रवणादिका होना चाहिये वह नहीं होगा । श्रवणं पापनाशनं कहकर सुन सकते हैं ।।१७०।।

विवेकः स तु विज्ञेयो यतो वैराग्यमुद्भवेत् ।
कर्मोपास्तिप्रसन्नेशानुग्रहोत्थो दृढः स्फुटः ।।१७१।।

केवल वाचिक विवेक ही यहां विवेक नहीं है । किन्तु वैराग्योद्भावक विवेक ही विवेक है । जो कर्म एवं उपासना से प्रसन्न भगवानके अनुग्रहसे होता है । वह विवेक दृढ होता है । स्पष्ट अनुभवात्मक होता है ।।१७१।।

दृष्टानुश्रविकार्थेषु वैतृष्ण्याद्विषयेषु या ।
स्याद्वशीकारसंज्ञा तद् वैराग्यमिह कीर्तितम् ।।१७२।।

वैराग्य भी श्मशानवैराग्यमात्र नहीं । किन्तु ऐहिक पारलौकिक समस्त विषयोंमें वितृष्णा होनेसे वशीकारसंज्ञा नामकी स्थिति ही वैराग्य है ।।१७२।।

शमः शमयतश्चित्तं धीन्द्रियं दाम्यतो दमः ।
कर्मेन्द्रियोपरमणाद् भवत्युपरतिस्ततः ।।१७३।।
तितिक्षा द्वन्द्वसहनं श्रध्दा शास्त्रगुरूक्तिषु ।
चित्तैकाग्र्यं समाधानं षडेते च शमादयः ।।१७४।।

जो चित्तको निरन्तर शान्त करता रहता है उसमें शम गुण आता है । ज्ञानेन्द्रियोंका दमन करता रहे तो दम गुण आता है । कर्मेन्द्रियोंका उपरमण करता रहता है उसमें उपरति आती है । शीतोष्णादिद्वन्द्वोंकोसहन करे तो तितिक्षा होती है । शास्त्रवाक्योंमें और गुरुवाक्योंमें विश्वास श्रध्दा है । चित्तकी एकाग्रता समाधान है । ये छः शमादि हैं ।।१७३-१७४।।

एतत्त्रयसमुद्‌भूता मुमुक्षा मोक्षकामना ।
तीव्रा च या स्थिरा चापि चाऽधिकारिविशेषणम् ।।१७५।।

विवेक, वैराग्य एवं शमादिसे उद्‌भूत मुमुक्षुता अर्थात् विलक्षण मोक्षकामना ही तीव्र एवं स्थिर होती है (क्षणिक मुमुक्षुता तो सबको हो सकती है किन्तु स्थिर एवं तीव्र नहीं होती) वही अधिकारीका विशेषण है ।।१७५।।

श्रवणे मनने ध्याने ततश्चाऽऽवृत्तितः कृते ।
साक्षात्कारात्मकं ज्ञानं गायत्र्यादेः प्रजायते ।।१७६।।

मुमुक्षु होकर श्रवण, मनन एवं निदिध्यासन बारबार करनेपर महावाक्योंसे अन्तमें साक्षात्कारात्मक ज्ञान उत्पन्न होता है ।।१७७।।

भाष्य- एवं सति

महावाक्यार्थविज्ञानं जन्यं फलविधं भवेत् ।
एवं सतीति भाष्येण शाश्वतं फलमुच्यते ।।१७८।।

साक्षात्कारात्मक अखण्डाकारवृत्तिरूप महावाक्यार्थविज्ञान जन्य होता है । वह जन्य फल है । एवं सति इत्यादि भाष्यसे नित्य फल कहते हैं ।।१७८।।

फलं ब्रह्मैव नित्यं स्यात् तमसा तत् समावृतम् ।
अधुनाऽसदिवाऽभूत तत् सज्ज्ञानात्संप्रकाशते ।।१७९।।

नित्यफल तो ब्रह्म ही है । अज्ञानसे वह आवृत हुआ है और इस समय असत् जैसा हो गया है । वही ज्ञानसे सत् के रूपमें प्रकाशित होता है ।।१७९।।

भाष्य- सहब्रह्मणः

संहब्रह्मण इत्येतच्छबलब्रह्मबोधकम् ।
सहते द्वैतमेतद्धि कार्यब्रह्मेत्युदीर्यते ।।१८०।।

सहब्रह्म शब्द शबल ब्रह्मका बोधक है । वह द्वैतसहन करता है । कार्य ब्रह्म है ।।१८०।।

अपवादोऽस्य शावल्यापवादेन निगद्यते ।
स्वरूपतोऽपवदितुं ब्रह्म तन्नैव शक्यते ।।१८१।।

शबल ब्रह्मापवाद भी शावल्यापवादमात्र है, ब्रह्मस्वरूपापवाद नहीं ।।१८१।।

महद् ब्रह्मण इत्येवं पेठुरन्येतरे बुधाः ।
मम योनिर्महद् ब्रह्म तत्र प्रकृतिरेव सा ।।१८२।।

महद् ब्रह्मणः ऐसा अन्य विद्वान पढते हैं।मम योनिर्महद्ब्रह्मके अनुसार वह प्रकृति ही

है।।१८२।।

अग्रे जडेति कथनाद् गम्यते चेतनं त्विदम् ।
शवलब्रह्म तेनात्र लब्धपाठानुसारि तत् ।।१८३।।

आगे स्वविवर्तजडप्रपञ्चेन पाठ है । अतः यहां चेतनकी प्रतीति हो रही है । जैसा पाठ उपलब्ध हो रहा है तदनुसार शवलब्रह्म अर्थ ही होना चाहिये ।।१८३।।

भाष्य- स्वविवर्तजडप्रपञ्चेन सह रज्जुसर्पन्यायेनापवादे
वक्ष्यमाणं परं ब्रह्म स्वपदेनात्र गृह्यते ।
मायावच्छिन्नचैतन्यविवर्तमितरे जगुः ।।१८४।।

भाष्यमें " स्वविवर्तजडप्रपञ्चेन " में स्वपदसे आगे कहा जानेवाला ब्रह्म अर्थात् परब्रह्म विवक्षित है । उसीका विवर्त जड जगत है। दूसरे विद्वान शवल ब्रह्मका (मायाविशिष्ट ब्रह्मका) विवर्त जगतको मानते हैं । जैसे रज्जु या रज्ज्वच्छिन्न चैतन्यका विवर्त सर्प है वैसे मायावच्छिन्न चैतन्यका विवर्त जगत् हो सकता है ।।१८४।।

प्रातिभासिकता नैव तावता जगतो भवेत् ।
मृदवच्छिन्नचैतन्यविवर्तकलशादिवत् ।।१८५।।

तव रज्जुविवर्त सर्पके समान जगत् प्रातिभासिक नहीं होगा ? नहीं । मृदवच्छिन्न चैतन्यका विवर्त घट है । फिर भी वह व्यावहारिक है ।।१८५।।

मृत्तिकेत्येव सत्यं न विकारः स मृषेति यत् ।
श्रुतिराह विकारस्य सूच्यतेऽतो विवर्तता ।।१८६।।

" वाचारम्भणं विकारो नामधेयं मृत्तिकेत्येव सत्यं " इस श्रुतिसे मृत्तिकाकी सत्यता और विकार मृन्मयका मिथ्यात्व प्रतीत होता है । यहां मृषात्व विवर्तता ही है । न कि विषमसत्ता ।।१८६।।

केवलं भासते रज्जुसर्पोऽतः प्रातिभासिकी ।
सत्ताऽस्य, व्यवहारात्तु घटादेर्व्यावहारिकी ।।१८७।।

रज्जुसर्प, शुक्तिरजतादि केवल भासते हैं, उनसे व्यवहार नहीं होता अतः उनकी प्रातिभासिक सत्ता है । घटादिसे व्यवहार होता है अतः उनकी व्यावहारिक सत्ता है ।।१८७।।

प्रातिभासिकसत्तायां तूलाज्ञानं प्रयोजकम् ।
व्यावहारिकसत्तायां मूलाज्ञानं विदुर्बुधाः ।।१८८।।

प्रातिभासिक सत्तामें तूलाज्ञान प्रयोजक है। व्यावहारिक सत्तामें मूलाज्ञान प्रयोजक है।

ऐसी विद्वानोंकी मान्यता है ।।१८८।।

विवर्तत्वं द्वयोरेव समानं बाध्यतावशात् ।
पारमार्थिकसत्ता तु केवलं ब्रह्मणः स्थिता ।।१८९।।

उन दोनोंमें विवर्तता समान है । क्योंकि दोनों ही अन्ततः बाध्य हैं । श्रुति स्वयं " मृत्तिकेत्येव सत्यम् " कहकर कार्यको मिथ्या कहती है । परममूल तो ब्रह्म ही है । उसीकी पारमार्थिक सत्ता है ।।१८९।।

अन्नादिशुङ्गतो मूलमन्विच्छेति सदेत्य हि
तत्सत्यमात्मा स इति पारमार्थिकतेरणम् ।।१९०।।

मृत्तिकादिको भी " अन्नेन सोम्य शुङ्गेनापो मूलमन्विच्छ " इत्यादि कहकर विकार एवं मिथ्या कहा और मृत्तिकादिरूप अन्न एवं आप आदिको भी सन्मूल पहुंचाकर मिथ्या बताया उसी सतको सत्य एवं आत्मा कहा । वही परम मूल परमार्थ सत्य श्रुतिको अभिमत है ।।१९०।।

जगद्विवर्तहेतुत्वं शबलस्याप्यतो मतम् ।
शबलं स्वपदेनातो ग्रहीतुं ब्रह्म शक्यते ।।१९१।।

इस प्रकार शबल ब्रह्म भी जगद्विवर्त हेतु होनेसे भाष्यमें स्वपदसे शबल ब्रह्म भी लिया जा सकता है ।।१९१।।

[भाष्य- स्वविवर्तजडप्रपञ्चेन सह रज्जुसर्पन्यायेनापवादे]

परब्रह्मविवर्तोऽयं प्रपञ्चो जडलक्षणः ।
स इदं सर्वमसृजदिति श्रुत्या तदीरणात् ।।१९२।।

समस्त जडप्रपञ्च परब्रह्मका ही विवर्त है ।क्योंकि " स तपस्तप्त्वा इदं सर्वमसृजत यदिदं किं च " इस प्रकार श्रुति स्वयं यह बात कह रही है ।।१९२।।

अथवा शबलब्रह्मविवर्तो जडसंसृतिः ।
आकाशाद्वायुरित्युक्तेस्तदपोऽसृजतेतिच ।।१९३।।

शबलब्रह्मविवर्त भी कह सकते हैं । आकाशाद्वायुः, तत्तेजोऽसृजत, तत्तेज ऐक्षत तदपोऽसृजत इत्यादि श्रुतिसे वह सिध्द है ।।१९३।।

रज्जुज्ञाने यथा जाते कल्पितोऽहिरपोषते ।
ब्रह्मज्ञाने तथा जाते प्रपञ्चोऽयमपोषते ।।१९४।।

रज्जुज्ञानसे सर्पापवादवत् ब्रह्मज्ञानसे प्रपञ्चबाध होता है ।।१९४।।

शबलस्य विवर्तोऽयं प्रपञ्च इति ये विदुः ।
ब्रह्मैव तेऽप्यधिष्ठानं सर्वस्य जगतो जगुः ।।१९५।।

शबल ब्रह्मका विवर्त प्रपञ्च है इस पक्षमें भी परब्रह्म सर्वप्रपञ्चाधिष्ठान है ।।१९५।।

बाधो न समसत्ताकविवर्तज्ञानतोऽञ्जसा ।
न जातु मृत्तिकाज्ञानाद् घटबाधो हि जायते ।।१९६।।

सम सत्तावाले विवर्ताश्रयके ज्ञानसे सहसा बाध नहीं होता । मृत्तिकाज्ञानसे घटका बाध कहां होता है ।।१९६।।

ननु ब्रह्मविवर्तत्वे सृष्ट्युक्तिरसमञ्जसा ।
तत्सद् व्यवर्तयत्तेजस्तेजोऽप इति युज्यते ।।१९७।।

पूर्वपक्ष - यदि ब्रह्मका विवर्त प्रपञ्च है तो तत्तेजोऽसृजत, तदपोऽसृजत आदिकी जगह तत्तेजो व्यवर्तयत् तदपो व्यवर्तयत इत्यादि कहना चाहिये था ।।१९७।।

मैवं न मन्मते सृष्टिर्विवर्त्तादतिरिच्यते ।
यथोत्पत्तिः कापिलानां परिणामान्न भिद्यते ।।१९८।।

उत्तरपक्ष- वेदान्त मतमें सृज धातुका अर्थ विवर्त ही है । विवर्तसे अतिरिक्त कोई सृष्टि नहीं है । जैसे सांख्यमतमें उत्पत्ति परिणामसे अतिरिक्त नहीं । न्यायमतमें परिणाम उत्पत्तिसे अतिरिक्त नहीं । व्यवहारभेदमात्र है ।।१९८।।

तथा चान्या श्रुतिर्धाता यथापूर्वमकल्पयत् ।
ज्ञात्वा देवं सर्वपाशा- पहानिरिति च श्रुतिः ।।१९९।।

" धाता यथा पूर्वमकल्पयत् " इस श्रुतिमें तो स्पष्ट कल्पना ही बतायी । अतएव " ज्ञात्वा देवं सर्वपाशापहानिः " इस श्रुतिमें ज्ञानसे संसारनिवृत्ति बतायी । कल्पित ही ज्ञानसे निवर्त्य होता है ।।१९९।।

भाष्य- सामानाधिकरण्यनिरूप्यं सोऽयमिति न्यायेन सर्व-
साक्षिप्रत्यगात्मनो ब्रह्मणा सह तादात्म्यरूपमेकत्वं

सोऽयमित्यादिवाक्येषु सामानाधिकरण्यतः ।
एकत्वं बोध्यते तद्वदत्रैक्यं तत्त्वमर्थयोः ।।२००।।

" सोऽयं " इत्यादि वाक्योंमें सामानाधिकरण्यसे जैसे एकत्वका बोध होता है वैसे तत्पदार्थऔर त्वंपदार्थके सामानाधिकरण्यसे एकत्वका बोध होता है ।।२००।।

शब्दानां यत्तदर्थैक्यादैक्यात् सविदृभर्गसोः ।
यद्वा यदर्थदेवैक्यात् समानाधिकृतिर्भवेत् ।।२०१।।

" भिन्नप्रवृत्तिनिमित्ताना शब्दानामेकस्मिन्नर्थे वृत्तिः सामानाधिकरण्यम् । " ऐसा सामानाधिकरण्यका लक्षण है । यो नो धियः प्रचोदयात् तद्भर्गः इस प्रकार भर्ग तथा धी प्रयोजक यत्पद दोनों एकार्थवृत्ति हैं । या धीप्रयोजक तथा देवपद एकार्थवृत्ति हैं अतः समानाधिकरण हैं ।।२०१।।

न समानविभक्तित्वं यत्तच्छब्दप्रयोजकम् ।
खण्डवाक्यार्थकाले च तदप्यस्तीति न क्षतिः ।।२०२।।

यद्यपि अन्यत्र समानविभक्तित्व भी आवश्यक है तथापि यत् और तत् शब्दमें उसकी आवश्यकता नहीं है । अतएव यः प्रथमान्त है । तद् भर्गो धीमहि यह द्वितीयान्त है तो सामानाधिकरण्य कैसा यह प्रश्न नहीं उठता । अथवा खण्डवाक्यार्थ पूर्व समानविभक्तिकत्व भी है ।।२०२।।

प्रचोदयाद्धियो यो नस्तद्भर्गस्तच्च धीमहि ।
स देवस्तस्य भर्गो वेत्यन्वयः खण्डशो मतः ।।२०३।।

धियो यो नः प्रचोदयाद् तत् सवितुर्भर्गस्तच्च धीमहि ऐसा खण्डश अन्वय है । देवपरामर्श पक्षमें धियो यो नः प्रचोदयात् स सविता तच्च सवितुः ऐसा खण्ड वाक्य है।

अतएव च भाष्येऽपि सविता यः प्रचोदयात् ।
स तस्य सवितुर्देवस्येति प्रागन्वयः कृतः ।।२०४।।

इसी कारण भाष्यमें पहले यः सविता धियः प्रचोदयात् स तस्य सवितुः इस प्रकार बीचमें 'सः' जोडकर समानविभक्तित्व दिखाते हुए अन्वय बताया ।।२०४।।

परोक्षत्वपरिच्छित्ति- व्यावर्तनपरत्वतः ।
पूर्वोत्तरार्धयोरर्थसमानाधिकृतिर्मता ।।२०५।।

अर्थसामानाधिकरण्य अर्थात विशेषणविशेष्यभाव प्रथमपादद्वयार्थ परमेश्वरमें परोक्षत्वकी और तृतीय पादार्थ प्रत्यगात्मामें परिच्छेदकी व्यावृत्तिके लिये कहा जा चुका है ।।२०५।।

सर्वसाक्षिण एकत्वं ब्रह्मणा प्रत्यगात्मनः ।
तदात्मतारूपमेवं गायत्र्या भवति स्फुटम् ।।२०६।।

इसप्रकार सर्वसाक्षी प्रत्यगात्माका ब्रह्मके साथ तादात्म्यरूपी एकत्व गायत्रीसे स्पष्ट होता है।।२०६।।

भाष्य- भवतीति

नारोपादिस्वरूपं तदेकत्वं किन्तु वस्तुतः ।
अतो बोध्यत इत्युक्तिं त्यक्त्वाह भवतीति हि ।।२०७।।

यह एकत्व आरोपादिरूप नहीं है इसलिये भाष्यमें बोध्यते इत्यादि न कहकर भवति कहा ।।२०७।।

संख्याविशेषो नैकत्वमिति तादात्म्यमीरितम् ।
तादात्म्यं च न सम्वन्धस्तदात्मत्वविवक्षणात् ।।२०८।।

यहः एकत्व भी संख्या नहीं, किन्तु तादात्म्य है । तादात्म्य भी नैयायिकोक्त सम्बन्ध विशेष नहीं, किन्तु तदात्मता ही है ।।२०८।।

अखण्डं शुध्दचैतन्यमशेषद्वैतवर्जितम् ।
तत्त्वं तदेव तादात्म्यं गायत्र्यर्थो विवक्षितः ।।२०९।।

अतः अखण्ड शुध्दचैतन्य ही द्वैतरहित तत्व यहां तादात्म्य है । वही गायत्रीका अर्थ है।।२०९।।

भाष्य- सर्वात्मकब्रह्मबोधकोऽयं गायत्रीमन्त्रः सम्पद्यते ।

सर्पमालाप्रभृतयो रज्जुरेवेति वाक्यतः ।
सर्पाद्यात्मत्ववद्रज्जोर्ब्रह्मणः सकलात्मता ।।२१०।।

रज्जुको किसीने सर्प, किसीने माला आदि देखा । वृध्दने कहा - ये सर्प, माला आदि जो तुम लोगोने देखा, रस्सी ही है । यहां सर्पादिरूपसे रज्जु ही भास रही थी । सर्पादिका असली स्वरूप (आत्मा) रज्जु ही है ऐसा अर्थ होता है । ऐसे सर्व ब्रह्मसे ब्रह्मकी सर्वात्मता अर्थ प्राप्त होता है ।।२१०।।

सर्वाधिष्ठानतायुक्त्या तादृशोऽर्थोऽत्र लभ्यते ।
सर्वात्मकब्रह्मबोधकर्त्री गायत्र्यतः स्थिता ।।२११।।

सर्वाधिष्ठान आदि कहनेसे वैसा ही अर्थ यहां प्राप्त होता है । अतः सर्वात्मक ब्रह्मबोधक गायत्री है यह सिध्द होता है ।।२११।।

सर्वात्मत्वादिकं चेदमुपलक्षणमित्यतः ।
निर्विकल्पं परं ब्रह्म गायत्री संप्रबोधयेत् ।।२१२।।

सर्वात्मत्वादि भी उपलक्षण है । अतः गायत्री मन्त्र निर्विकल्पक परब्रह्ममात्रका साक्षात्कार कराती है ।।२१२।।

इति महावाक्यार्थनिरूपणं तृतीयम् ।

भाष्य- सप्तव्याहृतिनामयमर्थः

अथोपास्त्युपयुक्तस्य व्याहृत्यादेरिहोच्यते ।
अर्थः प्रयोगो यस्यास्ति प्राणायामे जपे तथा ।।१।।

अब उपासनामें उपयोगी व्याहृति आदिका यहां अर्थ कहते हैं जिनका प्रयोग प्राणायाम तथा जपमें होता है ।।१।।

भाष्य- भूरिति सन्मात्रमुच्यते

सप्त व्याहृतयः प्रोक्ता भूस्तत्र प्रथमा भवेत् ।
भूसत्तायामिति स्मृत्या सन्मात्रं भूरितीर्यते ।।२।।

सप्त व्याहृतियां हैं उनमें प्रथम है भूः । भू सत्तायां धातुसे निष्पन्न होनेके कारण सत् मात्र भू का अर्थ है ।।२।।

तस्यान्वयो भवेन्मन्त्रे ब्रह्मणा भर्गसा सह ।
वाच्यार्थभेदसत्त्वेन पौनरुक्त्यादि नात्र हि ।।३।।

उस (भू) का अन्वय मन्त्रमें ब्रह्मके साथ या भर्गके साथ होगा । यद्यपि सत् आदि अर्थ मन्त्रगत सविता आदिसे ही प्राप्त होता है तथापि वाच्यार्थभेद होनेसे पुनरुक्ति आदि दोष नहीं है । लक्ष्यार्थ तो सबका एक है ही ।।३।।

भाष्यं- भुव इति सर्वं भावयति प्रकाशयतीति व्युत्पत्त्या चिद्रूपमुच्यते ।

भावना भुव इत्यन्तर्भावितण्यर्थतावशात् ।
तदीक्षणं भासनं च तेन चिद्रूपमुच्यते ।।४।।

भुवः यह अन्तर्भावित ण्यर्थ होनेसे भावनाको बताता है । वही ईक्षण या प्रकाशन है । अतः भावयति भुवः से चिद्रूप कहा गया है ।।४।।

भाष्यं-स्वरिति सुव्रियत इति व्युत्पत्या सुवरिति-
सुष्ठु सर्वैर्व्रियमाणं सुखस्वरूपमुच्यते ।

सर्वैः सुव्रियमाणत्वात् सुखरूपत्वमुच्यते ।
उकारलोपतश्चेदं स्वरित्येव प्रयुज्यते ।।५।।

स्वकी जगह सुवर् ऐसा भी वैदिक पाठ है । सु-वरण किया जानेवाला होनेसे आनन्दरूप

ऐसा शब्दार्थ है । उकारका लोप होनेपर स्वर् ऐसा पद हो गया ।।५।।

भाष्यं- मह इति महीयते पूज्यत इति व्युत्पत्या सर्वातिशयत्वमुच्यते ।

महो महीयमानत्वात्सर्वैः सर्वातिशाय्यतः ।

सर्वोर्ध्वसत्तावत्त्वाच्च तस्य सर्वातिशायिता ।।६।।

ब्रह्मको मह इसलिये कहते हैं कि वह महीयमान अर्थात सर्वपूज्य होनेसे सर्वातिशायी है । सर्वातिशायित्व पारमार्थिक सत्तासे ही है ।।६।।

भाष्य- जन इति जनयतीति सर्वकारणत्वमुच्यते ।

सर्वं च जन्यं जनयेदतो जनइतीर्यते ।

सर्वाधिष्ठानतैवास्य सर्वकारणता मता ।।७।।

समस्त जन्य वस्तुको जन्म देता है अतः जन कहलाया । सर्वकल्पनाधिष्ठानत्व ही यहां सर्वकारणता है ।।७।।

भाष्य- तप इति सर्वतेजोरूपत्वं

सर्वतेजःस्वरूपत्वं तपःशब्देन भण्यते ।

यदादित्यगतं तेज इत्यादिस्मृतिदर्शनात् ।।८।।

तपः शब्दसे सर्वतेजोरूपता बतायी है । यह बात " यदादित्यगतं तेजो जगद् भासयतेऽखिलं । यच्चन्द्रमसि यच्चाग्नौ तत्तेजो विध्दि मामकम् " इस गीतावाक्यमें स्पष्ट है ।।८।।

ज्ञानात्मता वा तत्रोक्तं यस्य ज्ञानमयं तपः ।

ज्ञानेषु सकलेष्वेव ब्रह्मैवैकं प्रकाशते ।।९।।

